- 3 दिसंबर, 2019 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में कई नई नगर पंचायत बनाए जाने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस मंजूरी के तहत महाराजगंज जिले में स्थित बृजमनगंज को नगर पंचायत बनाया जाएगा।
- बस्ती जिले के कस्बे भानपुर को नगर पंचायत बनाए जाने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है।
- इसके अलावा लखीमपुर खीरी जिले में ग्राम सभा निधासन, मैनपुरी जिले के ग्राम सभा बरनाहल, सिद्धार्थ नगर जिले के बिस्कोहर बाजार, जौनपुर जिले के ग्राम कचगांव, संतकबीर नगर जिले के ग्राम बघनगर उर्फ बखिरा, मऊ जिले के ग्राम कुर्थीजाफरपुर, प्रतापगढ़ जिले में स्थित सुवंशा बाजार को नगर पंचायत बनाने और

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

सिद्धार्थनगर जिले के बर्डपुर शहर (ग्राम पंचायत) को नगर पंचायत कपिलवस्तु बनाए जाने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।


- संतकबीर नगर जिले में स्थित ग्राम पंचायत बेलहर कला एवं बेलहर खुर्द को मिलाकर नगर पंचायत बेलहर कला बनाए जाने से संबंधित प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की गई है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://information.up.nic.in/cabinet_decisions

## नया पंजीयन टैग 'LA'

**प्रश्न-दिसंबर, 2019 में केंद्र सरकार द्वारा किस केंद्रशासित प्रदेश में वाहनों के पंजीकरण हेतु एक नए पंजीयन टैग 'LA' की शुरुआत की गई है?**




(a) जम्मू और कश्मीर(b) लद्दाख(c) चंडीगढ़(d) पुडुचेरी

उत्तर-**(b)**

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2019 में केंद्र सरकार द्वारा लद्दाख में वाहनों के पंजीकरण हेतु एक नए पंजीयन टैग 'LA' की शुरुआत की गई है।सड़कपरिवहनएवंराजमार्गमंत्रालयद्वाराजारीअधिसूचनाकेअनुसार, केंद्र सरकार ने 'मोटर वाहन अधिनियम, 1988' में संशोधन किया है।
- इस संशोधन के अंतर्गत मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के क्रम संख्या 17 में एक उपखंड 17-A को शामिल किया गया है।लद्दाखदूसरासबसेबड़ाकेंद्रशासितप्रदेशहै।लद्दाखमें2 जिले कारगिल और लेह हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://leh.nic.in/

## मध्य प्रदेश स्वास्थ्य क्षेत्र निवेश प्रोत्साहन नीति, 2019

**प्रश्न-27 नवंबर, 2019 को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मंजूरी प्रदत्त मध्य प्रदेश स्वास्थ्य क्षेत्र निवेश प्रोत्साहन नीति, 2019 के अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने हेतु अस्पताल में बिस्तरों की संख्या को न्यूनतम 100 से कम करके कितना कर दिया गया है?**



(a) 80(b) 50 (c) 40(d) 30

उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- 27 नवंबर, 2019 को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मध्य प्रदेश स्वास्थ्य क्षेत्र निवेश प्रोत्साहन नीति, 2019 को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस नीति के अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने हेतु अस्पताल में बिस्तरों की संख्या को न्यूनतम 100 से कम करके 30 कर दिया गया है।
- प्रति हजार जनसंख्या पर अस्पताल के कुल बिस्तरों की संख्या को आधार मानकर जिलों को 3 श्रेणियों में बांटा गया है।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- इस नीति के तहत ऐसे जिलों में जहां अस्पताल में बिस्तरों की संख्या राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है, में स्वास्थ्य क्षेत्र में निजी निवेश को अधिक प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे छोटे निवेशकों को निवेश के लिए आकर्षित किया जा सके।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://www.uniindia.com/mp-govt-ayes-health-investment-policy/north/news/1803622.html

## उ.प्र. रक्षा तथा एयरोस्पेस इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन (प्रथम संशोधन) नीति, 2019

**प्रश्न-3 दिसंबर, 2019 को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनुमोदित उत्तर प्रदेश रक्षा तथा एयरोस्पेस इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन (प्रथम संशोधन) नीति, 2019 अधिसूचना (गजट) की तिथि से कितनी अवधि तक प्रभावी रहेगी?**



(a) 4 वर्षों की अवधि तक अथवा उस अवधि तक जब तक राज्य सरकार इसे संशोधित नहीं करती
(b) 5 वर्ष
(c) 5 वर्षों की अवधि तक अथवा उस अवधि तक जब तक राज्य सरकार इसमें कोई संशोधन नहीं करती
(d) 6 वर्षों की अवधि तक अथवा राज्य सरकार के अगले आदेश तक

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 3 दिसंबर, 2019 को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश रक्षा तथा एयरोस्पेस इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन (प्रथम संशोधन) नीति, 2019 को अनुमोदित किया गया।
- यह नीति अधिसूचना (गजट) की तिथि से 5 वर्षों की अवधि तक अथवा उस अवधि तक प्रभावी रहेगी जब तक कि राज्य सरकार इसमें संशोधन नहीं करती है।
- उत्तर प्रदेश रक्षा तथा एयरोस्पेस इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति, 2018 (प्रदेश में लागू) डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की स्थापना हेतु देश एवं विदेशों से निवेशकों को आकर्षित करने हेतु बनाई गई थी।
- इस नीति के कतिपय प्रावधानों में संशोधन के उपरांत उत्तर प्रदेश रक्षा तथा एयरोस्पेस इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन (प्रथम संशोधन) नीति, 2019 बनाई गई है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://information.up.nic.in/cabinet_decisions

## प्रवासी पक्षियों की सामूहिक मौत

प्रश्न-हाल ही में किस झील में सामूहिक रूप से प्रवासी पक्षियों की मौत हुई है।



(a) सांभर झील(b) चिल्का झील(c) पुलीकट झील(d) रुद्र सागर झील

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- बरेली स्थित भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान द्वारा 19 नवंबर, 2019 को जारी रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान के साँभर झील में 1800 से अधिक पक्षियों की मौत एवियन बाटुलिज्म बीमारी के कारण हुई।
- बाटुलिज्म बीमारी एक तंत्रिका मांसपेशीय बीमारी है, जो क्लास्ट्रीडियम बाटुलिन द्वारा प्रजनन के दौरान उत्पादित विष बाटुलिनम विष, जो एक प्राकृतिक विष है, के कारण होती है।
- क्लास्ट्रीडियम बाटुलिन एक जीवाणु है जो एक कोशिकीय जीव एवम् कोशिका में केंद्रक का अभाव होता है।
- जीवाणु बाटुलिन जीवाणु मिट्टी, नदी, झील, समुद्र आदि में पाया जाता है।
- जीवाणु से उत्पादित विष पक्षियों के Neuromasular तंत्र को प्रभावित करता है। जिससे कि पक्षी पक्षाघात (Paralysis) का शिकार होकर मर जाते हैं।
- मानव एवम् पशुओं में बाटुलिज्म A, B एवम् E के द्वारा तथा पक्षियों में (C) उत्तरदायी होता है।
- 1900 के दशक से ही यह विष पक्षियों के मौत का मुख्य कारण रहा है।
- भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान, बरेली द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार पक्षियों के सामूहिक मौत का मुख्य कारण-
- मानसून की अच्छी बरसात के होने से झील की अधिक क्षेत्रफल में जल का प्रसार
- वातावरण का औसत तापमान 21o C तथा झील का pH मान 7.4 से 9.84 के बीच रहा जो जीवाणु के पनपने हेतु अनूकूल वातावरण निर्मित किया।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.firstpost.com/tech/science/over-a-thousand-migratory-birds-found-mysteriously-dead-in-rajasthans-sambhar-lake-7644061.html

## भारत में आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्या की घटनाएं : एन.सी.आर.बी. रिपोर्ट, 2016

**प्रश्न-सही कथन का चुनाव कीजिए-**

(A) नवंबर, 2019 में भारत में 'आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्या' नामक रिपोर्ट गृह मंत्रालय द्वारा जारी किया गया।

((B) रिपोर्ट के अनुसार, आत्महत्या की सर्वाधिक घटनाओं के मामले में महाराष्ट्र शीर्ष पर है।

**कूट :** (a)

केवल A(b) केवल B (c) A और B दोनों(d) न तो A न ही B

**उत्तर-(b)**



**संबंधित तथ्य**

- 30 अक्टूबर, 2019 को राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) ने 3 साल के अंतराल के बाद 'भारत में आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्या' (Accidental Death and Suicides in India) नामक शीर्षक से रिपोर्ट जारी किया।
- 1967 से जारी होने वाली इस रिपोर्ट का यह 50वां संस्करण है।
- रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2016 के दौरान आत्महत्या की कुल 1,31,008 घटनाएं दर्ज की गईं, जो 2015 में की गई आत्महत्या की घटनाओं की तुलना में 2.0 प्रतिशत कम है। इसके साथ ही वर्ष 2016 में पिछले वर्ष की तुलना में आत्महत्या की घटनाओं की दर में 0.3 की कमी दर्ज की गई।
- रिपोर्ट के अनुसार, आत्महत्या की सर्वाधिक घटनाएं निम्नलिखित पांच राज्यों में दर्ज की गईं :



Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

| | राज्य | आत्महत्या की घटनाएं |
|---|---|---|
| (1) | महाराष्ट्र | 17,195 |
| (2) | तमिलनाडु | 15,182 |
| (3) | प. बंगाल | 13,451 |
| (4) | कर्नाटक | 10,687 |
| (5) | मध्य प्रदेश | 10,442 |

- उपर्युक्त 5 राज्यों में, देशभर में घटित आत्महत्या की कुल घटनाओं का 51.1 प्रतिशत दर्ज किया गया।
- उत्तर प्रदेश, जो कि जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य है, में देश में घटित आत्महत्या की घटनाओं का केवल 2.7 प्रतिशत दर्ज किया गया।
- रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2016 में आत्महत्या की घटनाओं का अखिल भारतीय दर 10.3 था।
- आत्महत्या की घटनाओं की दर सिक्किम में सर्वाधिक थी। यहां पर वर्ष 2016 में आत्महत्या की दर 40.5 दर्ज की गई। आत्महत्या की घटनाओं की न्यूनतम दर बिहार में दर्ज की गई, जो 0.4 थी।
- रिपोर्ट के अनुसार, आत्महत्या को प्रेरित करने वाला सर्वाधिक जिम्मेदार कारक पारिवारिक मामला (29.2%) था। इसके बाद जिम्मेदार कारक क्रमश; बीमारी (17.1%), विवाह से संबंधित समस्याएं (5.3%) तथा मादक द्रव्य का सेवन (4.0%) था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ncrb.gov.in/StatPublications/ADSI/ADSI2016/ADSI-2016%20FULL%20REPORT.pdf

## दादरा एवं नगर हवेली और दमन व दीव (केंद्रशासित प्रदेशों का विलय) विधेयक

**प्रश्न-3 दिसंबर, 2019 को दादरा एवं नगर हवेली और दमन व दीव (केंद्रशासित प्रदेशों का विलय) विधेयक, 2019 संसद में पारित हुआ। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

(i) विलय के पश्चात नए केंद्रशासित प्रदेश का नाम 'दादरा एवं नगर हवेली और दमन व दीव' होगा।

(ii) यह मद्रास उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार में शासित होगा।

(iii) यह 31 दिसंबर से लागू होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल (i)(b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (iii)(d) उपर्युक्त सभी



Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER LEARN WHILE ENJOYING
MAGAZINEKING

उत्तर-(a)
**संबंधित तथ्य**

- 3 दिसंबर, 2019 को दादरा एवं नगर हवेली और दमन व दीव (केंद्रशासित प्रदेशों का विलय) विधेयक, 2019 संसद (राज्य सभा) में पारित हुआ।27 नवंबर, 2019 को यह विधेयक लोक सभा में पारित हुआ था।
- यह विधेयक दो केंद्रशासित प्रदेशों-(i) दादरा एवं नगर हवेली; और (ii) दमन और दीव का विलय करने के लिए भारतीय संविधान की पहली अनुसूची में संशोधन करता है।
- विलय के पश्चात इस नए केंद्रशासित प्रदेश का नाम 'दादरा एवं नगर हवेली और दमन व दीव' होगा।
- यह बॉम्बे उच्चतम न्यायालय के क्षेत्राधिकार में शासित होगा।
- यह केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित दिन से लागू होगा।
- गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 240(1) राष्ट्रपति को कुछ केंद्रशासित प्रदेशों के लिए नियम बनाने की अनुमति देता हैं।जिसमेंदादराऔरनगरहवेलीऔरदमनऔरदीवशामिलहैं।
- इस विधेयक से प्रशासन एवं सेवा शर्तों और आरक्षण में कोई बदलाव नहीं होगा।
- दोनों केंद्रशासित प्रदेशों में दो भिन्न संवैधानिक एवं प्रशासनिक निकाय रहने से कामकाज में दोहराव एवं अक्षमता की स्थिति पैदा होती है और अपव्यय होता है।
- **दादरा एवं नगर हवेली और दमन व दीव के बारे में**
- ये दोनों केंद्रशासित प्रदेश देश के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित हैं।
- दमन और दीव गुजरात के दक्षिणी भाग में स्थित दो व्यापक रूप से अलग जिले हैं।
- दादरा और नगर हवेली में दो अलग-अलग हिस्से हैं।
- दादरा गुजरात राज्य से घिरा है और नगर हवेली महाराष्ट्र और गुजरात की सीमा पर स्थित है।
- ये दोनों केंद्रशासित प्रदेश पुर्तगालियों के उपनिवेश थे और दिसंबर, 1961 में आजाद हुए।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.indiatoday.in/india/story/parliament-passes-bill-to-merge-uts-daman-and-diu-dadra-and-nagar-haveli-1624818-2019-12-03

## अंतरराष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता बैठक का आयोजन

**प्रश्न-निम्न कथनों में सत्य कथन है-**

(i) 14 नवंबर, 2019 को अरुणाचल प्रदेश में कृषि और बागवानी उत्पाद पर पहली अंतरराष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता बैठक का आयोजन किया गया।
(ii) यह बैठक वाणिज्य मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) द्वारा आयोजित की गई।
(iii) इस बैठक में सात देशों के दस अंतरराष्ट्रीय खरीददारों ने प्रतिभाग किया।
(iv) एपीडा के अध्यक्ष पवन कुमार हैं।



(a) केवल I एवं II (b) केवल III एवं IV (c) केवल IV (d) उपरोक्त सभी

उत्तर-(d)
**संबंधित तथ्य**

MAGAZINEKING
Downloaded from www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER LEARN WHILE ENJOYING

- 14 नवंबर, 2019 को वाणिज्य विभाग के अंतर्गत कृषि और बागवानी उत्पादन पर पहली अंतरराष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता बैठक का आयोजन अरुणाचल प्रदेश में हुआ।यहआयोजनकृषिऔरप्रसंस्कृतखाद्यउत्पादनिर्यातविकासप्राधिकरण (एपीडा) द्वाराकियागया।इसबैठकमेंसातदेशोंभूटान, बांग्लादेश, नेपाल, इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान और ग्रीस के दस अंतरराष्ट्रीय खरीददारों ने प्रतिभाग किया।
- गौरतलब है कि कृषि उत्पादों के निर्यात में बढ़ावा देने के लिए अरुणाचल प्रदेश से कृषि निर्यात के लिए बाजार से सम्पर्क बढ़ाने के लिए ईटानगर में यह सम्मेलन और क्रेता-विक्रेता बैठक का आयोजन किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=194485

## NSO द्वारा आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण का त्रैमासिक बुलेटिन

**प्रश्न-23 नवंबर, 2019 को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा जारी 'आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण' के 'त्रैमासिक बुलेटिन' में शहरी क्षेत्रों में वर्तमान साप्ताहिक स्थिति में सभी के लिए बेरोजगारी दर जनवरी-मार्च, 2019 के दौरान कितने प्रतिशत अनुमानित की गई है?**




(a) 9.1 प्रतिशत(b) 9.2 प्रतिशत(c) 9.3 प्रतिशत(d) 9.4 प्रतिशत

उत्तर-**(c)**

संबंधित तथ्य

- 23 नवंबर, 2019 को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) ने शहरी क्षेत्रों के लिए श्रम बल संकेतकों के अनुमान पेश करते हुए जनवरी-मार्च, 2019 की अवधि के लिए त्रैमासिक बुलेटिन जारी किया है।
- इसके महत्वपूर्ण निष्कर्ष निम्नलिखित हैं-
- जनवरी-मार्च, 2019 के दौरान शहरी क्षेत्रों में सभी उम्र के लिए वर्तमान साप्ताहिक स्थिति में श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) 36 प्रतिशत अनुमानित है, जबकि अप्रैल-जून, 2018 के दौरान यह 35.6 प्रतिशत थी।
- जनवरी-मार्च, 2019 के दौरान शहरी क्षेत्रों में सभी उम्र के पुरुषों के लिए वर्तमान साप्ताहिक स्थिति में LFPR 56.2 प्रतिशत अनुमानित है, जबकि अप्रैल-जून, 2018 के दौरान यह 56 प्रतिशत थी।
- जनवरी-मार्च, 2019 के दौरान शहरी क्षेत्रों में सभी उम्र के लिए वर्तमान साप्ताहिक स्थिति में बेरोजगारी दर (UR) 9.3 प्रतिशत अनुमानित है जबकि अप्रैल-जून, 2018 के दौरान यह 9.8 प्रतिशत थी।
- जनवरी-मार्च, 2019 के दौरान शहरी क्षेत्रों में सभी उम्र की महिलाओं के लिए वर्तमान साप्ताहिक स्थिति में LFPR, 15 प्रतिशत अनुमानित है जबकि अप्रैल-जून, 2018 के दौरान यह 14.6 प्रतिशत थी।
- जनवरी-मार्च, 2019 के दौरान शहरी क्षेत्रों में सभी उम्र के पुरुषों के लिए बेरोजगारी दर 8.7 प्रतिशत अनुमानित है जबकि अप्रैल-मार्च, 2018 के दौरान यह 9 प्रतिशत थी।
- जनवरी-मार्च, 2019 के दौरान शहरी क्षेत्रों में सभी उम्र की महिलाओं के लिए बेरोजगारी दर 11.6 प्रतिशत अनुमानित है, जबकि अप्रैल-जून, 2018 के दौरान यह 12.8 प्रतिशत थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=194917

## मंत्रिमंडल ने जहाजों की रिसाइक्लिंग विधेयक, 2019

Downloaded From www.studymasterofficial.com

**प्रश्न-सही कथन का चुनाव कीजिए?**

(A) नवंबर, 2019 में मंत्रिमंडल ने जहाजों की रिसाइक्लिंग विधेयक, 2019 पर कानून बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

(B) विधेयक के अंतर्गत जहाजों की रिसाइक्लिंग के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाए जाने के लिए कुछ वैधानिक प्रक्रियाएं और मानदंड तय किए गए हैं।



(a) केवल A (b) केवल B (c) A और B दोनों(d) न तो A, न ही B

उत्तर-**(c)**

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रिसाइक्लिंग ऑफ शिप विधेयक, 2019 पर कानून बनाने तथा जहाजों को पर्यावरण के अनुकूल विघटित करने के लिए हांगकांग अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन, 2009 में शामिल होने की मंजूरी दी।
- **विधेयक की मुख्य विशेषताएं**
- विधेयक के अंतर्गत जहाजों की रिसाइक्लिंग के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाए जाने के लिए कुछ वैधानिक प्रक्रियाएं और मानदंड तय किए गए हैं।
- विधेयक में यह भी सुनिश्चित किया गया है कि जहाजों की रिसाइक्लिंग प्रक्रिया हांगकांग इंटरनेशनल कन्वेंशन, 2009 की व्यवस्थाओं के तहत पर्यावरण के लिए अनुकूल हो।
- हांगकांग इंटरनेशनल कन्वेंशन के प्रभाव में आने के साथ ही इसकी व्यवस्थाओं को रिसाइक्लिंग ऑफ शिप बिल, 2019 में समाहित कर लिया जाएगा।
- **लाभ**
- प्रस्तावित विधेयक ऐसी हानिकारक सामग्रियों के इस्तेमाल को प्रतिबंधित करता है, जिन्हें जहाजों की रिसाइक्लिंग करने या ऐसे भी इस्तेमाल किया जाता है।
- हानिकारक सामग्रियों के इस्तेमाल पर रोक या प्रतिबंध युद्धपोतों और सरकार द्वारा संचालित गैर-व्यावसायिक जहाजों पर लागू नहीं होंगे।
- जहाजों में हानिकारक सामग्रियों के इस्तेमाल की जांच के बाद ही उन्हें प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा।
- विधेयक में इस बात को भली-भांति सुनिश्चित किया गया है कि जहाजों की रिसाइक्लिंग के लिए बनाए गए स्थान अधिकृत होने चाहिए और जहाजों की रिसाइक्लिंग केवल इन्हीं स्थानों पर होनी चाहिए।
- नोट : भारत वैश्विक जहाज पुनर्चक्रमण उद्योग में अग्रणी है, जिसकी बाजार में 30 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=194740

## अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

### फोर्ब्स इंडिया सेलेब्रिटीलिस्ट, 2019

**प्रश्न-19 दिसंबर, 2019 को जारी फोर्ब्स इंडिया की टॉप 100 सेलेब्रिटी की सूची में किसे शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है?**



Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

(a) सलमान खान(b) अक्षय कुमार(c) विराट कोहली(d) दीपिका पादुकोण

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 19 दिसंबर, 2019 को फोर्ब्स इंडिया द्वारा 'फोर्ब्स इंडिया सेलेब्रिटी 100 लिस्ट, 2019 (Forbes India Celebrity 100 List) जारी की गई।
- इस सूची में प्रसिद्ध क्रिकेटर विराट कोहली 252.72 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ शीर्ष स्थान पर रहे।
- इसके पश्चात प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार 293.25 करोड़ रुपये के साथ दूसरे स्थान पर रहे।
- प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान 229.25 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर रहे।
- प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन 239.25 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ इस सूची में चौथे स्थान पर रहे।
- जबकि प्रसिद्ध क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी इस सूची में पांचवें स्थान (135.93 करोड़ की संपत्ति) पर रहे।
- प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता शाहरूख खान 6वें,रणबीर सिंह 7वें, प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट 8वें, सचिन तेंदुलकर 9वें तथा दीपिका पादुकोण 10वें स्थान पर रही।
- अन्य प्रमुख सेलेब्रिटियों में रजनीकांत 13वें, प्रियंका चोपड़ा 14वें तथा आमिर खान 15वें स्थान पर रहे।
- महिला क्रिकेटरों में मिताली, राज (88वें), स्मृति मंधाना (90वें) और हरमनप्रीत कौर (91वें) भी इस सूची में शामिल रही।
- इस सूची में शामिल अन्य एथलीटों में शटलर पीवी सिंधु, (63वें), सायना नेहवाल (81वें) पहलवान बजरंग पूनिया (94वां), मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम (87वें) टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना (98वें) फुटबॉलर सुनील छेत्री (85वें) और गोल्फर अर्निबान लाहिड़ी (95वें) शामिल है।
- यह सूची प्रिंट और सोशल मीडिया पहुंच के माध्यम से अनुमानित आय और उनकी प्रसिद्धि पर आधारित है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://www.forbesindia.com/lists/2019-celebrity-100/1819/1

## बांग्लादेश को एक्ज़िम बैंक द्वारा रक्षा खरीद (Defence Procurement) क्रेडिट सुविधा

**प्रश्न-एक्ज़िम (Exim Bank) बैंक का पूर्ण रूप है-**



(a) Export-Import Bank of India(b) Exis Import Bank of India

(c) Exis Export-Import Bank of India (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 6 दिसंबर, 2019 को RBI ने एक अधिसूचना में बांग्लादेश को रक्षा खरीद (Defence Procurement) हेतु 500 मिलियन डॉलर के क्रेडिट दिए जाने की घोषणा की।
- भारत की ओर से बांग्लादेश को यह सुविधा एक्ज़िम 'Exim: Export-Import Bank of India' बैंक द्वारा प्रदान किया जाएगा।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING
MADE ONE KING

- ध्यातव्य है कि इस संदर्भ में 11 अप्रैल, 2019 में Exim बैंक ने बांग्लादेश आर्म्ड फोर्सेस डिवीजन के साथ एक समझौता किया था।
- इस सॉफ्ट लोन सुविधा के तहत भारत से उपयुक्त वस्तुओं (Eligible goods) एवं सेवाओं के निर्यात का वित्तीयन किया जाएगा।
- भारत-बांग्लादेश व्यापार समझौते को अंतिम बार जून, 2015 में स्वतः नवीनीकरण के प्रावधान के साथ पांच वर्षों की अवधि के लिए नवीनीकृत किया गया था।
- भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले एक दशक में लगातार बढ़ा है।
- वित्तीय वर्ष 2017-18 में भारत और बांग्लादेश के मध्य 9.5 बिलियन डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था।
- साथ ही भारत ने वर्ष 2011 से दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र 'SAFTA' के तहत तंबाकू और शराब को छोड़कर सभी टैरिफ लाइनों पर बांग्लादेश को शुल्क मुक्त कोटा प्रदान किया हुआ है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/defence/exim-bank-provides-usd-500-mn-credit-to-bangladesh-for-defence-procurement/articleshow/72401580.cms

## दूसरी यूएस-इंडिया 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता, 2019

**प्रश्न-18 दिसंबर, 2019 को दूसरी यूएस-इंडिया 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता कहां आयोजित हुई?**

**(a)** नई दिल्ली **(b)** जयपुर **(c)** न्यूयॉर्क **(d)** वाशिंगटन डीसी

उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य



- 18 दिसंबर, 2019 को दूसरी यूएस-इंडिया 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता (2nd US-India 2+2 Ministerial Dialogue), 2019 वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) में संपन्न हुआ।
- इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारतीय शिष्ट मंडल का नेतृत्व किया।
- जबकि विदेश मंत्री (Secretery of State) माइक आर. पोम्पियो और रक्षा मंत्री (Secretary of Defence) मार्क.टी. इस्पर (Mark T. Esper) अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।
- इस बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच कुछ प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर हुए।
- बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक (रणनीतिक एवं सुरक्षा से संबंद्ध) मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया।
- ज्ञातव्य है कि भारत और अमरीका के बीच प्रथम 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता सितंबर, 2018 में हुआ था।
- इसका उद्देश्य भारत-अमेरिका के बीच रणनीतिक भागीदारी के लिए सकारात्मक और दूरदर्शी दृष्टिकोण उपलब्ध कराना तथा राजनयिक और सुरक्षा प्रयासों में तालमेल को प्रोत्साहन देना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

**https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1597569**

## पहला वैश्विक रिफ्यूजी फोरम

**प्रश्न-16-18 दिसंबर, 2019 के मध्य 'पहला वैश्विक रिफ्यूजी फोरम' कहां संपन्न हुआ?**

(a) जिनेवा (b) मॉस्को (c) पेरिस (d) दोहा

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

उत्तर-**(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 16-18 दिसंबर, 2019 के मध्य पहला वैश्विक रिफ्यूजी फोरम' (First Global Refugee Forum), 2019 जिनेवा, स्विट्जरलैंड में संपन्न हुआ।UNHCR ने स्विट्जरलैंड के साथ मिलकर इस फोरम की सह-मेजबानी की।फोरम का उद्देश्य सामूहिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के प्रयासों को प्रोत्साहन देना व अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को ठोस बनाना है।
- विश्वभर में 70 मिलियन से अधिक लोग युद्ध, संघर्ष और उत्पीड़न से विस्थापित हैं।
- उनमें से 25 मिलियन से अधिक शरणार्थी हैं, जो अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार भाग गए हैं और अपने घरों में वापस जाने में असमर्थ हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.unhcr.org/pledges-and-contributions.html

## नाटो का 30वां शिखर सम्मेलन, 2019

**प्रश्न-3-4 दिसंबर, 2019 के मध्य उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (NATO) के सदस्य देशों की सरकारों के प्रमुखों की बैठक कहां संपन्न हुई?**




(a) न्यूपोर्ट (वेल्स)(b) ब्रुसेल्स (बेल्जियम)(c) वारसा (पोलैंड)(d) लंदन (यूके)
उत्तर-**(d)**
**संबंधित तथ्य**

- 3-4 दिसंबर, 2019 के मध्य उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (NATO North Atlantic Treaty Organization) के सदस्य देशों की सरकारों के प्रमुखों की बैठक वाटफोर्ट (Watford), लंदन (यूके) में आयोजित हुआ।इस शिखर सम्मेलन में नाटो के सदस्य देशों के राष्ट्र प्रमुखों और सरकार के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।ज्ञातव्य है कि नाटो का 29वां शिखर सम्मेलन 11-12 जुलाई, 2018 को ब्रुसेल्स (बेल्जियम) में आयोजित हुआ था।
- उल्लेखनीय है कि नाटो की स्थापना सामूहिक सुरक्षा सिद्धांत पर वर्ष 1949 में वाशिंगटन संधि द्वारा की गई थी।वर्तमान में नाटो के 29 सदस्य देश हैं।
- वाशिंगटन संधि की धारा 5 के अनुसार, किसी एक सदस्य पर हमला होने पर सभी सदस्य देश उसकी सहायता करेंगे।नाटो पश्चिमी राष्ट्रों का एक अंतर्सरकारी सैन्य संगठन है।
- वर्तमान में नाटो के सदस्य देशों में अल्बानिया, बेल्जियम, बुल्गारिया, कनाडा, क्रोएशिया, चेक रिपब्लिक, डेनमार्क, एस्टोनिया, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, हंगरी, आइसलैंड, इटली, लाटविया, लिथुआनिया, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड्स, नॉर्वे, पोलैंड, पुर्तगाल, रोमानिया, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, स्पेन, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, अमेरिका और मोंटेनेग्रो हैं।
- इसका मुख्यालय ब्रुसेल्स, बेल्जियम में है।
- वर्तमान में जेंस स्टोल्टेन बर्ग (Jens Staltenberg) नाटो के महासचिव हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.nato.int/cps/en/natohq/news_171733.htm

www.Downloaded From studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट, 2020

**प्रश्न-16 दिसंबर, 2019 को विश्व आर्थिक मंच द्वारा जारी वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट के अंतर्गत वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है?**



(a) 109वां(b) 112वां(c) 110वां(d) 95वां

उत्तर-**(b)**

संबंधित तथ्य

- 16 दिसंबर, 2019 को विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट (Global Gender Gap Report), 2020 जारी की गई।इसरिपोर्टकेअंतर्गतजारीवैश्विकलैंगिकअंतरालसूचकांकमें153 देशों को शामिल किया गया है।यहसूचकांक4 क्षेत्रों में लैंगिक अंतराल का परीक्षण करता है। यह निम्नलिखित हैं- आर्थिक भागीदारी और अवसर (Economic Participation and Opportuntiy)।
- शैक्षणिक उपलब्धियां (Educational Attainment)।स्वास्थ्यएवंउत्तरजीविता (Health and Survival)।राजनीतिक सशक्तीकरण (Political Empowerment)।
- यह सूचकांक 0 से 1 के मध्य विस्तारित है।
- इसमें 1 का अर्थ पूर्ण लैंगिक समानता तथा 0 का अर्थ पूर्ण लैंगिक असमानता है।
- वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक, 2020 में आइसलैंड (स्कोर-0.877) को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात नॉर्वे (स्कोर-0.842) को दूसरा, फिनलैंड (स्कोर-0.832) को तीसरा, स्वीडन (स्कोर-0.820) को चौथा तथा निकारागुआ (स्कोर-0.804) को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है।
- इस सूचकांक में निचले क्रम के पांच देश हैं-यमन (153वां), इराक (152वां), पाकिस्तान (151वां), सीरिया (150वां) तथा कांगो डेमोक्रेटिक रिपब्लिक (149वां)।
- इस सूचकांक में भारत 0.668 स्कोर के साथ 112वें स्थान पर है।
- जबकि गत वर्ष भारत इस सूचकांक में 108वें स्थान पर था। (149 देशों में)
- सूचकांक में भारत के पड़ोसी देशों में बांग्लादेश को 50वां, नेपाल को 101वां, श्रीलंका 102वां, चीन को 106वां स्थान प्राप्त हुआ है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.weforum.org/reports/gender-gap-2020-report-100-years-pay-equality

# खसरा पर WHO की रिपोर्ट

**प्रश्न-वैश्विक रूप से 2018 में खसरा (Measles) के कितने मामले और मौतें सामने आई हैं?**

(a) 4 मिलियन मामले और 6 मिलियन मौतें(b) 6 मिलियन मामले और 8 मिलियन मौतें



(c) 8 मिलियन मामले और 18 मिलियन मौतें(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2018 में खसरा (Measles) पर WHO की रिपोर्ट प्रकाशित हुई।
- रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक रूप से वर्ष 2018 में खसरा के लगभग 10 मिलियन मामले सामने आए और 140,000 मौतें हुईं।



Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- **भारत की स्थितिः-**
- भारत में कम-से-कम 2.3 मिलियन बच्चों को इस बीमारी का टीका नहीं लगाया गया है।
- इस संबंध में भारत, नाइजीरिया के बाद दूसरे स्थान पर है, जहां अनवैक्सिनेटेड (Unvaccinated) बच्चों की संख्या 2.4 मिलियन है।
- टीकाकरण के द्वारा उन्मूलन योग्य यह बीमारी भारत में रूटीन टीकाकरण कार्यक्रम के बाद भी अस्तित्व में है और 2018 में इसके 70,000 मामले दर्ज किये गए।
- इस वर्ष भारत में खसरा के मामले में काफी गिरावट आई है और WHO को मात्र 29000 मामले सूचित किए गए।
- **विश्वः**
- WHO की रिपोर्ट के अनुसार, खसरा के प्रति सर्वाधिक संवेदनशील आयु 5 वर्ष तक की है और वैश्विक रूप से सर्वाधिक मौतें इसी आयु में हुई हैं।
- नाइजीरिया और भारत के बाद अनवेक्सिनेटेड (Unvaccinated) बच्चों की संख्या में शीर्षस्थ देश क्रमशः पाकिस्तान (1.4 मिलियन), इथियोपिआ (1.3 मिलियन), इंडोनेशिया (1.2 मिलियन) एवं फिलीपींस (0.7 मिलियन) हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.who.int/news-room/detail/05-12-2019-more-than-140-000-die-from-measles-as-cases-surge-worldwide

## टाइम पर्सन ऑफ द ईयर, 2019

**प्रश्न-11 दिसंबर, 2019 को अमेरिका की प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका 'टाइम' (Time) ने किसे 'पर्सन ऑफ द ईयर', 2019 चुना?**




(a) एंजेला मर्केल(b) ग्रेटा थनबर्ग(c) द साइलेंस ब्रेकर्स(d) डोनाल्ड ट्रंप

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 11 दिसंबर, 2019 को अमेरिका की प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका 'टाइम' (Time) द्वारा स्वीडन की 16 वर्षीय जलवायु परिवर्तन कार्यकर्त्री ग्रेटा थनबर्ग को वर्ष 2019 का 'टाइम पर्सन ऑफ द ईयर' (Time Person of the Year) चुना गया।
- ग्रेटा थनबर्ग उस वक्त सुर्खियों में आई थीं जब उन्होंने संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में विश्वभर के शक्तिशाली नेताओं पर ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन से निपटने में विफल रहने और नई पीढ़ी के साथ धोखा करने का आरोप लगाया था।
- इसके अलावा टाइम मैगजीन ने अमेरिकी महिला फुटबॉल टीम को 'एथलीट ऑफ इ ईयर' अमेरिकी लोकसेवकों को 'गार्जियन ऑफ द ईयर' गायिका लिजो को 'इंटरटेनर ऑफ द ईयर' और डिज्नी के सीइओ बॉब आइगर को 'बिजनेस पर्सन ऑफ द ईयर' चुना है।
- 'टाइम' पत्रिका द्वारा वर्ष 1927 से प्रतिवर्ष ऐसे व्यक्तियों, समूहों, विचारों अथवा घटनाओं का चुनाव अपने पाठकों के मतदान के आधार पर किया जाता है। जिन्होंने विश्व समुदाय को सबसे अधिक (सकारात्मक अथवा नकारात्मक रूप से) प्रभावित किया हो।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- गौरतलब है कि भारत की ओर से महात्मा गांधी पहले व एकमात्र व्यक्ति रहे जिन्हें 'टाइम' पत्रिका द्वारा वर्ष 1930 में 'टाइम पर्सन ऑफ द ईयर' चुना गया था।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2018 में टाइम पत्रिका ने 'द गार्जियन्स एंड द वॉर ऑन ट्रुथ' (वे पत्रकार जिनकी पत्रकारिता के दौरान उत्पीड़न, गिरफ्तारी या हत्या हुई को 'टाइम पर्सन ऑफ द ईयर' चुना था।

**संबंधित लिंक भी देखें...**


https://time.com/person-of-the-year-2019-greta-thunberg/

## जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक, 2020

**प्रश्न-10 दिसंबर, 2019 को जारी जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक, 2020 में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है?**

(a) 10वां(b) 14वां(c) 18वां(d) 9वां

उत्तर-**(d)**




संबंधित तथ्य

- 10 दिसंबर, 2019 को जर्मनवाच (German Watch), न्यूक्लाइमेट इंस्टीट्यूट (Newclimate Institute) एवं क्लाइमेट ऐक्शन नेटवर्क (Climate Action Network) द्वारा संयुक्त रूप से 'जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक' (Climate Change Performance Index), 2020 जारी किया गया।
- यह सूचकांक पहली बार वर्ष 2005 में जारी किया गया था।
- मानवीकृत मानदंडों के आधार पर, यह सूचकांक 57 देशों एवं यूरोपीय संघ के जलवायु संरक्षण प्रदर्शन मूल्यांकन एवं तुलनात्मक अध्ययन को प्रस्तुत करता है।
- इसका उद्देश्य जलवायु संरक्षण पर महत्वाकांक्षी कार्य करने में असफल देशों पर सामाजिक एवं राजनीतिक दबाव डालने एवं जलवायु नीतियों पर सबसे अच्छा काम करने वाले देशों को चिह्नित करना है।
- वर्ष 2020 के जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में 75.77 अंकों के साथ स्वीडन ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।
- शीर्ष 3 स्थान रिक्त रखे जाने के कारण स्वीडन इस सूचकांक में चतुर्थ क्रम पर है।
- रिपोर्ट के अनुसार, प्रथम तीन स्थानों पर कोई भी देश स्थान नहीं बना सका है, क्योंकि पेरिस समझौते के लागू होने के बाद भी किसी देश द्वारा जलवायु परिवर्तन के खतरनाक प्रभावों की रोकथाम हेतु पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए हैं।
- सूचकांक में डेनमार्क (स्कोर-71.14) पांचवें, मोरक्को (स्कोर-70.63) छठवें तथा यूनाइटेड किंगडम (स्कोर-69.80) सातवें स्थान पर रहा।
- CCPI-2020 में भारत को 9वां स्थान (स्कोर-66.02) प्राप्त हुआ है।
- इस वर्ष के सूचकांक में भारत की स्थिति में गत वर्ष की तुलना में 2 अंकों का सुधार हुआ है।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 के सूचकांक में भारत को 11वां स्थान प्राप्त हुआ था।
- विश्व के दो सबसे बड़ी कॉर्बन उत्सर्जक देशों चीन एवं संयुक्त राज्य अमेरिका सूचकांक में क्रमशः 30वें तथा 61वें स्थान पर रहे।
- सूचकांक में सबसे नीचे USA (61वां), सऊदी अरब (60वां), चाईनीज ताइपेयी (59वां), कोरिया (58वां) स्थित हैं, जिन्हें सबसे खराब (Very Poor) रेंटिंग प्रदान की गई है।


- ब्रिक्स देशों में भारत को शीर्ष स्थान (9वां स्थान) प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात ब्राजील 21वें, चीन 30वें, दक्षिण अफ्रीका 36वें तथारूस 52वें स्थान पर रहा।
- CCPI चार श्रेणियों में देशों के प्रदर्शन का आकलन करता है-
- जीएचजी उत्सर्जन (GHG Emission) (कुल स्कोर का 40 प्रतिशत)।
- अक्षय ऊर्जा (Renewable Energy) (कुल स्कोर का 20 प्रतिशत)।
- ऊर्जा उपयोग (Energy Use) (कुल स्कोर का 20 प्रतिशत।
- जलवायु नीति (Climate Policy) (कुल स्कोर का 20 प्रतिशत)।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.climate-change-performance-index.org/

## वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक, 2020

**प्रश्न-4 दिसंबर, 2019 को जर्मनवॉच द्वारा जारी 'वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक, 2020 'में भारत कौन-से स्थान पर है?**



(a) 14वें(b) 7वें(c) 5वें(d) 9वें

उत्तर-**(c)**

संबंधित तथ्य

- 4 दिसंबर, 2019 को पर्यावरण थिंग टैंक जर्मन वॉच द्वारा वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक (Global Climate Risk Index), 2020 जारी किया गया।
- यह इस सूचकांक का 15वां संस्करण है।
- यह सूचकांक यह बताता है कि मौसम से संबंधित नुकसान की घटनाओं (तूफान बाढ़, गर्मी की लहरें आदि) के प्रभाव से देश और क्षेत्र किस हद तक प्रभावित हुए हैं।
- इसके अनुसार, वर्ष 1999 से 2018 के मध्य जापान, फिलीपींस, जर्मनी एवं मेडागास्कर अत्यधिक मौसमी घटनाओं से प्रभावित देश रहे।
- इस दौरान करीब 500,000 लोगों की मृत्यु 12000 से अधिक चरम मौसमी घटनाओं (Extreme Weather Events) के प्रत्यक्ष परिणामस्वरूप हुई।
- इस दौरान 3.5 ट्रिलियन यूएस डॉलर का नुकसान हुआ।
- इस सूचकांक में भारत को 5वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- जबकि गत वर्ष भारत इस सूचकांक में 14वें स्थान पर था।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://germanwatch.org/sites/germanwatch.org/files/20-2-01e%20Global%20Climate%20Risk%20Index%202020_14.pdf

Downloaded From www.studymasterofficial.com

# आर्थिक परिदृश्य

## CCI ग्रीन चैनल के तहत तीन प्रस्तावों को स्वतः मंजूरी

**प्रश्न-हाल ही में 'भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग' (CCI) ग्रीन चैनल के तहत तीन प्रस्तावों को स्वतः मंजूरी मिली जिनमें एक है-**

(a) 'आईडीबीआई एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड' एवं IDBI MF ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड' दोनों के शत-प्रतिशत अधिग्रहण से संबंधित

(b) 'अदानी इलेक्टिसिटी मुंबई लिमिटेड' एवं अदानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई सर्विसेज लिमिटेड' दोनों के 'कुवैत होल्डिंग्स' के द्वारा अधिग्रहण से संबंधित

(c) 'HDFC एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड' एवं HDFC MF ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड' दोनों के शत प्रतिशत अधिग्रहण से संबंधित

(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 20 दिसंबर, को भारतीय कॉर्पोरेट जगत में अधिग्रहण के तीन ग्रीन चैनल संयोजनों को CCI (भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग) ग्रीन चैनल के तहत स्वतः मंजूरी मिल गई। जो इस प्रकार हैं-
- 'IDBI एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड' एवं 'IDBI MF ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड' दोनों के शत प्रतिशत इक्विटी शेयर का 'मुथुट फाइनेंस लिमिटेड' के द्वारा अधिग्रहण।
- 'अदानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड' और 'अदानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई सर्विसेज लिमिटेड' दोनों के 25.1 % शेयर का कतर होल्डिंग्स के द्वारा अधिग्रहण।
- GVK एअरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (GVKAHL) का 'ग्रीन रॉक' नेशनल इन्वेस्टमेंट एवं इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (NIIF) एवं 'इंडो-इंफ्रा' के द्वारा अधिग्रहण।
- **ग्रीन चैनल**
- CCI कुछ शर्तों के तहत निश्चित प्रकार के विलय और अधिग्रहण को शीघ्र मंजूरी देने के लिए एक स्वचालित प्रणाली की अनुमति देता है जिसे ग्रीन चैनल कहते हैं।
- ग्रीन चैनल के तहत कुछ पूर्व लिखित मापदंडों के आधार पर मंजूरी दी जाती है।
- ग्रीन चैनल की अवधारणा पहले से ही सिंगापुर ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड मलेशिया और इंडोनेशिया जैसे देशों में मौजूद है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1597089

## HDFC बैंकः बाजार पूंजीकरण में तीसरी बड़ी भारतीय कंपनी

**प्रश्न-एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजी करण पहली बार 100 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर गया।**

(a) 18 दिसंबर, 2019 को(b) 16 दिसंबर, 2019 को(c) 17 दिसंबर, 2019 को(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER LEARN WHILE ENJOYING
MAGAZINE KING

- 19 दिसंबर, 2019 को HDFC बैंक के शेयर की कीमतों में तेजी के फलस्वरूप इसका बाजार पूंजीकरण 100 बिलियन डॉलर के स्तर को पार कर गया।
- ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाली HDFC बैंक देश की तीसरी कंपनी है।
- बाजार पूंजीकरण के संदर्भ में शीर्ष कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज है, जिसका बाजार पूंजीकरण 140.74 बिलियन डॉलर है।
- दूसरे स्थान पर 114.60 बिलियन डॉलर के साथ TCS है एवं तीसरे स्थान पर HDFC बैंक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.timesnownews.com/business-economy/companies/article/hdfc-bank-becomes-third-indian-company-to-cross-100-billion-mark/529243

## RBI द्वारा 'ऑपरेशन टविस्ट' के भारतीय संस्करण की घोषणा

**प्रश्न-हाल ही में RBI ने 'अमेरिका के ऑपारेशन टविस्ट्' के भारतीय संस्करण की घोषणा की है-**

(a) ब्याज दरों को नीचे लाने के लिए(b) NPA को कम करने के लिए

(c) बैंकों के प्रबंधकीय ढांचे में सुधार के लिए(d) इनमें से कोई नहीं




**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 19 दिसंबर, को RBI ने अमेरिका के 'ऑपरेशन टविस्ट्' के भारतीय संस्करण की घोषणा की।
- यह कदम ब्याजदरों को नीचे लाने और कर्ज को सस्ता करने में मददगार होगा।
- **ऑपरेशन ट्विस्ट:-**
- ध्यातव्य है कि दशक की शुरूआत में अमेरिका के केंद्रीय बैंक (फेडरल रिजर्व) ने 'ऑपरेशन टविस्ट्' को एक मौद्रिक नीति उपकरण के रूप में आजमाया था।
- वित्त वर्ष 2011-12 में फेडरल रिजर्व ने लंबी अवधि के कर्ज को सस्ता करने के लिए यह कदम उठाया था, जिसमें एक साथ बॉन्डों की खरीद-बिक्री करने की कवायद की गई थी।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://indianexpress.com/article/explained/reserve-bank-of-india-operation-twist-omo-6178883/

## उड़ान 4.0 के तहत बोली प्रक्रिया का शुभारंभ

**प्रश्न-3 दिसंबर, 2019 को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने उड़ान 4.0 के तहत बोली प्रक्रिया का शुभारंभ करने की घोषणा की। इसके तहत जम्मू-कश्मीर में कितने अनारक्षित हवाई अड्डों के लिए बोली आमंत्रित की गई है?**

(a) 5(b) 6(c) 8 (d) 11




**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING
MAGAZINEKING
Downloaded From www.studymasterofficial.com

- 3 दिसंबर, 2019 को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने उड़ान, 4.0 के तहत बोली प्रक्रिया का शुभारंभ करने की घोषणा की।
- इस चरण में पूर्वोत्तर क्षेत्र, पहाड़ी राज्यों, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और द्वीप समूहों पर ध्यान केंद्रित (फोकस) किया जाएगा।
- उड़ान 4.0 के तहत नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर में 11 अनारक्षित हवाई अड्डों और लद्दाख क्षेत्र में 2 अनारक्षित हवाई अड्डों के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं।
- जम्मू-कश्मीर के 11 अनारक्षित हवाई अड्डों में अखनूर, चांब, चुशाल, फुक्चे, गुरेक्स, झांगर, मिरान साहिब, पंजगाम, पुंछ, राजौरी और उधमपुर और लद्दाख के 2 हवाई अड्डों में कारगिल और थोइसे शामिल हैं।
- इसका मुख्य उद्देश्य मजबूत हवाई संपर्क स्थापित करना और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देना है।
- उड़ान 4.0 योजना के तहत नागरिक उड्डयन मंत्रालय एयरलाइनों को लगभग 25 प्रतिशत अतिरिक्त वीजीएफ (Viability Gap Funding) उपलब्ध करा रहा है।
- उल्लेखनीय है कि उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) एक क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना है जिसे 27 अप्रैल, 2017 को लांच किया गया था।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/newsite/hindirelease.aspx

## ग्लेनमार्कफार्माःअमेरिकीबाजारसेरैनिटिडाइनटैबलेटवापसमंगानेकीघोषणा

**प्रश्न-प्रमुख भारतीय दवा निर्माता 'ग्लेनमार्क फार्मा' ने अमेरिकी बाजार से रैनिटिडाइन टैबलेट वापस मंगाने की घोषणा की है। इस दवा का इस्तेमाल किया जाता है।**

(a) पेट और आंतो के अल्सर के इलाज हेतु(b) ब्रेन ट्यूमर के इलाज में

(c) डेंगू के इलाज में(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)



संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2019 में प्रमुख भारतीय दवा कंपनी ग्लेनमार्क ने अमेरिकी बाजार से रैनिटिडाइन टैबलेट्स को वापस मंगाने की घोषणा की।
- यह टैबलेट पेट आंतों के अल्सर के इलाज हेतु प्रयुक्त होती है।
- अमेरिका के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा नियामक (USFDA) के मानक से इतर NDMA (एन-नाइट्रोसोडिमेथिल एमीन) लेवल के कारण इस दवा को वापस मंगाया जा रहा है।
- यह तत्व एक ज्ञात पर्यावरणीय संदूषक है जो आमतौर पर मीट, डेयरी उत्पादों और सब्जियों सहित जल और खाद्य पदार्थों में पाया जाता है।
- वैज्ञानिकों के अनुसार यह तत्व कैंसर का कारण हो सकता है।
- यह टैबलेट्स ग्लेनमार्क के गोवा एवं पुडुचेरी स्थिति संयंत्रों में निर्मित की गई थी।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://economictimes.indiatimes.com/industry/healthcare/biotech/pharmaceuticals/glenmark-pharmaceutical-inc-recalls-ranitidine-tablets-in-us/articleshow/72922629.cms?from=mdr

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# आंशिक ऋण गारंटी योजना

**प्रश्न-दिसंबर, 2019 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएसबी द्वारा वित्तीय दृष्टि से सुदृढ़ एनबीएफसी/एचएफसी से उच्च रेटिंग वाली संयोजित परिसंपत्तियों की खरीद हेतु आंशिक ऋण गारंटी योजना को मंजूरी प्रदान की। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

(a) केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11 दिसंबर, 2019 को यह मंजूरी प्रदान की।


(b) इस योजना की पेशकश भारत सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को करेगी।

(c) इस योजना के तहत जो समग्र गारंटी दी जाएगी, वह बैंकों द्वारा खरीदी जा रही परिसंपत्तियों के उचित मूल्यों के 10 प्रतिशत तक के प्रथम नुकसान अथवा 10,000 करोड़ रुपये, जो भी कम हो, तक सीमित होगी।

(d) इस योजना के दायरे में वे गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी)/आवास वित्त कंपनियां (एचएफसी) आएंगी जो 1 अगस्त, 2017 से पहले एक वर्ष की अवधि के दौरान संभवतः एसएमए-0 श्रेणी में आ गई हैं।

उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य




- 11 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएसबी द्वारा वित्तीय दृष्टि से सुदृढ़ एनबीएफसी/एचएफसी से उच्च रेटिंग वाली संयोजित परिसंपत्तियों की खरीद हेतु आंशिक ऋण गारंटी योजना (Partial Credit Gurantee Scheme) को मंजूरी प्रदान की।इस योजना की पेशकश भारत सरकार सार्वजनिक के क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को करेगी।इस योजना के तहत जो समग्र गारंटी प्रदान की जाएगी, वह बैंकों द्वारा खरीदी जा रही परिसंपत्तियों के उचित मूल्यों के 10 प्रतिशत तक के पहले नुकसान अथवा 10,000 करोड़ रुपये, इनमें से जो भी कम हो, तक सीमित होगी, जिस पर आर्थिक मामलों के विभाग ने भी सहमति व्यक्त की है।
- इस योजना के दायरे में वे गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएसी) आवास वित्त कंपनियां (एचएफसी) आएंगी, जो 1 अगस्त, 2018 से पहले की एक वर्ष की अवधि के दौरान संभवतः एसएमए-0 श्रेणी में आ गई हैं।
- इस योजना के दायरे में वे संयोजित परिसंपत्तियां आएंगी, जिन्हें 'बीबीबी+' अथवा उससे अधिक की रेटिंग प्राप्त है।भारतसरकारद्वाराप्रस्तुतकीगईएकबारगीआंशिकऋणगारंटीसुविधा30 जून, 2020 तक अथवा बैंकों द्वारा 1,00,000 करोड़ रुपये मूल्य की परिसंपत्तियां खरीद लिए जाने की तिथि तक खुली रहेगी, इनमें से जो भी पहले हो।इस योजना की दिशा में हुई प्रगति के दृष्टिगत इसकी वैधता अवधि को 3 माह तक बढ़ाने का अधिकार वित्त मंत्री को सौंपा गया है।
- सरकार द्वारा प्रस्तावित गारंटी सहायता और इसके परिणाम स्वरूप संयोजित परिसंपत्तियों की खरीद (बायआउट) से एनबीएफसी/एचएफसी की अपनी अस्थायी तरलता अथवा नकदी प्रवाह में असंतुलन को दूर करने में मदद मिलेगी।
- साथ ही वह ऋणों के सृजन में निरंतर योगदान करने और कर्जदारों को अंतिम विकल्प वाले ऋण को मुहैया कराने में समर्थ हो सकेंगे, जिससे आर्थिक विकास की गति तीव्र होगी।
- उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बजट 2019-20 में सरकार ने यह घोषणा की थी कि चालू वित्त वर्ष के दौरान वित्तीय दृष्टि से सुदृढ़ एनबीएफसी की कुल 1 लाख करोड़ रुपये मूल्य की उच्च रेटिंग वाली संयोजित परिसंपत्तियों की खरीद हेतु सरकार 10 प्रतिशत तक के प्रथम नुकसान हेतु सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को एकबारगी 6 माह की आंशिक ऋण गारंटी प्रदान करेगी।


**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=192618

Downloaded from www.studymasterofficial.com

## भारती टेलीकॉम द्वारा 4900 करोड़ रुपये की FDI हेतु आवेदन

**प्रश्न-भारती टेलीकॉम किस प्रमुख विदेशी निवेशक के माध्यम से ‘एयरटेल’ में 4900 करोड़ रुपये की FDI प्राप्त करने का इच्छुक है और इस उद्देश्य हेतु दूरसंचार विभाग को आवेदन किया है?**




(a) टेलीफोनिका(b) कॉमकास्ट(c) ऑरेंज(d) सिंगटेल

उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य


- दिसंबर, 2019 में भारत के प्रमुख टेलीकॉम ऑपरेटर ‘भारती टेलीकॉम’  ने एयरटेल में 4900 करोड़ रुपये की FDI प्राप्त करने हेतु दूरसंचार विभाग से मंजूरी हेतु आवेदन किया।
- ध्यातव्य है कि ‘भारती एयरटेल’ की प्रमोटर ‘भारती टेलीकॉम’ के पास अभी ‘भारती एयरटेल’ की 41 प्रतिशत हिस्सेदारी है।
- जबकि एयरटेल में विदेशी शेयरहोल्डिंग 43 प्रतिशत है तथा FDI जुटाने के बाद यह 84 प्रतिशत हो जाएगी।
- इस प्रकार, विदेशी शेयरहोल्डिंग के 50 प्रतिशत से अधिक होते ही यह एक विदेशी कंपनी बन जाएगी।
- ध्यातव्य है कि दूरसंचार विभाग द्वारा पूर्व में भारती का FDI आवेदन नामंजूर कर दिया गया था, क्योंकि तब आवेदन में विदेशी निवेशक की स्थिति स्पष्ट नहीं की गई थी।
- जबकि इस बार 4900 करोड़ रुपये के FDI प्राप्तकर्ता के रूप में ‘भारती’ के द्वारा कई अन्यों के साथ ‘सिंगटेल’ (सिंगापुर टेलीकम्यूनिकेशन्स लिमिटेड) के नाम का प्रमुख रूप से उल्लेख किया गया है।
- ‘भारती एयरटेल’ को उसके FDI आवेदन की मंजूरी दिसंबर में ही मिलने की संभावना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.fdi.finance/news/bharti-airtel-seeks-fdi-nod-for-rs-4900-crore-from-govt

## नेफ्टट्रांजेक्शन्सपरRBI केदिशा-निर्देश

**प्रश्न-RBI की उद्घोषणानुसार, नेफ्ट (NEFT: National Electronic Funds transfer) ट्रांजेक्शन्स सुविधा ’24×7’ (चौबीसों घंटे और सातों दिन) आधार पर उपलब्ध हो जाएगी-**




(a) 17 दिसंबर, 2019 से(b) 18 दिसंबर, 2019 से(c) 19 दिसंबर, 2019 से(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 6 दिसंबर, 2019 को RBI ने नेफ्ट (NEFT: National Electronic Funds Transfer) ट्रांजैक्शन्स सुविधा के ’24×7’ (चौबीसों घंटे व सातों दिन) आधार पर उपलब्ध होने के लिए तिथि की घोषणा की।
- RBI के अनुसार, यह सुविधा आगामी 16 दिसंबर से उपलब्ध होगी।
- NEFT का उपयोग 2 लाख रुपये तक के फंड ट्रासंफर के लिए किया जाता है।
- वर्तमान में नेफ्ट के द्वारा लेन-देन केवल बैंकिंग आवर (बैंक कार्यावधि) में ही संभव है।
- जिसे अब ‘स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग’ (STP) मोड का उपयोग करके स्वचालित रूप से आरंभ करने की तैयारी है।
- ध्यातव्य है कि वर्ष 2018-19 में, ‘राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण’ (NEFT) प्रणाली के अंतर्गत लगभग 228 ट्रिलियन रुपये मूल्य के 2.3 बिलियन लेन-देन (Transactions) किए गए।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- इनमें पिछले वर्ष में 172 ट्रिलियन रुपये मूल्य के 1.9 बिलियन लेन-देन की तुलना में मात्रा की दृष्टि से 19.1 प्रतिशत तथा मूल्य की दृष्टि से 32.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=375740

## एमएसएमई की ब्याज अनुदान योजना में संशोधन

**प्रश्न-16 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एमएसएमई की ब्याज अनुदान योजना में संशोधन करने हेतु मंजूरी प्रदान की। यह योजना कब शुरू की गई थी?**

**(a) फरवरी, 2015(b) जुलाई, 2016(c) अगस्त, 2017(d) नवंबर, 2018**

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य




- 16 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की ब्याज अनुदान योजना में संशोधन करने हेतु मंजूरी प्रदान की।
- इन सुधारों से एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।
- इस योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवंबर, 2018 में किया था।
- परिचालन दिशा-निर्देशों में किया गया यह संशोधन बैंक और ऋणदाता संस्थानों सहित हितधारकों द्वारा दिए गए सुधारों पर आधारित है।
- बैंकों और संस्थानों द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसार दावों का निपटान आंतरिक/समवर्ती लेखा परीक्षा प्रमाण-पत्र और 30 जून, 2020 तक एक बार वैधानिक लेखा परीक्षण के प्रमाण-पत्र पेश करने के आधार पर किया जाएगा।
- 31 मार्च, 2019 को समाप्त छमाही अवधि हेतु दावे जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 दिसंबर, 2019 कर दी गई है।
- यूएएन के बगैर की गई व्यापारिक गतिविधियां वांछनीय होंगी।
- अनुमानित दावा राशि का 50 प्रतिशत पात्र संस्थानों (कम-से-कम सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से संबंधित) को जारी किया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

**https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1597569**

## बिजनेस-टू-कंज्यूमर (B2C) ई-कॉमर्स सूचकांक, 2019

**प्रश्न-बिजनेस-टू-कंज्यूमर (B2C) ई-कॉमर्स सूचकांक, 2019 का जारी कर्ता है-**

(a) वर्ल्ड बैंक(b) IMF(c) ADB (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य




- दिसंबर, 2019 में 'व्यापार एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन' (अंकटाडः UNCTAD) ने 'बिजनेस-टू-कंज्यूमर (B2C) ई-कॉमर्स सूचकांक, 2019' जारी किया।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- भारत इस सूचकांक में 73वें स्थान पर पहुंच गया है।
- वर्ष 2018 और 2017 के सूचकांक में भारत क्रमशः 80वें और 83वें स्थान पर रहा था।
- 'B2C ई-कॉमर्स सूचकांक, 2019' को 152 देशों के प्रदर्शन के आधार पर तैयार किया गया है।
- यह 'ऑनलाइन खरीदारी के लिए तत्परता' से संबंधित है।
- जिसमें आठ यूरोपीय देश शीर्ष 10 में शामिल हैं। जबकि यूरोप से इतर मात्र 2 देश (सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया) हैं।सूचकांकमेंनीदरलैंडलगातारदूसरीबारशीर्षपररहनेमेंसफलरहा।
- इसके बाद स्विट्जरलैंड दूसरे, सिंगापुर तीसरे, फिनलैंड चौथे, ब्रिटेन (UK) पांचवें, डेनमार्क छठवें, नॉर्वे सातवें, आयरलैंड आठवें, जर्मनी नौवें और ऑस्ट्रेलिया 10वें स्थान पर है।
- विकासशील देशों में सिंगापुर को छोड़कर कोई भी देश शीर्ष दस में शामिल नहीं हो सका है।
- B2C ई-कॉमर्स सूचकांक में शीर्ष दस विकासशील अर्थव्यवस्थाएं एवं सूचकांक में उनके रैंक इस प्रकार हैं-
- सिंगापुर तीसरे स्थान पर, चीन, पंद्रहवें स्थान पर, कोरिया, रिपब्लिक ऑफ उन्नीसवें स्थान पर, UAE अट्ठाइसवें स्थान पर, मलेशिया चौतीसवें स्थान पर, ईरान बयालीसवें स्थान पर, कतर सैंतालीसवें स्थान पर, थाईलैंड अड़तालीसवें स्थान पर, सऊदी अरब उन्चासवें स्थान पर तथा तुर्की तिरपनवें स्थान पर है।
- सूचकांक में 152वें अर्थात सबसे नीचे अफ्रीकी देश नाइजर रहा।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://unctad.org/en/PublicationsLibrary/tn_unctad_ict4d14_en.pdf

## त्रिपुरा में पहला एसईजेड

**प्रश्न-16 दिसंबर, 2019 को त्रिपुरा में पहले विशेष आर्थिक क्षेत्र की स्थापना के संबंध में अधिसूचना जारी की गई। इस विशेष आर्थिक क्षेत्र के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

(a) यह अधिसूचना वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी की गई।

(b) प्रस्तावित विशेष आर्थिक क्षेत्र दक्षिण त्रिपुरा के सबरूम जिले के पश्चिम जलेफा में स्थापित किया जा रहा है।

(c) यह मुख्यतः कृषि उत्पादों से जुड़े प्रसंस्करण उद्योग के लिए होगा।

(d) एसईजेड की स्थापना के बाद पहले 5 वर्षों तक यहां स्थापित होने वाली इकाइयों को आयकर अधिनियम की धारा 10-A के तहत निर्यात आय पर 50 प्रतिशत आयकर छूट प्रदान की जाएगी।

**उत्तर-(d)**

संबंधित तथ्य

- 16 दिसंबर, 2019 को वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा त्रिपुरा में पहले विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) स्थापित किए जाने के संबंध में अधिसूचना जारी की गई।प्रस्तावितविशेषआर्थिकक्षेत्रत्रिपुराकीराजधानीअगरतलासे130 किमी. की दूरी पर दक्षिणी त्रिपुरा के सबरूम जिले के पश्चिम जलेफा में स्थापित किया जा रहा है।यहमुख्यतः कृषि उत्पादों से जुड़े प्रसंस्करण उद्योग के लिए होगा।
- यह विशेष आर्थिक क्षेत्र त्रिपुरा औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड द्वारा विकसित किया जा रहा है।
- इस परियोजना के अंतर्गत अनुमानित निवेश राशि लगभग 1550 करोड़ रुपये है।
- इस विशेष आर्थिक क्षेत्र में रबड़ आधारित उद्योग, कपड़ा और परिधान उद्योग, बांस और कृषि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना की

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

जाएगी।चटगांवबंदरगाहकेनिकटहोनेतथादक्षिणीत्रिपुरामेंफेनीनदीकेऊपरनिर्माणाधीनपुलहोनेकेकारणसबरूममें बनरहेइसविशेषआर्थिकक्षेत्रमेंनिवेशकोआकर्षित करने के नए अवसर बनेंगे।इसएसईजेडकीस्थापनाकेबादपहलेवर्षोंतकयहांस्थापितकीजानेवालीइकाइयोंकोआयकरअधिनियमकीधारा10AA के तहत निर्यात आय पर 100 प्रतिशत आयकर छूट प्रदान की जाएगी।

- इसके अतिरिक्त अगले 5 वर्षों के लिए आयकर छूट की यह सीमा 50 प्रतिशत होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=195954

## फोर्ब्सःविश्व की 100 सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाओं की सूची, 2019

**प्रश्न-12 दिसंबर, 2019 को अमेरिका की प्रतिष्ठित पत्रिका 'फोर्ब्स' द्वारा विश्व की 100 सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाओं की सूची, 2019 जारी की गई। इसमें किसे शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है?**



(a) थेरेसा मे(b) एंजेला मर्केल(c) क्रिस्टीन लेगार्ड(d) उर्सुला वोन डेर लेयेन

उत्तर-**(b)**

संबंधित तथ्य

- 12 दिसंबर, 2019 को अमेरिका की प्रतिष्ठित पत्रिका 'फोर्ब्स' द्वारा विश्व की 100 सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाओं की सूची (The World's 100 Most Powerful Women), 2019 जारी की गई।
- इस सूची में जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात यूरोपियन केंद्रीय बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड को दूसरा, यूएसए के प्रतिनिधि सभा की पहली महिला अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।
- यूरोपियन आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन को चौथा तथा जनरल मोटर्स कंपनी की अध्यक्ष और सीईओ मैरी बारा को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है।
- बिल एवं मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन की सह-अध्यक्ष मेलिंडा गेट्स को इस सूची में छठा स्थान प्राप्त हुआ है।
- केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को 34वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- एचसीएल टेक्नोलॉजिस (HCL Technologies) की सीईओ रोशनी नाडार मल्होत्रा को 54वां तथा भारत की जैव-प्रौद्योगिकी एवं औषधि कंपनी बायोकॉन (Biocon) की संस्थापक किरण मजूमदार शॉ को 65वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- विश्व की अन्य प्रमुख हस्तियों में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री को 29वां तथा स्वीडन की प्रसिद्ध जलवायु परिवर्तन कार्यकर्त्री ग्रेटा थनबर्ग को 100वां स्थान प्राप्त हुआ है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.forbes.com/power-women/#6cd0558d5e25

## प्राकृतिक गैस की खपत पर मंत्रालय का विश्लेषण



**प्रश्न-दिसंबर, 2019 में तेल व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने देश के एनर्जी बास्केट में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को 15 प्रतिशत तक करने के अगले 10 वर्षों में कितने गुना बढ़ाए जाने की संभावना व्यक्त की है?**

(a) 12 गुना(b) 10 गुना(c) 5 गुना से अधिक(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 5 दिसंबर, 2019 को प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने भारत में प्राकृतिक गैस की खपत बढ़ाने की संभावना व्यक्त की।
- ध्यातव्य है कि मंत्रालय ने भारत के एनर्जी बास्केट में प्राकृतिक गैस के हिस्से का 6.2% से बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
- मांग में इस बढ़त को प्रबंधित करने के लिए देश के प्राकृतिक गैस इंफ्रास्ट्रक्चर में 60 बिलियन डॉलर के भारी-भरकम निवेश की आवश्यकता होगी।
- प्राकृतिक गैस एक पर्यावरण मित्र (Eco Friendly) ईंधन है।
- यह वर्तमान में देश के कुल ऊर्जा खपत में 6.2 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखता है।
- कोयला और तरल ईंधन जैसे प्रदूषणकारी ईंधनों के खपत को हतोत्साहित करने के लिए सरकार ने 2020 से 2030 तक प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
- प्राकृतिक गैस की खपत पर मंत्रालय द्वारा उपरोक्त विश्लेषण नई दिल्ली में 'फिक्की कॉनफेरेंस ऑन गैस इन्फ्रास्ट्रक्चर' में प्रस्तुत किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/erelease.aspx

## जीएसटीकाउंसिलकी38वींबैठक, 2019

**प्रश्न-18 दिसंबर, 2019 को नई दिल्ली में संपन्न हुई जीएसटी काउंसिल की 38वीं बैठक में लॉटरी पर कितने प्रतिशत जीएसटी लगाने का निर्णय हुआ?**




(a) 18 प्रतिशत(b) 30 प्रतिशत(c) 12 प्रतिशत(d) 28 प्रतिशत

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 18 दिसंबर, 2019 को नई दिल्ली में जीएसटी काउंसिल की 38वीं बैठक, 2019 संपन्न हुई।
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बैठक की अध्यक्षता की।
- बैठक में लिए गए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय इस प्रकार हैं-
- लॉटरी पर देश भर में एक समान टैक्स लगाने का निर्णय।अबलॉटरीपर28 प्रतिशत जीएसटी वसूला जाएगा।लॉटरीपरएकसमानटैक्स1 मार्च, 2020 से लागू होगा।
- उल्लेखनीय है कि अभी राज्य की सीमा के अंदर बिकने वाली लॉटरी पर 12 प्रतिशत और दूसरे राज्य में बिकने वाले लॉटरी पर 28 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है।
- पॉलीथीन या पॉलीप्रोपाइलीन के वुवेन और नॉन वुवेन बैग पर 1 जनवरी, 2020 से एक समान 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।
- जिन संस्थाओं में केंद्र या राज्य की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत या अधिक है, उनके द्वारा लांग टर्म लीज के लिए किए जाने वाले अग्रिम भुगतान जीएसटी से छूट मिलेगी।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- अब तक यह छूट उन्हीं संस्थानों को मिल रही है, जिनमें केंद्र या राज्य की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत या अधिक है।
- यह बदलाव 1 जनवरी, 2020 से लागू होगा।
- कारोबारियों को राहत देते हुए जीएसटी काउंसिल ने वित्त वर्ष 2017-18 GSTR-9 फाइल करने की तिथि 31 जनवरी, 2020 तक बढ़ा दिया है।

- वर्ष 2017 से नवंबर, 2019 तक जिन्होंने GSTR फाइल नहीं किया है, उनको राहत देते हुए जीएसटी काउंसिल ने उन्हें विलंब शुल्क में छूट दे दी है।
- जो कारोबारी दो टैक्स अवधि तक GSTR-1 फाइल नहीं करेंगे, उनके लिए ई-वे बिल ब्लॉक कर दिया जाएगा।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1596894

## NIIF मास्टर फंड में कनाडा के CPPIB की निवेश योजना

**प्रश्न-कनाडा के सबसे बड़े पेंशन फंड (CPPIB: कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड) ने NIIF मास्टर फंड में कितने मिलियन डॉलर के निवेश हेतु सहमति को व्यक्त किया है?**

(a) 300 मिलियन डॉलर(b) 400 मिलियन डॉलर(c) 500 मिलियन डॉलर(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(d)**



**संबंधित तथ्य**

- 5 दिसंबर, 2019 को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कनाडा के सबसे बड़े पेंशन फंड (CPPIB: कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड) ने 'NIIF मास्टर फंड' में 600 मिलियन डॉलर के निवेश हेतु सहमति को व्यक्त किया है।
- NIIF मास्टर फंड द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस निवेश समझौते में NIIF मास्टर फंड में 150 मिलियन डॉलर की प्रतिबद्धता और NIIF मास्टर फंड के साथ निवेश करने के भावी अवसरों में 450 मिलियन डॉलर तक के सह-निवेश अधिकार शामिल हैं।
- NIIF
- राष्ट्रीय निवेश और बुनियादी ढांचा कोष (NIIF), भारत का पहला संप्रभु (Sovereign) वेल्थ फंड है, जिसे भारत सरकार ने फरवरी, 2015 में स्थापित किया था।
- इसकी स्थापना का उद्देश्य मुख्य रूप से व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य परियोजनाओं (ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड) में बुनियादी ढांचे के निवेश माध्यम से 'इकोनॉमिक इम्पैक्ट' को अधिकतम करना था।
- यह तीन फंडों में 4 बिलियन डॉलर से अधिक पूंजी प्रतिबद्धताओं का प्रबंधन करता है।
- ये तीन फंड हैं-मास्टर फंड, फंड ऑफ फंड्स तथा स्ट्रेटजिक इन्वेस्टमेंट फंड।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://www.cppib.com/en/public-media/headlines/2019/cppib-invest-national-investment-and-infrastructure-fund-niif/

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# होटल निर्माणः प्रगति मैदान के हस्तांतरण की मंजूरी

**प्रश्न-प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रगति मैदान के कितने एकड़ भूखंड के हस्तांतरण की मंजूरी दी है?**



(a) 1.5 एकड़(b) 2.0 एकड़(c) 2.5 एकड़(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- 4 दिसंबर, 2019 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में प्रगति मैदान के 3.7 एकड़ भूखंड के हस्तांतरण की मंजूरी दे दी।
- इसे प्रगति मैदान के 'भू-मुद्रीकरण' (Land Monetisation) की योजना का नाम दिया गया है।
- पृष्ठभूमि
- यह ITPO (भारत व्यापार संवर्धन संगठन) की मेगा परियोजना (IECC: अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन केंद्र परियोजना का कार्यान्वयन) का एक हिस्सा है।
- IECC परियोजना के तहत ITPO प्रगति मैदान को विश्वस्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन केंद्र के रूप में विकसित करेगी।
- IECC परियोजना के वर्ष 2020-21 तक पूरा होने की संभावना है।
- IECC परियोजना के मूल्य संवर्धन हेतु एक प्रगति मैदान के 3.7 एकड़ भूखंड पर एक पांच सितारा होटल का निर्माण किया जाएगा।
- आधुनिक सुविधाओं से युक्त पांच सितारा होटल के विकास और संचालन के लिए ITDC (भारतीय पर्यटन विकास निगम) और IRCTC (भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम) एक 'विशिष्ट उद्देश्य कंपनी' का गठन करेंगे।
- इस 'विशिष्ट उद्देश्य कंपनी' के पक्ष में 611 करोड़ रुपये के मूल्य पर 99 वर्ष के लीज होल्ड के तहत 3.7 एकड़ भूखंड को हस्तांतरित करने के लिए ITPO को अधिकृत किया गया है।
- पांच सितारा होटलः-
- होटल सुविधा IECC परियोजना का अभिन्न हिस्सा है, जो भारत के वैश्विक बैठकों, पहलों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों के हब के रूप में प्रोत्साहन प्रदान करेगा।
- साथ ही रोजगार सृजन के साथ व्यापार व वाणिज्य को बढ़ावा देगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/news-cm/cabinet-approves-land-monetisation-at-pragati-maidan-to-build-a-five-star-hotel-119120400896_1.html

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# स्टार्टअप्समेंरोजगारकेआंकड़े

प्रश्न-नास्कॉम की रिपोर्ट का हवाला देते हुए वाणिज्य मंत्री ने लोक सभा में स्टार्टअप्स (2009 से 2019 तक स्थापित) द्वारा सृजित रोजगारों की संख्या कितनी बताई है?




(a) 3.9 से 8.5 लाख प्रत्यक्ष रोजगार(b) 1.5 से 2.5 लाख प्रत्यक्ष रोजगार

(c) 0.7 लाख से 2.5 लाख प्रत्यक्ष रोजगार(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-**(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 4 दिसंबर, 2019 को भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लोक सभा में नास्कॉम की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए स्टार्टअप्स द्वारा सृजित रोजगारों के आंकड़े प्रदर्शित किए।
- भारत में 2009 से 2019 के दौरान स्थापित स्टार्टअप्स में 3.9 लाख से 4.3 लाख प्रत्यक्ष रोजगारों का सृजन हुआ।इनस्टार्टअप्समेंसभीफंडेड (वित्तपोषित) और500 अनफंडेड (गैर वित्त पोषित) स्टार्टअप्स शामिल हैं।
- ध्यातव्य है कि वर्तमान में भारत अनुकूल स्टार्टअप माहौल के मामले में तीसरा सबसे बड़ा देश बना हुआ है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://economictimes.indiatimes.com/small-biz/startups/newsbuzz/citing-nasscom-govt-says-3-9-4-3-lakh-direct-lakh-jobs-created-in-startups-founded-in-2009-19/articleshow/72370074.cms

## आईसीएआर-नाबार्डमेंसमझौता

**प्रश्न-13 दिसंबर, 2019 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और नाबार्ड के बीच एक्शन रिसर्च और विभिन्न तकनीकों को बेहतर बनाने एवं नवाचार किसान मॉडल के लिए समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। इस समझौता-ज्ञापन के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

(a) एक्शन रिसर्च का अर्थ है-चुनौतियों के लिए समाधान ढूंढने हेतु किसानों की सक्रिय भागीदारी से शोध करना।

(b) नवाचार किसान मॉडल आईसीएआर द्वारा विकसित हैं।

(c) नाबार्ड अपने नेटवर्क के माध्यम से चैनल सहयोगियों तथा आईसीएआर के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

(d) आईसीएआर नाबार्ड सहायतित परियोजनाओं का मूल्यांकन करने, जलवायु परिवर्तन संबंधी परियोजनाओं का डीपीआर तैयार करने, कृषि यांत्रिकीकरण आदि कार्यों में सहायता प्रदान करेगा।



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 13 दिसंबर, 2019 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बोर्ड (नाबार्ड) के बीच एक्शन रिसर्च और विभिन्न तकनीकों को बेहतर बनाने एवं नवाचार किसान मॉडल के लिए समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- एक्शन रिसर्च का अर्थ है-चुनौतियों के लिए समाधान ढूंढने हेतु किसानों की सक्रिय भागीदारी से शोध करना।
- आईसीएआर द्वारा विकसित नवाचार किसान मॉडलों में जलवायु अनुकूल अभ्यास, मॉडल और वाटरशेड प्लेटफॉर्म पर आधारित शोध के तहत सहभागिता के साथ उच्च तकनीकी वाले कृषि अभ्यास शामिल हैं।
- इस समझौता-ज्ञापन के तहत कृषि, एकीकृत कृषि प्रणाली, कृषि-वानिकी, पौधारोपण, बागवानी, पशु विज्ञान, कृषि-इंजीनियरिंग, फसल कटाई के पश्चात की तकनीक आदि क्षेत्रों में स्थान विशेष के दृष्टिगत प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण का उल्लेख है।
- आईसीआर अपने विशाल नेटवर्क के माध्यम से चैनल सहयोगियों तथा नाबार्ड अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करेगा और उनके क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करेगा।
- इस पहल के माध्यम से चैनल सहयोगियों की क्षमता में वृद्धि होगी।



Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- इसके अलावा आईसीआर नाबार्ड सहायतित परियोजनाओं का मूल्यांकन करने, जलवायु परिवर्तन संबंधी परियोजनाओं का डीपीआर तैयार करने, कृषि यांत्रिकीकरण, एग्री इन्क्यूबेशन सेंटर/एफपीओ, संसाधन संरक्षण आदि कार्यों में भी सहायता प्रदान करेगा।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1596405

## WTO अपीलकोर्टकाअवसान

**प्रश्न-विश्व व्यापार संगठन के अपील कोर्ट के अंतिम तीन जजों में से दो का कार्यकाल समाप्त हुआ है-**



(a) 5 दिसंबर, 2019(b) 6 दिसंबर, 2019(c) 4 दिसंबर, 2019 (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-**(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 10 दिसंबर, 2019 को विश्व व्यापार संगठन के अपीलीय निकाय के अंतिम तीन न्यायाधीशों में से दो का कार्यकाल समाप्त हो गया।
- आमतौर पर इसका अपीलीय निकाय सात सदस्यों से बना होता है, लेकिन वर्तमान में केवल तीन सदस्य ही कार्य कर रहे थे।
- यह विश्व व्यापार के वास्तविक (Defacto) उच्चतम न्यायालय का अवसान है, जो कि उसे विश्व व्यापार से संबंधित रूलिंग्स जारी करने की योग्यता से वंचित करेगा।
- इस स्थिति में WTO के लोअर कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय के खिलाफ अपील करने वाले के पास चाहकर भी कोई विकल्प नहीं बचेगा।
- पृष्ठभूमिः
- ध्यातव्य है अमेरिका (USA) के मौजूदा राष्ट्रपति को WTO की कार्यप्रणाली के आलोचक के रूप में जाना जाता है।
- अमेरिका WTO को एक पक्षपाती और चीन के हितधारक संगठन के रूप में देखता है।
- इसलिए अमेरिका ने वर्ष 2018 से WTO के अपीलीय प्राधिकरण (उच्चतम न्यायालय) में न्यायाधीशों की नियुक्ति पर रोक लगा दिया था।
- अपीलीय प्राधिकरण में सदस्यों की संख्या घटकर तीन रह गई थी।
- इस कारण अपीलीय प्राधिकरण में किसी अपील पर सुनवाई करने में लगभग एक वर्ष का समय लग रहा था।
- जबकि अपीलों के निपटारे के लिए निर्धारित समय 90 दिन होता है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.lexology.com/library/detail.aspx?g=98055239-cdf3-46e9-b4ad-46757c8210d6

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

## सीपीएसईकोदोकोकिंगकोयलाखदानोंकाआवंटन

**प्रश्न-दिसंबर, 2019 में कोयला मंत्रालय द्वारा स्टील सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज (सीपीएसई) को दो कोकिंग कोयला खदानों का आवंटन किया गया है। इस संबंध में विकल्पो में कौन-सा तथ्य सही है?**





(a) दो कोकिंग कोयला खदानों रोहने और रोबोडीह का आवंटन किया गया है।
(b) यह आवंटन कोयला खान (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 2015 के तहत किया गया है।
(c) यह दोनों खानें पश्चिम बंगाल में स्थित हैं।
(d) राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड को रोबोडीह ओसीपी कोयला खदान का आवंटन लौह और इस्पात के कैप्टिव उपयोग के लिए किया गया है।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2019 में कोयला मंत्रालय द्वारा स्टील सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज (सीपीएसई) का दो कोकिंग कोयला खदानों रोहने और रोबोडीह का आवंटन किया गया है।
- यह आवंटन कोयला खान (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 2015 के तहत किया गया है।
- यह दोनों खानें झारखंड में स्थित हैं।
- इन खदानों से प्रतिवर्ष लगभग 10 मीट्रिक टन से अधिक उत्पादन होगा साथ ही देश में कोकिंग कोयले के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।
- रोहने की कोयला खदान का आवंटन कोयले की बिक्री हेतु राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड को किया गया है।
- राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड को रोबोडीह ओसीपी कोयला खदान का आवंटन लौह और इस्पात के कैप्टिव उपयोग के लिए किया गया है।
- यह आवंटन उन 5 कोयला खदानों के अतिरिक्त है, जिन्हें सफल बोलीदाताओं को आवंटित किया गया है और 6 कोयला खदानें सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों को आवंटित की गई हैं।
- कुल आवंटित 13 खदानों से प्रतिवर्ष कोयले की घरेलू उपलब्धता में 35 मीट्रिक टन से अधिक की वृद्धि होगी।
- अपने जीवनकाल में रॉयल्टी और लागू करों के अलावा इन खदानों से राज्य सरकारों को लगभग 31000 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा।


संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=195885

## मत्स्य, अंडा एवं दुग्धोत्पादन के आंकड़े जारी

**प्रश्न-वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 (अनंतिम) में भारत में मत्स्योत्पादन (Fish Production) ॅमशः रहा है-**

**(a) 12590.29 हजार टन एवं 13,340.85 हजार टन**
**(b) 8560.80 हजार टन एवं 9,656.65 हजारटन**
**(c) 7678.80 हजार टन एवं 8556.45 हजार टन**
**(d) 6648.60 हजार टन एवं 7580.65 हजार टन**



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 6 दिसंबर, 2019 को पशुपालन मंत्रालय द्वारा पिछले पांच वर्ष 2014-15 एवं 2018-19 (अनं.) के मत्स्य, अंडा एवं दुग्धोत्पादन के आंकड़े जारी किए।

- मत्स्योत्पादन और दुध्योत्पादन पिछले पांच वर्षों के दौरान क्रमशः 6.86 प्रतिशत और 6.41 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर के साथ बढ़ रहा है।
- यह वृद्धि विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं (CSS) केंद्रीय क्षेत्र योजनाओं (CS) का सुपरिणाम है।
- **मत्स्योत्पादन (Fish Production)**
- वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 (अनंतिम) में भारत में मत्स्योत्पादन क्रमशः 12590.29 हजार टन एवं 13340.85 हजार टन है। दुग्धोत्पादन (Milk Production)
- वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 में गाय के दूध का उत्पादन क्रमशः 83633.57 हजार टन एवं 89833.59 हजार टन है।
- वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 में भैंस के दूध का उत्पादन क्रमशः 86261.68 हजार टन एवं 91817.14 ह. टन है।
- अंडा उत्पादन
- वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 में देश में अंडा उत्पादन क्रमशः 952169.98 लाख एवं 1033176.31 लाख है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=195542

## राजस्थानतमिलनाडुऔरकर्नाटकः 'नोन्यूकोल' पॉलिसीकेनएपक्षधर

प्रश्न-'नो न्यू कोल' पॉलिसी से तात्पर्य है-
(a) भविष्य में नए तापीय विद्युत संयंत्र की स्थापना को हतोत्साहित करना
(b) भविष्य में कोयला खनन को हतोत्साहित करना
(c) कोयला निर्यात को हतोत्साहित करना
(d) इनमें से कोई नहीं



उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 5 दिसंबर, 2019 को नई दिल्ली स्थित क्लाइमेट कम्यूनिकेशन्स ऑर्गेनाइजेशन 'क्लाइमेट ट्रेंड्स' ने अपने एक विश्लेषण में राजस्थान, तमिलनाडु और कर्नाटक को 'नो न्यू कोल' पॉलिसी का नया पक्षधर बताया।
- ध्यातव्य है कि इससे पहले गुजरात और छत्तीसगढ़ इस नीति का अनुसरण कर चुके हैं।
- 'नो न्यू कोल' से तात्पर्य राज्य में नए तापीय विद्युत संयंत्रों की स्थापना की नीति को हतोत्साहित करना है।
- साथ ही भावी ऊर्जा जरूरत को अक्षय (Renewable) और फ्लेक्सिबल ऊर्जा से पूरा करना भी इस नीति में शामिल होता है।
- क्लाइमेट ट्रेंड्स की रिपोर्ट 'Winds of Change: No New Coal States of India' के अनुसार, कर्नाटक राजस्थान और तमिलनाडु देश में शीर्ष नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वाले राज्यों में शामिल हैं।
- राजस्थान में कुल संस्थापित कोल क्षमता 11.6 गीगावॉट है, जबकि अक्षय ऊर्जा और हाइड्रो 11.1 गीगावॉट हैं।
- कर्नाटक में अक्षय ऊर्जा और हाइड्रोजन पॉवर की संस्थापित क्षमता 17.9 गीगावॉट है, जो कुल संस्थापित क्षमता का 63 प्रतिशत है।
- जबकि कोल कैपेसिटी केवल 9 गीगावॉट है।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING

- तमिनलाडु में भी गैर-जीवाश्मीय ऊर्जा की कुछ संस्थापित क्षमता जीवाश्मीय (कोयला) ऊर्जा से अधिक है। (13.5 गीगावॉट के सापेक्ष 15.6 गीगावॉट)
- कम उपलब्धता और उच्च परिवहन लागत के कारण इन राज्यों में कोयले से बिजली बनाना महंगा भी है।
- अतः इन राज्यों के 'नो न्यू कोल' पॉलिसी के अपनाने में उपरोक्त पृष्ठभूमि का प्रबल योगदान होगा।

**संबंधित लिंक भी देखें...**
https://www.business-standard.com/article/economy-policy/tn-rajasthan-karnataka-plan-to-shut-door-on-new-coal-plants-study-119120601102_1.html

## RBI केविकासात्मकऔरविनियामकनीतिवक्तव्य:NBFC-P2P निदेशोंकीसमीक्षा

प्रश्न-विकासात्मक और विनियामक नीति वक्तव्य के तहत **RBI** ने **P2P** (पीयर टू पीयर) ऋण देने वाले प्लेटफॉर्मों पर कुल **(Aggregate)** एक्सपोजर सीमा बढ़ाकर कर दिया है-

**(a) 15** लाख रुपये तक**(b) 20** लाख रुपये तक**(c) 25** लाख रुपये तक**(d)** इनमें से कोई नहीं



उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- 5 दिसंबर, 2019 को RBI ने 'विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य' जारी किया।
- जिसके तहत RBI ने P2P (पीयर टू पीयर) ऋण देने वाले प्लेटफॉर्मों पर कुल (Aggregate) एक्सपोजर सीमा बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया है।
- ध्यातव्य है कि रिजर्व बैंक ने 4 अक्टूबर, 2017 को गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) समकक्षीय उधार प्लेटफॉर्म (NBFC-P2P) के लिए निर्देश (Direction) जारी किए थे।
- वर्तमान में, सभी P2P प्लेटफॉर्म पर उधारकर्ताओं और उधारदाताओं दोनों के लिए कुल सीमा 10 लाख रुपये है।
- जबकि एकल उधारकर्ता के लिए एकल ऋणदाता का एक्सपोजर सभी NBFC-P2P प्लेटफॉर्म पर 50,000 रुपये तक सीमित है।
- ऋण देने वाले प्लेटफॉर्म की कार्यपद्धति और उधार देने की सीमा की समीक्षा की गई और यह निर्णय लिया गया है कि ऋण देने वाले प्लेटफॉर्म को आगे बढ़ाने के लिए, किसी भी समय सभी उधारकर्ताओं को एक ऋणदाता का कुल एक्सपोजर सभी P2P प्लेटफॉर्म पर 50 लाख रुपये तक सीमित होगा।
- इसके अलावा, बैंक द्वारा प्रवर्तित ट्रस्टी द्वारा निधियों को अंतरित करने के लिए आवश्यक रूप से संबंधित बैंक में खोले जाने वाले 'एस्क्रो' (Escrow) खातों के परिचालन की वर्तमान आवश्यकता को समाप्त करने का भी प्रस्ताव है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=48803

## स्मॉलफाइनेंसबैंक: 'मांगपर' लाइसेंसप्रदानकरनेहेतुअंतिमदिशा-निर्देशजारी

प्रश्न-**RBI** ने पिछली बार निजी क्षेत्र में लघु वित्त बैंकों को लाइसेंस प्रदान करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे-

**(a) 27** नवंबर, **2014** को**(b) 27** नवंबर, **2011** को**(c) 27** नवंबर, **2012** को**(d)** इनमें से कोई नहीं



Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य


- 5 दिसंबर, 2019 को RBI ने "निजी क्षेत्र में स्मॉल फाइनेंस बैंकों को 'मांग पर' (On tap) लाइसेंस प्रदान करने के लिए अंतिम दिशा-निर्देश जारी किए।
- पृष्ठभूमिः-
- ध्यातव्य है कि RBI ने पिछली बार 27 नवंबर, 2014 को निजी क्षेत्र में लघु वित्त बैंकों को लाइसेंस प्रदान करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे।
- उन दिशा-निर्देशों में यह उल्लिखित था कि इन बैंकों के साथ काम करने का अनुभव प्राप्त करने के बाद, RBI निरंतर आधार पर आवेदन प्राप्त करने पर विचार करेगा।
- तदनुसार जून, 2019 में यह घोषणा की गई थी कि ऐसे बैंकों को 'मांग पर' (on tap) लाइसेंस प्रदान करने के लिए मसौदा दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।
- हालिया दिशा-निर्देशः-
- लाइसेंस विंडो मांग पर खोली जाएगी।
  (ii) न्यूनतम चुकता वोटिंग इक्विटी पूंजी/निवल मालियत आवश्यकता 200 करोड़ रुपये होगी।
  (iii) प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक (UCB) जो स्मॉल फाइनेंस बैंक में स्वेच्छा से परिवर्तन के इच्छुक हैं, के लिए निवल मालियत की प्रारंभिक आवश्यकता 100 करोड़ रुपये होगी, जिसे व्यवसाय शुरू करने की तारीख से पांच वर्ष के भीतर बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये करना होगा।
  (iv) स्मॉल फाइनेंस बैंक को परिचालन शुरू करने की तारीख से बैंकिंग आउटलेट खोलने की सामान्य अनुमति होगी।
  (v) भुगतान बैंक परिचालन के पांच वर्षों के बाद 'स्मॉल फाइनेंस बैंक' में रूपांतरण के लिए आवेदन कर सकते हैं, यदि वे इन दिशा-निर्देशों के अनुसार अन्यथा पात्र हैं।

- भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के अनुसार हुई थी।वर्तमानमेंरिजर्वबैंककेगवर्नरशक्तिकांतदास (25वें) हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=48807

## अंतरराष्ट्रीयवित्तनिगमकीमहिंद्राफाइनेंसमेंनिवेशयोजना

**प्रश्न-विश्व बैंक समूह की शाखा 'IFC' (अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम) ने कम आय वाले राज्यों में MSME के लिए वित्तपोषण का एक समर्पित पूल बनाने के लिए महिंद्रा फाइनेंस में कितनी राशि का निवेश किया है?**
**(a) 100 मिलियन डॉलर(b) 125 मिलियन डॉलर(c) 150 मिलियन डॉलर(d) इनमें से कोई नहीं**
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य




- 2 दिसंबर, 2019 को विश्व बैंक समूह की शाखा IFC (अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम) ने घोषणा किया कि उसने महिंद्रा फाइनेंस में 200 मिलियन डॉलर का विनिवेश किया है।

Downloaded From www.studymastersofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- यह निवेश कम आय वाले राज्यों में MSME के लिए वित्तपोषण का एक समर्पित पूल बनाने के लिए किया गया है।महिलाओंकेस्वामित्ववालेसूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) के लिए कम-से-कम 100 मिलियन डॉलर प्रदान की जाएगी।
- निवेश का स्वरूप
- MSMEs (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों) हेतु समर्पित पूल के सृजन के लिए IFC ने 75 मिलियन डॉलर का निवेश अपने खाते से किया है।
- जबकि शेष 125 मिलियन डॉलर को समानांतर कर्ज जुटाया जा रहा है।
- महिंद्रा फाइनेंस ने इस कोष में अपनी ओर से 225 मिलियन डॉलर खर्च करने की प्रतिबद्धता जताई है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**
https://economictimes.indiatimes.com/news/industry/ifc-to-invest-usd-200-million-in-mahindra-finance/articleshow/72333139.cms

## 7वीं ओपेक और गैर-ओपेक मंत्रिस्तरीय बैठक, 2019

**प्रश्न-6 दिसंबर, 2019 को 7वीं ओपेक और गैर-ओपेक मंत्रिस्तरीय बैठक वियना, ऑस्ट्रिया में संपन्न हुई। इस बैठक में ओपेक के सदस्य देशों ने कच्चे तेल के दैनिक उत्पादन में कितने लाख बैरल की अतिरिक्त कमी किए जाने का फैसला किया?**



(a) 5 लाख बैरल(b) 12 लाख बैरल(c) 6 लाख बैरल(d) 3 लाख बैरल

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 6 दिसंबर, 2019 को 7वीं ओपेक और गैर-ओपेक मंत्रिस्तरीय बैठक (7th Opec and non-Opec Ministerial Meeting), 2019 वियना, ऑस्ट्रिया में संपन्न हुई।
- इस बैठक में ओपेक के सदस्य देशों ने कच्चे तेल के दैनिक उत्पादन में पांच लाख बैरल की अतिरिक्त कमी किए जाने का समझौता किया है।यहसमझौता1 जनवरी, 2020 से लागू होगा।
- यह कटौती उत्पादन का स्तर कम रखने के लिए उनके बीच इस समय चल रही सहमति के अतिरिक्त है।
- गौरतलब है कि इससे पूर्व इन देशों में गत दिसंबर में उत्पादन को अक्टूबर, 2018 के स्तर से 12 लाख बैरल कम करने का समझौता हुआ था।जुलाई, 2019 में इस समझौते को और आगे के लिए प्रभावी कर दिया गया।
- कटौती मार्च, 2020 तक बनाए रखने का निर्णय हुआ था।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.opec.org/opec_web/en/press_room/5797.htmv

## रिस्क एंड एश्योरेंस ग्रुप के साथ साझेदारी

**प्रश्न-दिसंबर, 2019 में कौन-सी वैश्विक दूरसंचार समाधान प्रदाता कंपनी ने अपने ग्राहकों को ब्लॉकचेन आधारित धोखाधड़ी प्रबंधन समाधान प्रदान करने हेतु रिस्क एंड एश्योरेंस (आरएजी) के साथ साझेदारी की है?**




(a) डिजिटल 23(b) सुबेक्स(c) रेडटोन(d) ऑरेंज

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 दिसंबर, 2019 को वैश्विक दूरंसचार समाधान प्रदाता सुबेक्स (Subex) ने बताया कि उसने अपने ग्राहकों को ब्लॉकचेन आधारित धोखाधड़ी प्रबंधन समाधान प्रदान करने हेतु रिस्क एंड एश्योरेंस ग्रुप (आरएजी) के साथ साझेदारी की है।
- इस साझेदारी के तहत सुबेक्स आरएजी वान्गिरी ब्लॉकचेन कंसोर्टियम का हिस्सा बन गई है।
- यह साझेदारी तत्काल (Real Time) आधार पर ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के माध्यम से उद्योग को धोखाधड़ी करने वालों की जानकारी उपलब्ध कराएगा।
- आरएजी के कंसोर्टियम में उत्तरी अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका और एशिया तथा विश्व के कुछ प्रमुख संचार सेवा प्रदाता शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/news-cm/subex-partners-with-risk-assurance-group-to-provide-blockchain-based-fraud-management-solution-119121000379_1.html

## एनएचएआई अवसंरचना निवेश ट्रस्ट गठित करने हेतु अधिकृत

प्रश्न-11 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को अवसंरचना निवेश ट्रस्ट गठित करने हेतु अधिकृत करने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। इस ट्रस्ट का गठन किसके दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा?




(a) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण(b) सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय

(c) सेबी(d) उपरोक्त में कोई नहीं

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 11 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को अवसंरचना निवेश ट्रस्ट गठित करने हेतु अधिकृत करने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस ट्रस्ट का गठन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा।
- इससे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण टोल टैक्स वसूली के न्यूनतम (कम-से-कम) एक वर्ष के अच्छे रिकॉर्ड वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के मौद्रीकरण में मदद मिलेगी।
- इससे प्राधिकरण को चयनित राजमार्गों पर टोल वसूली का अधिकार प्रदान किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1596683

Download From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# भारत और सऊदी अरब के बीच मादक पदार्थों और प्रतिबंधित रसायनों की अवैध बिक्री व तस्करी से संबंधित समझौता

**प्रश्न-कैबिनेट ने भारत और सऊदी अरब के बीच नशीली दवाइयों, मादक पदार्थों और प्रतिबंधित रसायनों की अवैध बिक्री व तस्करी से संबंधित समझौता-ज्ञापन को मंजूरी दिया?**

(a) 22 नवंबर, 2019 को(b) 25 नवंबर, 2019 को(c) 23 नवंबर, 2019 को(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य



- 27 नवंबर, 2019 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और सऊदी अरब के नशीली दवाइयों, मादक पदार्थों और प्रतिबंधित रसायनों की अवैध बिक्री और तस्करी को रोकने के लिए समझौता-ज्ञापन को मंजूरी दिया।
- नशीले पदार्थों का बड़े स्तर पर उत्पादन और अफगानिस्तान के जरिए इसका प्रसार बढ़ने से युवाओं के बीच इसका उपभोग ऊंचे स्तर पर पहुंच चुका है, जिससे उपयोग करने वाले व्यक्ति के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।
- समझौता-ज्ञापन के तहत दोनों देशों द्वारा किसी भी देश के अंदर बरामद की गई नशीली दवाइयों, नशीले पदार्थों का रासायनिक विश्लेषण और इन पदार्थों के बारे में आंकड़ा/सूचना साझा करने का प्रावधान किया गया।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/newsite/erelease.aspx


# अशोक लेलैंड और एक्सिस बैंक के बीच समझौता

**प्रश्न-रणनीतिक वित्त पोषण साझेदारी (Strategic Rinancing Partner-ship) की शुरुआत हेतु 'अशोक लेलैंड' ने एक्सिस बैंक के साथ कितने वर्षों के लिए समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है?**

(a) तीन वर्ष(b) चार वर्ष(c) पांच वर्ष(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(d)**

संबंधित तथ्य




- 27 नवंबर, 2019 को वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी अशोक लेलैंड ने एक्सिस बैंक के साथ समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित किया।
- यह समझौता दोनों पक्षों के बीच द्विवर्षीय रणनीतिक वित्त पोषण साझेदारी की शुरुआत है।
- MoU (समझौता ज्ञापन) अशोक लेलैंड और एक्सिस बैंक दोनों को अर्ध शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों सहित भारत भर में स्थित ग्राहकों के लिए अनुकूलित वित्तीय समाधान पेश करने हेतु समर्थ बनाएगा।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.ashokleyland.com/en/article/-/tag/press-release?article=1643191&title=Ashok-Leyland-partners-with-Axis-Bank

Downloaded From www.studymasterofficial.com MAGAZINEKING STUDY MASTER LEARN WHILE ENJOYING

# भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा बहुराष्ट्रीय निगमों में अधिग्रहण की मंजूरी

**प्रश्न-भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन (TMC) द्वारा सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन (SMC) में कितने प्रतिशत शेयरधारिता के अधिग्रहण को मंजूरी दी है?**



(a) 0.75 प्रतिशत(b) 3.25 प्रतिशत(c) 2.75 प्रतिशत(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 26 नवंबर, 2019 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन (TMC) द्वारा सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन (SMC) में 4.94 प्रतिशत शेयरधारिता के अधिग्रहण को मंजूरी दी।
- इसी के साथ 'CCI' ने SMC द्वारा TMC में 0.24 प्रतिशत शेयरधारिता के अधिग्रहण को मंजूरी दिया है।
- TMC एक जापानी बहुराष्ट्रीय मोटरवाहन निर्माता कंपनी है। यह अन्य क्षेत्रों जैसे- आवास, वित्तीय सेवाओं, संचार, समुद्री और जैव-प्रौद्योगिकी तथा वनीकरण के क्षेत्र में भी सेवाएं प्रदान करती है।
- भारत में TMC अपनी सहायक कंपनी, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से ऑटोमोबाइल के निर्माण और बिक्री मेंसंलग्न है।
- SMC एक जापानी बहुराष्ट्रीय निगम है, जो ऑटो-मोबाइल, मोटरसाइकिल और आउटबोर्ड मोटर्स के कारोबार में संलग्नरत है।
- भारत में SMC अपनी सहायक कंपनियों-मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड और सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से ऑटोमोबाइल और दोपहिया वाहनों के निर्माण, बिक्री के क्षेत्र में कार्यरत है।
- भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) एक विनियामक संस्था है, जिसका उद्देश्य स्वच्छ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/erelease.aspx

**प्रश्न-RBI ने किस अवधि हेतु सार्क देशों के लिए मुद्रा स्वैप व्यवस्था संबंधी रूपरेखा की घोषणा की है?**




(a) 2019 से 2023(b) 2019 से 2024 (c) 2019 से 2025(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 26 नवंबर, 2019 को RBI ने 2019 से 2022 की अवधि के लिए सार्क देशों के लिए मुद्रा स्वैप व्यवस्था संबंधी रूपरेखा की घोषणा की।
- रूपरेखा के निबंधन एवं शर्तों के आधार पर RBI सार्क केंद्रीय बैंकों, जो स्वैच्छिक सुविधा का लाभ उठाना चाहते हैं, के साथ द्विपक्षीय स्वैप समझौता करेगा।
- इस समझौता से सार्क क्षेत्र के भीतर वित्तीय स्थिरता और आर्थिक सहयोग को आगे ले जाने में मदद मिलेगी।
- स्वैप व्यवस्था 14 नवंबर, 2019 से 13 नवंबर, 2020 तक वैध है।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING
MAGAZINEKING

- ध्यातव्य है कि सार्क मुद्रा स्वैव सुविधा 15 नवंबर, 2012 को परिचालन में आई थी।
- वर्ष 2019-20 के लिए रूपरेखा के तहत RBI, 2 बिलियन डॉलर के समग्र कोष के भीतर स्वैप की व्यवस्था जारी रखेगा।
- आहरण अमेरिकी डॉलर, यूरो या भारतीय रुपये में किए जा सकते हैं।
- यह रूपरेखा भारतीय रुपये में स्वैप आहरण के लिए कुछ रियायतें प्रदान करती है।
- मुद्रा स्वैप सुविधा सभी सार्क सदस्य देशों के लिए उनके द्विपक्षीय स्वैप समझौतों पर हस्ताक्षर करने के अधीन उपलब्ध होगी।
- स्वैप :
- मुद्रा, शेयर और ब्याज दरों के मामले में प्रयुक्त होने वाली इस व्यवस्था में लोग समान कीमत पर अपने पास उपलब्ध मुद्रा और अन्य देशों की मुद्रा के साथ अदला-बदली करते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.rbi.org.in/scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=48725

## CBDT द्वारा सूचना का आदान-प्रदान वेब पोर्टल लांच

**प्रश्न-सूचना के स्वत; आदान-प्रदान (AEOI) मानक को लागू करने के लिए आवश्यक घरेलू कानूनी रूपरेखा तैयार की गई थी?**

(a) 2016 में(b) 2017 में(c) 2018 में(d) इनमें से कोई नहीं




उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- 22 नवंबर, 2019 को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) के अध्यक्ष पी.सी. मोदी ने आयकर की वेबसाइट पर सूचना के आदान-प्रदान के लिए वेब पोर्टल का उद्घाटन किया।
- वित्तीय संस्थानों, विभागीय अधिकारियों और आम जनता को लाभान्वित करने के उद्देश्य से लांच किए गए इस वेब पोर्टल में प्रासंगिक सूचनाओं के आदान-प्रदान की सुविधा उपलब्ध होगी।
- ध्यातव्य है कि वित्तीय संस्थानों के प्रत्येक वर्ष सूचना दर्ज करने की प्रवृत्ति का तय मानकों के अनुसार आदान-प्रदान किया जाता है।
- सूचना के स्वतः आदान-प्रदान (AEOI) मानक को लागू करने के लिए 2015 में आवश्यक घरेलू कानूनी रूपरेखा तैयार की गई थी।
- वेब पोर्टल पर केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड की नीति, तकनीकी सर्कुलर/दिशा-निर्देश/अधिसूचनाएं उपलब्ध रहेंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=374962

## शेयर बाजार : वाणिज्यिक पत्रों के लिस्टिंग की रूपरेखा जारी

**प्रश्न-वाणिज्यिक पत्रों की अवधारणा वस्तुतः कहां के वित्तीय बाजारों की है?**

(a) चीन के(b) जापान के(c) भारत के(d) इनमें से कोई नहीं




उत्तर-**(d)**

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

**संबंधित तथ्य**

- नवंबर, 2019 में बंबई शेयर बाजार (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) ने वाणिज्यिक पत्रों (CPs) को सूचीबद्ध करने के लिए व्यवस्था की रूपरेखा जारी की।इस कदम का उद्देश्य इस प्रकार की प्रतिभूतियों में निवेशकों का योगदान बढ़ाना है।शेयर बाजारों की उद्घोषणाओं के अनुसार, जारीकर्ता अब 27 नवंबर या उसके बाद जारी किए गए वाणिज्यिक पत्रों (CPs) को सूचीबद्ध करने के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- ध्यातव्य है कि सेबी ने अक्टूबर में शेयर बाजारों को वाणिज्यिक पत्रों को सूचीबद्ध करने के लिए प्रणाली और प्रक्रियाओं की जरूरी व्यवस्था प्रस्तुत करने के लिए कहा था।
- **सूचीकरण (Listing) से संबंधित दिशा-निर्देश**जारीकर्ता कुछ विशेष जानकारियों के साथ अपने वाणिज्यिक पत्र सूचीबद्ध कराने के लिए शेयर बाजारों के पास आवेदन कर सकते हैं। न्यूनतम 100 करोड़ रुपये की कुछ संपत्ति वाली और इसी तरह की अन्य प्रतिभूति वाली कंपनियां, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (NBFCs) और अन्य इकाइयां वाणिज्यिक पत्रों को सूचीबद्ध कराने के लिए पात्र हैं।
- **वाणिज्यिक पत्र (CPs) :-s**
- CPs एक प्रतिभूति रहित मुद्रा बाजार साधन है, जिसे एक वचनपत्र के रूप में जारी किया जाता है।
- यह जारीकर्ता द्वारा सीधे निवेशकों को बेचा जा सकता है।
- इसके अलावा मध्यस्थ बैंक या प्रतिभूतियों के व्यापारियों द्वारा रखा जा सकता है।
- वस्तुतः यह अवधारणा सं.रा. अमेरिका तथा यूरोप के वित्तीय बाजारों की है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://economictimes.indiatimes.com/markets/stocks/news/bse-nse-issue-framework-for-listing-of-commercial-papers/articleshow/72257567.cms

## उत्तरप्रदेशमेंरक्षाउद्योगस्थापितकरनेपरशत-प्रतिशतशुल्कमाफी

**प्रश्न-3 दिसंबर, 2019 को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में रक्षा उद्योग स्थापित करने पर कितनी सब्सिडी और स्टांप शुल्क में शत-प्रतिशत छूट प्रदान करने का निर्णय किया गया है?**



**(a) 15 प्रतिशत(b) 20 प्रतिशत(c) 25 प्रतिशत(d) 30 प्रतिशत**

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 3 दिसंबर, 2019 को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में रक्षा उद्योग स्थापित करने पर 25 प्रतिशत सब्सिडी और स्टांप शुल्क में शत-प्रतिशत छूट प्रदान करने का निर्णय किया गया है।राज्य में रक्षा संबंधी उद्योग स्थापित करने वाली कंपनियों को राज्य सरकार बिजली, सड़क और जमीन सहित सभी सुविधाएं प्रदान करेगी।एक अन्य निर्णय में राज्य सरकार ने नोयडा और ग्रेटर नोयडा क्षेत्र के घर खरीददारों को बड़ी राहत देते हुए विवाद की वजह से परियोजनाओं में देरी होने पर लगने वाले ब्याज के जुर्माने और अन्य देयताओं से बिल्डरों को छूट प्रदान कर दी है।बिल्डरों को यह छूट तभी प्राप्त होगी जब वे इसका लाभ घर खरीददारों को देंगे।
- इस छूट का फायदा उन बिल्डरों को प्राप्त होगा जो जून, 2021 तक घर उपलब्ध कराने केलिए तैयार हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

**http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=375560**

Downloaded From www.studymasterofficial.com

## ग्रोहे हुरुन इंडिया रीयल एस्टेट रिच लिस्ट, 2019'

**प्रश्न-9 दिसंबर, 2019 को जारी ग्रोहे हुरुन इंडिया रीयल एस्टेट रिच लिस्ट, 2019 में किसे शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है?**
**(a) राजीव सिंह(b) के.पी. सिंह(c) मंगल प्रभावत लोढ़ा(d) जितेंद्र विखानी**




**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 9 दिसंबर, 2019 को देश के रीयल एस्टेट क्षेत्र के सबसे अमीर उद्यमियों की सूची 'ग्रोहे हुरुन इंडिया रीयल एस्टेट रिच लिस्ट' (GROHE Hurun India Real Estate Rich List), 2019 जारी की गई।
- इस रिपोर्ट में देश के रीयल एस्टेट क्षेत्र के 100 सबसे अमीर उद्यमियों की जानकारी दी गई है।
- इस सूची में मैक्रोटेक डेवलपर्स के मंगल प्रभात लोढ़ा एवं परिवार को शीर्ष स्थान पर है।
- उनकी कुल संपत्ति 31,960 करोड़ रुपये आंकी गई है।
- यह लगातार दूसरा वर्ष है जबकि लोढ़ा परिवार इस सूची में शीर्ष पर है।
- इस सूची में डीएलएफ के राजीव सिंह (25,080 करोड़ रुपये) दूसरे तथा एम्बैसी ग्रुप के संस्थापक जितेंद्र विरवानी (24,750 करोड़ रुपये) तीसरे स्थान पर रहे।
- यह सूची इन उद्यमियों की 30 सितंबर, 2019 तक की संपत्ति आकलन के आधार पर तैयार की गई है।
- सूचीबद्ध कंपनियों के मामले में उनके बाजार पूंजीकरण के आधार पर सूची में स्थान दिया गया है।
- वहीं गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के मामले में उनके ताजा वित्तीय ब्योरे को लिया गया है।
- इस सूची में हीरानंदानी कम्युनिटीज ग्रुप के निरंजन हीरानंदानी 17,030 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ चौथे तथा के. रहेजा के चंद्रू रहेजा एवं परिवार 15,480 करोड़ रुपये के साथ पांचवे स्थान पर रहे।
- रीयल एस्टेट क्षेत्र के 100 सबसे अधिक अमीर उद्यमियों की कुल संपत्ति 2,77,080 करोड़ रुपये या 39.5 अरब डॉलर रही है।
- यह वर्ष 2018 की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है।
- रिपोर्ट के अनुसार, रीयल एस्टेट क्षेत्र के दस सबसे अमीर उद्यमियों में से 6 मुंबई के हैं जबकि 100 अमीरों में से 37 मुंबई के हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.bloombergquint.com/business/m-p-lodha-rajiv-singh-jitendra-virwani-india-s-top-3-richest-realty-tycoons

## सेबी द्वारा डेब्ट (Debt) ईटीएफ हेतु मानक तय

**प्रश्न-सेबी द्वारा डेब्ट (Debt) एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ETFs) हेतु जारी मानकों के अनुसार, किसी एकल जारीकर्ता का इंडेक्स भारांक प्रतिशत-**



(a) 5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा(b) 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा
(c) 12 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(d)**
**संबंधित तथ्य**

- 29 नवंबर, 2019 को बाजार नियामक सेबी (SEBI) द्वारा डेब्ट (Debt) एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ETFs) हेतु मानक जारी किये गए।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER
MAGAZINE KING

- मानकों के अनुसार, किसी भी एकल जारीकर्ता का इंडेक्स में भारांक प्रतिशत 15 से अधिक नहीं होगा।
- इंडेक्स में न्यूनतम आठ जारीकर्ता होंगे।
- सेबी के अनुसार, सभी मौजूदा ऋण (Debt) ETF के जारीकर्ताओं को तीन महीने की अवधि के भीतर नए मानदंडों का पालन सुनिश्चित करना आवश्यक होगा।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.sebi.gov.in/legal/circulars/nov-2019/norms-for-debt-exchange-traded-funds-etfs-index-funds_45146.html

## RBI **अधिनियम** 1934 : **दूसरी अनुसूची से 'विजया बैंक' और 'देना बैंक' की बैंकिंग कंपनी के रूप में समाप्ति**

**प्रश्न**-'विजया बैंक' और 'देना बैंक' को **RBI** अधिनियम**, 1934** की दूसरी अनुसूची से हटाया गया है-

(a) 1 जून, 2019 से(b) 1 मार्च, 2019 से(c) 30 अप्रैल, 2019 से(d) इनमें से कोई नहीं



उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- 28 नवंबर, 2019 को भारतीय रिजर्व बैंक ने एक अधिसूचना के द्वारा 'विजया बैंक' और 'देना बैंक' पर अपनी स्थिति स्पष्ट की।
- अधिसूचना के अनुसार, 'विजया बैंक' और 'देना बैंक' 1 अप्रैल, 2019 से RBI अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची से हटाया गया है।
- इसका आशय है कि 1 अप्रैल, 2019 से उन्होंने बैंकिंग व्यवसाय करना समाप्त कर दिया है और बैंकिंग कंपनी के रूप में इनका अस्तित्व समाप्त हो चुका है।
- ध्यातव्य है कि चालू वित्त वर्ष की शुरुआत में दोनों सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का 'बैंक ऑफ बड़ौदा' में विलय कर दिया गया था।
- भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के अनुसार 1 अप्रैल, 1935 को हुई थी।
- यद्यपि प्रारंभ में यह निजी स्वामित्व वाला था, 1949 में राष्ट्रीयकरण के बाद से इस पर भारत सरकार का पूर्ण स्वामित्व है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.rbi.org.in/Scripts/NotificationUser.aspx?Id=11744&Mode=0

## रिलायंस इंडस्ट्रीज

**प्रश्न-10** लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण को छूने वाली पहली भारतीय कंपनी है-

(a) TCS(b) HDFC बैंक(c) इन्फोसिस(d) इनमें से कोई नहीं




**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- 28 नवंबर, 2019 को रिलायंस इंडस्ट्रीज 10 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण को छूने वाली पहली भारतीय कंपनी बनी।यह उपलब्धि उपरोक्त तिथि को BSE पर कंपनी के शेयर में 0.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 1579 रुपये के स्तर पर पहुंचते ही हासिल हुई।
- बाजार पूंजीकरण किसी कंपनी द्वारा जारी कुल शेयरों की संख्या को प्रति शेयर बाजार भाव से गुणा करके प्राप्त किया जा सकता है।वर्तमान में बाजार पूंजीकरण के लिहाज से दूसरे एवं तीसरे स्थान पर क्रमशः TCS एवं HDFC बैंक हैं।जिनका बाजार पूंजीकरण क्रमशः 7.79 लाख करोड़ रुपये एवं 6.96 लाख करोड़ रुपये है।
- रिलायंस इंडस्ट्रीज :-
- रिलायंस इंडस्ट्रीज पांच प्रमुख क्षेत्रों में कार्यरत है – पेट्रोलियम अन्वेषण और उत्पादन, पेट्रोलियम शोधन और विपणन, पेट्रोकेमिकल्स, खुदरा तथा दूरसंचार।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.thehindubusinessline.com/markets/stock-markets/reliance-industries-becomes-first-indian-firm-to-hit-rs-10-lakh-crore-market-valuation-mark/article30104482.ece

## बैंक ऑफ बड़ौदा : बेसल-3 बांड से कोष (Fund) का संग्रहण

**प्रश्न-बेसल-3 बांड्स के जरिए बैंक ऑफ बड़ौदा ने नवंबर, 2019 में कितनी राशि का कोष (Fund) संग्रहित किया है?**

(a) 1250 करोड़ रुपये(b) 1000 करोड़ रुपये(c) 5000 करोड़ रुपये(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-**(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 नवंबर, 2019 को की गई बैंक ऑफ बड़ौदा की उद्घोषणानुसार, उसने बेसल-3 (Basel-3) अनुकूल बांडों के माध्यम से 1650 करोड़ रुपये जुटाए।बेसल-3 बांडों का इश्यू 26 नवंबर, 2019 को खुला और उसी दिन बंद भी हो गया।ये बांड 21 अवंटियों को आवंटित किए गए।
- ये बांड 'सबॉर्निडेटेड पूर्णतः चुकता एडिशनल टियर वन' बांड हैं, जो गैर-परिवर्तनीय स्थायी कर योग्य बांड भी हैं।
- **बासेल समिति**
- वैश्विक स्तर पर बैंकों का सफल संचालन करने हेतु और उनकी उत्तरजीविता को बनाए रखने हेतु वर्ष 1974 में G-10 देशों के केंद्रीय बैंक के गवर्नरों द्वारा स्विट्जरलैंड में बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट के बासेल मुख्यालय पर एक समिति का गठन किया गया था।
- इसी समिति को "The committee on Banking Regulations and Supervisory Practices (Basel) के नाम से जाना जाता है।
- इस समिति द्वारा जुलाई में पूंजी पर्याप्तता व पूंजी प्रतिमानों के संदर्भ में दिशा-निर्देश जारी किए गए, जिन्हें बेसल (Basel) 1, 2 तथा 3 के नाम से जाना जाता है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.bis.org/bcbs/history.htm

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

## आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वाणिज्यिक पत्रों (CPs) की लिस्टिंग

**प्रश्न-'आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड' द्वारा वाणिज्यिक पत्रों (CPs) को बोर्स/एक्सचेंजों में कितनी राशि की उधारी हेतु सूचीबद्ध कराया गया है?**



(a) 50 करोड़ रुपये(b) 75 करोड़ रुपये(c) 25 करोड़ रुपये(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 28 नवंबर, 2019 को आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड द्वारा 100 करोड़ रुपये की उधारी हेतु वाणिज्यिक पत्रों (CPs) को बोर्स/एक्सचेजों में सूचीबद्ध किया गया।यहउपलब्धिहासिलकरनेवालीवहपहलीNBFC (गैर बैंकिंग वित्त कंपनी) है।ध्यातव्यहैकिपूंजीबाजारनियामक सेबी (SEBI) ने अक्टूबर में वाणिज्यिक पत्रों (CPs) की लिस्टिंग (सूचीकरण) के लिए एक्सचेंजों को आवश्यक ढांचा तैयार करने के निर्देश दिए थे।CPs की लिस्टिंग हेतु पात्र इकाइयों में 100 करोड़ रुपये की नेटवर्क वाली कंपनियां, NBFCs तथा अन्य संस्थाएं शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/markets/aditya-birla-finance-becomes-first-nbfc-to-list-commercial-paper-on-bourses-119112801396_1.html

## उत्तर प्रदेश के तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का एकीकरण (Amalgamation)

**प्रश्न-वर्ष 2020 में उत्तर प्रदेश के किन तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का एकीकरण होगा?**




(a) इलाहाबाद यूपी ग्रामीण बैंक(b) सर्व यूपी ग्रामीण बैंक(c) प्रथमा बैंक(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 27 नवंबर, 2019 को वित्त मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना (Notification) के अनुसार, उत्तर प्रदेश के तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक 1 अप्रैल, 2020को एकल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के रूप में एकीकृत (Amalgamated) हो जाएंगे।येतीनक्षेत्रीयग्रामीणबैंकहैं-'बड़ौदाउत्तरप्रदेश ग्रामीण बैंक', 'काशी गोमती संयुत (Samyut) ग्रामीण बैंक' तथा पूर्वांचल बैंक।'बड़ौदा यूपी बैंक', एकल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के रूप में एकीकृत होकर अस्तित्व में आने वाला बैंक होगा।इसबैंककाप्रायोजक'बैंकऑफबड़ौदा'होगातथामुख्यालयगोरखपुरमेंहोगा।बैंक ऑफ बड़ौदा, बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक' का प्रायोजक है तथा 'काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक' का प्रायोजक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया है।जबकि'पूर्वांचलबैंक'काप्रायोजकSBI है।अगस्त 2019 में राष्ट्रीयकृत बैंकों के विलय के बाद अब कुल 12 राष्ट्रीयकृत सार्वजनिक क्षेत्रक बैंक हैं।एकीकरण के बाद उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की संख्या वर्तमान के पांच से तीन हो जाएगी, जो इस प्रकार हैं-आर्यावर्तबैंक, बड़ौदा यूपी बैंक तथा प्रथमा बैंक

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER
MAGAZINEKING
LEARN WHILE ENJOYING

# स्वतंत्र निदेशकों का डाटा बैंक

**प्रश्न-2 दिसंबर, 2019 को कॉर्पोरेट मंत्रालय ने कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत बनाए जाने वाले नियमों के मद्देनजर नई दिल्ली में स्वतंत्र निदेशकों का डाटा बैंक शुरू किया। इस डाटा बैंक के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

(a) इसका उद्देश्य कंपनी अधिनियम के तहत स्वतंत्र निदेशकों के कामकाज को मजबूत बनाना है।

(b) इस डाटा बैंक से मौजूदा स्वतंत्र निदेशकों तथा स्वतंत्र निदेशक बनने के आकांक्षियों को पंजीकरण कराने की सुविधा उपलब्ध होगी।

(c) यह डाटा बैंक पोर्टल राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित किया गया है।

(d) इसके माध्यम से वे कंपनियां भी अपना पंजीकरण करा सकती हैं, जो सही कौशल निपुण व्यक्तियों को चुनने और उनसे जुड़ने की इच्छुक हैं।




उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 2 दिसंबर, 2019 को कॉर्पोरेट मंत्रालय द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत बनाए जाने वाले नियमों के मद्देनजर नई दिल्ली में स्वतंत्र निदेशकों का डाटा बैंक शुरू किया गया।
- इसका उद्देश्य कंपनी अधिनियम के तहत स्वतंत्र निदेशकों के कामकाज को मजबूत बनाना है
- यह डाटा बैंक www.mca.gov.in या www.independent-directorsdatabank.in पर उपलब्ध है।
- इस डाटा बैंक से मौजूदा स्वतंत्र निदेशकों तथा स्वतंत्र निदेशक बनने के आकांक्षियों को पंजीकरण कराने की सुविधा उपलब्ध होगी।
- इसके माध्यम से वे कंपनियां भी अपना पंजीकरण करा सकती हैं, जो सही कौशल निपुण व्यक्तियों को चुनने और उनसे जुड़ने की इच्छुक हैं, जिससे व्यक्तियों को स्वतंत्र निदेशकों के रूप में नियुक्त किया जा सके।
- यह डाटा बैंक पोर्टल भारतीय कॉर्पोरेट कार्य संस्थान द्वारा विकसित किया गया है।
- इसके तहत विभिन्न विषयों पर ई-लर्निंग पाठ्यक्रम की एक विस्तृत श्रेणी उपलब्ध होगी।
- पाठ्यक्रम में कंपनी अधिनियम, प्रतिभूति नियम, बुनियादी लेखा इत्यादि शामिल हैं।
- अधिसूचित नियमों के अनुसार, सभी मौजूदा स्वतंत्र निदेशको को 1 दिसंबर, 2019 से तीन महीने के भीतर डाटा बैंक में अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है।
- उनके लिए कौशल मूल्यांकन हेतु ऑनलाइन परीक्षण करना भी आवश्यक है, जो मार्च, 2020 से शुरू होगा।
- इस अवसर पर प्रमुख उद्देश्यों, व्यक्ति या कॉर्पोरेट के लिए पंजीकरण प्रक्रिया तथा पोर्टल पर उपलब्ध ज्ञान संसाधन के विषय में 'इंडिपेंडेंट डायरेक्टर्स' डाटाबैंक-हैडबुक' नामक प्रकाशन का भी विमोचन हुआ।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=195291

# DCGI का निर्देशः राज्य और केंद्रशासित प्रदेश ऑनलाइन सेल बंद करें

**प्रश्न-DCGI** का पूर्ण रूप है-



(a) Drugs Controller General of india(b) Doses Controller General of India

(c) Drugs Counselor General of India (d) इनमें से कोई नहीं

STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING
Downloaded From www.studymasterofficial.com

उत्तर-(a)
**संबंधित तथ्य**

- दिसंबर, 2019 में की गई स्वास्थ्य मंत्रालय की उद्घोषणानुसार DCGI ने सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को ऑनलाइन फार्मेसी द्वारा दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने को कहा है।
- DCGI (Drugs General of India) या भारत के दवा महानियंत्रक हैं।
- ध्यातव्य है कि DCGI द्वारा राज्यों/ UTs को यह निर्देश दिल्ली उच्च न्यायालय में दाखिल एक जनहित याचिका और उस पर न्यायालय के आदेश को संज्ञान में लेते हुए दिया गया।
- इस जनहित याचिका में अपील की गई थी कि सरकार द्वारा ई-फार्मेसी को नियमित करने के लिए मसौदा नियम बनाने तक दवाओं की गैर-कानूनी और बिना लाइसेंस की ऑनलाइन बिक्री को रोक दिया जाए।
- वर्तमान में देश में ऑनलाइन फॉर्मेसियां बिना दवा लाइसेंस के कार्यरत हैं क्योंकि इस क्षेत्र के लिए अभी तक कोई नियम नहीं बनाए गए हैं।
- भारतीय फार्मा उद्योग विभिन्न टीकों (Vaccines) की वैश्विक मांग का 50 प्रतिशत से अधिक का आपूर्तिकर्ता है।इसके साथ ही यह अमेरिका में जेनरिक दवाओं की मांग का 40 प्रतिशत और यूके में सभी दवाओं की मांग का 25 प्रतिशत का आपूर्तिकर्ता है।
- भारत वैश्विक स्तर पर एड्स से निपटने में प्रयुक्त होने वाली एंटीरेट्रोवाइरल दवाओं का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता भी है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.business-standard.com/article/companies/drug-controller-cracks-whip-on-e-pharmacies-selling-drugs-without-licences-119120400066_1.html

## दूसरा स्टार्टअप इंडिया वैश्विक उद्यम पूंजी सम्मेलन, 2019

**प्रश्न-6-7 दिसंबर, 2019 के मध्य दूसरा स्टार्टअप इंडिया वैश्विक उद्यम पूंजी सम्मेलन, 2019 कहां आयोजित किया जाएगा?**




(a) नई दिल्ली(b) गोवा(c) मुंबई(d) जयपुर
उत्तर-(b)
**संबंधित तथ्य**

- 6-7 दिसंबर, 2019 के मध्य दूसरा स्टार्टअप इंडिया वैश्विक उद्यम पूंजी सम्मेलन (2nd Startup India Global Venture Capital Summit), 2019 गोवा में आयोजित होगा।
- मुख्य विषय (Theme)-“India Opportunity-Investing in Tomorrow together”.
- सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ई-मोबिलिटी फिनटेक, मिडटेक, इंटरप्राइस सॉफ्टवेयर एडटेक, जेनोमिक्स तथा जीवन विज्ञान क्षेत्र में भारत के अवसर को प्रदर्शित करना है।
- सम्मेलन का फोकस भारत में नवाचार के लिए वैश्विक पूंजी जुटाना है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://dipp.gov.in/sites/default/files/pressRelease_GlobalVCSummit_04December2019.pdf



Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

## पांचवीं द्विमासिक मौद्रिक नीति, 2019-20

**प्रश्न-5 दिसंबर, 2019 को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति ने पांचवीं द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य, 2019-20 जारी की। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

(i) आरबीआई ने रेपो दर को तत्काल प्रभाव से 15 आधार अंक कम करके 5.15 प्रतिशत से 5.00 प्रतिशत किया।

(ii) आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी ग्रोथ का पूर्वामान 6.1 प्रतिशत घटाकर 5.00 प्रतिशत कर दिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है?**



(a) केवल (i)(b) केवल (ii)(c) (i) एवं (ii) दोनों(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(b)**

संबंधित तथ्य

- 5 दिसंबर, 2019 को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में पांचवीं द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य (Fifth Bi-Monthly Monetary Policy Statement), 2019-20 जारी किया।
- आरबीआई ने पांचवीं द्विमासिक मौद्रिक नीति में नीति दरों, आरक्षित नगदी अनुपात, निवल मांग एवं मियादी देयताओं को अपरिवर्तित रखा है।
- इस मौद्रिक नीति में चलनिधि समायोजन सुविधा (LAC) के अंतर्गत रेपो दर में कोई परिवर्तन नहीं किया गया तथा इसे 5.15 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है।
- गौरतलब है कि आरबीआई ने 4 अक्टूबर, 2019 को अपनी चतुर्थ द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य में चलनिधि समायोजन सुविधा के अंतर्गत रेपो दर को 25 आधार अंक कम करके 5.40 से 5.15 प्रतिशत किया था।
- चलिनिधि समायोजन सुविधा के अंतर्गत रिवर्स रिपो रेट 4.90 तथा सीमांत स्थायी सुविधा दर (MSF) तथा बैंक दर 5.40 प्रतिशत है।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के सांविधिक चलनिधि अनुपात (SLR) 18.50 है।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नगद आरक्षित अनुपात (CRR) को अपरिवर्तित रखते हुए इसे निवल मांग और मियादी देयताओं के 4 प्रतिशत पर यथावत रखा गया है।
- आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष (2019-20) में आर्थिक विकास (जीडीपी ग्रोथ) के अपने पूर्व अनुमान को 6.1 प्रतिशत से घटाकर 5.00 प्रतिशत किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.rbi.org.in/hindi/Scripts/PressReleases.aspx?ID=40386

## सीसीईए द्वारा भारत बॉन्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड शुरू करने को मंजूरी

**प्रश्न-4 दिसंबर, 2019 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने भारत बॉन्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ETF) बनाने और इसकी शुरुआत करने को मंजूरी दी। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

(i) भारत बॉन्ड ईटीएफ देश का पहला कॉरपोरेट बॉन्ड ईटीएफ होगा।

(ii) प्रत्येक ईटीएफ की एक निर्धारित परिपक्वता तिथि होगी।

(iii) अभी तक इसमें दो परिपक्वता श्रेणियां हैं-तीन एवं दस वर्ष।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से/सा कथन सही है?**

(a) केवल (i) एवं (ii)(b) केवल (ii)(c) केवल (i) (d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 4 दिसंबर, 2019 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने भारत बॉन्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ETF) बनाने और इसके शुरुआत को मंजूरी दी है।
- भारत बॉन्ड ईटीएफ देश का पहला कॉरपोरेट-बॉन्ड ईटीएफ होगा।
- इसे केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों, केंद्रीय सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों और दूसरे सरकारी संगठनों के लिए पूंजी के अतिरिक्त स्रोत के तौर पर लाया गया है।
- प्रत्येक ईटीएफ की एक निर्धारित परिपक्वता तिथि होगी।
- अभी तक इसमें दो परिपक्वता श्रेणियां हैं-तीन एवं 10 वर्ष।
- प्रत्येक श्रेणी में उसी परिपक्वता श्रेणी का एक अलग सूचकांक होगा।
- सूचकांक का निर्माण एक स्वतंत्र सूचकांक प्रदाता-राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज द्वारा किया जाएगा।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1594815

## E-गतिशीलता हेतु विश्व आर्थिक मंच (WEF) के साथ पंजाब सरकार की साझेदारी

**प्रश्न- निम्न में से कौन-सा/से कथन विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum) के संबंध में सत्य है/हैं-**

(i) यह एक गैर लाभकारी संस्था है।

(ii) इसका मुख्यालय जिनेवा (स्वीट्जरलैंड) में है।

(iii) स्विस अधिकारियों द्वारा इसे एक निजी सार्वजनिक सहयोग के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्था के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है।

(iv) इसकी स्थापना सन 1971 में हुई थी तथा इस मंच की वार्षिक शीतकालीन बैठक का आयोजन दावोस (स्विट्जरलैंड) नामक स्थान पर किया जाता है।

(a) i एवं ii(b) i एवं iii(c) iii एवं iv (d) i, ii, iii एवं iv




**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 4 दिसंबर, 2019 को राज्य में बढ़ रहे प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए पंजाब सरकार ने विश्व आर्थिक मंच के साथ स्वच्छ और इलेक्ट्रिक मोबीलिटी पाइलट प्रोजेक्ट तैयार करने संबंधी साझेदारी की है।
- राज्य में विद्युत वाहन की शुरुआत को देखते हुए पंजाब सरकार अपनी इलेक्ट्रिक वाहन नीति बना रही है।
- विश्व आर्थिक मंच द्वारा इस पायलट प्रोजेक्ट हेतु इस लिए चुना गया है कि यह राज्य आटो पार्ट्स का उत्पादक राज्य है तथा यहां साझी ई-वी. ट्रांजिशन, कुशल कारीगर की मौजूदगी तथा अपेक्षित बिजली की उपलब्धता है।
- प्रोजेक्ट में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र इस बात की जांच करेंगे कि जनवरी, 2020 में दावोस में विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में तैयार किए जाने वाले सहयोग के रूप में मजबूत और सफल E-वेहिकिल पारिस्थितिकी प्रस्तुत करने हेतु कैसे परस्पर सहयोग हो सकता है।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- राज्य सरकार परिवहन प्रणाली को स्वच्छ बनाने एवं E- गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए इसके द्वारा लुधियाना, अमृतसर, जलंधर, मोहाली एवं फतेहगढ़ सहित जिलों में डीजल/पेट्रोल चालित 3 पहिया वाहनों के पंजीकरन पर रोक लगा दिया गया है।
- पंजाब सरकार द्वारा लुधियाना जिले के धांसु गांव में 380 (एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में नए औद्योगिकी पार्क में इलेक्ट्रिक बैटरी इकाइयों की स्थापना की व्यवस्था की जा रही है।
- मोहाली शहर में 5 दिसंबर, 2019 को शुरू हो रहे दो दिवसीय प्रोग्रेसिव पंजाब इनवेस्टर्स समिट में आटोमोबाइल, E- मोबिलिटी, और रिसर्च संस्थानों के प्रमुख गणमान्य लोगों के साथ इस विषय पर प्रमुख चर्चा होगी।
- पंजाब सरकार राज्य में अत्याधुनिक क्विक चार्ज लीथियम आयन बैटरी के जापानी मॉडल पर आधारित इलेक्ट्रिक बसों को शुरू करने के लिए जापान सरकार से बात कर रही है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://auto.economictimes.indiatimes.com/news/industry/punjab-partners-with-wef-for-e-mobility/72366123

## भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोगः बीएनपी पारिबास म्यूचुअल फंड और बड़ौदा म्यूचुअल फंड के विलय को मंजूरी –

**प्रश्न-1- भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI)ने बीएनपी पारिबास म्यूचुअल फंड और बड़ौदा म्यूचुअल फंड के विलय को मंजूरी प्रदान की है-**

(a) प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 के सेक्शन 32(1) के तहत
(b) प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 के सेक्शन 33 (1) के तहत
(c) प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2005 के सेक्शन 31 (1) के तहत
(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 14 नवंबर, 2019 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने बीएनपी पारिबास म्यूचुअल फंड और बड़ौदा म्यूचुअल फंड के विलय को मंजूरी प्रदान कर दिया।
- मंजूरी प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 के सेक्शन 31 (1) के तहत प्रदान की गई।
- विलय के जरिए 'एसेट मैनेजमेंट ज्वाइंट वेंचर' बनाई जाएगी।
- विलय के जरिए, दोनों कंपनियों को एक-दूसरे की क्षमता का लाभ उठाने और खुदरा तथा संस्थागत उपभोक्ताओं के लिए उत्पादों की पेशकश करने की सहूलियत मिलेगी।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/cci-nod-for-merger-of-bnp-paribas-mutual-fund-and-bank-of-baroda-mutual-fund/article29975054.ece



Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

## राइजिंग हिमाचल,2019

**प्रश्न-1-'राइजिंग हिमाचल,2019' नामक वैश्विक निवेशक बैठक का आयोजन किया गया-**

(a) शिमला में(b) मनाली में(c) सोलन में(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- हिमाचल प्रदेश सरकार ने 7-8 नवंबर, 2019 के मध्य धर्मशाला में 'राइजिंग हिमाचल,2019 'नामक वैश्विक निवेशक बैठक का आयोजन किया गया।
- बैठक के दौरान राज्य में विनिर्माण एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए वहां के नीतिगत एवं नियामकीय परिवेश के साथ-साथ आठ फोकस क्षेत्रों में उपलब्ध निवेश अवसरों को दर्शाया गया।
- आठ फोकस क्षेत्रों में कृषि व्यवसाय एवं कटाई उपरांत प्रौद्योगिकी, विनिर्माण एवं फार्मास्युटिकल्स, पर्यटन एवं आतिथ्य, नागरिक उड्डयन, पनबिजली एवं नवीकरणीय ऊर्जा, वेलनेस तथा स्वास्थ्य एवं आयुष, आवास एवं शहरी विकास तथा आईटीआईटीएस एवं इस पर आधारित सेवाएं व इलेक्ट्रॉनिक्स, शिक्षा और कौशल विकास शामिल हैं।
- **निवेश को आकर्षित करने हेतु हिमाचल प्रदेश सरकार की हालिया पहल-**
- राज्य ने ऑनलाइन एकल खिड़की प्रणाली लागू की है, जो सभी सेक्टरों में निवेश के लिए आवश्यक मंजूरी एवं नवीकरणीय प्रदान करती है।
- जमीन की खरीद हेतु अनुमति पाने के लिए ऑनलाइन पोर्टल के जरिए आवेदन की सुविधा प्रदान की गई है।
- राज्य सरकार ने आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्रों की संख्या कम करके निर्माण परमिट पाने की प्रक्रिया को आसान कर दिया है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=194261

## चीनी उत्पादन से संबंधित पूर्वानुमान

**प्रश्न-'इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन'(ISMA) के अनुसार 2019-20 सत्र में चीनी का उत्पादन अनुमानित है-**

(a) 20.85 मिलियन टन(b) 16.50 मिलियन टन(c) 24.85 मिलियन टन(d) इनमें से कोई नहीं



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 5 नवंबर, 2019 को 'इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन' (ISMA) ने भारत में चीनी उत्पादन के अनुमान जारी किए।
- ISMA के अनुसार, 2019-20 सत्र में चीनी का उत्पादन घटकर तीन वर्ष के निचले स्तर पर आ जाने की संभावना है।
- ध्यातव्य है कि पिछले सत्र में चीनी का उत्पादन 33.16 मिलियन टन था।
- जबकि 2019-20 सत्र में चीनी का उत्पादन 26.85 मिलियन टन रहने का पूर्वानुमान है, जो उत्पादन में 19 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है।
- वर्ष 2017-18 में देश में चीनी का उत्पादन 32.45 मिलियन टन था।

MAGAZINE KING
Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING


- ISMA ने पूर्व में (जुलाई, 2019) 2019-20 सत्र हेतु उत्पादन 28.20 मिलियन टन अनुमानित किया था।
- ISMA ने उत्पादन में कमी की प्रमुख वजह महाराष्ट्र और कर्नाटक में अनियमित वर्षा और बाढ़ को माना है, जो कि प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्यों में शामिल है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.indiansugar.com/Default.aspx

## अंकटाड की रिपोर्ट

**प्रश्न-अंकटाड (UNCTAD) के अध्ययन के अनुसार, अमेरिका-चीन ट्रेड वॉर के फलस्वरूप अमेरिका में भारतीय निर्यात की वृद्धि हुई, जिसके फलस्वरूप 2019 की पहली छमाही में भारत को लाभ हुआ है-**



(a) 400 मिलियन डॉलर का(b) 500 मिलियन डॉलर का
(c) 600 मिलियन डॉलर का(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-**(d)**
संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2019 में सयुक्त राष्ट्र संघ के व्यापार निवेश इकाई, अंकटाड (UNCTAD) ने अमेरिका-चीन ट्रेड वॉर से संबंधित एक अध्ययन रिपोर्ट प्रकाशित किया।
- इसके अनुसार, चीन के साथ अमेरिका के टैरिफ वॉर के ट्रेड डायवर्जन प्रभाव के कारण अमेरिका में भारतीय निर्यात की वृद्धि हुई है।
- जिसके फलस्वरूप भारत को 2019 की पहली छमाही में 755 मिलियन डॉलर का लाभ हुआ।
- ट्रेड डायवर्जन प्रभाव के कारण अमेरिका को होने वाले जिन भारतीय कमोडिटीज के निर्यात में वृद्धि हुई है उनमें मुख्यतः रसायन, धातु और अयस्क, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, कृषि-खाद्य, फर्नीचर आदि शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/foreign-trade/india-gained-755-million-in-additional-exports-to-us-due-to-us-china-trade-war-unctad/articleshow/71934187.cms

## चेन्नई-कन्याकुमारी औद्योगिक गलियारे हेतु, ADB की ऋण मंजूरी

**प्रश्न-चेन्नई-कन्याकुमारी औद्योगिक गलियारे (CKIC) के दक्षिणी और उत्तरी हिस्सों के बीच बिजली संपर्क को मजबूत करने के लिए ADB ने कितनी राशि के ऋण को मंजूरी दिया है?**



(a) 251 मिलियन डॉलर(b) 151 मिलियन डॉलर(c) 351 मिलियन डॉलर(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-**(d)**
संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2019 को एशियाई विकास बैंक (ADB) ने चेन्नई-कन्याकुमारी औद्यागिक गलियारे (CKIC) के दक्षिणी और उत्तरी हिस्सों के बीच बिजली संपर्क को मजबूत करने के लिए 451 मिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी दिया।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING

- CKIC हेतु ADB के ऋण मंजूरी से भविष्य में इस परियोजना से तमिलनाडु में उद्योग और सेवाओं के लिए अधिक विश्वसनीय और प्रतिस्पर्धी विद्युत आपूर्ति प्रदान करके आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया जा सकेगा।


**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.adb.org/projects/51308-001/main#project-pds

## भारतीय स्टार्टअप्स की मदद हेतु वाट्सऐप की योजना

**प्रश्न-इंस्टेंट मैसेज सेवा प्रदाता 'वाट्सऐप' देश की 500 स्टार्टअप कंपनियों में प्रत्येक को फेसबुक पर कितनी राशि तक का विज्ञापन मुफ्त में करने की सुविधा देगी?**

(a) 250 डॉलर(b) 350 डॉलर(c) 400 डॉलर(d) इनमें से कोई नहीं




उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2019 में 'वाट्सऐप' ने DPIIT द्वारा प्रमाणित 500 भारतीय स्टार्टअप्स में प्रत्येक को 'फेसबुक' पर 500 डॉलर तक का विज्ञापन मुफ्त में करने देने की सुविधा की घोषणा की।
- यह पहल भारतीय प्रतिष्ठानों से ग्राहकों के साथ जोड़कर उनके व्यवसाय वृद्धि से संबंधित है।
- ध्यातव्य है कि दुनियाभर के 500 मिलियन व्यवसायों में से एक मिलियन भारत में सक्रिय रूप से अपने ग्राहकों से जुड़ने के लिए वाट्सऐप बिजनेस ऐप का उपयोग कर रहे हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.businessinsider.in/business/news/whatsapp-to-offer-startups-in-india-with-250000-worth-of-facebook-ad-credits/articleshow/72225635.cms

## विश्व के 20 सबसे महंगे शॉपिंग स्ट्रीट्स

**प्रश्न-भारत का कौन-सा रिटेल लोकेशन विश्व के 20 सबसे महंगे शॉपिंग स्ट्रीट्स में शामिल है?**

(a) डीएलएफ गैलेरिया, गुरुग्राम(b) लिंकिंग रोड, मुंबई(c) पार्क स्ट्रीट, कोलकाता(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-**(d)**




संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2019 में वैश्विक प्रॉपर्टी कंसल्टेंट, 'Cushman & Wakefield' (कुशमैन एंड वेकफील्ड) ने 'मेन स्ट्रीट एक्रॉस द वर्ल्ड, 2019' नामक रिपोर्ट जारी की।रिपोर्टमेंविश्वके20 सबसे महंगे रीटेल लोकेशंस/शॉपिंग स्ट्रीट्स की सूची जारी की गई।जिसमेंदिल्लीका'खानमार्केट'एकस्थानऊपरचढ़कर20वें स्थान पर आ गया है।
- यह इस सूची में एकमात्र भारतीय स्थान लोकेशन है।
- 'खान मार्केट' में प्रति स्क्वॉयर फीट का वार्षिक किराया २४३ डॉलर है।
- पिछले वर्ष की रैंकिंग में खान मार्केट 21वें स्थान पर था।
- हांगकांग का 'कॉज़वे बे' (Causeway Bay) 2745 डॉलर प्रति स्क्वॉयर फीट के वार्षिक किराये के साथ विश्व का सबसे महंगा 'खुदरा स्थल' (Retail location)/' शॉपिंग स्ट्रीट है।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- सूची में पहले स्थान से लेकर सातवें स्थान पर स्थित लोकेशनों की रैंकिंग पूर्व (2018) की ही भांति है, जो इस प्रकार है :-
- कॉजवे बे, **हांगकांग** (2745), अपर फिफ्थ एवेन्यू, न्यूयॉर्क (2250), न्यू बॉण्ड स्ट्रीट, लंदन (1714), एवेन्यू देस चैम्प्स-इलिसेस, पेरिस (1478), वाया मोंटेंनापोलेन, मिलान (1447), गिन्ज़ा, टोक्यो (1251), पिट् स्ट्रीट मॉल, सिडनी (10763)।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.cushmanwakefield.com/en/research-and-insight/2019/main-streets-across-the-world

## THDCIL **एवं** NEEPCO **की अधिग्रहण राशि जुटाने हेतु** NTPC **केग्रीनबॉण्ड्**

**प्रश्न-राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC) लि. को महारत्न का दर्जा प्रदान किया गया था-**

(a) 2002 में(b) 2003 में(c) 2004 में(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य



- NTPC को वर्ष 2010 में महारत्न का दर्जा दिया गया था।
- नवंबर, 2019 में राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC) ने THDCIL (टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड) और NEEPCO (नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड) के अधिग्रहण हेतु 10,000 करोड़ रुपये की राशि जुटाने की योजना की उद्घोषणा की।
- यह राशि NTPC द्वारा जारी किए गए ग्रीन बॉण्ड्स के जरिए जुटाई जाएगी।
- ग्रीन बॉण्ड्स से जुटाई गई राशि का उपयोग स्वच्छ और हरे तथा पर्यावरण अनुकूल बुनियादी ढांचे के वित्त-पोषण हेतु किया जाता है।
- चूंकि 'THDCIL' और 'NEEPCO' हाइड्रो-पॉवर उत्पादक हैं, अतः इन दोनों फर्मों में कोई भी निवेश ग्रीन बॉण्ड की श्रेणी में ही आएगा।
- इस वित्त वर्ष के अंत से पहले अधिग्रहण सौदा होने की संभावना है क्योंकि इस अवधि तक सरकार का लक्ष्य 1.05 करोड़ रुपये का विनिवेश लक्ष्य हासिल करना है।
- **अधिग्रहण की रूपरेखा**
- THDCIL में भारत सरकार की 74.23 प्रतिशत हिस्सेदारी का रणनीतिक विनिवेश और इसके साथ NTPC जैसे CPSE रणनीतिक खरीददार को प्रबंधकीय नियंत्रण का हस्तांतरण किया जाएगा।
- नीपको (NEEPCO) में भारत सरकार की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का रणनीतिक विनिवेश और इसके साथ NTPC जैसे CPSE रणनीतिक खरीददार को प्रबंधकीय नियंत्रण का हस्तांतरण किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/business/2019/nov/25/ntpc-may-spend-upto-rs-10000-crore-on-buying-hydropower-majors-neepco-thd-2066713.html

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING
MAGAZINEKING

# AIIB को भारत में निजी निवेश वृद्धि की उम्मीद

**प्रश्न-AIIB द्वारा भारत में वार्षिक निजी निवेश से संबंधित कथनों पर विचार कीजिए-**

(i) भारत में प्रतिवर्ष 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर के वार्षिक निजी निवेश की उम्मीद है।

(ii) यह निवेश सौर व पवन ऊर्जा से जुड़ी परियोजनाओं में किया जाएगा।




उपर्युक्त में से विकल्पों के आधार पर सही कथन का चयन कीजिए-

(a) केवल 1(b) केवल 2(c) दोनों(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 17 नवंबर, 2019 को एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB)को भारत में सौर व पवन ऊर्जा से जुड़ी परियोजनाओं में अगले महीने से प्रतिवर्ष 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर के वार्षिक निजी निवेश की उम्मीद है।
- AIIB के महानिदेशक (निवेश परिचालन) पैंग यी इयान के अनुसार भारत में अगले महीने से कई हरित व नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़े प्रोजेक्ट को प्रारंभ किया जाएगा।
- इन परियोजनाओं में निजी निवेश के बढ़ने से भारत सरकार की परियोजनाओं के वित्त पोषण की चुनौतियों में कमी आएगी।
- AIIB ने अभी तक भारतीय परियोजनओं में 2.844 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है।
- **एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट बैंक (AIIB)-** यह एक बहुपक्षीय विकास बैंक है, जो एशिया में सामाजिक और आर्थिक परिणामों को बेहतर बनाने के लिए कार्यरत है।
- इसका परिचालन जनवरी, 2016 से शुरू हुआ एवं इसका मुख्यालय बीजिंग (चीन) में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/aiib-expects-investment-worth-usd-100m-a-year-in-india-s-renewable-projects-119111700078_1.html

# उच्च शिक्षण संस्थानों में फिट इंडिया कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार

**प्रश्न-कथन (A): जंकफूड के सेवन से मानव शरीर में विभिन्न प्रकार के रोग जैसे- मोटापा, हृदय रोग, डायबिटीज तथा कभी-कभी कैंसर की भी संभावना बढ़ जाती है।**

कारण (R): जंक फूड अस्वास्थ्यकर भोजन है जो चीनी एवं वसा की अधिक मात्रा के कारण उच्च कैलोरी युक्त होते हैं तथा इसमें रेशेयुक्त, प्रोटीन, खनिज तथा अन्य पोषण मूल्यों का अभाव होता है।

उपरोक्त कथन/कारण के आधार पर सही विकल्प चुनें-

कूटः



(a) A तथा R दोनों सही हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।

(b) A तथा R दोनों सही हैं, किन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) A सही है, किन्तु R सही नहीं है।(d) R सही है, किन्तु (A) सही नहीं है।

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING
Downloaded From www.studymasterofficial.com

- 18 नवंबर, 2019 को मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन संचालित उच्च शिक्षा विभाग द्वारा **फिट इंडिया कार्यक्रम** पर कार्रवाई योग्य बिंदु तैयार कर उच्च शिक्षण संस्थानों को प्रेषित किया गया है।
- इस कार्यक्रम के अंतर्गत ऐसे संस्थान की स्थापना करना है जो छात्रों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य एवं कल्याण गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करने वाली नीतियों और प्रथाओं को अपनाने एवं लागू करने में सहयोग करे।छात्रोंएवंकर्मचारियोंकोशारीरिकगतिविधियोंमेंकम-से-कमएकघंटाबितानेकेलिएप्रोत्साहितएवंप्रेरितकरना।
- छात्रों एवं कर्मचारियों को साइकिल के उपयोग हेतु प्रोत्साहित करना।
- संस्थान परिसर में इन्डोर गेम को प्रोत्साहन, परिसर को साफ-सुथरा तथा हरा-भरा रखना, स्वस्थ खाने का पैटर्न का पालन कराने हेतु प्रोत्साहित करना। चिकित्सीय परीक्षण हेतु चेकअप की व्यवस्था करना।
- कैम्पस में जंकफूड पर प्रतिबंध लगाना तथा इसके बुरे परिणामों के बारे में छात्रों/कर्मचारियों को जागरूक करना।
- कैम्पस को मादक द्रव्यों के सेवन से मुक्त करना तथा इससे संभावित परामर्श सेवाओं की व्यवस्था करना।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1591970

## मूडीज के वृद्धि पूर्वानुमान

प्रश्न-अमेरिकी व्यापार और वित्तीय सेवा कंपनी मूडीज ने **2019** हेतु भारत के आर्थिक वृद्धि दर को अनुमानित किया है-



(a) 0.5 प्रतिशत(b) 7.4 प्रतिशत(c) 6.9 प्रतिशत(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- 14 नवंबर, 2019 को 'मूडीज इंवेस्टर्स सर्विस' ने भारतीय अर्थव्यवस्था के वृद्धि अनुमान को कम करके वर्ष 2019 हेतु 5.6 प्रतिशत कर दिया।
- वृद्धि अनुमानों में घटोत्तरी का कारण सरकारी उपायों द्वारा मांग में व्यापक कमजोरी को दूर करने में अक्षम रहना बताया गया है।
- ध्यातव्य है कि मूडीज ने विगत 10 अक्टूबर को जारी अनुमानों में वित्त वर्ष 2019-20 हेतु भारतीय वृद्धि दर को 6.2 प्रतिशत से घटा कर 5.8 प्रतिशत कर दिया गया था।
- नवंबर में ही मूडीज ने भारत के आउटलुक को स्थिर (Stable) से घटाकर नकारात्मक (Negative) कर दिया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/indicators/moodys-cuts-indias-gdp-growth-forecast-to-5-6-per-cent-for-2019/articleshow/72052306.cms?from=mdr

MAGAZINE KING
Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# NASSCOM सोशल इनोवेशन फोरम के 11वें संस्करण के विजेताओं की घोषणा

**प्रश्न-NASSCOM सोशल इनोवेशन फोरम (NSIF)के 11वें संस्करण के तहत अवॉर्ड फॉर एक्सेसबिलिटी प्राप्त किया-**

(a) इनाली फाउंडेशन (Inali Foundation) ने(b) मेराकी फाउंडेशन

(c) (a) एवं (b) को संयुक्त रूप से(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

संबंधित तथ्य

- 6 नवंबर, 2019 को NASSCOM सोशल इनोवेशन फोरम (NSIF) के 11वें संस्करण के विजेताओं की घोषणा की गई।
- सात संगठनों को कई श्रेणियों में विजेता घोषित किया गया।
- प्रत्येक विजेता को उत्प्रेरक अनुदान (Catalytic grants) के रूप में 10 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे।
- इसके साथ ही उन्हें 12 महीनों हेतु 20 लाख रुपये मूल्य की कंसल्टेंसी सेवाएं प्राप्त होंगी।
- पुरस्कार-
- शिक्षा श्रेणी में मेराकी फाउंडेशन को कम आय वाले माता-पिता को समग्र शिक्षा के प्रति उनके पाल्यों (Wards) के उत्थान में योगदान देने के लिए पुरस्कृत किया गया।
- इनाली फाउंडेशन (Inali foundation) को 'सस्ती' म्यो (Myo) इलेक्ट्रिक प्रोस्थेटिक आर्म विकसित करने के लिए पुरस्कृत किया गया।
- धूम्र रहित सैनेटरी नैपकिन निपटान प्रणाली विकसित करने के लिए पुणे स्थित स्टार्टअप 'पैडकेयर लैब्स प्राइवेट लिमिटेड ' को पुरस्कृत किया गया।
- MHS सिटी लैब को 'नीव' (NEEV) नामक डिजिटल टूल विकसित करने की लिए वित्तीय समावेशन पुरस्कार प्रदान किया गया।
- वॉटसन एन्वॉयरोटेक प्राइवेट लिमिटेड' ने पर्यावरण पुरस्कार जीता।
- सांस्कृतिक रूप से छिपे हुए समुदायों की आजीविका सृजन हेतु 'Not on Map' नामक संगठन को अन्य सामाजिक मुद्दों हेतु पुरस्कृत किया गया।
- सातवां पुरस्कार सामाजिक उद्यम (Social enterprise) 'बॉम्बे बिजली' को प्रदान किया गया।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.nasscom.in/IIIA/

# स्विफ्टभुगतानतंत्रकाविकल्पःभारत-रूस-चीनकासंयुक्तप्रयास

**प्रश्न-भुगतान तंत्र स्विफ्ट (SWIFT) का पूर्ण रूप है-**

(a) Society for Worldwide Interbank Financial Telecommuni-cation

(b) Society for Worldwide Interbank Fiscal Telecommuni-cation

(c) Society for Worldclass Interbank Fiscal Telecommuni-cation

(d) इनमें से कोई नहीं




**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER
MAGAZINEKING

- नवंबर, 2019 में स्विफ्ट भुगतान तंत्र के विकल्प को तलाशरत विशेषज्ञों ने इस दिशा में अनुसंधान के जारी रहने की उद्घोषणा की।
- स्विफ्ट (SWIFT: Society for Worldwide Interbank Financial Telecommunication) अमेरिका के प्रभुत्व वाला भुगतान तंत्र है।
- भारत, रूस और चीन इसके विकल्प हेतु प्रयासरत हैं।
- 'स्विफ्ट' का विकल्प उपलब्ध हो जाने से उन देशों के साथ व्यापार सुचारू हो सकेगा जो अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना कर रहे हैं।
- **स्विफ्ट (SWIFT)-**
- स्विफ्ट भुगतान तंत्र वास्तव में एक वित्तीय संदेश प्रणाली है।
- इसके माध्यम से सुरक्षित तरीके से वित्तीय लेन-देन संबंधी संदेशों का आदान-प्रदान होता है।
- इसके तहत कूट संदेश भेजे जाते हैं तथा उसे केवल वही पढ़ सकता है, जो अधिकृत हो तथा जिसके पास कोड हो।
- **अन्य वित्तीय संदेश प्रणालियां:**
- ध्यातव्य है कि 'स्विफ्ट' अमेरिकी प्रभुत्व वाली वित्तीय संदेश प्रणाली है, जबकि रूस की वित्तीय संदेश प्रणाली का नाम 'SPFS' है।
- 'SPFS' को चीनी सीमा पार अंतरबैंक भुगतान प्रणाली 'CIPS' के साथ जोड़ा जाएगा।
- जबकि भारत में अब तक कोई 'घरेलू वित्तीय संदेश प्रणाली' नहीं है।
- इस साल ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारत ने ईरान से तेल आयात करना बंद कर दिया।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/foreign-trade/india-russia-china-explore-alternative-to-swift-payment-mechanism/articleshow/72048472.cms?from=mdr

# वैज्ञानिकपरिदृश्य

## रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी

### क्यूआरएसएएम प्रणाली का सफल परीक्षण

**प्रश्न-23 दिसंबर, 2019 को भारत ने कहां से सतह से हवा में मार करने वाली त्वरित प्रतिक्रिया मिसाइल (QRSAM) प्रणाली का सफल परीक्षण किया?**



(a) जैसलमेर(b) चांदीपुर(c) कोचीन(d) विशाखापत्तनम

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 23 दिसंबर, 2019 को भारत ने ओडिशा तट के एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) चांदीपुर सतह से हवा में मार करने वाली त्वरित प्रतिक्रिया मिसाइल (Quick Reaction Surface to Air Missile) प्रणाली का सफल परीक्षण किया।
- मिसाइल का तैनाती मोड में पूर्ण विन्यास के साथ मिशन के उद्देश्य को पूरा करते हुए हवा लक्ष्य को भेदने के साथ उड़ान परीक्षण किया गया।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित यह सिंगल स्टेज सॉलिड प्रोपेल्ड मिसाइल दोतरफा डेटा-लिंक और खोज करने वाले सक्रिय टर्मिनल के साथ मिडकॉर्स इनर्सियल नेविगेशन प्रणाली है।
- इस पूरे कार्यक्रम की निगरानी ग्राउंड टेलीमेट्री सिस्टम, रेंज रडार सिस्टम, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम द्वारा की गई।
- इस मिशन के साथ हथियार प्रणाली के विकासात्मक परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।
- इसके वर्ष 2021 तक सशस्त्र बलों के आयुध भंडार में शामिल होने की संभावना है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.drdo.gov.in/qrsam

## प्रोजेक्ट नेत्र हेतु आवंटन

**प्रश्न-केंद्र सरकार द्वारा इसरो (ISRO) के प्रोजेक्ट 'नेत्र' (Netra: Network for Space Objects, Tracking and Analysis) के लिए कितनी राशि प्रस्तावित है?**

(a) 10 करोड़ रुपये(b) 15 करोड़ रुपये(c) 20 करोड़ रुपये(d) इनमें से कोई नहीं



उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2019 में केंद्र सरकार ने इसरो (ISRO) के प्रोजेक्ट 'नेत्र' (Netra: Network for Space Objects, Tracking and Analysis) हेतु 33.3 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया है।
- पृष्ठभूमि
- अंतरिक्ष में अपनी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए इसरो कई गतिविधियों में शामिल है।
- इसके लिए इसरो IADC (इंटर एजेंसी स्पेस डेबरिस कोऑर्डिनेशन कमेटी) का सदस्य है जो अंतरिक्ष में मानव निर्मित व प्राकृतिक मलबे को कम करने के लिए प्रयासरत है।
- जब भी स्पेस एजेंसी के किसी सैटेलाइट पर अंतरिक्ष के मलबे के कारण खतरा होता है तब 'IADC' संबंधित स्पेस एजेंसी को सावधान करता है।इसके अलावा वर्ष 2015 से इसरो का मल्टी ऑब्जेक्ट ट्रैकिंग रडार भी मलबे का पता लगाने के कार्य में संलग्नरत है।
- इस क्रम में इसरो का हालिया प्रयास प्रोजेक्ट 'नेत्र' है जिसकी घोषणा सितंबर, 2019 में की गई थी।
- इस परियोजना की अनुमानित लागत 400 करोड़ रुपये है।
- कचरा/मलबाः-
- सैटेलाइट को उसके ऑर्बिट में छोड़ने के बाद रॉकेट का चौथा स्टेज बेकार हो जाता है।
- बेकार हो चुके सैटेलाइट, रॉकेट और उनके टुकड़ों की वजह से स्पेस में मलबा इकट्ठा होता जाता है।
- इनसे कार्य कर रहे सैटेलाइट को भी खतरा रहता है।
- वर्तमान में जियोस्टेशनरी ऑर्बिट (भूस्थैतिक कक्षा) में 15 भारतीय संचार उपग्रह लोअर अर्थ ऑर्बिट में 13 रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट्स तथा मीडियम अर्थ ऑर्बिट में 8 नेविगेशन सैटेलाइट्स सक्रिय हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://economictimes.indiatimes.com/news/science/centre-proposes-rs-33-crore-to-protect-indian-satellites-from-space-debris/articleshow/72427245.cms?from=mdr



Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING

# मारीजुआना की खेती को नष्ट करने के लिए ड्रोन की तैनाती

**प्रश्न- निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है।**

(a) आपियम पौधा-अफीम(b) गांजा का पौधा-मारीजुआना

(c) सिनकोना वृक्ष-कुनैन(d) फाइसेन्थियम-करक्यूमिन



**उत्तर-(d)**

संबंधित तथ्य

- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ गृह मंत्रालय, भारत सरकार चोरी छिपे की जाने वाली मारीजुआना की खेती को नष्ट करने के लिए ड्रोन की तैनाती करेगा।
- मंत्रालय द्वारा खेती का पता लगाने हेतु उपग्रह की सहायता ली जाएगी।
- उपग्रह द्वारा प्राप्त आंकड़े केंद्रीय आर्थिक खुफिया ब्यूरो द्वारा एकत्र किया जाएगा।
- भारत में मारीजुआना की तस्करी मुख्य रूप से हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में होती है।
- मारीजुआना की बड़े पैमाने पर तस्करी तमिलनाडु के तूतीकोरिन बंदरगाह पर होती है।
- नारकोटिक्स, ड्रग्स एवं साइकोट्रापिक सब्सटेंसेस अधिनियम की धारा-10 के तहत मारीजुआना की सीमित खेती करने की अनुमति है।
- उक्त अधिनियम की धारा 20 के तहत मारीजुआना की अवैध खेती एक अपराध है। साथ ही इस पदार्थ का अवैध व्यापार भी अपराध की श्रेणी में आती है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.firstpost.com/india/drones-to-be-deployed-to-destroy-hidden-marijuana-plantations-centre-to-offer-alternative-crop-to-cultivators-7779711.html

# बायोमीट्रिक डाटा के उपयोग के संदर्भ में देशों की स्थिति

**प्रश्न-बायोमीट्रिक डाटा के उपयोग के संदर्भ में भारत की स्थिति है-**

(a) दूसरा सबसे खराब देश(b) तीसरा सबसे खराब देश

(c) चौथा सबसे खराब देश(d) इनमें से कोई नहीं




**उत्तर-(d)**

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2019 में ब्रिटेन स्थित टेक रिसर्च (Tech Research) फर्म कंपैरिटेक ने बायोमीट्रिक डाटा के उपयोग के संदर्भ में देशों की स्थिति को प्रकट करने वाली रिपोर्ट जारी की।
- रिपोर्ट के अनुसार भारत, चीन, मलेशिया, पाकिस्तान और अमेरिका के बाद इस संदर्भ में पांचवां सबसे खराब देश है।
- भारत पांचवां स्थान ताइवान, इंडोनेशिया और फिलीपींस जैसे देशों के साथ साझा करता है।
- भारत ने बायोमीट्रिक डेटा संग्रह के लिए सबसे खराब देशों की सूची में अपेक्षाकृत निम्नतर (Lower) स्थान प्राप्त किया है।
- इसकी वजह यह है कि भारत कानून प्रवर्तन को राष्ट्रीय बायोमीट्रिक डाटाबेस (आधार) तक पहुंच की अनुमति नहीं देता है।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- रिपोर्ट को तैयार करने के लिए शोधकर्ताओं ने 50 अलग-अलग देशों की बायोमीट्रिक डाटाबेस के प्रति उनकी प्रवृत्ति का आकलन करते हुए विश्लेषण किया है।
- सबसे खराब देशों की सूची तैयार करने के लिए अधिकतम 25 अंक (Score) का मानक निर्धारित किया गया है।
- चीन को 25 में से 24 अंक प्राप्त हुए हैं।
- जबकि सूची में पांचवें सबसे खराब देश भारत को 25 में से 19 अंक प्राप्त हुए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.biometricupdate.com/201912/biometric-data-standards-in-50-countries-ranked-with-china-and-u-s-near-bottom

## जीन थिरेपी पर आईसीएमआर द्वारा जारी राष्ट्रीय दिशा-निर्देश

**प्रश्न-निम्न बीमारियों में कौन-सी एक बीमारी अन्य बीमारियों से भिन्न है?**

(a) हीमोफिलिया(b) वर्णान्धता(c) थैलेसीमिया(d) हृदयाघात

उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- इंडियन कौंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ICMR) द्वारा जीन थिरेपी पर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।
- इस दिशा-निर्देश का उद्देश्य हित धारकों को देश में ही उत्पादित एवं परीक्षण किए जाने वाले जीन चिकित्सकीय उत्पादों के अनुसंधान और विकास का अनुपालन करने में सक्षम बनाना है।
- गाइड में जीन थिरैपी में वैज्ञानिक एवं नैतिक विचारों को सम्मिलित किया गया है।
- यह दिशा-निर्देश जांचकर्ताओं, प्रायोजकों, संस्थानों की जिम्मेदारियों की व्याख्या करता है।
- निर्देश नैदानिक परीक्षणों के दौरान नियमों के बारे में स्पष्ट व्याख्या करते हैं।
- गाइड, जेनेटिक चिकित्सकीय उत्पाद (GTP) की अंतरराष्ट्रीय सहयोग और खरीद पर हस्ताक्षर करते समय सिद्धांतों की भी व्याख्या करता है। GTP ऐसी इकाइयां हैं, जो रोगियों को चिकित्सकीय लाभ हेतु DNA प्रदान करती है।
- जीन थिरैपी एक ऐसी तकनीक है जिसमें बीमारियों के इलाज या रोकथाम हेतु कोशिकाओं में जीन डाला जाता है।
- हीमोफीलिया, वर्णान्धता, थैलेसीमिया अनुवांशिक बीमारियां हैं, जबकि हृदयाघात एक शरीर क्रिया बीमारी (Physiological Desase) है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/icmr-issues-guidelines-for-gene-therapy-in-india-119121301202_1.html

## विश्व का पहला लिक्विड हाइड्रोजन वाहक जहाज

**प्रश्न-11 दिसंबर, 2019 को जापान में विश्व का पहला लिक्विड हाइड्रोजन वाहक जहाज कहां लांच किया गया?**



Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

(a) मेक्सिको(b) चीन(c) जापान(d) भारत

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 11 दिसंबर, 2019 को जापान में विश्व का पहला लिक्विड हाइड्रोजन वाहक जहाज लांच किया गया।
- इस जहाज का नाम सूइसो फ्रंटियर (Suiso Frontier) (हाइड्रोजन के लिए जापानी शब्द को अपनाने वाला नाम) रखा गया है।
- जापान के कावासाकी हैवी इंडस्ट्रीज द्वारा निर्मित यह समुद्री वाहक जहाज तरलीकृत हाइड्रोजन का परिवहन करेगा।
- यह जहाज ऑस्ट्रेलिया से अगली पीढ़ी के ईंधन (हाइड्रोजन) का परिवहन करेगा।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://asia.nikkei.com/Business/Energy/World-s-first-liquid-hydrogen-carrier-ship-launches-in-Japan

## आई.आई.टी. हैदराबाद भूकंप अभियांत्रिकी में अनुसंधान को बढ़ावा देगा

**प्रश्न-नवंबर में आई.आई.टी. हैदराबाद ने भूकंप अभियांत्रिकी तथा अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा देने हेतु निम्नलिखित में से किस देश के बड़े संस्थानों से भागीदारी की है?**



(a) अमेरिका(b) कनाडा(c) जापान(d) फ्रांस

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद (IIT-Hyderabad) ने हाल ही में जापान के चार बड़े संस्थानों के साथ शिक्षा एवं अनुसंधान हेतु समझौता-ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इस भागीदारी के माध्यम से हैदराबाद स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) भूकंप अभियांत्रिकी सहित अन्य विविध क्षेत्रों में जापान के प्रमुख संस्थानों के साथ सहयोग करेगा।
- इस भागीदारी के माध्यम से शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में भारत-जापान सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।
- हैदराबाद आई.आई.टी. के निदेशक बी.एस.मूर्ति ने अपनी जापान की यात्रा के दौरान इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।
- ये समझौता-ज्ञापन इस प्रकार हैं-
- जापान के नेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर अर्थ साइंस एंड डिजास्टर रेजिलिएन्स के EDMRD (Earthquake Disaster Miligation Research Division) के साथ समझौता-ज्ञापन।
- उपरोक्त समझौता भूकंप अभियांत्रिकी में अनुसंधान क्रियाकपालों से संबंधित है।
- ग्रेजुएट स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी Shizuoka University के साथ Doctoral Degree Sandwich Program के लिए समझौता-ज्ञापन।
- संकाय के अकादमिक आदान-प्रदान हेतु Sairtama University जापान के साथ समझौता-ज्ञापन।
- जापान के National Institute for Material Science (NIMS) के साथ अनुसंधान सहयोग को मजबूती प्रदान करने हेतु समझौता ज्ञापन।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- स्मार्ट शहरों के विकास हेतु ही श्री मूर्ति ने जापान के Nagoya Flectric Works तथा Nihon University के साथ विचार विनियम किया।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://blogs.iiit.ac.in/edri/

## इसरोद्वारारीसैट (RISAT) 2 बीआर1 और9 वाणिज्यिकउपग्रहोंकासफलप्रक्षेपण

**प्रश्न-11 दिसंबर, 2019 को इसरो ने रीसैट (RISAT) 2 बीआर 1 और 9 वाणिज्यिक उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

(i) ध्रुवीय प्रक्षेपण यान पीएसएलवी सी 48 से इसका सफल प्रक्षेपण किया गया।

(ii) इसरो रीसैट 2 बीआर 1 के साथ 9 वाणिज्यिक उपग्रहों में इस्राइल, इटली, जापान एवं यूएसए के उपग्रह शामिल हैं।

(iii) रीसैट 2 बीआर 1 की मिशन आयु 8 वर्ष है।



**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही हैं?**

(a) केवल (i) एवं (ii)(b) केवल (ii) एवं (iii)(c) केवल (i) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-**(a)**

संबंधित तथ्य

- 11 दिसंबर, 2019 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने ध्रुवीय प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी 48 से रीसैट (RISAT) 2बीआर 1 एवं 9 वाणिज्यिक उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया।
- इसका सफल प्रक्षेपण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार (SHAR) श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश के पहले लांच पैड से शाम 3 बजकर 25 मिनट पर किया गया।
- इसके साथ ही इसरो ने 50वें मिशन का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण करके PSLV के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।यह SDSC SHAR, श्रीहरिकोटा से 75वां प्रक्षेपण यान मिशन था।
- लांच के 16 मिनट 23 सेकंड बाद, रीसैट-2 बीआर 1 ने सफलतापूर्वक 576 किमी. के एक कक्षा में प्रवेश किया।इसके बाद 9 वाणिज्यिक उपग्रहों को उनकी इच्छित कक्षाओं में स्थापित किया गया।
- उपग्रहों को उसकी कक्षाओं में स्थापित करने के पश्चात यान उपग्रहों से अलग हो गया और उपग्रहों के सौर पैनल स्वचालित रूप से खुलकर कार्य करने लगे।
- इस उपग्रह को इसरो के मुख्य नियंत्रण सुविधा (MSF) हासन, कर्नाटक से नियंत्रित किया जा रहा है।
- रीसैट-2 बीआर 1 एक रडार इमेजिंग पृथ्वी निरीक्षण उपग्रह है, जिसका वजन लगभग 628 किग्रा. है।
- यह उपग्रह कृषि, वानिकी और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करेगा।
- रीसैट-2 बीआर 1 की मिशन आयु 5 वर्ष है।
- इसरो द्वारा भेजे गए 9 वाणिज्यिक उपग्रहों में इस्राइल का 1, इटली का 1, जापान का 1 तथा यूएसए के 6 उपग्रह थे।
- ये उपग्रह न्यूस्पेस इंडिया लि. (NSIL) के साथ एक वाणिज्यिक अनुबंध के तहत प्रक्षेपित किए गए हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.isro.gov.in/launcher/pslv-c48-risat-2br1

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER LEARN WHILE ENJOYING

## राफेल विमानों पर 'BS' चिह्नित करने का निर्णय

**प्रश्न-दिसंबर, 2019 में भारतीय वायु सेना ने किस वायु सेना प्रमुख के नाम पर 6 राफेल प्रशिक्षक विमानों पर टेल नंबर 'RB' चिह्नित करने का निर्णय किया?**

(a) बीएस धनोआ(b) आरकेएस भदौरिया(c) एचएस अरोड़ा(d) अरूप राहा



**उत्तर-(b)**

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2019 में भारतीय वायुसेना ने पूर्व प्रमुख एयर-चीफ मार्शल बीएस धनोआ के सम्मान में 30 राफेल लड़ाकू विमानों पर टेल नंबर 'BS' चिह्नित करने का निर्णय लिया।
- 6 राफेल प्रशिक्षक विमानों पर टेल नंबर 'RS' चिह्नित किया जाएगा।
- टेल नंबर 'RS' वर्तमान वायु सेना प्रमुख एयर-चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया के नाम पर आधारित है।
- भदौरिया ने विमान खरीद का करार कराने में वार्ताकार के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी।
- भारतीय वायुसेना ने फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट (Dassault) एविएशन से 59 हजार करोड़ रुपये में 36 राफेल विमानों की खरीद हेतु करार किया था।
- इन 36 विमानों में 6 प्रशिक्षक विमान और 30 लड़ाकू विमान शामिल हैं।
- उल्लेखनीय है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को 8 अक्टूबर, 2019 को फ्रांस में पहला विमान प्रदान किया गया था।


**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://economictimes.indiatimes.com/news/defence/in-ode-to-former-iaf-chief-bs-dhanoa-rafale-jets-to-have-tail-numbers-with-bs-initials/articleshow/72428217.cms

## भारतीय तटरक्षक बल को ICGS 'अमृत कौर' की सुपर्दगी

**प्रश्न-तीव्र गश्ती पोत (FPVs : Fast Patrol Vessels) 'अमृत कौर' GRSE (गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड) द्वारा भारतीय तटरक्षक बल हेतु निर्मित किए जा रहे पांच तीव्र गश्ती पोतों की शृंखला में कौन-सा है?**

(a) पहला(b) दूसरा(c) पांचवां(d) इनमें से कोई नहीं



**उत्तर-(d)**

संबंधित तथ्य

- 19 नवंबर, 2019 को GRSE (गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड) ने भारतीय तटरक्षक बल को इंडियन कोस्ट गार्ड सिस्टम्स 'अमृत कौर' की सुपुर्दगी की।
- यह GRSE द्वारा 'भारतीय तटरक्षक बल' हेतु निर्मित किए जा रहे पांच तीव्र गश्ती पोतों की शृंखला में तीसरा है।
- पोत का नामकरण भारत की प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी 'अमृत कौर' के नाम पर किया गया है।
- इस शृंखला का पहला एवं दूसरा पोत 'क्रमशः ICGS 'प्रियदर्शनी' एवं ICGS 'एनी बेसेंट' है।
- ध्यातव्य है कि इससे पहले 5 नवंबर, 2019 को युद्धपोत निर्माता 'GRSE' ने ICGS 'एनी बेसेंट' को तटरक्षक बल को सौंपा था।
- इन सभी तीव्र गश्ती पोतों की लंबाई 50 मीटर, चौड़ाई 7.5 मीटर एवं विस्थापन क्षमता लगभग 308 टन है।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER LEARN WHILE ENJOYING

- ये पोत 34 नॉट की अधिकतम गति प्राप्त करने में सक्षम हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.itln.in/grse-delivers-warship-icgs-amrit-kaur-to-indian-coast-guard-shipping

## यूएनडीपी द्वारा भारत में एक्सेलेरेटर लैब की शुरुआत

**प्रश्न-निर्धारित समय सीमा के भीतर चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) ने एक्सेलेरेटर लैब के भारतीय संस्करण की शुरुआत की है, जिसके लिए वह साझेदारी कर रहा है-**

(a) कनाडा और कुवैत के साथ(b) फ्रांस और सऊदी अरब के साथ
(c) रूस और यूएई के साथ(d) इनमें से कोई नहीं




उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- 28 नवंबर, 2019 को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) ने एक्सेलेरेटर लैब के भारतीय संस्करण की शुरुआत की।इसएक्सेलेरेटरलैबकेलिएUNDP जर्मनी और कतर के साथ साझेदारी कर रहा है।
- यह एक्सेलेरेटर लैब उन 60 वैश्विक प्रयोगशालाओं (लैब्स) में से एक होगी, जो जलवायु परिवर्तन एवं असमानता जैसे वैश्विक चुनौती के नवीन समाधानों की परख एवं माप करेगी।
- वैश्विक स्तर पर खोले गए इन प्रयोगशालाओं का उद्देश्य वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों प्राप्त करने के लिए जमीनी सुझावों के साथ वास्तविक समय आंकड़ों एवं प्रयोग के नवीन स्रोतों को एक साथ लाना।
- जर्मनी एवं कतर के साथ साझेदारी के अलावा, UNDP ने इटली के पर्यावरण मंत्रालय, भूमि और समुद्र संरक्षण, नेस्टा, MIT एवं भारत के हनीबी (Honeybee) नेटवर्क के साथ भी साझेदारी की है।
- एक्सलेरेटर प्रयोगशाला ने 70 मिलियन डॉलर से अधिक धन इस कार्य हेतु आकर्षित किए है जिनमें जर्मनी से 33 मिलियन डॉलर, कतर से 20 मिलियन डॉलर, इटली से 5.5 मिलियन डॉलर तथा UNDP के 'कोर पार्टनर्स' से 20 मिलियन डॉलर प्राप्त किए हैं।
- भारतीय एक्सेलेरेटर लैब नई दिल्ली में स्थापित किया जाएगा। इसने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए भारत सरकार के अटल इनोवेशन मिशन (AIM) के साथ भागीदारी की है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.in.undp.org/content/india/en/home/presscenter/pressreleases/To_meet_21st_century_development_challenges_a_21st_century_solution_UNDP_launches_India_Accelerator_Lab.html

## अभ्यास इंद्र-2019

**प्रश्न-10-19 दिसंबर, 2019 के मध्य किन दो देशों की तीनों सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'इंद्र-2019' आयोजित किया जाएगा?**

(a) भारत एवं जापान(b) भारत एवं रूस(c) भारत एवं अमेरिका(d) भारत एवं इस्राइल



उत्तर-**(b)**

**संबंधित तथ्य**



Downloaded From www.studymasterofficial.com

- 10-19 दिसंबर, 2019 के मध्य भारत एवं रूस की तीनों सेनाओं (Tri Services) के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'अभ्यास इंद्र-2019' (Exercise Indra 2019) बबीना, झांसी (उ.प्र.), पुणे और गोवा में आयोजित होगा।
- यह इस सैन्य अभ्यास का 11वां संस्करण है।
- इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के तहत शांति बनाए रखने हेतु दोनों सेनाओं की अंतः क्रियाशीलता बढ़ाने के लिए संयुक्त योजना और संचालन का अभ्यास करना है।
- उल्लेखनीय है इंद्र अभ्यास वर्ष 2003 से आयोजित हो रहा है।
- जबकि पहला संयुक्त त्रिसेवा (Triservices) अभ्यास वर्ष 2017 में हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=195493

## 14वां भारत-नेपाल संयुक्त सैन्याभ्यास सूर्य किरण, 2019

**प्रश्न-3-16 दिसंबर, 2019 के मध्य 14वां भारत-नेपाल संयुक्त सैन्याभ्यास 'सूर्य किरण' कहां आयोजित किया जा रहा है?**



(a) सालीझंडी(b) ग्वालियर(c) जैसलमेर(d) पिथौरागढ़

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 3-16 दिसंबर, 2019 के मध्य 14वां भारत-नेपाल संयुक्त सैन्याभ्यास 'सूर्य किरण' सालीझंडी, नेपाल में आयोजित किया जा रहा है।
- इस अभ्यास का उद्देश्य भारतीय सेना और नेपाल सेना के बीच बटालियन स्तर के संयुक्त प्रशिक्षण आयोजित करना है, जिससे वन कल्याण और पहाड़ी क्षेत्रों में आतंकवाद निरोधी परिचालनों, मानवीय सहायता और आपदा राहत, चिकित्सा, पर्यावरण संरक्षण तथा विभिन्न पहलुओं में अंतर सक्रियता बढ़ाई जा सके।
- सैन्य अभ्यास 'सूर्य किरण' एक वार्षिक आयोजन है, जो नेपाल और भारत में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है।
- इस अभ्यास में दोनों देशों की सेना के 300 सैनिक भाग लेंगे।
- ये सैनिक विभिन्न विद्रोह निरोधी तथा आतंकवाद निरोधी परिचालनों के आयोजनों और दोनों देशों की सेनाओं द्वारा विभिन्न मानवीय सहायता मिशनों में अर्जित अपने अनुभवों को साझा करेंगे।
- ज्ञातव्य है कि 13वां भारत-नेपाल संयुक्त सैन्याभ्यास 'सूर्य किरण' पिथौरागढ़ (उत्तराखंड) में आयोजित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1594720

## सूर्य से 70 गुना बड़े ब्लैक होल की खोज

**प्रश्न-हाल ही में किस देश के खगोलविदों द्वारा सूर्य से 70 गुना बड़े ब्लैक होल की खोज की गई है?**



Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

(a) ब्रिटेन(b) अमेरिका(c) चीन(d) फ्रांस

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 नवंबर, 2019 को शोधकर्ताओं द्वारा हमारी आकाश गंगा (Milky Way) में सूर्य से 70 गुना बड़ा ब्लैक होल की खोज की गई।
- यह खोज चीन की राष्ट्रीय खगोलीय वेधशाला (National Astronomical Observatory) के खगोलविदों द्वारा की गई है।
- इस नए ब्लैक होल को LB-1 नाम दिया गया है।
- अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार, यह इतना विशाल है कि इसके कारण वर्तमान में प्रचलित तारों के निर्माण के सिद्धांत (Theory of Star Formation) पर प्रश्न चिह्न लग गया है।
- LB-1 का द्रव्यमान सूर्य से 70 गुना अधिक तथा पृथ्वी से इसकी दूरी 15,000 प्रकाशवर्ष है।
- यह अध्ययन रिपोर्ट जर्नल नेचर में प्रकाशित हुई है।
- इस अध्ययन का नेतृत्व चीन की राष्ट्रीय खगोलीय वेधशाला के प्रोफेसर लियू जिफेंग (Liu Jifeng) ने किया है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.indiatoday.in/science/story/black-hole-bigger-sun-milky-way-galaxy-china-optical-telescopes-1623995-2019-11-30

## ब्रह्मोसमिसाइलकासफलपरीक्षण

**प्रश्न-26 नवंबर, 2019 को भारतीय नौसेना ने कहां पर ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया?**

(a) जैसलमेर(b) बंगाल की खाड़ी(c) अरब सागर(d) हिंद महासागर

**उत्तर-(c)**



**संबंधित तथ्य**

- 26 नवंबर, 2019 को भारतीय नौसेना ने अरब सागर में ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया।
- ब्रह्मोस एक मध्यम दूरी की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है जिसे जहाजों, विमानों या जमीन से लांच किया जा सकता है।
- यह सतह-से-सतह पर मार करने वाली मिसाइल है।
- इससकी मारक क्षमता 290 किमी. है।
- इसका विकास भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और रूस के एनपीओ मशीनोस्ट्रोनिया (NOp Mashinostroyeniya) के संयुक्त उपक्रम ब्रह्मोस एरोस्पेस (BrahMos Aerospace) द्वारा किया गया।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.aninews.in/news/national/general-news/indian-navy-successfully-test-fires-brahmos-cruise-missile20191128161453/

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

## पश्चिम बंगाल में वृक्ष मेंढक (Treefrog) की 26वीं प्रजाति की खोज

**प्रश्न-कथन (A)-उभयचर (Amphibians) में बाह्य निषेचन होता है।**

कारण (R)-उभचर प्राणी जल एवं स्थल दोनों स्थान पर अपना जीवन व्यतीत करता है, परंतु निषेचन हेतु जल आवश्यक है।

कथन (A) एवं कारण (R) के आधार पर निम्न विकल्प का उत्तर दें।

(a) कथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(b) कथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।

(d) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- पश्चिम बंगाल के बदू, 24 परगना जिला एवं खोरदानाल, दक्षिण 24 परगना जिला में वृक्ष मेंढक (Tree frog) के वंश Polypadates की 26वीं प्रजाति की खोज शोधकर्ताओं द्वारा की गई है।
- मेंढक की इस नई प्रजाति का नाम Polypadates bengalansis नाम दिया गया है जिसे अंतरराष्ट्रीय पत्रिका zootaxa द्वारा मान्यता प्रदान की गई है।
- वृक्ष मेंढक Polypadates वंश की प्रजातियां पूरे दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व एशिया में पाई जाती हैं।
- इस वंश के मेंढक के शरीर पर आमतौर पर धारियां होती हैं लेकिन अभी हाल में खोजी गई प्रजाति Polypadtes bengalensis के शरीर पर 6-9 तक गहरे भूरे रंग के धब्बों की एक निरंतर शृंखला पायी जाती है, जो आंख से पीछे की ओर वेंट (गुदा) तक फैली रहती है। इसीलिए इस मेंढक को Brown Blotled Tree Frog भी कहा जाता है।
- मेंढक की इस प्रजाति की खोज इस बात को इंगित करती है कि गैर संरक्षित क्षेत्र में कैसे यह सुभेद्य प्रजाति अपना अस्तित्व बनाए रखने में सक्षम है। हमें इनके आवास की संरक्षा करने चाहिए जिससे कि जैव विविधता को संरक्षित किया जा सके।
- मेंढक उभचयर वर्ग का प्राणी है जो जल तथा स्थल दोनों स्थान पर अपना जीवन व्यतीत करता है। यह एक शीत रक्ती प्राणी (Cold Blooded Animal) है अर्थात इनके शरीर का तापमान वातावरण के ताप के अनुसार परिवर्तित होता रहता है। उभचयर वर्ग के प्राणियों में बाह्य निषेचन होता है जिसके लिए जल आवश्यक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/india/researchers-discover-new-frog-species-in-bengal-6102971/

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

## अग्नि-3 मिसाइल का पहला रात्रिकालीन परीक्षण

**प्रश्न-अग्नि-3 मिसाइल से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

(i) 30 नवंबर, 2019 को नाभिकीय सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 का ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप (व्हीलर द्वीप) से परीक्षण किया गया, जो असफल रहा।

(ii) यह सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है।

(iii) इसकी मारक क्षमता 3500 किमी. है।



**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल (i) एवं (iii)(b) केवल (ii) एवं (iii)(c) केवल (ii)(d) उपर्युक्त सभी
**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- **30 नवंबर, 2019 को नाभिकीय सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 का ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप (व्हीलर द्वीप) से सफल परीक्षण किया गया।**
- यह परीक्षण असफल रहा।यह अग्नि-3 मिसाइल का एक प्रयोक्ता परीक्षण (User Trial) था, जो कि भारतीय थल सेना की 'सामरिक बल कमान' (SFC) द्वारा डीआरडीओ (DRDO) के वैज्ञानिकों के तकनीकी पर्यवेक्षण के अधीन किया गया।यह मिसाइल द्विचरणीय ठोस प्रणोदक प्रणाली से लैस है।
- इसकी लंबाई 17 मीटर, व्यास 2 मीटर और वजन लगभग 50 टन है।
- यह 1.5 टन वजनी युद्धशीर्ष (Warhead) को 3500 किमी. की दूरी तक ले जाने में सक्षम है।
- उल्लेखनीय है कि सशस्त्र सेनाओं में इसकी तैनाती वर्ष 2010 में हो चुकी है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.orissapost.com/first-night-trial-of-agni-iii-ballistic-missile-held-at-chandipur-itr/

## गामा रे बर्स्ट से रिकॉर्ड ब्रेकिंग प्रकाश के उत्सर्जन का खगोलविदों द्वारा पता लगाया गया

**प्रश्न-निम्न विद्युत चुंबकीय तरंगों में सबसे कम तरंगदैर्ध्य वाली एवं सबसे अधिक ऊर्जावान कौन-सी तरंग है?**
(a) इन्फ्रारेड(b) अल्ट्रावायलेट(c) एक्स-रे(d) गामा रे



**उत्तर-(d)**
**संबंधित तथ्य**

- खगोलविदों की दो टीमों द्वारा गामा रे बर्स्ट्स से रिकॉर्ड ब्रेकिंग लाइट के उत्सर्जन का पता लगाया गया है जो नेचर पत्रिका में 20 नवंबर, 2019 को प्रकाशित हुआ है।
- खगोलविदों ने आकाशगंगा में दो विध्वंसक विस्फोटों को देखने में कामयाबी हासिल की है जो कि अरबों प्रकाश वर्ष दूर है।
- गामा रे बर्स्ट्स ब्रह्मांड में सबसे ऊर्जावान घटनाओं में से एक है।
- एक गामा रे बर्स्ट्स से मिली. सेकंड में उतनी ऊर्जा मिलती है जितनी कि सूरज को अपने पूरे 10 बिलियन वर्ष की जीवनकाल के दौरान उत्सर्जित होने की उम्मीद है।
- ब्रह्मांड में गामा रे बर्स्ट उस समय होते हैं जब एक विशाल तारा सुपरनोवा में जाता है और गामा किरणें उत्सर्जित करता है, जिन्हें अरबों प्रकाश वर्ष दूर से देखा जा सकता है।
- रेडियोएक्टिव पदार्थों के नाभिक के विघटन के दौरान गामा किरण उत्सर्जित होती है। इस विद्युत चुंबकीय तरंग की तरंगदैर्ध्य सबसे कम एवं ऊर्जा सबसे अधिक होती है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.smithsonianmag.com/science-nature/astronomers-detect-record-breaking-gamma-ray-bursts-colossal-explosion-space-180973610/

MAGAZINE KING
Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# यूरोपा चंद्रमा की सतह पर जलवाष्प की खोज

**प्रश्न-यूरोपा हमारे सौरमंडल के किस ग्रह का चंद्रमा है?**

(a) मंगल ग्रह(b) शनि ग्रह(c) पृथ्वी ग्रह(d) बृहस्पति ग्रह



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- नवंबर, 2019 में मैरीलैंड में स्थित नासा के गोडडार्ड दाई स्पेस फ्लाइट सेंटर की अंतरराष्ट्रीय शोध टीम द्वारा बृहस्पति ग्रह के यूरोपा चंद्रमा की सतह पर जलवाष्प का पता लगाया गया है।
- हवाई की W.M. Keck वेधशाला के जरिए इस वाष्प का विश्लेषण किया गया है।
- नासा के वैज्ञानिकों को पूरा विश्वास है कि यूरोपा पर बर्फ की मोटी परत के नीचे द्रव अवस्था में इतना विशाल समुद्र मौजूद है, जो पृथ्वी पर मौजूद जल स्रोत से आकार में दोगुना बड़ा है।
- यूरोपा की सतह पर सर्वप्रथम जल का साक्ष्य वोयागर अंतरिक्ष यान द्वारा भेजे गए चित्र के विश्लेषण से प्राप्त हुआ था।
- वर्ष 2013 में वैज्ञानिकों ने घोषणा की कि नासा के हबल स्पेस टेलीस्कोप का उपयोग करके उनके द्वारा यूरोपा पर रासायनिक तत्व हाइड्रोजन एवं ऑक्सीजन जो पानी के घटक हैं, का पता लगाया गया।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.nasa.gov/feature/goddard/2019/nasa-scientists-confirm-water-vapor-on-europa

# नासा का प्रथम इलेक्ट्रिक एयरक्राफ्ट

**प्रश्न-किस देश के विमान की तकनीक के आधार पर नासा द्वारा अपने प्रथम इलेक्ट्रिक एअर क्राफ्ट X-57 मैक्सवेल को विकसित किया गया है?**

(a) जापान(b) रूस(c) चीन(d) इटली



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- नवंबर, 2019 में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (NASA) द्वारा कैलिफोर्निया में अपने प्रथम इलेक्ट्रिक एअर क्राफ्ट X-57 मैक्सवेल का अनावरण किया गया। इस विमान के विकास का कार्य वर्ष 2015 से चल रहा था।
- इस इलेक्ट्रिक एअर क्राफ्ट का विकास इटली निर्मित Tecnam P2006T ट्विन इंजन प्रोपेलर विमान की तकनीक के आधार पर किया गया है।
- यह विमान चार सीटर है तथा प्रत्येक विंग पर इलेक्ट्रिक मोटर्स द्वारा चालित 7 प्रोपेलर हैं, जो नासा द्वारा विकसित लीथियम आयन बैटरी द्वारा संचालित होते हैं।
- दक्षिण कैलिफोर्निया के मरुस्थल में स्थित एडवर्ड्स एअर फोर्स बेस से इस विमान के वर्ष 2020 में परीक्षण उड़ान की तैयारी है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.nasa.gov/press-release/nasa-takes-delivery-of-first-all-electric-experimental-aircraft

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING

# पृथ्वी मिसाइल का सफल परीक्षण

**प्रश्न-3 दिसंबर, 2019 को स्वदेश निर्मित परमाणु सक्षम मिसाइल पृथ्वी-2 का एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर से सफल परीक्षण किया गया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

**(i) इसकी मारक क्षमता 550 किमी. है।**

(ii) यह सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है।

(iii) सेना के सामरिक बल कमान में इस मिसाइल की तैनाती वर्ष 2003 में हुई थी।



**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल (iii)(b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (i)(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-**(b)**

संबंधित तथ्य

- 3 दिसंबर, 2019 को ओडिशा के बालासोर जिले के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) से स्वदेश निर्मित परमाणु सक्षम मिसाइल पृथ्वी-2 का सफल परीक्षण किया गया।
- यह परीक्षण सेना के सामरिक बल कमान (SFC) द्वारा नियमित प्रयोक्ता परीक्षण के तहत किया गया।
- पृथ्वी-2 सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है, इसकी मारक क्षमता 350 किमी. है।
- इसे DRDO द्वारा एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम (IGMDP) के तहत विकसित किया गया है।
- इसकी लंबाई लगभग 9 मीटर है।
- यह एकल चरणीय द्रव प्रणोदक चालित मिसाइल है।
- यह 500 से 1000 किलोग्राम तक युद्ध-सामग्री (Warhead) ले जाने में सक्षम है।
- गौरतलब है कि सेना के सामरिक बल कमान में इस मिसाइल की तैनाती वर्ष 2003 में हुई थी।
- इससे पूर्व 20 नवंबर, 2019 को इसका सफल रात्रिकालीन परीक्षण हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/defence/india-successfully-test-fires-nuke-capable-prithvi-ii-off-odisha-coast-119112001769_1.html

# प्रथम जियो केमिकल्स बेसलाइन एटलस

**प्रश्न-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (National Geophysical Research Institue-NGRI) की स्थापना किस वर्ष हुई थी?**

(a) 1951(b) 1961(c) 1971 (d) 1981



उत्तर-**(b)**

संबंधित तथ्य

- 9 नवंबर, 2019 को हैदराबाद में CSIR-NGRI द्वारा पर्यावरण प्रबंधक हेतु भारत का प्रथम जियो केमिकल बेसलाइन एटलस जारी किया गया है।
- एटलस का उद्देश्य भारत की मिट्टी में उपलब्ध रासायनिक तत्वों की सांद्रता एवं वितरण को अभिलेख के रूप में प्रदर्शित करना है।
- इसके माध्यम से मिट्टी में मौजूद धातुओं, ऑक्साइडों एवं तत्वों के 44 मानचित्र लिए गए हैं।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- मानवीय गतिविधि एवं प्राकृतिक प्रक्रिया दोनों ही हमारे पर्यावरण की रासायनिक संरचना को लगातार संशोधित कर रहे हैं। इस प्रकार यह एटलस पृथ्वी की सतह पर रासायनिक संरचना को परिवर्तनों का आकलन करने में सहायता करेगा।
- एटलस ऐसी जमीन के चयन में मदद करेगा जो पौधों के विकास के लिए आवश्यक सूक्ष्म तत्वों की आपूर्ति करती है।मानचित्रोंमेंप्रस्तुतGeochemical Baseline, International Union of Geological Science द्वारा तैयार किए जाने वाले वैश्विक मानचित्र का एक हिस्सा होगा।
- राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) की एक संघटक शोध प्रयोगशाला है, जिसका मुख्यालय हैदराबाद (तेलंगाना) में है। पृथ्वी विज्ञान के बहुविषयी क्षेत्रों में अनुसंधान करने के ध्येय से इसकी स्थापना वर्ष 1961 में की गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://newsmeter.in/indias-first-geochemical-baseline-atlas-released-in-hyderabad/

## इसरो द्वारा कार्टोसैट-3 और 13 वाणिज्यिक नैनो-सैटेलाइट का सफल प्रक्षेपण

**प्रश्न-27 नवंबर, 2019 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने कार्टोसैट-3 और 13 व्यावसायिक नैनो-सैटेलाइट का सफल प्रक्षेपण किया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

**(i) ध्रुवीय प्रक्षेपणयान पीएसएलवी-सी 49 से इसका सफल प्रक्षेपण किया गया।**

**(ii) इसरो ने कार्टोसैट-3 के साथ 13 अमेरिकी व्यावसायिक नैनो-सैटेलाइट को भेजा है।**

**(iii) कार्टोसैट-3 इसरो द्वारा निर्मित सबसे जटिल और उन्नत पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**(a) केवल (ii) एवं (iii)(b) केवल (i) एवं (iii) (c) केवल (ii)(d) उपर्युक्त सभी**

**उत्तर-(a)**

संबंधित तथ्य

- 27 नवंबर, 2019 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने ध्रुवीय प्रक्षेपणयान पीएसएलवी-सी 47 से कार्टोसैट-3 और 13 अमेरिकी व्यावसायिक नैनो-सैटेलाइट का सफल प्रक्षेपण किया।
- इसका सफल प्रक्षेपण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार (SHAR) (श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश) के दूसरे लांच पैड से सुबह 9 बजकर 28 मिनट पर किया गया।पीएसएलवी-47, एक्स्ट्रा लार्ज (XL) कॉन्फिगरेशन (With 6 Solid Strap-on motors) के रूप में पीएसएलवी की 21वीं उड़ान थी।यहSDSC SHAR, श्रीहरिकोटा से 74वां लांच वेहिकल मिशन था।लांचके17 मिनट 38 सेकंड बाद, कार्टोसैट-3 सफलतापूर्वक 509 किमी. की सूर्य तुल्यकालिक कक्षा (Sun Synchronous Orbit) में स्थापित हो गया।
- इसके बाद 13 नैनो-सैटेलाइट को उनकी इच्छित कक्षाओं (Internded orbits) में स्थापित किया गया।
- उपग्रहों को उसकी कक्षाओं में स्थापित करने के पश्चात यान उपग्रहों से अलग हो गया और उपग्रहों के सौर पैनल स्वचालित रूप से खुलकर कार्य करने लगे।
- इस उपग्रह को इसरो के मुख्य नियंत्रण सुविधा (MSF) हासन, कर्नाटक से नियंत्रित किया जा रहा है।
- यह इसरो द्वारा निर्मित सबसे जटिल (Complex) और उन्नत पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है।
- यह तीसरी पीढ़ी का तेज उन्नत उपग्रह है, जिसमें उच्च रिजॉल्यूशन इमेजिंग क्षमता है।
- कार्टोसैट-3 के मिशन का जीवनकाल 5 वर्षों का है।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- यह बड़े पैमाने पर शहरी नियोजन, ग्रामीण संसाधन और बुनियादी ढांचे के विकास, तटीय भूमि उपयोग, सड़कों के नेटवर्क को मॉनिटर करने में सहायक होगा।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

**https://www.isro.gov.in/update/27-nov-2019/press-release-pslv-c47-successfully-launches-cartosat-3-and-13-commercial**

# खेल परिदृश्य
# टेनिस

## आईटीटीएफ चैलेंज प्लस, बेनेमैक्स-बिर्गो नॉर्थ अमेरिकन ओपन, 2019

**प्रश्न-8 दिसंबर, 2019 को संपन्न टेबल टेनिस प्रतियोगिता आईटीटीएफ चैलेंज प्लस, बेनमैक्स-बिर्गो नॉर्थ अमेरिकन ओपन, 2019 का खिताब किसने जीता?**



(a) हरमीत देसाई(b) सौम्यजीत घोष(c) मानव ठक्कर(d) गुणासेकरण सत्यन

उत्तर-**(c)**

संबंधित तथ्य


- 4-8 दिसंबर, 2019 के मध्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता आईटीटीएफ चैलेंज प्लस, बेनमैक्स-बिर्गो नॉर्थ अमेरिकन ओपन, 2019 मारखम, कनाडा में संपन्न हुई।इस प्रतियोगिता में भारतीय युवा टेबल टेनिस खिलाड़ी मानव ठक्कर ने फाइनल मुकाबले में अर्जेंटीना के मार्टिन बेंटानकोर को पराजित कर U-21 पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीत लिया।मानवठक्करआईटीटीएफविश्वअंडरटूर-21 में खिताब जीतने वाले चौथे भारतीय हैं।
- इससे पूर्व विश्व अंडर टूर-21 में हरमीत देसाई (वर्ष 2012 में ब्राजील में) गुणासेकरण सत्यन (वर्ष 2012 में मिस्र में) और सौम्यजीत घोष (वर्ष 2011 में चिली में) यह खिताब जीत चुके हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.ittf.com/2019/12/08/manav-vikash-thakkar-first-among-equals/

## मुबाडाला विश्व टेनिस चैंपियनशिप, 2019

**प्रश्न-21 दिसंबर, 2019 को अबू धाबी में संपन्न मुबाडाला विश्व टेनिस चैंपियनशिप, 2019 के पुरुष एकल वर्ग का खिताब किसने जीता?**



(a) राफेल नडाल(b) स्टेफानोस सितसिपास(c) करेन खचानोव(d) आंद्रे रुबलेव

उत्तर-**(a)**

संबंधित तथ्य

- 19-21 दिसंबर, 2019 के मध्य मुबाडाला विश्व टेनिस चैंपियनशिप, 2019 अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में संपन्न हुई।इसप्रतियोगिताकेपरिणामइसप्रकाररहे-
- **पुरुष एकल**
- विजेता – राफेल नडाल (स्पेन)
- उपविजेता – स्टेफानोस सितसिपास (ग्रीस)

Downloaded From www.studymasterofficial.com

- **महिला एकल**
- विजेता-मारिया शरापोवा (रूस)
- उपविजेता-आज्ला टोमल्जानोविक (ऑस्ट्रेलिया)
- नडाल ने 5वीं बार इस प्रतियोगिता का खिताब जीता है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.mubadalawtc.com/

## **डब्ल्यूटीए प्लेयर अवॉर्ड**, 2019

**प्रश्न-12 दिसंबर, 2019 को महिला टेनिस संघ (WTA) द्वारा किसे वर्ष 2019 की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया?**
(a) एश्लेघ बार्टी(b) बियांका एंड्रेस्कू(c) सिमोना हालेप (d) नाओमी ओसाका
उत्तर-**(a)**
संबंधित तथ्य




- 12 दिसंबर, 2019 को महिला टेनिस संघ (WTA-Women's Tennis Association) द्वारा डब्ल्यूटीए (WTA) प्लेयर अवॉर्ड, 2019 की घोषणा की गई।
- महिला टेनिस संघ (WTA) ने ऑस्ट्रेलिया की एश्लेघ बार्टी को वर्ष 2019 की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना।
- बार्टी वर्ष 1976 में इवोन गूलागोंग के बाद डब्ल्यूटीए विश्व नंबर 1 तक पहुंचने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई महिला टेनिस खिलाड़ी हैं।
- बार्टी ने इस वर्ष शेनझेन में आयोजित डब्ल्यूटीए में फाइनल्स का खिताब और फ्रेंच ओपन का खिताब भी जीता है।
- उन्होंने इस सत्र में 57 जीत हासिल कर सबसे अधिक मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाया।
- वर्ष 2019 में घोषित अन्य पुरस्कार इस प्रकार रहे-
- डब्ल्यूटीए डबल्स टीम ऑफ द ईयर-टीमिया बाबोस (हंगरी) और क्रिस्टिना म्लाडेनोविक (फ्रांस)
- डब्ल्यूटीए मोस्ट इंप्रूव्ड प्लेयर ऑफ द ईयर-सोफिया केनिन (यूएसए)
- डब्ल्यूटीए न्यूकमर ऑफ द ईयर-बियांका एंड्रेस्कू (कनाडा)
- डब्ल्यूटीए कमबैक प्लेयर ऑफ द ईयर-बेलिंडा बेनकिक (स्विट्जरलैंड)
- डब्लूटीए जेरीडायमंड एसीईएस (ACES) अवॉर्ड किकी बर्टेंस (नीदरलैंड)
- पुरस्कार विजेताओं का चयन अंतरराष्ट्रीय मीडिया के सदस्यों द्वारा दिए गए वोट के आधार पर किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...
**https://www.wtatennis.com/news/1526966/2019-wta-player-award-winners-announced**

## फेड कप, 2019

**प्रश्न-फेड कप, 2019 का खिताब किस देश ने जीता है?**
(a) चेक गणराज्य(b) फ्रांस(c) ऑस्ट्रेलिया(d) बेल्जियम
**उत्तर-(b)**



**संबंधित तथ्य**

Downloaded from www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- लॉन टेनिस में महिला वर्ग की सबसे प्रतिष्ठित टीम प्रतियोगिता फेड कप (Fed Cup) के 57वें संस्करण का फाइनल 9-10 नवंबर, 2019 को पर्थ ऑस्ट्रेलिया में संपन्न हुआ।
- प्रायोजक-बीएनपी परिबास
- फाइनल मुकाबले में फ्रांस ने ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से पराजित कर इस प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया।
- वर्ष 2003 के बाद पहली बार इस प्रतियोगिता का खिताब फ्रांस ने जीता है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.fedcup.com/

## डेविस कप, 2019

**प्रश्न-24 नवंबर, 2019 को संपन्न डेविस कप, 2019 प्रतियोगिता के फाइनल में स्पेन ने किसे पराजित कर खिताबी जीत हासिल की?**

(a) क्रोएशिया(b) ब्राजील(c) कनाडा(d) बेल्जियम



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 18-24 नवंबर, 2019 के मध्य टेनिस में पुरुष वर्ग की सबसे प्रतिष्ठित टीम प्रतियोगिता डेविस कप के 108वें संस्करण का फाइनल मैड्रिड, स्पेन में संपन्न हुआ।
- डेविस कप का फाइनल मुकाबला स्पेन और कनाडा के मध्य हुआ।
- स्पेन के राफेल नडाल ने कनाडा के डेनिस शापालोव को पराजित कर स्पेन को खिताबी जीत दिलाई।
- स्पेन ने फाइनल में कनाडा को 2-0 से पराजित कर यह खिताब जीता।
- स्पेन द्वारा विजित यह छठा डेविस कप खिताब है।
- 19 ग्रैंड स्लेम खिताब विजेता नडाल की यह चौथी डेविस कप फाइनल जीत है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.daviscup.com/en/draws-results/finals/2019.aspx

# क्रिकेट

## वेस्टइंडीज पुरुष क्रिकेट टीम का भारत दौरा 2019-20

**प्रश्न-6-22 दिसंबर, 2019 के मध्य भारत और वेस्टइंडीज के मध्य 3 टी-20 और 3-वनडे मैचों की शृंखला संपन्न हुई। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

(a) 3 टी-20 मैचों की शृंखला भारत ने 2-1 से जीत ली।

(b) टी-20 शृंखला में भारतीय बल्लेबाज लोकेश राहुल को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।

(c) 3 वनडे मैचों की शृंखला भारत ने 2-1 से जीत ली।

(d) वनडे शृंखला में भारतीय बल्लेबाज रोहित शर्मा को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING
MAGAZINE KING

- दिसंबर, 2019 में भारत के दौरे पर रही वेस्टइंडीज की टीम ने 6 दिसंबर से 22 दिसंबर, 2019 के मध्य 3 टी-20 और 3 वनडे मैचों की शृंखला खेली।6-11 दिसंबर, 2019 के मध्य संपन्न 3 टी-20 मैचों की शृंखला भारत ने 2-1 से जीत ली।इस शृंखला में भारतीय कप्तान विराट कोहली को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।
- इस टी-20 शृंखला में रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय मैचों में 400 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने।
- 3 वनडे मैचों की शृंखला 15-22 दिसंबर, 2019 के मध्य संपन्न हुई।
- वनडे मैचों की शृंखला भारत ने 2-1 से जीत ली।
- वनडे शृंखला में रोहित शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।
- इस शृंखला में रोहित शर्मा ने सर्वाधिक 258 रन बनाए।
- इस वनडे शृंखला को जीतने के साथ ही भारत ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध लगातार यह 10वीं वनडे शृंखला जीती है।वनडेशृंखलाकेअंतिममैच (कटक) मेंतेजगेंदबाजनवदीपसैनीनेवनडेअंतरराष्ट्रीयक्रिकेटमेंपदार्पणकिया।
- इस शृंखला में भारतीय बल्लेबाज रोहित शर्मा ने सभी प्रारूपों में बतौर सलामी बल्लेबाज एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया और श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाल सनत जयसूर्या का रिकॉर्ड तोड़ा।
- रोहित शर्मा ने इस कैलेंडर वर्ष (2019) में 2442 रन बनाए हैं जबकि सनत जयसूर्या ने 22 वर्ष पूर्व एक कैलेंडर वर्ष (वर्ष 1997) में 2387 रन बनाए थे।
- इस कैलेंडर वर्ष में रोहित शर्मा ने वनडे में 1490 रन बनाए हैं।
- वनडे शृंखला में भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली और वेस्टइंडीज टीम के कप्तान किरोन पोलार्ड थे।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.cricbuzz.com/cricket-series/2847/west-indies-tour-of-india-2019/matches

## समर्थनम वूमेन्स नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट फॉर ब्लाइंड, 2019

**प्रश्न-16-19 दिसंबर, 2019 के मध्य भारत में दृष्टि बाधित महिलाओं के लिए पहली बार आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट 'समर्थनम वूमेन्स नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट फॉर ब्लाइंड 2019' को 14 दिसंबर, 2019 को किसने लांच किया?**

(a) किरेन रिजिजू(b) सौरव गांगुली(c) ब्रायन लारा (d) सचिन तेंदुलकर



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 15 दिसंबर, 2019 को वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा एवं स्मृति मंधाना ने दृष्टिबाधित महिलाओं के लिए पहली बार आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट 'समर्थनम वूमेन्स नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट फॉर ब्लाइंड, 2019' को लांच किया।यह टूर्नामेंट 16-19 दिसंबर, 2019 तक आयोजित होगा।
- समानता और समता को बढ़ावा देने हेतु क्रिकेट एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड इन इंडिया (CABI) ने समर्थनम ट्रस्ट फॉर द ब्लाइंड के साथ मिलकर यह टूर्नामेंट शुरू करने का निर्णय किया।
- इस प्रतियोगिता में 7 टीमें दिल्ली, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, ओडिशा और पश्चिम बंगाल की भाग लेंगी।टूर्नामेंटकाफाइनल19 दिसंबर, 2019 को सीरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

**https://cricheroes.in/tournament/90104/SAMARTHANAM-WOMENS-NATIONAL-T-20-TOURNAMENT-2019**

## महिला बिग बैश लीग, 2019-20

**प्रश्न-8 दिसंबर, 2019 को संपन्न महिला बिग बैश लीग 2019-20 में ब्रिसबेन हीट ने किसे पराजित कर लगातार दूसरी बार खिताब जीता?**

(a) एडीलेड स्ट्राइकर्स(b) सिडनी सिक्सर्स(c) मेलबर्न रेनेगेडेस(d) सिडनी थंडर



**उत्तर-(a)**

संबंधित तथ्य

- 18 अक्टूबर, 2019- 8 दिसंबर, 2019 तक क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा आयोजित महिला बिग बैश लीग 2019-20 ऑस्ट्रेलिया में संपन्न हुई।
- 8 दिसंबर, 2019 को ब्रिसबेन स्थित एलन बॉर्डर क्रिकेट मैदान पर खेले गए महिला बिग बैश लीग 2019-20 के फाइनल मुकाबले में एडिलेड स्ट्राइकर्स को ब्रिसबेन हीट ने 6 विकेट से पराजित कर खिताब जीत लिया।
- ब्रिसबेन हीट ने लगातार दूसरी बार यह खिताब जीता है।
- फाइनल मुकाबले में ब्रिसबेन हीट टीम की विकेटकीपर बल्लेबाज बेथ मूनी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।
- एडीलेड स्ट्राइकर्स सोफी डिवाइन को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।
- इस लीग में एडीलेड स्ट्राइकर्स की बल्लेबाज सोफी डिवाइन ने सर्वाधिक (769 रन) बनाए।
- लीग में मेलबर्न रेनेगेडेस की गेंदबाज मौली स्ट्रानों ने सर्वाधिक (24 विकेट) प्राप्त किए।
- ब्रिसबेन हीट की गेंदबाज जेएल जॉनसन ने 22 विकेट प्राप्त किए।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.cricbuzz.com/cricket-series/2855/womens-big-bash-league-2019/matches

MAGAZINEKING

## भारत-वेस्टइंडीज टी-20 शृंखला, 2019

**प्रश्न-6-11 दिसंबर, 2019 के मध्य संपन्न भारत और वेस्टइंडीज के बीच 3 टी-20 मैचों की शृंखला में किसे 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया?**

(a) रोहित शर्मा(b) लोकेश राहुल(c) विराट कोहली(d) कीरोन पोलार्ड



**उत्तर-(c)**

संबंधित तथ्य

STUDYMASTER
Downloaded From www.studymasterofficial.com
LEARN WHILE ENJOYING

- 6-11 दिसंबर, 2019 के मध्य भारत और वेस्टइंडीज के मध्य तीन टी-20 मैचों की शृंखला भारत में संपन्न हुई।
- यह शृंखला भारत ने 2-1 से जीत ली।
- शृंखला का पहला मैच (हैदराबाद में) भारत ने 6 विकेट से जीता, जबकि तिरुवनंतपुरम में आयोजित दूसरा मैच वेस्टइंडीज ने 8 विकेट से जीता।
- शृंखला का तीसरा और अंतिम मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया, जिसमें भारत ने वेस्टइंडीज को 67 रन से पराजित कर यह शृंखला 2-1 से जीत ली।
- तीसरे और अंतिम मैच में 91 रन की पारी खेलने वाले लोकेश राहुल को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।
- इस शृंखला में भारतीय कप्तान विराट कोहली 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुने गए।
- इस शृंखला में सर्वाधिक रन (183 रन) विराट कोहली ने बनाए।
- वेस्टइंडीज के विरुद्ध 3 टी-20 मैचों की शृंखला में विराट कोहली ने कुल 13 छक्के लगाए और भारत की तरफ से किसी टी-20 शृंखला या टूर्नामेंट में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया।

- इससे पूर्व यह रिकॉर्ड युवराज सिंह के नाम था, जिन्होंने वर्ष 2007 में वर्ल्ड टी-20 के दौरान 12 छक्के लगाए थे।
- इस शृंखला में रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय मैचों में 400 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने।
- रोहित ने अभी तक 354 मैचों में कुल 404 छक्के लगाए हैं। रोहित ने 232 छक्के वन डे में, 52 छक्के टेस्ट मैचों में और 120 छक्के टी-20 मैचों में लगाए हैं।
- इस शृंखला में भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली और वेस्टइंडीज टीम के कप्तान कीरोन पोलार्ड थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cricbuzz.com/scores-home/2847/west-indies-tour-of-india-2019

## फ्रंट फुट नोबॉल पर निर्णय

**प्रश्न-5 दिसंबर, 2019 को आईसीसी ने घोषणा की कि-टी-20 और वनडे अंतरराष्ट्रीय सीरीज में 'फ्रंड पंफ्रुट नोबॉल' पर निर्णय मैदानी अंपायर नहीं बल्कि थर्ड अंपायर करेगा। यह नियम भारत और वेस्टइंडीज के बीच कहां खेल जाने वाले टी-20 मैच से लागू होगा?**

**(a) हैदराबाद(b) तिरूवनंतपुरम(c) मुंबई(d) चेन्नई**



उत्तर-**(a)**

संबंधित तथ्य

- 5 दिसंबर, 2019 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने घोषणा की कि टी-20 और वनडे अंतरराष्ट्रीय सीरीज में 'फ्रंट फुट नोबाल' पर निर्णय मैदानी अंपायर नहीं बल्कि थर्ड अंपायर करेगा।
- यह नियम 6 दिसंबर, 2019 को भारत और वेस्टइंडीज के बीच हैदराबाद में खेले जाने वाले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच से लागू होगा।
- भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले जाने वाले मैचों के दौरान ही फ्रंट फुट नोबॉल पर निर्णय करने की तकनीक को ट्रायल पर रखा जाएगा।
- इस नए नियम के तहत मैदानी अंपायर थर्ड अंपायर की सलाह के बिना फ्रंट फुट नोबॉल पर निर्णय नहीं करेगा।
- करीबी फैसलों में संदेह का लाभ गेंदबाज को प्राप्त होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

**https://www.espncricinfo.com/story/_/id/28229179/third-umpire-monitor-front-foot-no-balls-india-west-indies-series**

## राष्ट्रीय दृष्टिहीन क्रिकेट चैंपियनशिप-2019

**प्रश्न-3 दिसंबर, 2019 को संपन्न राष्ट्रीय दृष्टिहीन क्रिकेट चैंपियनशिप, 2019 का खिताब किस राज्य की टीम ने जीता?**

(a) राजस्थान(b) केरल(c) मध्य प्रदेश(d) गुजरात




**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING
MAGAZINE KING

- 30 नवंबर से 3 दिसंबर, 2019 के मध्य राष्ट्रीय दृष्टिहीन क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन उदयपुर, राजस्थान में किया गया।
- इस टूर्नामेंट में कुल 6 राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, केरल, गोवा, पश्चिम बंगाल और गुजरात की टीमों ने भाग लिया।
- 3 दिसंबर को हुए फाइनल मुकाबले में केरल ने राजस्थान को पराजित कर इस प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया।
- केरल के मनीष को 'मैन ऑफ द सीरीज' चुना गया।
- मनीष ने 3 मैचों में कुल 234 रन बनाए।
- उल्लेखनीय है कि पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर दृष्टिहीन क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन हुआ है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.sportskeeda.com/cricket/kerala-team-win-national-blind-cricket-championship-2019

## बांग्लादेश क्रिकेट टीम का भारत दौरा, 2019

**प्रश्न-14-24 नवंबर, 2019 के मध्य संपन्न भारत और बांग्लादेश के मध्य संपन्न 2 टेस्ट मैचों की सीरीज भारत ने 2-0 से जीत ली। इस सीरीज के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**



(a) सीरीज का दूसरा एवं अंतिम टेस्ट मैच भारत ने एक पारी और 46 रनों से जीता।
(b) भारतीय गेंदबाज इशांत शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।
(c) इंदौर में खेले गए सीरीज के पहले मैच में भारत ने एक पारी और 125 रनों से जीत दर्ज की थी।
(d) कोलकाता टेस्ट में जीत के साथ ही भारत ने घरेलू मैदान पर लगातार 12वीं जीत दर्ज की है।

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 3-26 नवंबर के मध्य बांग्लादेश क्रिकेट टीम भारत दौरे पर रही।
- इस दौरान भारत और बांग्लादेश के मध्य 3टी-20 मैच और 2 टेस्ट मैचों की शृंखला आयोजित हुई।
- 3-10 नवंबर के मध्य भारत और बांग्लादेश के मध्य खेले गए 3टी-20 मैचों की शृंखला भारत ने 2-1 से जीत ली।
- इस टी-20 सीरीज में भारतीय गेंदबाज दीपक चाहर को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।
- टी-20 सीरीज में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और बांग्लादेश की टीम के कप्तान महमूदुल्लाह थे।
- दो टेस्ट मैचों की सीरीज 14-24 नवंबर के मध्य आयोजित हुई जिसे भारत ने क्लीन स्वीप करते हुए 2-0 से जीत ली।
- कोलकाता के ईडन गार्डेंस में खेले गए इस सीरीज के दूसरे और अंतिम मैच में भारत ने एक पारी और 46 रनों से पराजित कर सीरीज जीती।
- भारतीय गेंदबाज इशांत शर्मा को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।
- इस सीरीज का दूसरा मैच कोलकाता के ईडन गार्डेंस में गुलाबी गेंद से डे-नाइट में खेला गया।
- भारत और बांग्लादेश दोनों ही टीमों का यह पहला डे-नाइट मैच था।
- इस जीत के साथ ही भारत ने घरेलू मैदान पर लगातार 12वीं जीत दर्ज की है।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER MAGAZINEKING LEARN WHILE ENJOYING

- इस सीरीज का पहला टेस्ट मैच इंदौर में खेला गया था, जिसे भारत ने एक पारी और 130 रनों से जीता था।
- इससे पूर्व भारतीय टीम ने अफ्रीकी टीम को रांची और पुणे टेस्ट में पारी और रनों के अंतर से पराजित किया था।
- कोलकाता टेस्ट में विराट कोहली ने 136 रन की पारी खेली और वे गुलाबी गेंद से टेस्ट में शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।
- 7 वर्षों से भारतीय टीम अपने घर में टेस्ट सीरीज नहीं हारी है।
- वर्ष 2012 में अंतिम बार भारत को उसके घर में इंग्लैंड की टीम ने पराजित किया था।
- 33 टेस्ट जीतकर विराट कोहली विश्व के 5वें सबसे सफल कप्तान बने।
- उन्होंने 32 टेस्ट जीतने वाले ऑस्ट्रेलिया के एलेन बॉर्डर को पीछे छोड़ा।
- इशांत शर्मा ने इस सीरीज में कुल 12 विकेट लिए।

**संबंधितलिंकभीदेखें...**

https://www.espncricinfo.com/series/_/id/19312/bangladesh-in-india-2019-20

# फुटबॉल

## अर्जेंटीना चैंपियंस ट्रॉफी (फुटबॉल) का पहला संस्करण

**प्रश्न-14 दिसंबर, 2019 को संपन्न अर्जेंटीना चैंपियंस ट्रॉफी के पहले संस्करण का खिताब किसने जीता?**

(a) बैनफील्ड क्लब(b) रेसिंग क्लब(c) टाइग्रे क्लब(d) रिवर प्लेट क्लब



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

MAGAZINE KING

- 14 दिसंबर, 2019 को अर्जेंटीना चैंपियंस ट्रॉफी (फुटबॉल) का पहला संस्करण संपन्न हुआ।
- पहले संस्करण का फाइनल मुकाबला अर्जेंटीना के तटीय शहर मार डेल पलाटा में खेला गया।
- फाइनल मुकाबले में रेसिंग क्लब ने टाइगर को 2-0 से पराजित कर पहले संस्करण का खिताब जीत लिया।
- यह अर्जेंटीना के शीर्ष घरेलू लीग का अंतिम मैच था।
- 19 जनवरी, 2020 से देश की प्रीमियर फुटबॉल डिवीजन-सुपरलीगा अर्जेंटीना के नए सत्र की शुरुआत होगी।

STUDY MASTER

**संबंधित लिंक भी देखें...**


http://www.uniindia.com/~/racing-win-argentina-s-inaugural-champions-trophy/Sports/news/1822289.html

LEARN WHILE ENJOYING
Downloaded From www.studymasterofficial.com

## फीफा क्लब विश्वकप फुटबॉल प्रतियोगिता, 2019

**प्रश्न-21 दिसंबर, 2019 को संपन्न फीफा क्लब विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता, 2019 का खिताब किस क्लब ने जीत लिया?**

(a) सीआर फ्लेमेंगो(b) लिवरपूल एफसी(c) मोंटेरी(d) अल-हिलाल एफसी



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- फीफा क्लब विश्व कप फुटबॉल का 16वां संस्करण 11-21 दिसंबर, 2019 के मध्य दोहा, कतर में संपन्न हुआ।
- इस प्रतियोगिता में 6 कन्फेडेरेशन्स सहित 7 टीमों ने भाग लिया।
- फाइनल मुकाबले में लिवर पूल एफसी ने सीआर फ्लेमेंगो का 1-0 से पराजित कर खिताब जीत लिया।
- लिवरपूल ने पहली बार फीफा क्लब विश्व कप फुटबॉल का खिताब जीता है।
- इस खिताबी जीत के साथ ही लिवरपूल दूसरा इंग्लिश क्लब बन गया है जिसने क्लब विश्व कप जीता है।
- इससे पूर्व वर्ष 2008 में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इस प्रतियोगिता का खिताब जीता था।
- मैक्सिकन क्लब मोंटेरी ने सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल एफसी को पेनाल्टी शूट आउट में 4-3 से पराजित कर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- सऊदी अरब का क्लब अल-हिलाल चौथे स्थान पर रहा।
- इस प्रतियोगिता में शीर्ष गोल स्कोरर हमदोउ एल्होउनि (ट्यूनीशियाई क्लब-एस्पेरेन्स स्पोर्टिव डी ट्यूनिस) और बगदाद बाउन्द्जाह (अल साद्द स्पोर्ट्स क्लब-कतर) रहे जिन्होंने 3-3 गोल किए।
- **प्रदत्त पुरस्कार**
- एडीडास गोल्डन बॉल अवॉर्ड (सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) व अलीबाबा क्लाउड प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट विजेता – मोहम्मद सलाह (लिवरपूल एफसी)
- एडीडास सिल्वर बॉल अवॉर्ड – ब्रूनो हेनरिक (फ्लेमेंगो)
- एडीडास कांस्य बॉल अवॉर्ड – कार्लोस एडुआर्डो (अल-हिलाल)
- फीफा फेयर प्ले ट्रॉफी – एस्पेरेन्स स्पोर्टिव डी ट्यूनिश)
- फाइनल में अलीबाबा क्लाउड मैच अवॉर्ड-राबर्टो फिरमिनो (लिवरपूल)

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.fifa.com/clubworldcup/news/firmino-writes-liverpool-into-club-world-cup-history

# बैडमिंटन

## बैडमिंटन एशिया U-17 और U-15 जूनियर चैंपियनशिप, 2019

**प्रश्न-11-15 दिसंबर, 2019 के मध्य संपन्न बैडमिंटन एशिया U17 एंड U-15 जूनियर चैंपियनशिप, 2019 में अंडर-15 महिला एकल वर्ग का खिताब किसने जीता?**



(a) तारा शाह(b) तस्नीम मीर(c) आकर्षि कश्यप(d) ईरा शर्मा
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 11-15 दिसंबर, 2019 बैडमिंटन एशिया U-17 और U-15 जूनियर चैंपियनशिप इंडोनेशिया में संपन्न हुई।
- **अंडर-15 महिला एकल वर्ग का परिणाम-**
- विजेता-तस्नीम मीर (भारत)
- उपविजेता-तारा शाह (भारत)

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://bwfbadminton.com/results/3792/badminton-asia-u17-u15-junior-championships-2019/draw/ws-u15

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING

## योनेक्स-सनराइज बांग्लादेश जूनियर इंटरनेशनल सीरीज, 2019

**प्रश्न-22 दिसंबर, 2019 को संपन्न बैडमिंटन प्रतियोगिता योनेक्स-सनराइज बांग्लादेश जूनियर इंटरनेशनल सीरीज, 2019 के पुरुष एकल वर्ग का खिताब किसने जीता?**



(a) सिरील वर्मा(b) किरन जॉर्ज(c) राहुल भारद्वाज(d) मेइराबा लुवांग

**उत्तर-(d)**

संबंधित तथ्य

- 17-22 दिसंबर, 2019 के मध्य बैडमिंटन प्रतियोगिता योनेक्स-सनराइज बांग्लादेश जूनियर इंटरनेशनल सीरीज, 2019 बांग्लादेश में संपन्न हुई।प्रतियोगितापरिणाम
- पुरुष एकलविजेता-मोइराबालुवाँग (भारत)
- उपविजेता-केन योन ओंग (मलेशिया)
- **महिला एकल-**विजेता-क्रिटापोर्नजिएंटानेट (थाईलैंड)-उपविजेता-तृषा जॉली (भारत)

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://bwfbadminton.com/results/3606/yonex-sunrise-bangladesh-junior-international-series-2019/draw/ws

## बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स, 2019

**प्रश्न-15 दिसंबर, 2019 को संपन्न BWF वर्ल्ड टूर फाइनल्स, 2019 बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?**



(a) केंटो मोमोता(b) एंथोनी सिन गिंटिंग(c) शी युकी(d) ली जुनहुई

**उत्तर-(a)**

संबंधित तथ्य

- 11-15 दिसंबर, 2019 के मध्य प्रतिष्ठित बैडमिंटन प्रतियोगिता बीडब्ल्यूएफ (BWF) वर्ल्ड टूर फाइनल्स, 2019 गुआंगझु, चीन में संपन्न हुई।
- यह BWF वर्ल्ड टूर, 2019 का फाइनल टूर्नामेंट था।
- प्रायोजक-एचएसबीसी (HSBC)
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- पुरुष एकल
- विजेता-केंटो मोमोता (जापान)
- उपविजेता-एंथोनी सिनीसुका गिंटिंग (इंडोनेशिया)
- महिला एकल
- विजेता-चेन यू फेई (चीन)
- उपविजेता-ताई त्जु यिंग (चीनी ताइपे)
- पुरुष युगल
- विजेता-मोहम्मद अहसान और हेंद्रा सेतियावान (दोनों इंडोनेशिया)
- उपविजेता-हिरोयुकी एंडो और युता बतानबे (दोनों जापान)
- महिला युगल

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- विजेता-चेन किंग चेन और जिया यी फैन (दोनों चीन)
- उपविजेता-मायु मात्सुमोतो और वकाना नागाहरा (दोनों जापान)
- मिश्रित युगल
- विजेता-झेंग सी वेई और हुआंग या कियोंग (दोनों चीन) केंटो
- उपविजेता-वांग यिल्यु और हुआंग डोंग पिंग (दोनों चीन)

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://bwfworldtour.bwfbadminton.com/tournament/3754/hsbc-bwf-world-tour-finals-2019/results/draw/ws-group-a

## योनेक्स सनराइज बांग्लादेश इंटरनेशनल चैलेंज, 2019

**प्रश्न-15 दिसंबर, 2019 को संपन्न बैडमिंटन प्रतियोगिता योनेक्स सनराइज बांग्लादेश इंटरनेशनल चैलेंज, 2019 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?**




(a) लिओंग जुन हाओ(b) लक्ष्य सेन(c) श्रीकांत किदांबी(d) पारुपल्ली कश्यप

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 10-15 दिसंबर, 2019 के मध्य बैडमिंटन प्रतियोगिता योनेक्स सनराइज बांग्लादेश इंटरनेशनल चैलेंज, 2019 ढाका, बांग्लादेश में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- पुरुष एकल
- विजेता-लक्ष्य सेन (भारत)
- उपविजेता-लिओंग जुन हाओ (मलेशिया)
- महिला एकल
- विजेता-गुयेन थुई लिन (वियतनाम)
- उपविजेता-क्रिस्टल पैन (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- पुरुष युगल
- विजेता-यी जुन चांग और काई वुन टी (दोनों मलेशिया)
- उपविजेता-एम.आर. अर्जुन और ध्रुव कपिला (दोनों भारत)
- महिला युगल
- विजेता-तान पेअर्ले कोंग ली और थिनाह मुरलीधरन (दोनों मलेशिया)
- उपविजेता-मनीषा और रुतपर्णा पांडा (दोनों भारत)

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://bwfbadminton.com/results/3605/yonex-sunrise-bangladesh-international-challenge-2019/2019-12-15

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

## सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2019

**प्रश्न-1 दिसंबर, 2019 को संपन्न सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2019 के पुरुष एकल वर्ग का खिताब किसने जीता?**




(a) वांग त्जु वेई(b) सौरभ वर्मा(c) सुनफेई जियांग(d) अजय जयराम

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 26 नवंबर, 2019 से 1 दिसंबर, 2019 के मध्य सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2019 बाबू बनारसी दास इंडोर स्टेडियम, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में आयोजित हुई।
- प्रायोजक -ईकोग्रीन
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- पुरुष एकल
- विजेता-वांग त्जु वेई (चीनी ताइपे)
- उपविजेता-सौरभ वर्मा (भारत)
- महिला एकल
- विजेता-कैरोलिना मारिन (स्पेन)
- उपविजेता-पी. चाइवान (थाईलैंड)
- पुरुष युगल
- विजेता-ही जिटिंग और तान किआंग (दोनों चीन)
- उपविजेता-चोई सोल-ग्यू और सिओ सियुंग जई (दोनों दक्षिण कोरिया)
- महिला युगल
- विजेता-बाएक हा-ना और जुंग क्यूंग-इयुन (दोनों दक्षिण कोरिया)
- उपविजेता-चांग ये-ना और किम हई-रिन (दोनों दक्षिण कोरिया)
- मिश्रित युगल
- विजेता-रोडिऑन अलीमोव और एलिना दवलेतोवा (दोनों रूस)
- उपविजेता-मार्कस एलिस और लॉरेन स्मिथ (दोनों इंग्लैंड)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://bwfworldtour.bwfbadminton.com/tournament/3396/syed-modi-international-badminton-championships-2019/results/draw/ms

MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING
Downloaded From www.studymasterofficial.com

# मुक्केबाजी

## बिग बाउट इंडियन बॉक्सिंग लीग, 2019

प्रश्न-21 दिसंबर, 2019 को संपन्न बिग बाउट इंडियन बॉक्सिंग लीग, 2019 के पहले संस्करण का खिताब गुजरात जॉयंट्स ने किसे पराजित कर जीत लिया?




(a) पंजाब पैंथर्स(b) नॉर्थ ईस्ट राइनोज(c) बॉम्बे बुलेट्स(d) ओडिशा वॉरियर्स

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 2-21 दिसंबर, 2019 के मध्य बिग बाउट इंडियन बॉक्सिंग लीग (BIG BOUT INDIAN BOXING LEAGUE), 2019 आयोजित हुई।
- संस्करण- पहला
- इस पेशेवर बॉक्सिंग लीग में 6 फ्रेंचाइजी-आधारित टीमों ने भाग लिया।
- प्रतियोगी टीमें- ओडिशा वॉरियर्स, पंजाब पैंथर्स, बेंगलुरू ब्रालर्स, नॉर्थ ईस्ट राइनोज, बॉम्बे बुलेट्स और गुजरात जॉयंट्स।
- यह लीग 3 भारतीय शहरों कटक, लुधियाना और दिल्ली में आयोजित हुई।
- इसका आयोजन भारतीय मुक्केबाजी संघ (BFI) ने किया।
- 21 दिसंबर, 2019 को इस लीग का फाइनल मुकाबला नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम के केडी जाधव हाल में खेला गया।
- फाइनल मुकाबले में गुजरात जॉयंट्स ने पंजाब पैंथर्स को 4-3 से पराजित कर इस लीग के पहले संस्करण का खिताब जीत लिया।
- गुजरात जॉयंट्स टीम के कप्तान अमित पंघल और पंजाब पैंथर्स टीम की कप्तान एम.सी. मैरीकॉम थीं।
- फाइनल मुकाबले में पीठ में दर्द के कारण मैरीकॉम रिंग में नहीं उतरीं।
- इस लीग की प्रत्येक टीम में 14 खिलाड़ी (पुरुष और महिला) शामिल थे।
- प्रत्येक टीमों में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और पेशेयर मुक्केबाज शामिल किए गए थे।

**संबंधित लिंक भी देखें...**


https://www.firstpost.com/sports/big-bout-indian-boxing-league-ashish-kumar-powers-gujarat-giants-to-title-with-comeback-win-over-punjab-panthers-7812681.html

# बिलियडर्स/स्नूकर/स्क्वैश

## रेवेनटन मास्टर्स स्नूकर, 2019

**प्रश्न-दिसंबर, 2019 में संपन्न स्नूकर प्रतियोगिता रेवेनटन मास्टर्स स्नूकर, 2019 का खिताब किसने जीता?**

(a) पंकज आडवाणी(b) सौरव कोठारी(c) जोहल यंगर(d) जॉन कैंपबेल



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 6-8 दिसंबर, 2019 के मध्य स्नूकर प्रतियोगिता रेवेनटन मास्टर्स स्नूकर, 2019, मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में संपन्न हुई।फाइनल मुकाबले भारतीय क्यू खिलाड़ी सौरव कोठारी ने ऑस्ट्रेलिया के जोहल यंगर को पराजित कर रेवेनटन मास्टर स्नूकर टूर्नामेंट, 2019 का खिताब जीत लिया।
- कोठारी ऑस्ट्रेलिया बिलियड्र्स एवं स्नूकर परिषद के इस शीर्ष टूर्नामेंट को जीतने वाले पहले भारतीय है।
- इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष 12 खिलाड़ी खेलते हैं।
- सौरव कोठारी ने जून, 2019 में आयोजित रेवेनटन क्लासिक टूर्नामेंट का भी खिताब जीता था।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.outlookindia.com/newsscroll/sourav-kothari-wins-reventon-masters-snooker-in-australia/1681162

# फॉर्मूला वन

## ब्राजील ग्रैंड प्रिक्स, 2019

**प्रश्न-17 नवंबर, 2019 को संपन्न ब्राजील ग्रैंड प्रिक्स 2019 फॉर्मूला वन कार रेस का खिताब किसने जीता?**

(a) लुईस हैमिल्टन(b) सेबास्टियन वेट्टल(c) मैक्स वर्सटाप्पेन(d) बाल्टेरी वोट्टास

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 17 नवंबर, 2019 को फॉर्मूला वन सत्र, 2019 की 19वीं रेस ब्राजील ग्रैंड प्रिक्स, 2019 इंटरलोगास, साओपाउलो (ब्राजील) में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम
- विजेता-मैक्स वर्सटाप्पेन (टीम-रेड बुल)
- उपविजेता-पियरे गेस्ली (टीम-टोरो रोसो)
- फास्टेस्ट लैप-वाल्टेरी बोटास (मर्सिडीज)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.formula1.com/en/racing/2019/Brazil.html

# एथलेटिक्स

## आईएएएफ (IAAF)

**प्रश्न-IAAF के विषय में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(1) नवंबर,2019 से इंटरनेशनल वर्ल्ड एथलेटिक्स फेडरेशन (IAAF) को ‘ वर्ल्ड एथलेटिक्स’ के नाम से जाना जाएगा।

(2) वर्तमान में इसके अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए (Sebastian Coe) हैं।

(3) IAAF की स्थापना वर्ष 1912 में इंटरनेशनल एमेच्योर एथलेटिक के रूप में हुई थी, जिसका नाम वर्ष, 2001 में बदलकर “इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन” कर दिया गया था।

(4) इसके पहले अध्यक्ष लॉमिन दियाक थे।

**कूट:**

(a) केवल 3 एवं 4 (b) केवल 1 एवं 4 (c) केवल 1,2 एवं 3 (d) सभी सत्य हैं

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन (IAAF) ने आधिकारिक तौर पर अपना नाम बदल लिया, अब इसे इसके नए “ वर्ल्ड एथलेटिक्स” के नाम से जाना जाएगा।
- नाम में बदलाव इसे और अधिक सुलभ बनाने के लिए किया गया है।
- वर्तमान में इसके अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए (Sebastian Coe) हैं, जो यूनाइटेड किंगडम के पूर्व एथलीट एवं राजनेता रहे हैं।
- IAAF की स्थापना वर्ष 1912 में इंटरनेशनल एमेच्योर एथलेटिक फेडरेशन के रूप में हुई थी, जिसका नाम वर्ष 2001 में बदलकर इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन कर दिया गया था।

Download From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- इसके पहले अध्यक्ष स्वीडन देश के निवासी सिगफ्रीड एडस्ट्रोम थे।
- इसका मुख्यालय मोनाको, फ्रांस में स्थित है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.worldathletics.org/news/press-release/iaaf-unveils-new-name-and-logo

# खेल विविध

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन की पुरस्कार राशि में वृद्धि

**प्रश्न-24 दिसंबर, 2019 को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों ने वर्ष की पहली ग्रैंड स्लैम टेनिस प्रतियोगिता (ऑस्ट्रेलियन ओपन) की पुरस्कार राशि में वृद्धि करने की घोषणा की है। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

(a) ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों ने पुरस्कार राशि में 12.6 प्रतिशत की वृद्धि करने की घोषणा की।

(b) इस ग्रैंड स्लैम में कुल राशि 49.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर (71 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर) प्रदान की जाएगी।

(c) पहले दौर के मुख्य ड्रा में एकल खिलाड़ी को 90,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की राशि प्रदान की जाएगी, जो विगत वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है।

(d) दूसरे दौर में पहुंचने पर खिलाड़ियों को 128,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की राशि प्रदान की जाएगी।



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 दिसंबर, 2019 को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों ने वर्ष की पहली ग्रैंड स्लैम टेनिस प्रतियोगिता की पुरस्कार राशि में 13.6 प्रतिशत तक की वृद्धि करने की घोषणा की।
- जनवरी, 2020 में आयोजित होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन की कुल पुरस्कार राशि अब 49.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर (71 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर) होगी।
- इस ग्रैंड स्लैम के पुरुष और महिला एकल विजेता को समान राशि 4.12 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर प्रदान की जाएगी, जो विगत वर्ष प्रदत्त राशि से थोड़ा अधिक है।
- उल्लेखनीय है कि विगत 5 वर्षों की अवधि में पुरस्कार राशि में 61.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- 20 जनवरी, 2020 से ऑस्ट्रेलियाई ओपन मेलबर्न पार्क में शुरू होगा।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://ausopen.com/articles/news/record-71-million-prize-money-australian-open-2020

## लौरा मार्श

**प्रश्न-16 दिसंबर, 2019 को ऑफ स्पिनर लौरा मार्श ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। वह किस देश की महिला क्रिकेट खिलाड़ी है?**

(a) ऑस्ट्रेलिया(b) न्यूजीलैंड(c) इंग्लैंड (d) वेस्टइंडीज



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 दिसंबर, 2019 को इंग्लैंड की ऑफ स्पिनर लौरा मार्श ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की।
- अपने 13 वर्षीय क्रिकेट कैरियर में इस महिला क्रिकेट खिलाड़ी ने 3 विश्वकप जीते।
- लौरा मार्श ने अगस्त, 2006 में लीसेस्टर में भारत के विरुद्ध टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और अंतिम टेस्ट मैच टॉटन में जुलाई, 2019 में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध खेला।
- उन्होंने अगस्त, 2006 में भारत के विरुद्ध वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच में पदार्पण किया।
- अपने कॅरियर में उन्होंने 9 टेस्ट, 103 वनडे और 67 टी-20 मैच खेले।
- 9 टेस्ट मैचों में उन्होंने 24 विकेट, 103 वनडे मैचों में 129 विकेट और 67 टी-20 मैचों में 64 विकेट प्राप्त किए।
- इसके अलावा उन्होंने 9 टेस्ट मैचों में 151 रन, 103 वनडे मैचों में 682 रन और 67 टी-20 मैचों में 755 रन बनाए।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.espncricinfo.com/england/content/player/249934.html

## ताइपेई इंटरनेशनल मैराथन, 2019

**प्रश्न-15 दिसंबर, 2019 को संपन्न ताइपेई इंटरनेशनल मैराथन, 2019 के पुरुष वर्ग का खिताब किसने जीता?**
(a) इलियुड किपचोगे(b) एंडामलाक बेलिहु(c) केनेथ म्बुरू मुंगारा(d) मोहम्मद फराह
उत्तर-**(c)**
संबंधित तथ्य



- 15 दिसंबर, 2019 को ताइपेई इंटरनेशनल मैराथन, 2019 ताइपेई, ताइवान में संपन्न हुई।
- फुल मैराथन (42.2 किमी.) के विजेता
- पुरुष वर्ग विजेता-केनेथ म्बुरू मुंगारा (केन्या), 2 घंटा, 14 मिनट, 54 सेकंड
- महिला वर्ग विजेता-एंटोनीना क्वांबाई (केन्या) 2 घंटा, 31 मिनट, 27 सेकंड

संबंधित लिंक भी देखें...
http://aims-worldrunning.org/aims.html

## एफआईएच द्वारा 2020 के लिए नई विश्व रैंकिंग प्रणाली का अनावरण

**प्रश्न-13 दिसंबर, 2019 को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) ने नई विश्व रैंकिंग प्रणाली का अनावरण किया। इस नई प्रणाली के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**
**(a)** इस प्रणाली का अनावरण लुसाने, स्विट्जरलैंड में किया गया।
**(b)** नई रैंकिंग प्रणाली के अंतर्गत अब अंकों का निर्धारण टूर्नामेंट आधारित न होकर मैच-आधारित होगा।
**(c)** नई प्रणाली के तहत एफआईएच द्वारा प्रत्येक दूसरे मैच के लिए टीमों को अंक प्रदान किए जाएंगे।
**(d)** ये अंक मैच के परिणाम, टीमों की तुलनात्मक रैंकिंग और मैच के अहमियत के आधार पर प्रदान किए जाएंगे।
उत्तर-**(c)**
संबंधित तथ्य



- 13 दिसंबर, 2019 को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) ने नई विश्व रैंकिंग प्रणाली का अनावरण लुसाने, स्विट्जरलैंड में किया।



STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING
Downloaded From www.studymasterofficial.com

- नई रैंकिंग प्रणाली के अंतर्गत अब अंकों का निर्धारण टूर्नामेंट-आधारित न होकर मैच-आधारित होगा।
- यह नई प्रणाली 1 जनवरी, 2020 से लागू होगी।
- वर्ष 2003 से जारी एफआईएच की विश्व रैंकिंग प्रणाली मूल रूप से टूर्नामेंटों में टीमों को पूल में विभाजित करने के लिए शुरू की गई थी।
- नई प्रणाली के तहत एफआईएच द्वारा मान्यता प्राप्त प्रत्येक मैच के लिए टीमों को अंक प्रदान किए जाएंगे।
- ये अंक मैच के परिणाम, टीमों की तुलनात्मक रैंकिंग और मैच की अहमियत के आधार पर प्रदान किए जाएंगे।
- प्रत्येक टीम वर्ष 2020 की शुरुआत उसी रैंकिग से करेगी और उसके रैंकिंग अंक यथावत रहेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=376063

## वाडा ने लगाया रूस पर प्रतिबंध

**प्रश्न-9 दिसंबर, 2019 को विश्व एंटी-डोपिंग एजेंसी की कार्यकारी समिति की लुसाने, स्विट्जरलैंड में हुई बैठक में स्वतंत्रत अनुपालन समीक्षा समिति (सीआरसी)द्वारा की गई सिफारिशों को स्वीकार करते हुए रूस पर कितनी अवधि तक का प्रतिबंध लगा दिया गया?**



(a) 3 वर्ष(b) 4 वर्ष(c) 5 वर्ष(d) 6 वर्ष
उत्तर-**(b)**
संबंधित तथ्य

- 9 दिसंबर, 2019 को विश्व एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) की कार्यकारी समिति की बैठक लुसाने, स्विट्जरलैंड में हुई।इस बैठक में विश्व एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) की कार्यकारी समिति ने स्वतंत्र अनुपालन समीक्षा समिति (सीआरसी) द्वारा की गई सिफारिशों को सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए रूस पर चार वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया।12 सदस्यी वाडा की कार्यकारी समिति ने स्वतंत्र अनुपालन समीक्षा (समिति) द्वारा की गई सिफारिशों का समर्थन किया।
- वाडा ने रूस पर यह प्रतिबंध एक डोपिंगरोधी प्रयोगशाला से गलत आंकड़े देने के कारण लगाया गया है।
- इन प्रतिबंधों के कारण रूस टोक्यो ओलिंपिक, 2020 और बीजिंग विंटर ओलिंपिक 2020 विश्व चैंपियनशिप और सभी अंतरराष्ट्रीय मैचों में भाग नहीं ले सकेगा।
- इसके अलावा ओलंपिक और पैरालंपिक में भी रूसी खेल अधिकारियों के भाग लेने पर भी 4 वर्षों तक का प्रतिबंध लगा दिया गया है।
- यद्यपि इस निर्णय के बाद भी ऐसे रूसी एथलीट जो डोपिंग में शामिल नहीं है वे आगामी 4 वर्षों के दौरान बिना रूसी झंडे और राष्ट्रगान के अंतरराष्ट्रीय खेलों में भाग ले सकते हैं, बशर्ते उन्हें साबित करना होगा कि वे डोपिंग की उस व्यवस्था का हिस्सा नहीं थे।
- रूसी एंटी डोपिंग एजेंसी (रूसादा) इस निर्णय के 21 दिनों के भीतर खेलों की सबसे बड़ी अदालत खेल पंचाट में अपील कर सकती है।
- वर्ष 2015 में वाडा ने रूसी एंटी डोपिंग एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की थी और उस पर वाडा के नियमों के तहत काम करने की समय सीमा सुनिश्चित की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.espn.in/olympics/story/_/id/28257518/wada-imposes-four-year-ban-russia

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# रोजर फेडरर के सम्मान में सिक्का लांच करने की घोषणा

**प्रश्न-दिसंबर, 2019 में स्विट्जरलैंड सरकार प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर के सम्मान में कितनी राशि का चांदी का सिक्का जारी करेगी?**

(a) 10 फ्रैंक(b) 20 फ्रैंक(c) 30 फैंक(d) 50 फ्रैंक



उत्तर-**(b)**

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2019 में स्विट्जरलैंड सरकार की आधिकारिक टकसाल स्विसमिंट ने प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर के सम्मान में 20 फ्रैंक के सिक्के जारी किए जाने की घोषणा की।
- रोजर फेडरर पहले जीवित स्विस नागरिक हैं, जिनके सम्मान में यह सिक्का जारी होगा।
- फेडरर पहले स्विस यूनिसेफ सद्भावना राजदूत थे।
- फेडरर ने अभी तक 20 ग्रैंड स्लैम जीते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.tennisworldusa.org/tennis/news/Roger_Federer/81093/33000-pieces-of-roger-federer-s-silver-coin-sold-out/

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2020

**प्रश्न-9-22 जनवरी, 2020 के मध्य खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2020 (तीसरा संस्करण) का आयोजन कहां किया जाएगा?**

(a) नई दिल्ली(b) गुवाहाटी(c) जयपुर(d) पुणे

उत्तर-**(b)**

संबंधित तथ्य

- 30 नवंबर, 2019 को असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल एवं खेल मंत्री किरेन रिजिजु ने गुवाहाटी के कर्मबीर नबीन चंद्र बोरदोलोई इंडोर स्टेडियम, सरुसजई में खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2020 (तीसरा संस्करण) का लोगो, शुभंकर, जर्सी और थीम सांग लांच किया।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स का तीसरा संस्करण 9-22 जनवरी, 2020 के मध्य गुवाहाटी, असम में आयोजित किया जाएगा।
- इस आयोजन में 37 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की भागीदारी होगी।
- इस संस्करण में 20 स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2020 की मेजबानी भारतीय ओलंपिक संघ (IOA), स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया (SGFI) और असम संयुक्त रूप से करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.yogems.com/event/khelo-india-youth-games-01-2020

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

## 35वीं अखिल भारतीय प्राइज मनी इंदिरा मैराथन प्रतियोगिता, 2019

**प्रश्न-19 नवंबर, 2019 को संपन्न हुई 35वीं इंदिरा मैराथन, 2019 के पुरुष वर्ग का विजेता कौन हैं?**



(a) राहुल कुमार पाल(b) हरेंद्र चौहान(c) हेतराम(d) बीएस धोनी

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**


- 19 नवंबर, 2019 को इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर 35वीं अखिल भारतीय प्राइज मनी इंदिरा मैराथन, 2019 प्रयागराज में आयोजित हुई।प्रतियोगितापरिणामइसप्रकाररहे-
- पुरुष वर्ग-विजेता-राहुल कुमार पाल, अमेठी (2 घंटा, 28 मिनट, 35 सेकंड)
- उपविजेता-हरेंद्र चौहान, गाजीपुर (2 घंटा, 29 मिनट, 48 सेकंड)
- तीसरा स्थान-हेतराम, पुणे
- महिला वर्ग
- विजेता-श्यामली सिंह, पश्चिम बंगाल (2 घंटा, 53 मिनट, 29 सेकंड)
- तीसरा स्थान-अनीता, हरियाणाइस मैराथन के पुरुष एवं महिला वर्ग के विजेता को 2 लाख रुपये, उपविजेता को 1 लाख रुपये, तीसरे स्थान पर रहे धावकों को 75 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ ही 11 खिलाड़ियों को 10000 रुपये का सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://www.indiramarathon.in/

## U-15 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप, 2019

**प्रश्न-24 नवंबर, 2019 को ताईचुंग, चीनी ताइपे में संपन्न U-15 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप, 2019 में भारत ने कितने स्वर्ण पदक जीते?**



(a) 15( b) 13(c) 10 (d) 8

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 नवंबर, 2019 को U-15 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप, 2019 ताईचुंग, चीनी ताइपे में संपन्न हुई।
- इस चैंपियनशिप में भारत ने 13 स्वर्ण सहित कुल 28 पदक जीते और पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।
- भारत ने 13 स्वर्ण, 14 रजत और 1 कांस्य पदक जीता।
- फ्री स्टाइल स्पर्धा में भारत ने 10 स्वर्ण पदक जीते।
- भारतीय टीम 225 अंकों के साथ पहली बार फ्री स्टाइल टीम रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया।
- कजाख्स्तान दूसरे और जापान तीसरे स्थान पर रहा।
- इस प्रतियोगिता में भारतीय युवा पहलवान दीपक ने 75 किग्रा. में विशाल ने 62 किग्रा. में, सग्गर जायलान ने 68 किग्रा. में और जतिन ने 85 किग्रा. भार वर्ग में फ्री स्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://sportstar.thehindu.com/wrestling/asian-u15-wrestling-championships-india-wins-four-more-gold-medals-sagar-jaglan-deepak-chahal-vishal-jatin/article30070578.ece

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# ग्रासरूट ओलंपिक-मिशन टैलेंट हंट

**प्रश्न-निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

(i) असम ओलंपिक एसोसिएशन (एओए) ने राज्य में खेल प्रतिभाओं की पहचान करने के लिए ग्रासरूट ओलंपिक-मिशन टैलेंट हंट का शुभारंभ किया।

(ii) एओए होनहार खिलाड़ियों को (10-60 वर्ष) कवर करने वाली पांच श्रेणियों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा।

(iii) एओए के अध्यक्ष असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल तथा उपाध्यक्ष स्वास्थ्य राज्य मंत्री पीयूष हजारिका हैं।

(iv) खेलों इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन 10-22 जनवरी, 2020 तक असम में आयोजित किया जाएगा।

कूटः

(a) केवल (i) एवं (ii)(b) केवल (iii)(c) केवल (iii) एवं (iv) (d) उपर्युक्त सभी



उत्तर-**(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 19 नवंबर, 2019 को असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल (असम ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष) ने राज्य में खेल प्रतिभाओं की पहचान करने के लिए एक नया कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की।
- इस कार्यक्रम का नाम ग्रासरूट ओलंपिक-मिशन टैलेंट हंट है, जो होनहार प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए अवसर प्रदान करेगा।
- असम ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष स्वास्थ्य राज्य मंत्री पीयूष हजारिका की अध्यक्षता में प्रतिभाओं की पहचान के लिए एक समिति का गठन किया गया।
- खेल संस्कृति की आवश्यकता पर बल देते हुए संघ के अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में 10 वर्ष से 60 वर्ष तक के खिलाड़ियों को कवर करने वाली पांच श्रेणियों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।
- यह आयोजन असम में 10-22 जनवरी, 2020 तक आयोजित किया जाएगा।
- खेलों इंडिया यूथ गेम्स-2020 में राज्य के खिलाड़ियों को अधिकाधिक प्रतिभाग करने के लिए तथा पदक प्राप्त करने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/aoa-will-launch-grassroot-olympic-mission-talent-hunt-to-groom-talent-sonowal-119111801267_1.html

## आईएसएसएफ विश्वकप निशानेबाजी फाइनल्स, 2019

**प्रश्न-23 नवंबर, 2019 को चीन के पुतियान में संपन्न आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी फाइनल्स, 2019 में कौन-सा देश पदक तालिका में शीर्ष पर रहा?**

(a) भारत(b) चीन(c) जापान(d) रूस



उत्तर-**(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 17-23 नवंबर, 2019 के मध्य आईएसएसएफ (ISSF) विश्व कप निशानेबाजी फाइनल्स प्रतियोगिता पुतियान, चीन में संपन्न हुई।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER
MAGAZINE KING
LEARN WHILE ENJOYING

- इस प्रतियोगिता में भारत 3 स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।
- चीन 2 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा।
- इस प्रतियोगिता में भारत के मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- मनु भाकर, हिना सिद्धू के बाद विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय निशानेबाज बन गई हैं।
- भारत की एलावेमिल वालारियन ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- एलावेनिल ने ताइवान की लिन यिंग शिन को पराजित किया।
- एयर राइफल प्रतियोगिता में युवा दिव्यांश ने स्वर्ण पदक जीता।
- उन्होंने यह पदक पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में हासिल किया।
- इस स्पर्धा में हंगरी के इस्तावान पेनी ने रजत पदक जीता।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.issf-sports.org/competitions/venue.ashx?cshipid=2548

## चर्चित खेल व्यक्तित्व

### आबिद अली

**प्रश्न-अंतरराष्ट्रीय टेस्ट और वनडे (पुरुष) में अपने पदार्पण मैच में शतक बनाने वाले विश्व के पहले और एकमात्र बल्लेबाज कौन हैं?**

(a) धनंजय डि सिल्वा(b) आबिद अली(c) बाबर आजम(d) शाहीन अफरीदी



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 15 दिसंबर, 2019 को रावलपिंडी पाकिस्तान में संपन्न पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच हुए पहले टेस्ट में पाकिस्तानी बल्लेबाज आबिद अली ने अपने पदार्पण मैच में शतक लगाकर एक नया रिकॉर्ड बनाया।
- इस टेस्ट में पहली पारी में उन्होंने नाबाद 109 रन बनाए।
- इसी के साथ ही वह पुरुष अंतरराष्ट्रीय टेस्ट और वनडे में अपने पदार्पण मैच में शतक लगाने वाले विश्व के पहले बल्लेबाज बन गए।
- आबिद ने मार्च, 2019 में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध (दुबई में) अपने पदार्पण वनडे मैच में 112 रन बनाए थे।
- इस पहले टेस्ट मैच में पाकिस्तानी बल्लेबाज बाबर आजम ने भी नाबाद 102 रन बनाए।
- आबिद टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण मैच में शतक लगाने वाले 11वें पाकिस्तानी बल्लेबाज हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/cricket/international/abid-ali-record-maiden-test-100-odi-pakistan-sri-lanka-historic-test-rawalpindi-2009-terror-attacks-team-bus/article30312096.ece

## न्यूजीलैंड के महानतम ओलपिंयन का निधन

**प्रश्न-निम्न में से किस खेल का आदर्श वाक्य Citius, Altius, Fortius है?**

(a) ओलंपिक खेल(b) राष्ट्रमंडल खेल(c) एशियन खेल(d) उपरोक्त में से कोई नहीं





Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य


- 12 दिसंबर, 2019 को न्यूजीलैंड के तीन बार के ओलंपिक चैंपियन पीटर स्नेल का 80 वर्ष की उम्र में डलास (टेक्सास, सं.रा.अ.) में निधन हो गयाइनकाजन्म17 दिसंबर, 1938 को ओपुनाके न्यूजीलैंड में हुआ था।
- मध्यम दूरी के महानतम धावकों में से एक माने जाने वाले पीटर स्नेक ने वर्ष 1960 के रोम ओलंपिक में 21 वर्ष की उम्र में 800 मीटर का स्वर्ण पदक जीतापीटरस्नेलवर्ष1964 में टोकियो ओलंपिक में 800 मीटर एवं 1500 मीटर का दोहरा पदक जीतने में सफल रहे।पीटरस्नेल1920 के बाद एक ही ओलंपिक में 800 मीटर एवं 1500 मीटर का दोहरा पदक जीतने में सफल रहे।पीटरस्नेल1920 के बाद एक ही ओलंपिक में 800 मीटर एवं 1500 मीटर का पदक जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी थे। उनके बाद कोई भी धावक इस कारनामे को दोहरा नहीं पाया है।इनकेद्वाराराष्ट्रमंडलखेलोंमेंभीदोस्वर्णपदकजीतेगएहैं।
- ओलंपिक खेल का आदर्श वाक्य Citius (तेज), Altius (उच्चतर) और Fortius (मजबूत) है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.bbc.com/sport/athletics/50789304

## फुटबॉलर एजेक्वेली लावेजी का संन्यास

**प्रश्न-दिसंबर, 2019 में फुटबॉलर एजेक्वेली लावेजी ने फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। वह किस देश के पूर्व फारवर्ड खिलाड़ी हैं?**



(a) जर्मनी(b) पराग्वे(c) चिली(d) अर्जेंटीना
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 13 दिसंबर, 2019 को अर्जेंटीना के पूर्व फारवर्ड खिलाड़ी एजेक्वेली लावेजी ने फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की।
- वह पेरिसेंट-जर्मेन और नेपोली क्लब की तरफ से भी खेल चुके हैं।
- उन्होंने अपने कॅरियर के आखिरी चार सीजन चीनी सुपर लीग के हेबेई चाइना फॉर्च्यून के साथ बिताए, जिसमें वह 2016 में शामिल हुए थे।
- लावेजी ने वर्ष 2007 में अर्जेंटीना की तरफ से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया और अपने देश के लिए 51 मैच खेले।
- वह फीफा विश्व कप, 2014 में फाइनल में जर्मनी की टीम से पराजित अर्जेंटीना की टीम में शामिल थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.xinhuanet.com/english/2019-12/14/c_138629883.htm

## बासिल बुचर



**प्रश्न-16 दिसंबर, 2019 को वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज बासिल बुचर (Bosil Butcher) का निधन हो गया। उन्हें किस वर्ष विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था?**

Downloaded from www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

(a) 1969 (b) 1970 (c) 1972 (d) 1975
उत्तर-**(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 16 दिसंबर, 2019 को वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज बासिल बुचर का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- बुचर ने वर्ष 1958 में भारत के विरुद्ध मुंबई टेस्ट में पदार्पण किया था।
- बुचर ने अंतिम टेस्ट मैच वर्ष 1969 में लीड्स में इंग्लैंड के विरुद्ध खेला था।
- उन्होंने वेस्टइंडीज की तरफ से 44 टेस्ट मैचों में 3104 रन बनाए जिसमें 7 शतक और 16 अर्द्धशतक शामिल हैं।
- उन्हें वर्ष 1970 में विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था।

**संबंधित लिंक भी देखें...**
**http://www.espncricinfo.com/westindies/content/player/51239.html**

## दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच

**प्रश्न-दिसंबर, 2019 में किसे दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया?**
**(a) जैक कालिस(b) मार्क बाउचर(c) लांस क्लूजनर(d) इनोच एंक्वे**

उत्तर-**(b)**
**संबंधित तथ्य**

- दिसंबर, 2019 में दक्षिण अफ्रीका ने पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर को दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया।
- उनकी नियुक्ति की घोषणा दक्षिण अफ्रीका (CSA) क्रिकेट के कार्यकारी निदेशक और पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने की।
- बाउचर ने दक्षिण अफ्रीका की तरफ से 147 टेस्ट और 295 वनडे मैच खेले हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**
**https://www.icc-cricket.com/news/1531361**

## पीटरस्नेल

**प्रश्न-13 दिसंबर, 2019 को तीन बार के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक पीटर स्नेल का निधन हो गया। उन्होंने किस ओलंपिक में 800 मीटर दौड़ का खिताब जीता था?**
**(a) रोम ओलंपिक, 1960(b) टोक्यो ओलंपिक, 1964**
**(c) म्यूनिख ओलंपिक, 1972(d) मॉन्ट्रियल ओलंपिक, 1976**

उत्तर-**(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 13 दिसंबर, 2019 को तीन बार के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक न्यूजीलैंड के पीटर स्नेल का 80 वर्ष की आयु में डलास, संयुक्त राज्य अमेरिका में निधन हो गया।
- वह मध्यम दूरी के महानतम धावकों में से एक थे।

Downloaded From www.studymasterofficial.com

- स्नेल ने वर्ष 1960 में रोम ओलंपिक में 800 मीटर दौड़ का खिताब जीता था।
- उन्होंने वर्ष 1964 में टोक्यो ओलंपिक में 800 मीटर और 1500 मीटर दौड़ में दोहरा खिताब जीता।
- उन्होंने वर्ष 1962 में पर्थ में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में 880 याड्र्स और मील में 2 स्वर्ण पदक जीते थे।

**संबंधित लिंक भी देखें...**
**https://www.stuff.co.nz/sport/other-sports/118196968/new-zealand-athletics-legend-peter-snell-dies-aged-80**

## रोहित शर्मा

**प्रश्न-22 दिसंबर, 2019 को कटक (ओडिशा) में वेस्टइंडीज के विरुद्ध खेले गए तीसरे वनडे में रोहित शर्मा एक कैलेंडर वर्ष (2019) में सबसे अधिक छक्के लगाने वाले विश्व के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। उन्होंने वर्ष 2019 में अब तक कितने छक्के लगाए हैं?**



(a) 65(b) 74(c) 75 (d) 78
उत्तर-**(d)**
संबंधित तथ्य

- 22 दिसंबर, 2019 को वेस्टइंडीज के विरुद्ध कटक (ओडिशा) में खेले गए मैच में रोहित शर्मा एक कैलेंडर वर्ष (2019) में सबसे अधिक 78 छक्के लगाने वाले विश्व के नंबर एक बल्लेबाज बन गए।
- वर्ष 2019 में वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में छक्के लगाने के मामले में इंग्लैंड के बल्लेबाज इयॉन मॉर्गन दूसरे नंबर पर हैं जिन्होंने 60 छक्के लगाए हैं।
- वर्ष 2018 में भी एक कैलेंडर वर्ष में रोहित शर्मा सबसे अधिक छक्के (74 छक्के) लगाने वाले विश्व के पहले बल्लेबाज थे।
- वर्ष 2017 में रोहित ने 65 छक्के लगाए थे।
- विशाखापत्तनम में खेले गये वनडे में रोहित शर्मा ने शतक (159 रन) लगाकर वनडे में एक वर्ष में सबसे अधिक शतक लगाने वालों की सूची में सौरभ गांगुली और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर की बराबरी की।
- रोहित शर्मा का वनडे में यह कुल 28वां और इस वर्ष (2019) में लगाया गया 7वां शतक है।
- सचिन तेंदुलकर वनडे में 1 वर्ष में सबसे अधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में पहले नंबर पर हैं, जिन्होंने वर्ष 1998 में 9 शतक लगाए थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.news18.com/cricketnext/news/rohit-sharma-piling-on-the-runs-in-sensational-2019-2434137.html

## UWW द्वारा चयनित जूनियर फ्रीस्टाइल रेसलर ऑफ द ईयर, 2019

**प्रश्न-17 दिसंबर, 2019 को किस भारतीय पहलवान को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (UWW) द्वारा 'जूनियर फ्रीस्टाइल रेसलर ऑफ द ईयर, 2019' चुना गया?**



(a) सत्येंद्र डागर(b) पवन कुमार(c) दीपक पूनिया(d) रविंदर सिंह
उत्तर-**(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 17 दिसंबर, 2019 को विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता भारतीय पहलवान दीपक पुनिया को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (UWW) द्वारा 'जूनियर फ्रीस्टाइल रेसलर ऑफ द ईयर, 2019' चुना गया।
- वह अंतरराष्ट्रीय फेडरेशन द्वारा सम्मान पाने वाले पहले भारतीय पहलवान और देश के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं।
- वर्ष 2010 में स्वर्गीय यशवीर सिंह को इस शीर्ष निकाय (तब FILA) द्वारा 'कोच ऑफ द ईयर' घोषित किया गया था।
- उनके युद्ध कौशल को देखते हुए केंद्र सरकार द्वारा उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल तथा उत्तम युद्ध सेवा मेडल से सम्मानित किया गया।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1594325

https://www.thehindu.com/news/national/former-navy-chief-admiral-sushil-kumar-dead/article30103244.ece

# अनिल अंबानी का रिलायंस कम्युनिकेशन के निदेशक पद से इस्तीफा

**प्रश्न-दिवालिया हो चुके 'रिलायंस कम्युनिकेशंस' की स्थापना कब हुई थी?**

(a) 15 जुलाई, 2000 को(b) 15 जुलाई, 2002 को(c) 15 जुलाई, 1999 को(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(d)**

संबंधित तथ्य

- 16 नवंबर, 2019 को अनिल अंबानी ने दिवालिया हो चुके 'रिलायंस कम्युनिकेशंस के निदेशक तथा चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया।
- ध्यातव्य है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस को 15 मई, 2018 से इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड के तहत लाया गया था।
- 'रिलायंस कम्युनिकेशंस' की स्थापना वर्ष, 2004 में हुई थी।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.thehindubusinessline.com/info-tech/anil-ambani-resigns-as-reliance-communications-director/article29991833.ece

## एशियाई विकास बैंक के 10वें अध्यक्ष

**प्रश्न-2 दिसंबर, 2019 को कौन एशियाई विकास बैंक के 10वें अध्यक्ष चुने गए?**

(a) ताकेहीको नकाओ(b) जिन लिक्युन(c) के.वी. थामस(d) मसात्सुगु असकावा



**उत्तर-(d)**

संबंधित तथ्य

- 2 दिसंबर, 2019 को मसात्सुगु असकावा (Masatsugu Asakawa) एशियाई विकास बैंक (ADB) के 10वें अध्यक्ष चुने गए।
- उनका कार्यकाल 17 जनवरी, 2020 से प्रारंभ होगा।
- इस पद पर वह ताकेहिको नकाओ (Takehiko Nakao) का स्थान लेंगे।
- वह ADB के निवर्तमान अध्यक्ष ताकेहिको नकाओ के शेष कार्यकाल को पूरा करेंगे जो 23 नवंबर, 2021 को समाप्त होगा।
- मात्सुगु असकावा वर्तमान में जापान के प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के विशेष सलाहकार के रूप में कार्यरत है।
- **ADB के बारे में**
- यह एक क्षेत्रीय विकास बैंक है जिसकी स्थापना 19 दिसंबर, 1966 को हुई थी।
- इसका मुख्यालय मनीला, फिलीपींस में हैं।
- यह संयुक्त राष्ट्र का एक आधिकारिक पर्यवेक्षक है।
- वर्तमान इसके 68 सदस्य हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.adb.org/news/masatsugu-asakawa-elected-adb-president

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

## भारतीय नौसेना की पहली महिला पायलट

**प्रश्न-2 दिसंबर, 2019 को कौन भारतीय नौसेना की पहली महिला पायलट बनीं?**

(a) सब लेफ्टिनेंट शिवांशी(b) सब लेफ्टिनेंट अनुश्री दत्ता

(c) सब लेफ्टिनेंट शिवांगी स्वरूप(d) सब लेफ्टिनेंट अवनी चतुर्वेदी



**उत्तर-(c)**

संबंधित तथ्य

- 2 दिसंबर, 2019 को सब लेफ्टिनेंट शिवांगी स्वरूप भारतीय नौसेना की पहली महिला पायलट बनीं।
- इस रूप में उन्होंने कोच्चि नेवल बेस पर ऑपरेशनल ड्यूटी ज्वाइन की।
- वह भारतीय नौसेना में ड्रोनियर सर्विलांस एयरक्राफ्ट उड़ाएंगी।
- वह मूलरूप से बिहार राज्य के मुजफ्फरपुर जिले की रहने वाली हैं।
- उन्हें जून, 2018 में शॉर्ट सर्विस कमीशन पायलट एंट्री स्कीम के तहत भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।

**संबंधित लिंक भी देखें...**


http://www.newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=375501

## मशहूरअमेरिकीपर्वतारोहीब्रैडगोबराइटकानिधन

**प्रश्न-अमेरिकी पर्वतारोही ब्रैड गोबराइट निम्न में से किस पर्वतारोहण की विधा हेतु दुनिया भर में मशहूर थे?**

(a) ट्रेड क्लाइम्बिंग (Trade Climbing)(b) स्पोर्ट क्लाइम्बिंग (Sport Climbing)

(c) टॉपरोप क्लाइम्बिंग (Top Rope Climbing) (d) फ्री सोलो क्लाइम्बिंग (Free Solo Climbing)



**उत्तर-(d)**

संबंधित तथ्य

- 27 नवंबर, 2019 को पर्वतारोही ब्रैड गोबराइट की पर्वतारोहण के दौरान मेक्सिको के एल पिटोरे चिको खाई में गिरने से मौत हो गई।
- पर्वतारोहण के दौरान दोनों पर्वतारोहियों द्वारा Abseilling तकनीक का प्रयोग किया जा रहा था। यह एक ऐसी तकनीक है जिसमें रस्सी का उपयोग किया जाता है।


**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://edition.cnn.com/2019/11/29/us/brad-gobright-death-trnd/index.html

## आदेलअब्दुलमहदी

**प्रश्न-1 दिसंबर, 2019 को किस देश के प्रधानमंत्री आदेल अब्दुल महदी ने अपने पद से इस्तीफा दिया?**

(a) इराक(b) ईरान(c) यमन(d) बहरीन



**उत्तर-(a)**

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING

संबंधित तथ्य

- 1 दिसंबर, 2019 को इराक के प्रधानमंत्री आदेल अब्दुल महदी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
- वह 25 अक्टूबर, 2018 को इराक के प्रधानमंत्री बने थे।
- उल्लेखनीय है कि इन्होंने इराक में विगत दो माह से जारी हिंसक प्रदर्शन के बीच अपना इस्तीफा दिया।
- इस हिंसक प्रदर्शन में लगभग 400 से अधिक प्रदर्शनकारियों की मौत हो चुकी है।
- वर्तमान में बरहाम सालिह इराक के राष्ट्रपति है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.washingtonpost.com/world/middle_east/iraqs-prime-minister-steps-down-with-country-on-edge/2019/12/01/8c2d1480-137b-11ea-924c-b34d09bbc948_story.html

## प्रतिष्ठित कार्टूनिस्ट सुधीर डार का निधन

**प्रश्न-निम्न में से किस भारती कार्टूनिस्ट का जन्म इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में हुआ था।**



(a) आर.के. लक्ष्मण(b) विजय नारायण सेठ(c) ओ.वी. विजयन(d) सुधीर डार

उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- 26 नवंबर, 2019 को भारत के प्रतिष्ठित कार्टूनिस्ट सुधीर डार का 87 वर्ष की अवस्था में हृदयाघात से निधन हो गया।
- इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में जन्में सुधीर डार ने अपना कॅरियर आल इंडिया रेडियो से एक उद्घोषक के रूप में शुरू किया।
- सुधीर डार द्वारा कई मंत्रालयों के अलावा विश्व बैंक हेतु भी कार्टून बनाया गया।
- इनके कार्टून साधारण विषयों जैसे भ्रष्टाचार और नौकरशाही पर केंद्रीत रहते थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/india/cartoonist-sudhir-dhar-dead-6137764/

# चर्चितस्थल

## हरियाणा में आईसीसीसी का उद्घाटन

**प्रश्न-7 दिसंबर, 2019 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने किस शहर में निर्मित महत्वाकांक्षी एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (ICCC) का उद्घाटन किया?**



(a) अम्बाला(b) फरीदाबाद(c) गुरुग्राम(d) सिरसा

उत्तर-**(c)**

संबंधित तथ्य



Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- 7 दिसंबर, 2019 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुग्राम (पूर्व में गुड़गांव) में निर्मित महत्वाकांक्षी एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (ICCC-Integrated Command and Control Centre) का उद्घाटन किया।
- इसका उद्देश्य लोगों को बहुमुखी ऑनलाइन स्मार्ट सेवाएं प्रदान करना है।
- इसकी निर्माण लागत राशि 38 करोड़ रुपये है।
- एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र को स्मार्ट सिटी अनुप्रयोगों से संबंधित ऑनलाइन डेटा के लिए नोडल बिंदु के रूप में काम करने हेतु डिजाइन किया गया है।
- इन सेवाओं में सीसीटीवी-आधारित सार्वजनिक सुरक्षा और अनुकूलित यातायात प्रबंधन प्रणाली, स्मार्ट पार्किंग सिस्टम, जल आपूर्ति प्रबंधन प्रणाली, प्रदूषण निगरानी, संपत्तिकर प्रबंधन प्रणाली और संपत्ति प्रबंधन प्रणाली शामिल है।
- मौजूदा समय में शहर के 160 सरकारी भवन और पुलिस स्टेशन इस नेटवर्क से जुड़े हुए हैं।
- सभी नागरिक सेवाओं को एक मंच पर लाने के लिए आईसीसीसी हेतु एक मोबाइल ऐप भी विकसित किया गया है।
- इसके अलावा 358 ट्रैफिक चौराहों पर 1200 सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की योजना है, वर्तमान में 250 सीसीटीवी कैमरे स्थापित हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://newsonair.nic.in/News?title=Haryana-CM-inaugurates-Integrated-Command-and-Control-Centre&id=375788

## भारत में पहली बार पशु किसान क्रेडिट कार्ड वितरित

**प्रश्न-6 दिसंबर, 2019 को भारत में पहला पशु किसान क्रेडिट कार्ड कहां वितरित किया गया?**

(a) जींद(b) भिवानी(c) रायपुर(d) शहडोल

उत्तर-**(b)**



**संबंधित तथ्य**

- 6 दिसंबर, 2019 को भारत में पहली बार पशु किसान क्रेडिट कार्ड हरियाणा सरकार द्वारा पशुपालक किसानों को भिवानी, हरियाणा में वितरित किया गया।
- इस अवसर पर 101 पशुपालक किसानों को पशु किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए।
- हरियाणा सरकार ने मार्च, 2021 तक 10 लाख पशु किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने का लक्ष्य रखा है।
- इस योजना के तहत बैंक एक गाय के लिए 40783 रुपये और एक भैंस के लिए 60249 रुपये ऋण के रूप में प्रदान करते हैं।
- प्रत्येक बकरी और भेड़ के लिए 4063 रुपये और प्रति सुअर के लिए 16337 रुपये की ऋण राशि प्रदान करते हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://www.newsonair.com/News?title=Haryana-govt-distributed-101-Pashu-Kisan-Credit-Cards-in-Bhiwani&id=375743

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# विश्व का अग्रणी खेल पर्यटन स्थल, 2019

**प्रश्न-28 नवंबर, 2019 को मस्कट, ओमान में आयोजित समारोह में 26वें विश्व यात्रा पुरस्कारों 'World Travel Awards' का चयन किया गया। इसमें किस स्थल को विश्व के अग्रणी खेल पर्यटन स्थल के रूप में चुना गया है?**

(a) मॉस्को(b) मेलबर्न(c) अबू धाबी(d) ब्रासीलिया

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 28 नवंबर, 2019 को मस्कट, ओमान में ग्रैंड फिनाले गाला सेरेमनी, 2019 का आयोजन किया गया, जिसमें 26वें विश्व यात्रा पुरस्कारों 'World Travel Awards: WTA' का चयन किया गया।
- इसमें संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी को विश्व के अग्रणी खेल पर्यटन स्थल के रूप में चुना गया।
- यह लागतार 7वीं बार है जब अबू धाबी को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है।
- अन्य चयन-विश्वकाअग्रणीएडवेंचरहोटल, 2019 -जेए हट्टा फोर्ट होटल, यूएई
- विश्व का अग्रणी एडवेंचर पर्यटन स्थल 2019- चिली
- विश्व की अग्रणी एयरलाइन 2019 -एतिहाद एयरवेज
- विश्व की अग्रणी एयरलाइन एशिया, 2019- सिंगापुर एयरलाइंस
- विश्व का अग्रणी हवाई अड्डा, 2019-चांगी हवाई अड्डा, सिंगापुर
- विश्व का अग्रणी एयरपोर्ट होटल, 2019- हिल्टन लंदन हीथ्रो, हवाई अड्डा, इंग्लैंड
- विश्व का अग्रणी बीच (Beach) स्थल, 2019-मालदीव
- विश्व का अग्रणी व्यवसाय यात्रा स्थल, 2019- दुबई, यूएई
- विश्व का अग्रणी केबिन क्रू 2019- एमिरेट्स
- विश्व की अग्रणी क्रूजलाइन, 2019-नार्वेजियन क्रूजलाइन
- विश्व का अग्रणी क्रूज पोर्ट, 2019-मीना राशिद, दुबई
- विश्व का अग्रणी सांस्कृतिक स्थल, 2019-पुर्तगाल
- विश्व का अग्रणी स्थल, 2019-पुर्तगाल
- विश्व का अग्रणी विरासत स्थल, 2019- वियतनाम
- विश्व का अग्रणी होटल, 2019-अरमानी होटल, दुबई, संयुक्त अरब अमीरात
- विश्व का अग्रणी प्रकृति स्थल, 2019-ओमान
- विश्व का अग्रणी सफारी स्थल, 2019- केन्या
- विश्व का अग्रणी थीम पार्क, 2019- फेरारी वर्ल्ड अबूधाबी, दुबई
- विश्व का सबसे रोमांटिक स्थल-मॉरीशस

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.worldtravelawards.com/winners/2019/world

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# मध्य प्रदेश में पहली शासकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला



**प्रश्न-मध्य प्रदेश की पहली शासकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला कहां स्थापित की गई है?**
(a) जबलपुर(b) भोपाल(c) इंदौर(d) ग्वालियर
**उत्तर-(d)**
**संबंधित तथ्य**

- 29 नवंबर, 2019 को मध्य प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष मंत्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ ने ग्वालियर में शासकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला का लोकार्पण किया।यह प्रदेश में स्थापित पहली शासकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला है।इस प्रयोगशाला में सभी आवश्यक यंत्र एवं उपकरण यथा-यू.बी., स्पेक्ट्रो फोटोमीटर, रिफरेक्ट्रो मीटर, मॉइश्चर बैलेंस, सेमी-माइक्रोबैलेंस, पी.एच. मीटर, मफल फर्नेस, टी.एल.सी., एच.पी.टी.एल.सी., वाटर वाथ, सोस्कलेट एप्रेटस आदि उपलब्ध हैं।इसप्रयोगशालामेंड्रगएंडकॉस्मेटिकएक्ट, 1940 एवं 1945 के अनुसार आयुर्वेदिक औषधियों के प्रोटोकाल के अंतर्गत आने वाले औषधि का परीक्षण किया जाएगा।इस प्रयोगशाला में आयुर्वेद की एकल एवं मिश्रित औषधि चूर्ण, क्वाथ, वटी, रस, भस्म, पिष्टी, लेप आदि का परीक्षण एवं विश्लेषण भारत सरकार द्वारा निर्धारित औषधि मानकों के आधार पर होगा।
- औषधि परीक्षण द्वारा आयुर्वेदिक कच्ची औषधि एवं निर्मित औषधि की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सकेगी।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://www.uniindia.com/mp-govt-ayes-health-investment-policy/north/news/1803622.html

# डाल्लोल भू-तापीय क्षेत्र

**प्रश्न-हाल ही में किस स्थान पर एक ऐसे जलीय वातावरण की खोज की गई है जहां पर जीवन के किसी भी रूप का पूर्णतया अभाव है?**
(a) कल्लोल(b) डाभोल(c) मामल्लपुर(d) डाल्लोल



**उत्तर-(d)**
**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2019 में 'नेचर इकोलॉजी एंड इवोल्यूशन' नामक पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि इथियोपिया स्थित 'डाल्लोल' (DALLOL) नामक स्थान पर एक ऐसे जलीय वातावरण की खोज हुई है जहां पर जीवन के किसी भी रूप की कोई संभावना नहीं है।डाल्लोलकापरिदृश्यनमक से भरे ज्वालामुखी क्रेटर पर फैला है, जो लगातार पानी के उबलने के साथ विषाक्त गैसों का उत्सर्जन करता है।
- डाल्लोल में सर्दियों के समय भी तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहता है, जो ग्रह पर सबसे अधिक दुःखद वातावरणों में से एक है।इसस्थानकोप्रारंभिकमंगल ग्रह के स्थलीय एनालॉग के रूप में भी प्रस्तावित किया गया था।शोधकर्ताओंनेसूक्ष्मजीवोंकापतालगानेऔरउन्हेंवर्गीकृतकरनेकेलिएआनुवांशिकमार्करोंकेसाथ-साथअन्यतरीकोंसेनिष्कर्षोंकीपुष्टिकी।व्यक्तिगतकोशिकाओंकीपहचानकेलिएफ्लोरोसेंटजांचकाउपयोग किया।पानीकेनमूनोंकीजांचकेलिएस्कैनिंगइलेक्ट्रॉनमाइक्रोस्कोपीऔरएक्स-रेस्पेक्ट्रोस्कोपीकाप्रयोगकिया।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.nature.com/articles/s41559-019-1005-0#article-info

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# कलबुर्गी हवाई अड्डा

**प्रश्न-22 नवंबर, 2019 को महत्वाकांक्षी उड़ान-क्षेत्रीय संपर्क योजना के तहत निर्मित कलबुर्गी हवाई अड्डा का उद्घाटन किया गया। यह हवाई अड्डा किस राज्य में स्थित है?**

(a) तमिलनाडु(b) तेलंगाना(c) ओडिशा(d) कर्नाटक



**उत्तर-(d)**

संबंधित तथ्य

- 22 नवंबर, 2019 को कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा ने कलबुर्गी हवाई अड्डे का उद्घाटन किया।
- इसके साथ ही इस हवाई अड्डे से बंगलुरू के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए पहली विमान सेवा शुरू हुई।
- कलबुर्गी हवाई अड्डा महत्वाकांक्षी उड़ान-क्षेत्रीय संपर्क योजना के तहत निर्मित किया गया है।
- यह हवाई अड्डा 742 एकड़ क्षेत्र में निर्मित किया गया है, जिसकी अनुमानित निर्माण लागत राशि 176 करोड़ /रुपये है।
- यह हवाई अड्डा वीएफआर/दैनिक संचालन के लिए भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण से लाइसेंस प्राप्त है।
- इस हवाई अड्डे से प्रत्येक सप्ताह में तीन उड़ानें सोमवार, शुक्रवार और रविवार को संचालित होंगी।
- अभी तक उड़ान के तहत 230 मार्गों पर हवाई अड्डों का संचालन किया जा रहा है।
- उड़ान के तहत देश के सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को 700 वायुमार्गों से जोड़ा जाएगा।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1593174

MAGAZINE KING
Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# पुरस्कार/सम्मान

## गांधी नागरिकता शिखर पुरस्कार

**प्रश्न-20 दिसंबर, 2019 को किस देश के प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में गांधी नागरिकता शिक्षा पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की?**

(a) यूनान(b) मॉरीशस(c) दक्षिण अफीका(d) पुर्तगाल



**उत्तर-(d)**

संबंधित तथ्य

- 19-20 दिसंबर, 2019 के मध्य भारत की यात्रा पर रहे पुर्तगाल के प्रधानमंत्री अन्टोनियो कोस्टा ने 20 दिसंबर, 2019 को महात्मा गांधी के आदर्शों को शाश्वत बनाए रखने के लिए उनके विचारों एवं उद्धरणों से प्रेरित गांधी नागरिकता शिक्षा पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की।
- यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष प्रदान किया जाएगा।
- पहले संस्करण का पुरस्कार 'पशु कल्याण' के लिए समर्पित होगा।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://newsonair.nic.in/News?title=Portugal-announces-Gandhi-Citizenship-Education-Prize&id=376371

# एटीपी अवॉर्ड्स, 2019

**प्रश्न-19 दिसंबर, 2019 को वर्ष 2019 के लिए एटीपी पुरस्कारों की घोषणा की गई। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

(a) राफेल नडाल को लगातार दूसरी बार एटीपी स्टेफन एडबर्ग खेल भावना पुरस्कार के लिए चुना गया।

(b) कमबैक प्लेयर ऑफ द ईयर एंडी मरे को चुना गया।




(c) न्यूकमर ऑफ द ईयर जैनिक सिनर को चुना गया।

(d) एटीपी कोच ऑफ द ईयर टोनी रोचे को चुना गया।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 19 दिसंबर, 2019 को वर्ष 2019 के लिए एटीपी पुरस्कारों की घोषणा की गई।
- विश्व के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल (स्पेन) को इस वर्ष के एटीपी स्टेफन एडबर्ग खेल-भावना पुरस्कार के लिए चुना गया है।
- नडाल लगातार दूसरे और कुल तीसरी बार इस पुरस्कार के लिए चुने गए है।
- अन्य प्रदत्त पुरस्कार
- एटीपी टूर नं. 1 डबल्स टीम-जुआन सेबेस्टियन कबाल और रॉबर्ट फराह (दोनों कोलंबिया)
- कमबैक प्लेयर ऑफ द ईयर-एंडी मरे (ग्रेट ब्रिटेन)
- मोस्ट इंप्रूव्ड प्लेयर ऑफ द ईयर-माटेओ बेरेटिनी (इटली)
- न्यूकमर ऑफ द ईयर-जैनिक सिनर (इटली)
- एटीपी कोच ऑफ द ईयर-गिल्स सरवारा (रूसी टेनिस खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव के कोच)
- टिम गुलिक्सन कैरियर कोच अवॉर्ड-टोनी रोचे (ऑस्ट्रेलिया)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.atptour.com/en/news/atp-awards-2019-winners-announced

# राष्ट्रीय तानसेन सम्मान, 2019

**प्रश्न-17 दिसंबर, 2019 को मध्य प्रदेश सरकार ने किसे राष्ट्रीय तानसेन सम्मान, 2019 प्रदान किया?**

(a) विद्याधर व्यास(b) नारायणराय व्यास(c) मंजू मेहता(d) डालचंद शर्मा



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 17-21 दिसंबर, 2019 तक मध्य प्रदेश के ग्वालियर में स्थित संगीत सम्राट तानसेन के समाधि स्थल हजीरा में अंतरराष्ट्रीय तानसेन समारोह का आयोजन किया जा रहा है।
- यह लोकप्रिय शास्त्रीय संगीत उत्सव प्रतिवर्ष भारतीय इतिहास के सबसे प्रतिष्ठित गायकों में से एक 'मियां तानसेन' की याद में मनाया जाता है।
- इसका आयोजन उस्ताद अलाउद्दीन खान कला एवं संगीत अकादमी द्वारा किया गया है, जो मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग के अंतर्गत कार्य करता है।
- तानसेन मुगल सम्राट अकबर के 9 रत्नों में शामिल थे।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- इस समारोह में मध्य प्रदेश की संस्कृति मंत्री विजय लक्ष्मीसाघो ने मूर्धन्य गायक पंडित विद्याधर व्यास (ग्वालियर घराना) को वर्ष 2019 के राष्ट्रीय तानसेन सम्मान से सम्मानित किया।
- इसके अलावा उन्होंने कर्नाटक की नाट्य संस्था निनासम हेग्गोडु को राजा मान सिंह तोमर राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20191218N17&LocID=1

## 'सुपर बायर स्टेट' पुरस्कार

**प्रश्न-दिसंबर, 2019 में नई दिल्ली में आयोजित तीसरे राष्ट्रीय खरीद कान्क्लेव में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने किस राज्य को 'सुपर बायर टेस्ट' पुरस्कार प्रदान किया?**




(a) उत्तर प्रदेश(b) ओडिशा(c) महाराष्ट्र(d) कर्नाटक

उत्तर-**(a)**

संबंधित तथ्य


- 17 दिसंबर, 2019 को उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह एवं प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत सहगल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्राप्त 'सुपर बायर स्टेट' पुरस्कार प्रदान किया।
- 5 दिसंबर, 2019 को नई दिल्ली में आयोजित तीसरे राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद कॉन्क्लेव (National Public Procurement Conclave) में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उत्तर प्रदेश को यह पुरस्कार प्रदान किया।
- यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश को जम (GeM) पोर्टल के माध्यम से देश में सर्वाधिक खरीद (3431.67 करोड़ रुपये की खरीद) के लिए प्रदान किया गया है।
- इसी कॉन्क्लेव 'सुपर बायर मंत्रालय' का पुरस्कार केंद्रीय गृह मंत्रालय को और 'राइजिंग बायर मंत्रालय' का पुरस्कार पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को प्रदान किया गया।
- 'राइजिंग बायर स्टेट' पुरस्कार ओडिशा को और 'मोस्ट कॉम्पलिएन्ट (Compliant) बायर स्टेट' पुरस्कार अरुणाचल प्रदेश को प्रदान किया गया।
- सार्वजनिक उपक्रमों में 'सुपर बायर पुरस्कार' एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को प्रदान किया गया।
- सुपर सेलर पुरस्कार टाटा मोटर्स लिमिटेड को प्रदान किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/erelease.aspx

## 26वां क्रिस्टल अवॉर्ड, 2020

**प्रश्न-13 दिसंबर, 2019 को विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा वार्षिक 26वें क्रिस्टल अवॉर्ड की घोषणा की गई। इसमें किस प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री को शामिल किया गया है?**



(a) प्रियंका चोपड़ा(b) दीपिका पादुकोण(c) दीया मिर्जा(d) अनुष्का शर्मा

उत्तर-**(b)**

Downloaded from www.studymastersofficial.com MAGAZINEKING STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING

**संबंधित तथ्य**

- 13 दिसंबर, 2019 को विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा वार्षिक '26वें क्रिस्टल अवॉर्ड' (26th Crystal Award), 2020 की घोषणा की गई।
- यह पुरस्कार ऑस्ट्रेलियाई कलाकार लिनेट वालवर्थ (Lynette Wallworth), चीन की प्रसिद्ध ट्रांसजेंडर सेलिब्रिटी जिन जिंग (Jin Xing), प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण तथा अमेरिकी कलाकार थिएस्टर गेट्स (Theaster Gates) को प्रदान किया जाएगा।
- उन्हें यह पुरस्कार 21-24 जनवरी, 2020 के मध्य दावोस क्लोस्टर्स (स्विट्जरलैंड) में आयोजित विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में प्रदान किया जाएगा।
- थिएस्टर गेट्स को यह सम्मान स्थायी समुदायों के निर्माण में उनके नेतृत्व के लिए दिया जाएगा।
- जिन जिंग को यह सम्मान समावेशी सांस्कृतिक मानदंडों को आकार देने में उनके नेतृत्व के लिए दिया जाएगा।
- दीपिका पादुकोण को यह पुरस्कार मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में उनके नेतृत्व के लिए दिया जाएगा।
- लिनेट वालवर्थ को यह पुरस्कार समावेशी आख्यान बनाने में उनके नेतृत्व के लिए दिया जाएगा।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.news18.com/news/movies/deepika-padukone-bags-award-for-mental-health-awareness-2423843.html

## साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2019

**प्रश्न-18 दिसंबर, 2019 को साहित्य अकादमी ने 23 भारतीय भाषाओं में वार्षिक साहित्य अकादमी पुरस्कार की घोषणा की। किसे अंग्रेजी भाषा के साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा?**




(a) अनीस सलीम(b) विक्रम सेठ(c) शशि थरूर (d) रहमान अब्बास

उत्तर-**(c)**

संबंधित तथ्य

- 18 दिसंबर, 2019 को साहित्य अकादमी ने 23 भारतीय भाषाओं में वार्षिक साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2019 की घोषणा की।
- सात कविता-संग्रह, चार उपन्यास, छह कहानी संग्रह, तीन निबंध संग्रह, एक-एक कथेतर गद्य, आत्मकथा और जीवनी के लिए ये पुरस्कार घोषित किए गए हैं।
- कविता संग्रहों के लिए पुरस्कृत कवि हैं-डॉ. फुकन चंद्र बसुमतारी (बोडो), डॉ. नंद किशोर आचार्य (हिंदी), निलबा आ. खांडेकर (कोंकणी), कुमार मनीष अरविंद (मैथिली), वी. मधुसूदनन नायर (मलयालम), अनुराधा पाटिल (मराठी) एवं प्रो. पेन्ना-मधुसूदन (संस्कृत)।
- उपन्यास हेतु पुरस्कृत उपन्यासकार हैं- डॉ. जयश्री गोस्वामी महंत (असमिया), एल. बीरमंगल सिंह (बेरील थांगा) (मणिपुरी), चो. धर्मन (तमिल) एवं बंदि नारायणा स्वामी (तेलुगु)।
- कहानी-संग्रहों के लिए पुरस्कृत कहानीकार हैं-अब्दुल अहद हाजिनी (कश्मीरी), तरुण कांति मिश्र (ओड़िया), किरपाल कजाक (पंजाबी), रामस्वरूप किसान (राजस्थानी), कालीचरण हेम्ब्रम (संताली) एवं ईश्वर मूरजाणी (सिंधी)।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- निबंध-संग्रहों के लिए पुरस्कृत निबंधकार हैं-डॉ. चिन्मय गुह (बंगाली), ओम शर्मा 'जन्द्रयाड़ी' (डोगरी) एवं रतिलाल बोरीसागर (गुजराती)।डॉ. शशि थरूर (अंग्रेजी), डॉ. विजया (कन्नड) एवं प्रो. शाफे किदवई (उर्दू) को क्रमशः सृजनात्मक कथेतर गद्य (Non Fiction), आत्मकथा एवं जीवनी के लिए पुरस्कृत किया गया।
- नंद किशोर आचार्य के कविता संग्रह 'छीलते हुए अपने को' के लिए उन्हें हिंदी भाषा के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लेखक शशि थरूर के कथेतर गद्य (Non Fiction) 'एन एरा ऑफ डार्कनेस' (An Era of Darkness) के लिए उन्हें अंग्रेजी भाषा के साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार 1 जनवरी, 2013 से 31 दिसंबर, 2017 के दौरान पहली बार प्रकाशित पुस्तकों पर दिए गए हैं।
- इस पुरस्कार के तहत एक उत्कीर्ण ताम्रफलक, शॉल और 1 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाती है।
- घोषित पुरस्कार 25 फरवरी, 2020 को नई दिल्ली में आयोजित एवं विशेष समारोह (साहित्योत्सव) में दिए जाएंगे।

**संबंधित लिंक भी देखें...**
http://sahitya-akademi.gov.in/pdf/sahityaakademiawards2019_h.pdf

## 33वां मूर्तिदेवी पुरस्कार-2019

**प्रश्न-6 दिसंबर, 2019 को भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा किसे '33वें मूर्तिदेवी पुरस्कार' से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई?**

(a) जॉय गोस्वामी(b) एम.पी.वीरेंद्र कुमार(c) डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी(d) शंखा घोष



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 6 दिसंबर, 2019 को भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा वर्ष 2019 के प्रतिष्ठित 33वें मूर्तिदेवी पुरस्कार की घोषणा की गई।इस वर्ष यह पुरस्कार साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष एवं हिंदी के प्रसिद्ध कवि-आलोचक डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी को प्रदान किया जाएगा।उन्हें यह पुरस्कार उनकी आत्मकथा 'अस्ति और भवति' के लिए दिया जाएगा।प्रो. सत्यव्रत शास्त्री की अध्यक्षता में गठित मूर्तिदेवी पुरस्कार चयन बोर्ड द्वारा इन्हें इस पुरस्कार को दिए जाने की घोषणा की गई।ज्ञातव्य है कि वर्ष 1982 में भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा मूर्ति देवी (जो भारतीय ज्ञानपीठ के संस्थापक साहू शांति प्रसाद जैन की मां है।) की स्मृति में इस पुरस्कार को प्रतिवर्ष दिए जाने का निर्णय लिया।यह पुरस्कार भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भाषाओं में से किसी भी लेखक के उन पुस्तकों का चयन किया जाता है जिनसे भारतीय दर्शन एवं संस्कृति के मानवीय मूल्य प्रदर्शित होते हैं।
- इस पुरस्कार के तहत चार लाख रुपये की पुरस्कार राशि, सरस्वती देवी की प्रतिमा व प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाता है।वर्ष 2017 का 31वां मूर्तिदेवी पुरस्कार प्रसिद्ध बंगाली कवि जॉय गोस्वामी को उनके काव्य-संग्रह 'दू दोंदो फोवारा मात्रो' के लिए दिया गया था।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://www.jnanpith.net/media_image/announcement/33rd%20%20Moortidevi%20Award%20for%20the%20year%202019%20to%20%E2%80%98ASTI%20AUR%20BHAVTI%E2%80%99%20written%20by%20DR.%20VISHWANATH%20PRASAD%20TIWARI.pdf

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# नेशनल मिशन फार क्लीन गंगा को पुरस्कार

**प्रश्न-जियो स्मार्ट इंडिया (Geo Smart India) के 20वें संस्करण का आयोजन हैदराबाद में निम्न में से किन तिथियों के मध्य किया गया।**



(a) 3-5 दिसंबर, 2019(b) 15-18 नवंबर, 2019(c) 3-5 अगस्त, 2019 (d) 7-9 सितंबर, 2019

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- "नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा" को जियो स्मार्ट इंडिया के 20वें संस्करण, जिसका आयोजन हैदराबाद में 3 से 5 दिसंबर, 2019 तक किया गया में "Leadership in Rejuvenation and Protection of Fresh Water System in India" पुरस्कार दिया गया।
- यह सम्मेलन भारत की सबसे बड़ी भूस्थानिक घटना है, जिसका उद्देश्य भूस्थानिक और उभरती हुई प्रौद्योगिकियों की विकसित दुनिया को एक साथ लाना है।
- जल क्षेत्र में अपनी परिवर्तनकारी पहल के लिए एनएमसीजी को यह पुरस्कार दिया गया है।
- NMCG को नदी की सफाई के कार्य हेतु भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियों को उपयोग हेतु मान्यता प्रदान की गई है। इसके द्वारा LiDAR (Light Detection and Ranging) का उपयोग संपूर्ण गंगा नदी बेसिन के उच्च रिजॉल्युशन मानचित्र प्राप्त करने के लिए किया जा रहा है।
- नेशनल रिपोर्ट सेंसिंग सेंटर (NRSC), जो भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का एक हिस्सा है, गंगा नदी में प्रदूषण की निगरानी के उद्देश्य को प्राप्त करने के उद्देश्य ये विभिन्न गतिविधियों के लिए भूस्थानिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए NMCG का समर्थन करता रहा है।
- NMCG प्रभावी निष्पादन एवं निर्णय लेने के लिए पूरे गंगा नदी बेसिन की GIS मैपिंग प्राप्त करने का प्रयास करता है।
- NMCG द्वारा DEM (Digital Elevation Model) तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा है जो सटीक डाटा संग्रह सुनिश्चित करता है तथा नदी बेसिन प्रबंधक योजना के लिए एक महत्वपूर्ण पहलू है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.business-standard.com/article/news-ani/national-mission-for-clean-ganga-awarded-at-the-20th-geosmart-india-conference-in-hyderabad-119120600713_1.html

## फिक्की इंडिया स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स-2019

**प्रश्न-11 दिसंबर, 2019 को प्रदत्त फिक्की इंडिया स्पोर्ट्स अवॉर्ड-2019 में किसे स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर (पुरुष) पुरस्कार से सम्मानित किया गया?**



(a) विराट कोहली(b) बजरंग पूनिया(c) सौरभ चौधरी(d) सुनील छेत्री

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 11 दिसंबर, 2019 को फिक्की (FICCI) द्वारा फेडरेशन हाउस, नई दिल्ली में 9वीं ग्लोबल स्पोर्ट्स समिट 'टर्फ 2019' (TURF, 2019) का आयोजन किया गया।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- इस समिट के दौरान फिक्की इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड्स, 2019 के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।
- फिक्की द्वारा खिलाड़ियों को यह पुरस्कार खेलों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता है।
- पुरस्कार विजेताओं का चयन सेवानिवृत्त न्यायाधीश मुकुल मुदगल की अध्यक्षता में गठित जूरी द्वारा किया गया।
- भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल और निशानेबाज सौरभ चौधरी को फिक्की इंडिया स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स 2019 में क्रमशः महिला और पुरुष 'स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- अन्य प्रदत्त पुरसकार इस प्रकार रहे-
- बेस्ट नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन-भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (NRAI)
- पैरा एथलीट ऑफ द ईयर (पुरुष)-संदीप चौधरी (जवेलिन)।
- पैरा एथलीट ऑफ द ईयर (महिला)-मानसी जोशी (बैडमिंटन)
- ब्रेकथ्रू स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर-अमित पंघल
- कोच या स्पोर्ट स्टॉफ ऑफ द ईयर-सत्यनारायण
- लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड (प्रशासक)-गोविंदराज केम्पारेड्डी
- लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड-पंकज आडवाणी (क्यू खेल)
- बेस्ट स्टेट प्रोमोटिंग स्पोर्ट्स-ओडिशा
- बेस्ट स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट-कामेस श्रीनिवासन

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://www.ficci.in/index.asp

## लोकमत संसदीय पुरस्कार, 2019

**प्रश्न-10 दिसंबर, 2019 को उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने लोकमत संसदीय पुरस्कार के तहत उत्कृष्ट सांसदों को पुरस्कृत किया। इसमें किसे राज्य सभा के लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया?**

(a) डॉ. मनमोहन सिंह(b) जया बच्चन(c) कहकशां परवीन(d) भारती पवार




उत्तर-**(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 10 दिसंबर, 2019 को उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने लोकमत संसदीय पुरस्कार के तहत 8 उत्कृष्ट सांसदों को पुरस्कृत किया।इसमें पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को राज्य सभा तथा वरिष्ठ सपा नेता मुलायम सिंह यादव को लोक सभा में लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
- सर्वश्रेष्ठ सांसद (राज्य सभा)-द्रमुक (DMK) सांसद तिरूचि शिवा।सर्वश्रेष्ठ सांसद (लोक सभा)-तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय।सर्वश्रेष्ठ महिला सांसद (राज्य सभा)-कांग्रेस की विप्लव ठाकुर
- सर्वश्रेष्ठ महिला सांसद (लोक सभा)-एनसीपी की सुप्रिया सुले।
- सर्वश्रेष्ठ पदार्पण सांसद (राज्य सभा)-जदयू (JDU) की कहकशां परवीन।
- सर्वश्रेष्ठ पदार्पण सांसद (लोक सभा)-एनसीपी की भारती पवार।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://vicepresidentofindia.nic.in/hi/events

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING

# स्पेस ऑस्कर पुरस्कार

**प्रश्न-अभी हाल में निम्न में से किस स्टार्टअप को स्पेस ऑस्कर पुरस्कार प्राप्त हुआ है।**

(a) एंडमी (&Me)(b) ऐसले (AISLE)

(c) ब्लूटोकाई (Blue Tokai) (d) ब्लूस्काई एनेलिटिक्स (Blue Sky Analytics)



उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- गुरुग्राम स्थित स्टार्टअप ब्लूस्काई एनेलिटिक्स को, जूरी (ZURI) नामक एप्लीकेशन विकसित करने के लिए सामाजिक उद्यमिता (Social Enterpreneurship) श्रेणी के अंतर्गत स्पेस ऑस्कर के नाम से मशहूर कोपर्निकस मास्टर्स पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- यह पुरस्कार यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (European Space Agency) के सहयोग से यूरोपीय आयोग द्वारा चलाए जाने वाले पृथ्वी निगरानी कार्यक्रम के तहत दिया जाता है।
- इस एप्लीकेशन में बेहतर निगरानी, आपूर्ति शृंखला और मूल्य निर्धारण विश्लेषण के साथ-साथ अन्य उद्योगों में कच्चे माल के रूप में उपयोग किए जाने वाले फसल कचरे के आवंटन के लिए उपग्रह डाटा उपयोग किया जाता है।
- यह एप्लीकेशन आर्टीफिशियल इन्टेलीजेंस पर आधारित है, जो भारत में खेतों में लगने वाली आग और पराली जलने की घटना का पता लगाने और निगरानी के लिए विकसित किया गया है।
- भारत में हर वर्ष सर्दियों में नई फसल के लिए खेत तैयार करने के लिए मिलियन टन पराली को जला दिया जाता है, जिसके कारण बड़े पैमाने पर ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता है जो देश की राजधानी नई दिल्ली एवं आस-पास के इलाकों में वायु प्रदूषण का मुख्य कारण है।
- ब्लू स्काई एनेलिटिक्स को यह पुरस्कार 4 दिसंबर, 2019 को फिनलैंड के हेलसिंकी में आयोजित यूरोपीय अंतरिक्ष सप्ताह के दौरान प्राप्त हुआ।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://copernicus-masters.com/awards/

# चौथा ब्रिक्स-यंग साइंटिस्ट फोरम, 2019

**प्रश्न-6-8 नवंबर, 2019 के मध्य चौथा ब्रिक्स-यंग साइंटिस्ट फोरम, 2019 कहां संपन्न हुआ?**

(a) नई दिल्ली(b) रियो डी जेनेरियो(c) कोलकाता(d) मॉस्को



उत्तर-**(b)**

संबंधित तथ्य

- 6-8 नवंबर, 2019 के मध्य 'चौथा ब्रिक्स-यंग साइंटिस्ट फोरम, (4th BRICS Young Scientist Forum), 2019 रियो डी जेनेरियो, ब्राजील में संपन्न हुआ।
- इस सम्मेलन में पांचों सदस्य देशों के लगभग 100 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- इसमें भारतीय शोधार्थी रवि प्रकाश ने ब्रिक्स यंग इनोवेटर प्राइज (BRICS Young Innovator Prize) में पहला स्थान प्राप्त किया।
- उन्होंने यह प्राइज अपने शोध कार्य दूध को अत्यधिक ठंडा रखने के लिए विकसित उपकरण हेतु जीता।

- इस पुरस्कार के तहत उन्होंने 25000 अमेरिकी डॉलर पुरस्कार प्राप्त किया।
- रवि प्रकाश, दक्षिण क्षेत्रीय स्टेशन, आईसीएआर (ICAR)-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, बंगलुरू के डेयरी इंजीनियरिंग अनुभाग में पीएचडी स्कॉलर हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://www.brics-ysf.org/

## दिवाली 'पॉवर ऑफ वन' पुरस्कार-2019

**प्रश्न-6 दिसंबर, 2019 को न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में किस भारतीय को दिवाली पॉवर ऑफ वन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया?**



(a) सैय्यद अकबरूद्दीन(b) आशा खेमका(c) लक्ष्मी पुरी(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- 6 दिसंबर, 2019 को न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में यूएन में नियुक्त चार प्रसिद्ध राजनयिकों को 'दिवाली पॉवर ऑफ वन' (Diwali Pawer of one) पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- उनको यह सम्मान सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण दुनिया बनाने की दिशा में उनके कार्यों और विशेष रूप से अमेरिका में किए गए उनके कार्यों को लेकर दिया गया।इसपुरस्कारको'कूटनीतिकेऑस्कर'केरूपमेंजानाजाताहै।
- इसे वर्ष 2017 में दिवाली फाउंडेशन यूएसए इंक ने शुरू किया था।पुरस्कारपानेवालोंमेंकजाखस्तानकेपूर्वविदेशमंत्रीएवंसंयुक्तराष्ट्रमेंस्थायीप्रतिनिधिकैरातअब्दराखमानोव, साइप्रस के पूर्व स्थायी प्रतिनिधि निकोलस एमिलियू, स्लोवाकिया के स्थायी प्रतिनिधि फ्रांतिसेक रूजिका और यूक्रेन के स्थायी प्रतिनिधि वोलोदिमिर येलचेंको शामिल हैं।पुरस्कारपानेवालोंमेंकोईभारतीयनहींहै।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://un.mfa.gov.by/en/mission/news/d8f3b9f998f4fe90.html

## यू.के. की रॉयल एयरोनॉटिकल सोसाइटी द्वारा फेलोशिप से सम्मानित भारतीय वैज्ञानिक

**प्रश्न-नवंबर, 2019 में किस भारतीय वैज्ञानिक को यू.के. की रॉयल एयरोनॉटिकल सोसाइटी द्वारा फेलोशिप से सम्मानित किया गया?**



(a) जी. सतीश रेड्डी(b) यू.के. सिन्हा(c) डॉ.के. सिवन(d) टेसी थॉमस

उत्तर-**(a)**

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2019 में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के अध्यक्ष जी. सतीश रेड्डी को यूनाइटेड किंगडम की रॉयल एयरोनॉटिकल सोसाइटी द्वारा फेलोशिप से सम्मानित किया गया।

STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING
Downloaded From www.studymasterofficial.com


- वह विगत 100 वर्षों में पहले भारतीय वैज्ञानिक हैं जिन्हें यू.के. की रॉयल एयरोनॉटिकल सोसाइटी ने इस फेलोशिप से सम्मानित किया है।उन्हेंयहसम्मानस्वदेशीहथियारोंकेनिर्माण, उनका विकास तथा सही स्थान पर उनकी तैनाती में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.drdo.gov.in/sites/default/files/drdo-news-documents/DRDO_News_27_Nov_2019.pdf

## राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार, 2019

**प्रश्न-5 दिसंबर, 2019 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने नर्सिंग सेवा के 36 कर्मियों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगल पुरस्कार प्रदान किया। इस पुरस्कार की स्थापना कब हुई थीं?**



(a) वर्ष 1985(b) वर्ष 1986(c) वर्ष 1973 (d) वर्ष 1990

उत्तर-**(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 5 दिसंबर, 2019 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में नर्सिंग सेवा के 36 कर्मियों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार, 2019 प्रदान किया।
- विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 36 पुरस्कृत कर्मियों सहायक नर्स, मिडवाइफ्स (एएनएम), लेडी हेल्थ लिजिटर (एलएचवी) और नर्सों ने राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त किया।
- ज्ञातव्य है कि केंद्र सरकार ने समाज के प्रति नर्सों की उल्लेखनीय सेवा को मान्यता देते हुए वर्ष 1973 में इस पुरस्कार की शुरुआत की थी।


**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=195443

## कोम्ब मेडल

**प्रश्न-2 दिसंबर, 2019 को किसे ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित टॉप टेनिस अवॉर्ड 'न्यूकोम्ब मेडल' से सम्मानित किया गया?**

(a) निक किर्जियोस(b) एश्लेघ बार्टी(c) एलेक्स डी मिनाउर(d) बर्नार्ड टॉमिक



उत्तर-**(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 2 दिसंबर, 2019 को ऑस्ट्रेलिया की एश्लेघ बार्टी को ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित टॉप टेनिस अवॉर्ड न्यूकोम्ब मेडल (Newcombe Medal) से सम्मानित किया गया।
- यह पदक उन्होंने लगातार तीसरे वर्ष जीता है।
- इससे पूर्व उन्हें वर्ष 2017 में इस पदक से सम्मानित किया गया था।
- वर्ष 2018 में एश्लेघ बार्टी के साथ ही एलेक्स डी मिनाउर को इस पदक से सम्मानित किया गया था।
- बार्टी ने इस वर्ष फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था और वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थी।
- बार्टी ने नवंबर, 2019 में शेनझेन, चीन में हुई डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब भी जीता था।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING


- इससे पूर्व बार्टी के फेड कप टीम की जोड़ीदार सामंथा स्टीसुर ने वर्ष 2010-2012 तक लगातार 3 वर्षों तक यह पदक जीता था।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.tennis-tourtalk.com/51797/ashleigh-barty-awarded-newcombe-medal-for-third-year-running

## पुस्तक- 'डिसरोबिंग ऑफ द्रोपदी एंड अदर स्टोरीज'

**प्रश्न-'डिसरोबिंग ऑफ द्रोपदी एंड अदर स्टोरीज' पुस्तक के लेखक कौन हैं?**




(a) माग्रेट डिसूजा(b) अधिरंजन मोहंती(c) अन्टोनी डिसा 'टीनो'(d) मयंक शरण चतुर्वेदी
उत्तर-**(c)**
संबंधित तथ्य


- 3 दिसंबर, 2019 को मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव सुधिरंजन मोहंती ने पुस्तक 'डिसरोबिंग ऑफ द्रोपदी एंड अदर स्टोरीज' का विमोचन किया।इस पुस्तक के लेखक मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव तथा अध्यक्ष रेरा अन्टोनी डिसा 'टीनो' हैं।इस पुस्तक में लेखक ने प्रारंभिक वर्षों के प्रशासनिक अनुभवों और भावनाओं के वैविध्य का उल्लेख किया है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://Disrobing of Dropadi and other Stories https://www.centralchronicle.com/mohanty-releases-desas-book-disrobing-of-dropadi-and-other-stories/

## बैलोन डी' ओर, 2019

**प्रश्न-दिसंबर, 2019 में किसे फुटबॉल के प्रतिष्ठित पुरस्कार 'बैलोन डी' ओर' से पुरुस्कृत किया गया?**



(a) लियोनेल मेसी(b) क्रिस्टियानो रोनाल्डो(c) लुका मोड्रिक(d) नेमार
उत्तर-**(a)**
संबंधित तथ्य

- 2 दिसंबर, 2019 को पेरिस में आयोजित समारोह में बैलोन डी'ओर, 2019 (BallonD'or) अर्जेंटीना और बार्सिलोना के स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी को प्रदान किया गया।लियोनेल मेसी ने रिकॉर्ड छठीं बार यह पुरस्कार जीता है।वह इस पुररस्कार को सर्वाधिक बार जीतने वाले विश्व के पहले फुटबॉल खिलाड़ी बन गए हैं।
- पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 5 बार यह पुरस्कार जीता है।महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रदत फेमिनिन बैलोन डी' ओर अवॉर्ड संयुक्त राज्य अमेरिका की मेगन रैपिनो को प्रदान किया गया।मेगन ने दूसरी बार यह अवॉर्ड जीता है।मेगन ने इस वर्ष फीफा वर्ल्ड कप में गोल्डन बॉल और गोल्डन बूट का अवॉर्ड जीता
- **संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.getfootballnewsfrance.com/

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

## क्रिस्टोफर मार्टिन-जेनकिंस स्प्रिट ऑफ क्रिकेट अवॉर्ड, 2019

**प्रश्न-दिसंबर, 2019 में बेहतरीन खेल भावना के लिए किस देश की क्रिकेट टीम को क्रिस्टोफर मार्टिन-जेनकिंस स्प्रिट ऑफ क्रिकेट अवॉर्ड, 2019 प्रदान किया गया?**



(a) ऑस्ट्रेलिया(b) बांग्लादेश(c) न्यूजीलैंड(d) इंग्लैंड

**उत्तर-(c)**

संबंधित तथ्य

- 2 दिसंबर, 2019 को न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम को वर्ष 2019 के लिए क्रिस्टोफर मार्टिन-जेनकिंस स्प्रिट ऑफ क्रिकेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
- यह पुररस्कार केन विलियमसन की अगुवाई वाली न्यूजीलैंड की टीम को विश्व कप फाइनल में हार के बावजूद प्रस्तुत खेल भावना, खेल कौशल और विनम्रता के लिए प्रदान किया गया है।
- इसी वर्ष इंग्लैंड के लॉर्ड्स में खेले गए आईसीसी पुरुष विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड से हुए रोमांचक मुकाबले में नाटकीय ढंग से मिली पराजय के बावजूद भी न्यूजीलैंड की टीम ने बेहतरीन खेल भावना का प्रदर्शन किया था।
- खेल भावना के लिए प्रदत्त किए जाने वाले इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 2013 में मेलबर्न क्रिकेट क्लब (एमसीसी) और ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) ने संयुक्त रूप से की थी।
- यह पुरस्कार एमसीसी के पूर्व अध्यक्ष और बीबीसी के टेस्ट मैच के विशेष कमेंटेटर रहे क्रिस्टोफर मार्टिन-जेनकिंस की स्मृति में शुरू किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.bbc.com/sport/cricket/50640927

## सेरी-ए प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**प्रश्न-दिसंबर, 2019 में इटैलियन फुटबॉलर्स एसोसिएशन द्वारा किसे सेरी-ए 'प्लेयर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया?**



(a) क्रिस्टियानो रोनाल्डो(b) माउरो इकार्डी(c) समीर हांडानोविक(d) निकोलो जानीओला

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2019 में जुवेंट्स फुटबॉल क्लब और पुर्तगाल के स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को वर्ष 2018 के लिए सेरी-ए प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
- वह वर्ष 2018 में इस फुटबॉल क्लब में शामिल हुए।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.orissapost.com/cristiano-ronaldo-wins-serie-a-player-of-the-year-award/

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING

## मिस यूनिवर्स-2019

**प्रश्न-8 दिसंबर, 2019 को अटलांटा (जॉर्जिया), में आयोजित 68वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता, 2019 का खिताब किसने जीता?**



(a) पॉलिना वेगा(b) डेमी ले नेल-पीटर्स(c) जोजिबिनी टूंजी(d) कैटरिओना ग्रे

उत्तर-**(c)**

संबंधित तथ्य

- 8 दिसंबर, 2019 को मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता का 68वां संस्करण अटलांटा (जॉर्जिया), अमेरिका में संपन्न हुआ।इसमें विभिन्न देशों की कुल 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- प्रतियोगता में दक्षिण अफ्रीका की जोजिबिनी टूंजी (Zozibini Tunzi) ने वर्ष 2019 का मिस यूनिवर्स का खिताब जीता।वर्ष2018 की मिस यूनिवर्स फिलीपींस की कैटरिओना ग्रे ने जोजिबिनी टूंजी को मिस यूनिवर्स 2019 का ताज पहनाया।इसप्रतियोगताकीप्रथमउपविजेता (1st Runner Up) प्यूर्टो रिको की मैडीसन एंडरसन (Madison Anderson) तथा द्वितीय उप विजेता (2nd Runner Up) मैक्सिको की सोफिया अरागॉन (Sofia Aragon) रहीं।
- इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व वर्तिका सिंह ने किया।
- वह शीर्ष 10 में जगह बनाने में असफल रहीं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.missuniverse.com/titleholder

## डैनी काये मानवतावादी पुरस्कार, 2019

**प्रश्न-3 दिसंबर, 2019 को किसे यूनिसेफ द्वारा डैनी काये मानवतावादी पुरस्कार से सम्मानित किया गया?**



(a) प्रियंका चोपड़ा(b) आमिर खान(c) अक्षय कुमार(d) नीता अंबानी

उत्तर-**(a)**

संबंधित तथ्य

- 3 दिसंबर, 2019 को प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा को यूनिसेफ द्वारा डैनी काये मानवतावादी पुरस्कार (Danny Kaye Humanitarian Award)-2019 से सम्मानित किया गया।
- प्रियंका चोपड़ा ने न्यूयॉर्क में आयोजित समारोह '15वां वार्षिक यूनिसेफ स्नो फ्लेक बॉल' में यह पुरस्कार ग्रहण किया।यूनाइटेड नेशन्स चिल्ड्रेन्स फंड ने प्रियंका चोपड़ा को इस पुरस्कार के लिए नामित किया था।
- उन्हें यह पुरस्कार पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए दिया गया।
- प्रियंका चोपड़ा यूनिसेफ की सद्भावना राजदूत भी हैं।
- ज्ञातव्य है कि यह पुरस्कार अमेरिकी अभिनेता और समाज सेवक डैनी काये के नाम पर रखा गया है।
- उल्लेखनीय है कि डैनी काये यूनिसेफ के पहले सद्भावना दूत थे।


**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.indiatoday.in/movies/celebrities/story/priyanka-chopra-receives-danny-kaye-humanitarian-award-nick-jonas-is-inspired-1625313-2019-12-05

MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING
Downloaded From www.studymasterofficial.com

# 55वां ज्ञानपीठ पुरस्कार-2019

**प्रश्न-29 नवंबर, 2019 को किसे 55वें ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?**




(a) अक्कीतम अच्युतन नंबूथिरी(b) नासिरा शर्मा(c) मनीषा कुलश्रेष्ठ(d) ममता कालिया

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 नवंबर, 2019 को प्रसिद्ध मलयालम कवि अक्कीतम अच्युतन नंबूथिरी (Akkitham Achuthan Namboothiri) को 55वें ज्ञानपीठ पुरस्कार, 2019 प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।
- उन्होंने कविताओं के अलावा नाटक, संस्मरण, आलोचनात्मक निबंध, बाल साहित्य और अनुवाद का कार्य किया।
- उनकी रचनाएं मानवीय भावनाओं को बड़ी ही गहराई से उकेरती हैं।
- उनकी कविताओं में भारतीय दार्शनिक व सामाजिक मूल्यों का समावेश मिलता है जो कि आधुनिकता और परंपरा के बीच एक सेतु की तरह है।
- उन्होंने लगभग 55 पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें से 45 कविता-संग्रह है।
- उनकी कुछ प्रमुख कृतियों में "निमिषाक्षेत्रम", "बालिदर्शनम", "अमृता घटिका" आदि प्रमुख हैं
- उन्हें उनकी कृति "बालिदर्शनम (कविता-संग्रह) के लिए वर्ष 1973 में मलयालम भाषा के साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- इसके अलावा, उन्हें वर्ष 2017 में पद्मश्री, केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार (वर्ष 1971 तथा 1973) तथा वायलर पुरस्कार (वर्ष 2012) से सम्मानित किया जा चुका है।
- वह मलयालम भाषा में ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले छठवें लेखक होंगे।
- उल्लेखनीय है कि भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा वर्ष 1961 में स्थापित यह पुरस्कार संविधान की 8वीं अनुसूची में वर्णित 22 भारतीय भाषाओं में लेखन करने वाले साहित्यकार को उनके जीवन भर के साहित्यिक योगदान हेतु प्रदान किया जाता है।
- इस पुरस्कार के तहत, 11 लाख रुपये की धनराशि, प्रशस्ति-पत्र तथा वाग्देवी की कांसे की प्रतिमा प्रदान किया जाता है।
- पहला ज्ञानपीठ पुरस्कार वर्ष 1965 में मलयालम साहित्यकार जी. शंकर कुरूप को प्रदान किया गया था।
- ज्ञातव्य है कि 54वां ज्ञानपीठ पुरस्कार, 2018 अंग्रेजी के प्रसिद्ध लेखक एवं उपन्यासकार अमिताव घोष को प्रदान किया गया था।
- वह इस पुरस्कार को पाने वाले अंग्रेजी भाषा के पहले लेखक थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/books/malayalam-poet-akkitham-wins-55th-jnanpith-award/article30116908.ece

# 'हृदयेश्वर सिंह भाटी' को राष्ट्रीय पुरस्कार

**प्रश्न-दिव्यांगों के सशक्तीकरण के लिए उत्कृष्ट रचनात्मक श्रेणी का राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हाल ही में किसे प्रदान करने का निर्णय लिया गया है?**



(a) परमेश्वर सिंह भाटी(b) जोगेश्वर सिंह भाटी(c) हृदयेश्वर सिंह भाटी(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(c)**



Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

**संबंधित तथ्य**

- नवंबर, 2019 में **दिव्यांगों के सशक्तीकरण** के लिए दिए जाने वाले राष्ट्रीय पुरस्कारों के तहत **उत्कृष्ट रचनात्मक श्रेणी** का **बाल पुरस्कार-2019 'हृदयेश्वर सिंह भाटी'** को प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।
- इस राष्ट्रीय पुरस्कार की घोषणा **'केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय'** द्वारा की जाती है।
- **जयपुर** के हृदयेश्वर सिंह भाटी एक घातक बीमारी **'डचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी'** से पीड़ित हैं, जिसके कारण उन्हें सदैव व्हीलचेयर का सहारा लेना पड़ता है।17 वर्षीय भाटी इस घातक बीमारी के बावजूद अपनी रचनात्मक क्षमता के द्वारा **तीन पेटेंट** सहित **सात आविष्कार** कर चुके हैं।
- इन्होंने पहली बार **9 वर्ष की उम्र में 2013 में 'छः खिलाड़ी परिपत्र शतरंज'** का आविष्कार किया और देश के सबसे कम उम्र के पेटेंट धारक बन गए। साथ ही **दुनिया के सबसे कम उम्र के दिव्यांग पेटेंट धारक** भी बन गए।इसके अलावा भाटी ने **'12 और 60 खिलाड़ी परिपत्र शतरंज'** का भी आविष्कार किया और पेटेंट प्राप्त किया।दो वाहनों में पावर वेहिकल एसेसबिलिटी के लिए रैम्प मोडिफिकेशन में योगदान दिया।
- ध्यातव्य है कि 3 दिसंबर को प्रतिवर्ष **'अंतरराष्ट्रीय विकलांगता दिवस'** मनाया जाता है। **भारत सरकार** द्वारा उपर्युक्त **राष्ट्रीय पुरस्कार का वितरण** इसी दिन किया जाता है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/jaipur-child-prodigy-gets-national-award-from-vice-president-119120400924_1.html

## 12वां शक्ति भट्ट फर्स्ट बुक प्राइज, 2019

**प्रश्न-2 दिसंबर, 2019 को किसे 12वें शक्ति भट्ट फर्स्ट बुक प्राइज, 2019 से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई?**
(a) प्रियंका दुबे(b) टोनी जोसेफ(c) सोनिया फलेरो(d) नुमैर आतिफ चौधरी




उत्तर-**(b)**
संबंधित तथ्य

- 2 दिसंबर, 2019 को शक्ति भट्ट फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2019 के 12वें शक्ति भट्ट फर्स्ट बुक प्राइज (12th Shakti Bhatt First Book Prize) की घोषणा की गई।अंग्रेजी के लेखक टोनी जोसेफ को वर्ष 2018 में आई उनकी पुस्तक अर्ली इंडियंस : द स्टोरी आफ आवर एंसेस्टर्स एंड व्हेयर वी केम फ्राम' (Early Indians : The Story of Our Ancestors and Where We Came From) के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार दक्षिण एशियाई देशों में सभी शैलियों में असाधारण लेखन के लिए नए लेखकों को दिया जाता है।
- वर्ष 2008 में स्थापित इस पुरस्कार के तहत दो लाख रुपये नगद और एक ट्रॉफी दी जाती है।
- विगत वर्ष यह पुरस्कार सुजाता गिडला को उनकी पुस्तक 'Ants Among Elephants : An Untouchable Family and The Making of Modern India' के लिए प्रदान किया गया था।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.thehindu.com/books/author-tony-josephs-early-indians-wins-2019-shakti-bhatt-first-book-prize/article30136173.ece

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# योजना/परियोजना

## 36वीं अंतरराष्ट्रीय भूवैज्ञानिक कांग्रेस

**प्रश्न-मार्च, 2020 में 36वीं अंतरराष्ट्रीय भूवैज्ञानिक कांग्रेस का आयोजन भारत में होगा। इस कांग्रेस के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

(a) इसका आयोजन मार्च के पहले सप्ताह में नई दिल्ली में किया जाएगा।
(b) इस कांग्रेस का मुख्य विषय-'भू विज्ञानः समावेशी भविष्य के लिए मूलभूत विज्ञान' है।
(c) इस आयोजन की नोडल एजेंसी भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण है।
(d) भारत एकमात्र एशियाई देश है जहां तीसरी बार इसका आयोजन किया जा रहा है।

उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2020 में 36वीं अंतरराष्ट्रीय भूवैज्ञानिक कांग्रेस (36th International Geological Congress) का आयोजन भारत में होगा।यहमार्चकेपहलेसप्ताह (2-8 मार्च) में नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी।
- इस कांग्रेस का मुख्य विषय (Theme): भू-विज्ञान समावेशी भविष्य के लिए मूलभूत विज्ञान (Geoscience: The Basic Science for a Sustainable Future) है।
- अंतरराष्ट्रीय भूवैज्ञानिक कांग्रेस (आईजीसी) को भूविज्ञान के ओलंपिक के लोकप्रिय नाम से जाना जाता है।
- प्रतिष्ठित वैश्विक भूवैज्ञानिक कांग्रेस का आयोजन 4 वर्षों में एक बार किया जाता है।
- पूरे विश्वभर से लगभग 5000-6000 भूवैज्ञानिक इसमें भाग लेते हैं।
- कांग्रेस की इसी तैयारी के मद्देनजर 12 दिसंबर, 2019 को नई दिल्ली में एक परिसंवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया।36वां आईजीसी व्यापक विज्ञान कार्यक्रम है। इस सम्मेलन के दौरान आधुनिक तकनीकीयुक्त प्रदर्शनी भी आयोजित होगी, जिसमें खान और खनिज क्षेत्र की अग्रणी कंपनियां अपने उत्पाद और सेवाओं को प्रदर्शित करेंगी।भारतएकमात्रएशियाईदेशहैजहांदूसरीबारइसकाआयोजनहोगा।
- पहली बार भारत में 22वीं आईजीसी का आयोजन वर्ष 1964 में किया गया था।
- खान मंत्रालय और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय इस सम्मेलन हेतु धनराशि उपलब्ध कराएंगे।
- इसके आयोजन में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी एवं बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका की राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी सहयोग प्रदान करेंगी।
- इस आयोजन की नोडल एजेंसी भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=195843

## आंध्र प्रदेश में पहला वर्चुअल पुलिस स्टेशन

**प्रश्न-13 दिसंबर, 2019 को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने किस विश्वविद्यालय में स्थापित राज्य के पहले वर्चुअल (अभासी) पुलिस स्टेशन का उद्घाटन किया?**

(a) रायलसीमा विश्वविद्यालय(b) आंध्र प्रदेश विश्वविद्यालय
(c) आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय(d) आदिकव नन्नाया विश्वविद्यालय



उत्तर-**(b)**

Downloaded from www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

**संबंधित तथ्य**

- 13 दिसंबर, 2019 को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने विशाखापत्तनम में स्थित आंध्र प्रदेश विश्वविद्यालय में राज्य के पहले वर्चुअल (आभासी) पुलिस स्टेशन का उद्घाटन किया।
- इस विश्वविद्यालय में यह सुविधा एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है।
- बाद में यह सुविधा अन्य शैक्षणिक संस्थानों में शुरू की जाएगी।
- इस वर्चुअल पुलिस स्टेशन की स्थापना आंध्र प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रसाद रेड्डी के सुझाव पर की गई है।
- इसका उद्देश्य छात्रों को सुरक्षा प्रदान करना है।
- इस सुविधा का उपयोग कर छात्र अपनी शिकायतें आसानी से दर्ज करा सकते हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.thehindu.com/news/national/andhra-pradesh/cm-to-inaugurate-virtual-police-station-at-au/article30280078.ece

## भारतीय डिजाइन परिषद द्वारा दो पहलों की शुरुआत

**प्रश्न-12 दिसंबर, 2019 को भारतीय डिजाइन परिषद (IDC) ने शिक्षा और मानकों को बढ़ावा देने के लिए 2 पहलों की शुरुआत की। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

(a) आईडीसी द्वारा शुरू की गई दो पहलें चार्टर्ड डिजाइन्स ऑफ इंडिया (CDI) और डिजाइन शिक्षा गुणवत्ता मार्क (DEQM) हैं।

(b) भारतीय डिजाइन परिषद और राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, अहमदाबाद की ये दो पहलें डिजाइन की सभी चुनौतियों का समाधान करने में मददगार होंगी।

(c) डिजाइन शिक्षा गुणवत्ता मार्क (DEQM) पूर्व निर्धारित मानकों पर डिजाइन शिक्षा कार्यक्रमों को निर्धारित करेगा एवं प्रकाशित मानकों को पूरा करने वाले संस्थानों को डिजाइन शिक्षा गुणवत्ता मार्क प्रदान करेगा।

(d) सीडीआई का फोकस 'पेशेवर डिजाइनर' है, जिसे डिजाइन योग्यता और अनुभव द्वारा पहचाना जाता है।

**उत्तर-(b)**



**संबंधित तथ्य**

- 12 दिसंबर, 2019 को भारतीय डिजाइन परिषद (IDC-India Design Council) ने शिक्षा और मानकों को बढ़ावा देने के लिए 2 पहलों 'चार्टर्ड डिजाइन्स ऑफ इंडिया' (CDI) और डिजाइन शिक्षा गुणवत्ता मार्क (DEQM-Design Education Quality Mark) की शुरुआत नई दिल्ली में की।
- भारतीय डिजाइन परिषद और राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, अहमदाबाद की ये दो पहलें डिजाइन की 5 चुनौतियों का समाधान करने में मददगार होंगी जिसमें स्केल, डिजाइन की गुणवत्ता, डिजाइन के लिए शिक्षा की गुणवत्ता, उद्योग में डिजाइन हेतु प्राथमिकता और सार्वजनिक उद्देश्य के लिए डिजाइन शामिल हैं।
- शुरू की गई दोनों पहलें डिजाइन के व्यवसाय में मदद करने के अलावा व्यवसाय को बढ़ाने और पेशेवर मानकों को स्थापित करने में मदद करेंगी।
- डिजाइन शिक्षा गुणवत्ता मार्क (डीईक्यूएम) पूर्व निर्धारित मानकों पर डिजाइन शिक्षा कार्यक्रमों को निर्धारित करेगा एवं प्रकाशित मानकों को पूरा करने वाले संस्थानों को डिजाइन शिक्षा गुणवत्ता मार्क प्रदान करेगा।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER
MAGAZINE KING
LEARN WHILE ENJOYING

- डिजाइन शिक्षा गुणवत्ता मार्क उन संस्थानों को प्रदान किया जाएगा जो समीक्षा प्रक्रिया से गुजरते हैं और गुणवत्ता कोर्ड में निर्धारित गुणवत्ता और मानकों की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं।
- गुणवत्ता मार्क से छात्रों को अपनी पसंद का उचित डिजाइन कार्यक्रम चुनने, डिजाइन संस्थान की स्थिति के विषय में संभावित नियोक्ताओं को समझाने और डिजाइन संस्थान द्वारा गुणवत्ता कोड के अनुपालन के विषय में समाज को जानकारी प्रदान करने में सहायता प्राप्त होगी।शुरू की गई दूसरी पहल चार्टर्ड डिजाइन्स ऑफ इंडिया (सीडीआई) में ऐसे संस्थान की कल्पना की गई है, जो भारत में डिजाइन प्रक्रिया के पेशेवर मानकों को स्थापित करेगा।सीडीआई का फोकस 'पेशेवर डिजाइनर' है जिसे डिजाइन योग्यता और अनुभव द्वारा पहचाना जाता है।उल्लेखनीय है कि रचनात्मक विनिर्माण और डिजाइनर नवाचार 2020 की मेक इन इंडिया पहल के प्रमुख पहलू होंगे और 'भारत में डिजाइन किए गए' ब्रांड को और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।
- वर्ष 2007 में भारत राष्ट्रीय डिजाइन नीति बनाने वाला देश बन गया है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://dipp.gov.in/sites/default/files/Press_Release_12December2019.pdf

## निरोगी राजस्थान अभियान एवं जन-आधार योजना, आई.एम.शक्ति योजना का शुभारंभ

**प्रश्न-18 दिसंबर, 2019 को किस राज्य में आई.एम शक्ति (इंदिरा महिला शक्ति) योजना का शुभारंभ किया गया?**

(a) राजस्थान(b) मध्य प्रदेश(c) छत्तीसगढ़(d) हरियाणा



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 18 दिसंबर, 2019 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर के सभागार में निरोगी राजस्थान अभियान और जन-आधार योजना का शुभारंभ किया।
- राजस्थान सरकार निरोगी राजस्थान अभियान को योजनाबद्ध ढंग से घर-घर तक पहुंचाकर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए जागरूक करेगी।जिससे लोग जीवन शैली से जुड़ी बीमारियों सहित अन्य गंभीर रोगों से स्वयं को सुरक्षित रख सकें।यह अभियान राज्य सरकार द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य मित्र एवं आमजन के सहयोग से एक व्यापक आंदोलन के रूप में संचालित किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने 5 महिलाओं को जन-आधार कार्ड प्रदान कर जन-आधार योजना का शुभारंभ किया।इस योजना का उद्देश्य विभिन्न योजनाओं का लाभ सरलता, सुगमता तथा पारदर्शी ढंग से आमजन तक पहुंचाने हेतु 'एक नंबर, एक कार्ड, एक पहचान' का प्रभावी क्रियान्वयन करना है।18 दिसंबर, 2019 को मुख्यमंत्री ने जयपुर के बाल्मीकी नगर में प्रदेश के पहले जनता क्लीनिक का शुभारंभ किया।18 दिसंबर को ही मुख्यमंत्री ने आई.एम. शक्ति (इंदिरा महिला शक्ति योजना) का भी शुभारंभ किया।
- यह योजना महिला सशक्तिकरण से संबंधित है।
- इस योजना हेतु राज्य सरकार ने 1 हजार करोड़ रुपये (200 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष के अनुसार) का बजट आवंटित किया है।

**संबंधितलिंकभीदेखें...**

http://dipr.rajasthan.gov.in/content/dipr/en/news-detail.182944.html#

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# मरुगंधा परियोजना

**प्रश्न-10 दिसंबर, 2019 को राजस्थान के अल्पसंख्यक मामलात मंत्री शाले मोहम्मद ने कहां मरुगंधा परियोजना का शुभारंभ किया?**



(a) ऊटी(b) पोकरण(c) चित्तौड़(d) उदयपुर

**उत्तर-(b)**

संबंधित तथ्य

- 10 दिसंबर, 2019 को राजस्थान के अल्पसंख्यक मामलात मंत्री शाले मोहम्मद ने पोकरण में मरुगंधा परियोजना का शुभारंभ किया।
- यह परियोजना पोकरण क्षेत्र की 5 ग्राम पंचायतों के 14 गांवों में शुरू की जाएगी।
- मरुगंधा परियोजना एचडीएफसी बैंक और उरमूल ट्रस्ट बीकानेर के सहयोग से शुरू की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://dipr.rajasthan.gov.in/content/dipr/en/news-detail.182782.html#

# विधवाओं हेतु ऋण पर सब्सिडी देने की योजना

**प्रश्न-हरियाणा सरकार द्वारा विधवाओं के लिए ऋण पर सब्सिडी देने की योजना शुरू करने की पहल की गई है। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

**(a)** यह योजना हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से संचालित की जाएगी।

**(b)** इस योजनांतर्गत हरियाणा निवासी विधवाएं जिनकी वार्षिक आय **3** लाख रुपये और आयु **18** से **55** वर्ष है, वे लाभ की पात्र होंगी।

**(c)** योजना के तहत विधवाओं को **3** लाख रुपये तक के ऋण पर **30** प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा **50,000** रुपये होगी।

**(d)** इस योजना के तहत पहले वर्ष **1000** विधवाओं को ऋण प्रदान किया जाएगा।

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 9 दिसंबर, 2019 को हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने जानकारी प्रदान की कि राज्य सरकार द्वारा विधवाओं के लिए ऋण पर सब्सिडी देने की योजना शुरू करने की पहल की गई है।
- यह योजना हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से संचालित की जाएगी।
- इस योजनांतर्गत हरियाणा निवासी विधवाएं जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपये और आयु 18 से 55 वर्ष है वे लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र होंगी।इसयोजनाकेतहतविधवाओंको3 लाख रुपये तक के ऋण पर 25 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाएगी जिसकी अधिकतम सीमा 50,000 रुपये होगी।
- कुल ऋण का 10 प्रतिशत हिस्सा महिला को स्वयं देन होगा तथा शेष राशि बैंकों के माध्यम से प्रदान की जाएगी।
- इस योजना के तहत पहले वर्ष में 1000 विधवाओं को ऋण प्रदान किया जाएगा और हरियाणा सरकार द्वारा 5 करोड़ रुपये की राशि सब्सिडी के रूप में प्रदान की जाएगी।इसयोजनाकोबैंकोंकेमाध्यमसेलागूकियाजाएगा, जिसमें बैंक द्वारा ऋण बिना कुछ गिरवी (कोलाट्रोल सिक्योरिटी) रखे पात्र महिला को प्रदान किया जाएगा।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को ऋण प्रदान करने से पूर्व लघु अवधि का प्रशिक्षण प्रदान किए जाने का प्रावधान है।
- यह प्रशिक्षण होटल प्रबंधन संस्थान, पंजाब नेशनल बैंक, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के संस्थानों के माध्यम से उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत प्रदान किया जाएगा, जिससे विधवाओं का कौशल विकास हो सके।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.prharyana.gov.in/hi/node/43158

## असम सरकार ने लांच की अरुंधति स्वर्ण योजना

**प्रश्न-सही कथन का चुनाव कीजिए-**

कथन (A) : नवंबर, 2019 में जारी अरुंधति स्वर्ण योजना' असम सरकार की योजना है।

कारण (B) : इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में महिला सशक्तीकरण को और मजबूत करना तथा बाल विवाह को कम करना है।


**कूट :**

(a) कथन (A) और कारण (B) दोनों सही हैं तथा कारण (B) कथन (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(b) कथन (A) और कारण (B) दोनों सही हैं, परंतु कारण (B) कथन (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) कथन (A) सही है, परंतु कारण (B) गलत है।

(d) कथन (A) गलत है, परंतु कारण (B) सही है।



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 20 नवंबर, 2019 को असम सरकार ने यह घोषणा की कि वह हर वयस्क दुल्हन को 10 ग्राम सोना उपहार में देगी।
- 1 जनवरी, 2020 से यह उपहार राज्य सरकार द्वारा 'अरुंधति स्वर्ण योजना' के तहत दिया जाएगा।
- इस योजना को शुरू करने के पीछे राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तीकरण को मजबूत करना और बाल विवाह को कम करना है।
- असम सरकार ने 'अरुंधति स्वर्ण योजना' का लाभ उठाने के लिए चार शर्तों का उल्लेख किया है :
- दुल्हन की न्यूनतम आयु 18 वर्ष या इससे अधिक तथा दूल्हे की न्यूनतम आयु 21 वर्ष या इससे अधिक होना चाहिए।
- दुल्हन का न्यूनतम शैक्षिक स्तर कक्षा 10 पास होना चाहिए। परंतु, यह मानदंड चाय की खेती करने वाली जनजातियों और आदिवासी समुदाय की लड़कियों पर लागू नहीं होगा।
- दुल्हन का विवाह पंजीकृत होना चाहिए।
- अंत में, दुल्हन के परिवार की वार्षिक आय 5 लाख रुपये से कम होनी चाहिए।
- राज्य सरकार के एक अनुमान के मुताबिक, इस योजना के संचालन से राज्य के सरकारी खजाने पर लगभग 800 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष की लागत आएगी।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.newsbharati.com/Encyc/2019/11/20/Assam-Arundhati-Swarna-Scheme.html

MAGAZINEKING
Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# डॉ. वाईएसआर आरोग्यश्री आसरा योजना

**प्रश्न-2 दिसंबर, 2019 को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने, डॉ. वाईएसआर आरोग्यश्री आसरा योजना का गुंटूर सरकारी अस्पताल में शुभारंभ किया? इस योजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

**(a) यह योजना चिकित्सा करा चुके गरीब रोगियों को आराम के दौरान वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।**

(b) आराम के दौरान रागियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करने वाला आंध्र प्रदेश देश का दूसरा राज्य है।

(c) इस योजना के तहत रोगियों को आराम के दौरान प्रतिदिन अधिकतम 225 रुपये अथवा प्रतिमाह अधिकतम 5000 रुपये राज्य सरकार प्रदान करेगी।



(d) यह योजना 1 दिसंबर, 2019 से लागू होगी।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2 दिसंबर, 2019 को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने गुंटूर सरकारी अस्पताल में डॉ. वाईएसआर आरोग्यश्री आसरा योजना का शुभारंभ किया।
- यह योजना चिकित्सा करा चुके गरीब रोगियों को आराम के दौरान वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।आरामकेदौरानरोगियोंकोवित्तीयसहायताउपलब्धकरानेवालाआंध्रप्रदेशदेशकापहलाराज्यहै।
- इस योजना के तहत रोगियों को आराम के दौरान प्रतिदिन अधिकतम 225 रुपये अथवा प्रतिमाह अधिकतम 5000 रुपये राज्य सरकार प्रदान करेगी।
- इस योजना से 4.5 लोग लाभांवित होंगे।
- रोगी के डिस्चार्ज होते ही 48 घंटे के भीतर राशि रोगी के बैंक खाते में भेज दी जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.uniindia.com/news/south/administration-ap-cm/1808259.html

# मुख्यमंत्री सुषेण चिकित्सक प्रोत्साहन योजना

**प्रश्न-27 नवंबर, 2019 को किस राज्य में आदिवासी विकास खंडों में मुख्यमंत्री सुषेण चिकित्सक प्रोत्साहन योजना लागू करने का निर्णय किया गया?**

(a) राजस्थान(b) छत्तीसगढ़(c) मध्य प्रदेश(d) ओडिशा



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 27 नवंबर, 2019 को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के आदिवासी विकास खंडों में 'मुख्यमंत्री सुषेण चिकित्सक प्रोत्साहन योजना' लागू करने का निर्णय लिया गया।
- इस योजना का उद्देश्य प्रदेश आदिवासी विकासखंडों में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवाओं में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।
- इस योजनांतर्गत प्रदेश के अति पिछड़े 21 विकास खंडों में संविदा पर नियुक्त चिकित्सक को कुल मानदेय 1 से 2 लाख रुपये तक तथा शेष पिछड़े विकास खंडों में 90 हजार से 1 लाख 85 हजार रुपये तक प्रदान किया जाएगा।नियमितचिकित्सकोंकोइसयोजनांतर्गतकुलवेतनअतिपिछड़े21 विकास खंडों में 96 हजार, 100 रुपये

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

से 1 लाख, 42 हजार 700 रुपये तक तथा शेष पिछड़े विकास खंडों में 86 हजार, 100 रुपये से 1 लाख, 27 हजार, 700 रुपये देय होगा।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20191127N6&LocID=1

## पुरुष हॉकी विश्व कप, 2023 का आयोजन

**प्रश्न-पुरुष हॉकी विश्व कप, 2023 का आयोजन 13 से 29 जनवरी के मध्य किस देश में किया जाएगा?**

(a) भारत(b) नीदरलैंड्स(c) जर्मनी(d) मलेशिया



उत्तर-**(a)**

संबंधित तथ्य

- 27 नवंबर, 2019 को ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कलिंगा स्टेडियम में आयोजित एक समारोह में घोषणा की कि पुरुष हॉकी विश्व कप, 2023 का आयोजन भुवनेश्वर और राउरकेला में किया जाएगा।
- भारत लगातार दूसरी बार पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा।
- पुरुष हॉकी विश्व कप, 2023 13 से 29 जनवरी के मध्य आयोजित किया जाएगा।
- ज्ञातव्य है कि 8 नवंबर, 2019 को इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन ने पुरुष हॉकी विश्व कप, 2023 की मेजबानी भारत को सौंपी थी।


**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.thehindu.com/sport/hockey/india-to-host-mens-hockey-world-cup-in-2023/article29921315.ece

## आईएमएसी द्वारा परियोजनाओं को मंजूरी

**प्रश्न-25 नवंबर, 2019 को अंतर-मंत्रालय अनुमोदन समिति (आईएमएसी) ने खाद्य प्रसंस्करण एवं परीक्षण क्षमता सृजन/विस्तार (सीईएफपीपीसी) योजना के तहत कितनी राशि की लागत वाली परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की?**

(a) 250 करोड़ रुपये(b) 265 करोड़ रुपये(c) 271 करोड़ रुपये(d) 275 करोड़ रुपये



उत्तर-**(c)**

संबंधित तथ्य

- 25 नवंबर, 2019 को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल की अध्यक्षता में अंतर-मंत्रालय अनुमोदन समिति (आईएमएसी) ने खाद्य प्रसंस्करण एवं परीक्षण क्षमता सृजन/विस्तार (सीईएफपीपीसी) योजना के तहत 271 करोड़ रुपये की लागत राशि वाली परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की।
- ज्ञातव्य है कि सीईएफपीपीसी परियोजनाएं पूरे देश भर में 100 से भी अधिक कृषि जलवायु क्षेत्रों (जोन) को आच्छादित करती हैं।
- नई परियोजनाओं को मंजूरी देते समय ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ प्रत्यक्ष रोजगार के सृजन पर फोकस किया गया है।
- यह परियोजनाएं लगभग 9000 प्रत्यक्ष रोजगारों का सृजन करेंगी और कृषि एवं विपणन (मार्केटिंग) को आधुनिक खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों के साथ जोड़ने पर विशेष बल देंगी।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- इसके अतिरिक्त खाद्य एवं प्रसंस्करण मंत्रालय 6000 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री कृषि संपदा योजना को भी कार्यान्वित कर रहा है।
- इस योजना के तहत निवेशकों को अनुदान सहायता के रूप में उपयुक्त या अपेक्षित परियोजना लागत के 35 प्रतिशत से लेकर 75 प्रतिशत तक पूंजीगत सब्सिडी मुहैया कराई जा रही है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1593461

# आयोग/समिति

## सामान्य बीमा उद्योग नुकसान को कम करने और रोकथाम के लिए कार्य समूह

**प्रश्न-दिसंबर, 2019 में किस संस्थान ने नुकसान को कम करने और रोकथाम के लिए एक दस/सदस्यीय कार्य समूह बनाया?**

(a) आईआरडीएआई(b) आरबीआई (c) टीआरएआई(d) उपरोक्त सभी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2019 में भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने साधारण बीमा उद्योग में नुकसान की रोकथाम के लिए एक दस सदस्यीय कार्यबल का गठन किया।
- कार्य समूह की अध्यक्षता आईआरडीएआई की सदस्य श्रीमती टी. एल अलामेलू को सौंपी गई है।
- समूह का कार्य बीमा उद्योग में हानि की रोकथाम और हानि कम करने के लिए उपाय का सुझाव देना है।
- हानि की रोकथाम के लिए बीमा उद्योग द्वारा पालन की जाने वाली वर्तमान प्रथाओं का मूल्यांकन करना।
- हानि न्यूनीकरण सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न हितधारकों की गतिविधियों के तालमेल के संदर्भ में सुझाव देना।
- कार्य समूह 12 सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

**https://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/irdai-working-group-to-study-loss-prevention-in-insurance-biz/articleshow/72498598.cms**

# ऑपरेशन/अभियान

## संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मित्र शक्ति-2019'

**प्रश्न-1 दिसंबर, 2019 को 7वें भारत-श्रीलंका संयुक्त अभ्यास 'मित्र शक्ति-2019' का शुभारंभ कहां किया गया?**

(a) पुणे(b) ग्वालियर(c) पिथौरागढ़(d) जैसलमेर



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1 दिसंबर, 2019 को 7वें भारत-श्रीलंका संयुक्त अभ्यास 'मित्र शक्ति-2019' (Mitra Shakti-2019) का शुभारंभ औंध सैन्य स्टेशन, पुणे (महाराष्ट्र) में किया गया।

- इसका आयोजन 1-14 दिसंबर, 2019 तक किया जाएगा।
- इस संयुक्त सैन्य अभ्यास का उद्देश्य परिचालन क्षमता को बढ़ाना, साकारात्मक संबंधों का निर्माण और बढ़ावा देना है।
- इस अभ्यास का प्राथमिक फोकस फील्ड क्राफ्ट, बैटल ड्रिल्स और प्रक्रियाओं के साथ ही निर्बाध अंतर सक्रियता के साथ संयुक्त रूप से काम करने की क्षमता पर भी रहेगा।
- इसका आयोजन वर्ष 2012 से किया जा रहा है।


संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=195248

# सम्मेलन/समारोह

## भारत मालदीव संयुक्त आयोग की छठी बैंठक

**प्रश्न-13 दिसंबर, 2019 को भारत मालदीव संयुक्त आयोग की छठी बैठक नई दिल्ली में आयोजित हुई। भारत मालदीव संयुक्त आयोग की स्थापना किस वर्ष हुई थी?**




(a) 1985(b) 1986(c) 1988 (d) 1991

उत्तर-**(b)**

संबंधित तथ्य

- 13 दिसंबर, 2019 को भारत-मालदीव संयुक्त आयोग की छठी बैठक नई दिल्ली में आयोजित हुई।
- इस बैठक की सह-अध्यक्षता भारत की यात्रा पर आए मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद और भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने की।
- इस बैठक में दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार की समीक्षा के साथ ही इसकी सुदृढ़ता के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया।
- वर्ष 1986 में दोनों देशों के बीच आर्थिक और तकनीकी सहयोग हेतु भारत-मालदीव संयुक्त आयोग (जेसीएम) की स्थापना की गई थी।
- नवंबर, 2018 में इब्राहिम मोहम्मद सालेह के मालदीव का राष्ट्रपति बनने के पश्चात दोनों देशों के बीच संबंध और अधिक सुदृढ़ हुए हैं।
- इस बैठक के बाद दोनों देशों के बीच तीन समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- यह समझौते दोनों देशों के चुनाव आयोग तथा वित्तीय खुफिया इकाइयों के बीच सहयोग से संबंधित हैं।
- दोनों देशों ने आपराधिक मामलों में परस्पर कानूनी सहायता संधि की पुष्टि के दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया।

संबंधित लिंक भी देखें...
**https://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/25911/Visit+of+External+Affairs+Minister+to+Maldives**

## 6वीं भारत-इंडोनेशिया संयुक्त आयोग की बैठक, 2019

**प्रश्न-13 दिसंबर, 2019 को 6वीं भारत-इंडोनेशिया संयुक्त आयोग की बैठक कहां आयोजित हुई?**

(a) जयपुर(b) नई दिल्ली(c) जकार्ता(d) मुंबई





Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 13 दिसंबर, 2019 को 6वीं भारत-इंडोनेशिया संयुक्त आयोग की बैठक, 2019 नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में आयोजित हुई।
- गौरतलब है कि इस वर्ष भारत और इंडोनेशिया कूटनीतिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ मना रहें हैं।
- बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने मौजूदा द्विपक्षीय संस्थागत तंत्रों की नियमित बैठक करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसमें व्यापार, ऊर्जा, रक्षा सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी क्षेत्र शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/32210/6th+IndiaIndonesia+Joint+Commission+Meeting

## वार्षिक सूचना सुरक्षा शिखर सम्मेलन, 2019

**प्रश्न-3-5 दिसंबर, 2019 के मध्य वार्षिक सूचना सुरक्षा शिखर सम्मेलन कहां संपन्न हुआ?**
(a) नई दिल्ली(b) गुरुग्राम(c) जयपुर(d) चंडीगढ़




उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 3-5 दिसंबर, 2019 के मध्य वार्षिक सूचना सुरक्षा शिखर सम्मेलन (Annual Information Security Summit), 2019 गुरुग्राम (हरियाणा) में संपन्न हुआ।
- इस सम्मेलन के दौरान सीबीआई के अधिकारी बी.पी. राजू को 'इंडिया साइबर कॉप ऑफ द ईयर 2019' से सम्मानित किया गया।
- उन्हें यह पुरस्कार राजस्थान के इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा आयोजित ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा में धोखाधड़ी मामले की जांच और खुलासा करने के लिए दिया गया।
- यह पुरस्कार, नैस्कॉम-डीएससीआई (Deta Security Council of India) द्वारा दिया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://dsci.in/aiss-2019/?utm=google

## पहला गुलमर्ग माउंटेन फेस्टिवल, 2020

**प्रश्न-फरवरी, 2020 में पहला गुलमर्ग माउंटेन फेस्टिवल गुलमर्ग, कश्मीर घाटी में आयोजित किया जाएगा। इस फेस्टिवल के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**
(a) यह 13-16 फरवरी, 2020 के मध्य आयोजित किया जाएगा।
(b) यह बर्फ पर भारत में आयोजित किया जाने वाला पहला स्पोर्ट्स फेस्टिवल होगा।
(c) यह स्पोर्ट्स फेस्टिवल ट्रैवल अमेजिंग इंडिया द्वारा आयोजित किया जाएगा।
(d) गुलमर्ग माउंटेन फेस्टिवल, 2020 की ब्रांड एंबेसेडर पेशेवर गोल्फर सानिया शर्मा है।



उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

Downloaded From www.studymasterofficial.com

- 13-16 फरवरी, 2020 के मध्य पहला गुलमर्ग माउंटेन फेस्टिवल गुलमर्ग, कश्मीर घाटी में आयोजित किया जाएगा।यहबर्फपरभारतमेंआयोजितकियाजानेवालापहलास्पोर्ट्सफेस्टिवलहोगा।
- इस फेस्टिवल में रोमांच, स्पोर्ट्स और मौज-मस्ती का एक अनूठा संगम होगा।
- यह स्पोर्ट्स फेस्टिवल क्रेजी मैड डॉग्स संस्था द्वारा आयोजित किया जाएगा।
- इसका उद्देश्य कश्मीर और भारत के लिए वैश्विक और घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद प्रदान करना है।
- इस फेस्टिवल में कई एडवेंचर स्पोर्ट्स यथा-स्नोकार रेस, हेली-स्कीइंग, स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग, हॉट-एयर बैलून, राइड्स, स्नो रनिंग, स्नो बाइकिंग और स्नो साइक्लिंग के अलावा स्नोगोल्फ और स्नो क्रिकेट के मुख्य आकर्षण शामिल हैं।
- इस फेस्टिवल के सह-संस्थापक लेफ्टिनेंट कर्नल भुवन खरे हैं।
- गुलमर्ग माउंटेन फेस्टिवल, 2020 की ब्रांड एंबेसेडर पेशेवर गोल्फर सानिया शर्मा हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://in.shafaqna.com/EN/AL/1513879

## छठा हिंद महासागर संवाद, 2019

**प्रश्न-13 दिसंबर, 2019 को 'छठा हिंद महासागर संवाद' कहां संपन्न हुआ?**



(a) कोलंबो(b) मुंबई(c) बंगलुरू(d) नई दिल्ली

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 13 दिसंबर, 2019 को 'छठा हिंद महासागर संवाद' (6th Indian Ocean Dialogue), 2019 प्रवासी भारतीय केंद्र, नई दिल्ली में संपन्न हुआ।
- इस संवाद का मुख्य विषय (Theme) "भारत प्रशांत : एक विस्तारित भूगोल के माध्यम से हिंद महासागर की फिर से कल्पना करना" था।
- इसका आयोजन विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विश्व मामलों के लिए भारतीय परिषद की सहायता से किया गया।
- उल्लेखनीय है कि हिंद महासागर रिम क्षेत्र एशिया-प्रशांत से पूर्व की तरह, वैश्विक वाणिज्य, ऊर्जा, पर्यावरण और भू-राजनीतिक स्थिरता के मामले में दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण है।
- इसके साथ ही 13-14 दिसंबर, 2019 के मध्य 11वीं दिल्ली वार्ता भी आयोजित हुई।
- इस वर्ष के दिल्ली संवाद का विषय "भारत-प्रशांत में भागीदारी बढ़ाना" है।
- यह विदेश मंत्रालय द्वारा विकासशील देशों के लिए अनुसंधान और सूचना प्रणाली (RIS) की सहायता से आयोजित किया गया।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.iora.int/en/events-media-news/events/flagship-projects/indian-ocean-dialogue/2019/6th-indian-ocean-dialogue-iod

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

## नवआर्म्स, 2019

**प्रश्न-दिसंबर, 2019 में नौसेना की हथियार प्रणालियों पर चतुर्थ अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी सह प्रदर्शनी 'नवआर्म्स 2019'आयोजित हुई। इस संगोष्ठी सह प्रदर्शनी के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

(a) यह संगोष्ठी सह प्रदर्शनी नवआर्म्स 12-13 दिसंबर, 2019 के मध्य इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, नई दिल्ली में आयोजित हुई।(b) इस प्रदर्शनी का उद्घाटन नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने किया।



(c) इस संगोष्ठी का विषय-मेक इन इंडिया-युद्ध श्रेणीः अवसर और आवश्यकताएं था।

(d) यह नौसेना प्रणालियों पर देश में आयोजित की जाने वाली एकमात्र अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी और प्रदर्शनी है।

उत्तर-**(a)**

संबंधित तथ्य

- 12-13 दिसंबर, 2019 के मध्य रक्षा अध्ययन और विश्लेषण संस्थान, नई दिल्ली में नौसेना की हथियार प्रणालियों पर चतुर्थ अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी सह प्रदर्शनी 'नवआर्म्स 2019' (NAVARMS 2019) आयोजित हुई।
- इस प्रदर्शनी का उद्घाटन नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने किया।
- इस संगोष्ठी का विषय-'मेक इन इंडिया-युद्ध श्रेणीः अवसर और आवश्यकताएं' था।
- इस संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र तीन सेवाओं, रक्षा मंत्रालय, डीआरडीओ, डीजीक्यूए, डीजीएक्यूए, ओएफ, डीपीएसयू, भारतीय और अंतरराष्ट्रीय उद्योगों के 300 से अधिक प्रतिनिधियों और मित्र देशों के विदेशी दूतावासों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- उल्लेखनीय है कि यह नौसेना प्रणालियों पर देश में आयोजित की जाने वाली एकमात्र अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी और प्रदर्शनी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=195826

## 54वां अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक सम्मेलन, 2019

**प्रश्न-6-8 दिसंबर, 2019 के मध्य अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक सम्मेलन, 2019 कहां संपन्न हुआ?**

(a) भोपाल(b) जयपुर(c) लखनऊ(d) पुणे



उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- 6-8 दिसंबर, 2019 के मध्य 54वां अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक सम्मेलन (54th All India Conference of Director Generals/Inspector Generals of Police), 2019 पुणे, महाराष्ट्र में संपन्न हुआ।
- 8 दिसंबर, 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया।
- सम्मेलन के दौरान नीतिगत मुद्दों पर और अधिक प्रभावी तरीके से चर्चा करने के लिए सत्र आयोजित किए गए।

MAGAZINE KING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING
Downloaded From www.studymasterofficial.com

- इस वर्ष आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के प्रमुख पहलुओं जैसे आतंकवाद, नक्सलवाद, तटीय सुरक्षा, साइबर खतरों तथा कट्टरपंथ और नशीले पदार्थों की तस्करी से उपजे आतंकवाद आदि जैसे मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.thehindu.com/news/national/other-states/modi-shah-in-pune-for-national-dgps-conference/article30226256.ece

## 33वां अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेला

**प्रश्न-33वां अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेला का आयोजन निम्न में से किस देश में किया जाने वाला है?**



(a) संयुक्त राज्य अमेरिका(b) कनाडा(c) भारत(d) मेक्सिको

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- स्पेनिश भाषा जगत का सबसे बड़ा पुस्तक मेला इस वर्ष 30 नवंबर से 8 दिसंबर, 2019 के बीच मैक्सिको के ग्वादलजारा में आयोजित हुआ।
- इस मेले का 'गेस्ट ऑफ आनर' देश 'भारत' है।
- भारत, एशिया का प्रथम देश है, जिसे यह सम्मान प्राप्त हुआ है।
- 1 दिसंबर, 2019 को मानव संसाधन एवं विकास राज्यमंत्री संजय धोत्रे द्वारा इस अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले में इंडियन पैवेलियन का उद्घाटन किया गया।
- इस अंतरराष्ट्रीय मेले में इंडिया पैवेलियन की थीम महात्मा गांधी का दर्शन -लेट अवर लाइब्स ओपन बुक (Let our Lives Open Book) है।
- इस मेले में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत स्वायत्त निकाय नेशनक बुक ट्रस्ट नोडल एजेंसी के रूप में भाग ले रही है।
- इस अवसर पर 15 प्रकाशन गृह, साहित्यिक एवं शैक्षणिक गतिविधियां जैसे सम्मेलन, प्रकाशक राउंड टेबल, विज्ञान एवं अन्य शैलियों पर आधारित चर्चाएं एवं प्रस्तुतिकरण, प्राचीत्र एवं दुर्लभ पांडुलिपियां, सचित्रित्र पुस्तकों तथा हस्ताशिल्प व चित्रकला पर आधारित वाल हैंगिंग की प्रदर्शनी एवं भारत की 40 प्रसिद्ध महिला कलाकारों द्वारा आधुनिक कला की प्रस्तुति की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://mexiconewsdaily.com/news/33rd-annual-guadalajara-book-fair-begins-saturday/

## डेस्टीनेशन नार्थ ईस्ट समारोह

प्रश्न-निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(a) केंद्रीय पूर्वोत्तर विकास मंत्रालय द्वारा 'डेस्टीनेशन नार्थ ईस्ट' समारोह का आयोजन किया जाएगा।

**(b) यह समारोह वाराणसी में 23-26 नवंबर तक आईआईटी, बीएचयू के परिसर में किया जाएगा।**

**(c) इस कार्यक्रम का उद्देश्य शेष भारत को पूर्वोत्तर के समीप लाना तथा उन्हें पूर्वोत्तर क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति का अनुभव कराना है।**

**(d) उपर्युक्त सभी कथन सही हैं।**




Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 23 नवंबर, 2019 को केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 'डेस्टीनेशन नार्थ ईस्ट' समारोह का उद्घाटन किया।
- यह कार्यक्रम 23-26 नवंबर तक वाराणसी में आईआईटी बीएचयू के परिसर में आयोजित किया जाएगा।
- इस समारोह का आयोजन पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य शेष भारत को पूर्वोत्तर के समीप लाना तथा उन्हें पूर्वोत्तर क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति का अनुभव कराना है।
- इस समारोह में पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी आठ राज्य अपने-अपने राज्यों के हस्तशिल्प, हथकरघा, जैविक उत्पादों तथा सांस्कृतिक दलों के साथ भागीदारी करेंगे।
- गौरतलब है कि डेस्टिनेशन नार्थ ईस्ट का आयोजन इसके पूर्व दिल्ली और चंडीगढ़ में किया जा चुका है।
- इस समारोह के माध्यम से पूर्वोत्तर में पर्यटन, कला, संस्कृति एवं संगीत के विकास को प्रोत्साहित किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=194929

## यूएन जलवायु परिवत्रन सम्मेलन (COP25) 2019

**प्रश्न-2-13 दिसंबर, 2019 के मध्य यूएन जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP25) कहां आयोजित हुआ?**
(a) पेरिस(b) दोहा(c) मैड्रिड(d) अबू धाबी
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 2-13 दिसंबर, 2019 के मध्य यूएन जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (UN Climate Change Conference : COP25), 2019 मैड्रिड स्पेन में संपन्न हुआ।
- यह सम्मेलन चिली सरकार की अध्यक्षता में स्पेन सरकार के सहयोग से स्पेन में आयोजित किया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र की जलवायु परिवर्तन प्रक्रिया में अगले महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए किया गया था।
- गौरतलब COP24 गत वर्ष कॉटोविज पोलैंड में आयोजित हुआ था।
- इस सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र संस्थान (UNFCC) के सदस्य देशों ने भाग लिया।
- UNFCC का दायित्व यह सुनिश्चित करना है कि जलवायु संधि और उसे मजबूत बनाने वाले वर्ष 2015 के पेरिस समझौते को अमल में लाया जा रहा है।
- UNFCC के दास्तावेज पर वर्ष 1992 में ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में 'अर्थ समिट' के दौरान सहमति हुई।
- इस संधि में सदस्य देशों ने वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की सघनता को स्थिर बनाने पर सहमति जताई है।
- जिससे जलवायु प्रणाली में मानवीय गतिविधियों से होने वाले बदलावों को रोका जा सके।
- अब तक 197 देश इस संधि पर मुहर लगा चुके हैं।
- यह संधि वर्ष 1994 में प्रभाव में आई।
- जिसके बाद से प्रतिवर्ष आगे बढ़ने के रास्ते पर विचार-विमर्श के लिए 'कांफ्रेंस ऑफ द पार्टीज' (COP) सम्मेलन आयोजित किया जाता है।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) ने अपनी हाल की ही रिपोर्ट में सचेत किया है कि पृथ्वी के औसत तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए वर्ष 2020 से 2030 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में प्रतिवर्ष 7.6 प्रतिशत की कमी सुनिश्चित करना जरूरी है।
- इस सम्मेलन में केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://news.un.org/en/story/2019/11/1052251

## राज्यपालों का 50वां सम्मेलन



**प्रश्न-राज्यपालों का 50वां सम्मेलन कहां संपन्न हुआ?**
(a) राष्ट्रपति भवन(b) संसद भवन(c) पीएमओ कार्यालय(d) उपराष्ट्रपति भवन
उत्तर-**(a)**
संबंधित तथ्य

- 24 नवंबर, 2019 को राज्यपालों का 50वां सम्मेलन राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में संपन्न हुआ।
- इस सम्मेलन में जनजातीय कल्याण और जल कृषि, उच्च शिक्षा एवं जीवन की सुगमता पर जोर दिए जाने की बात राष्ट्रपति द्वारा कही गई।
- राज्यपालों के पांच समूहों ने इन मुद्दों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, तथा जनजातीय कल्याण की नीतियों का निर्माण स्थानीय जरूरतों के अनुरूप किए जाने पर बल दिया।
- राष्ट्रपति द्वारा 26 नवंबर, 2019 को संविधान की 70वीं जयंती के अवसर पर नागरिकों के मध्य मौलिक कर्तव्यों को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए एक अभियान प्रारंभ करने का आह्वान किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=194936

## 11वां एग्रोविजन सम्मेलन

**प्रश्न-(I) एग्रोविजन के 11वें संस्करण का आयोजन 22-25 नवंबर, 2019 को नागपुर के रेशिमबाग मैदान में हुआ।**
(II) 11वें एग्रेविजन का विषय ''सतत विकास के लिए स्टार्ट टेक्नोलॉजीज'' था।
(III) इस सम्मेलन के मुख्य संरक्षक सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी थे।
कूट :
(a) I और II सही हैं।(b) केवल III सही हैं।(c) I, II और III सही हैं।(d) कोई नहीं
उत्तर-**(c)**
संबंधित तथ्य

- एग्रोविजन का 11वां संस्करण 22-25 नवंबर, 2019 को नागपुर के रेशिमबाग मैदान में आयोजित किया गया।
- 11वें एग्रोविजन का विषय ''सतत विकास के लिए स्टार्ट टेक्नोलॉजीज'' था।
- इस आयोजन के मुख्य संरक्षक सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी थे।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING

- 11वें एग्रोविजन में नई पहल के रूप में कृषि में आईटी, कृषि में स्टार्ट-अप अंतरराष्ट्रीय मंडप तथा एमएसएमई मंडप हैं।
- गौरतलब है कि एग्रोविजन की स्थापना 2010 में एक समृद्ध कृषि समाज बनाने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था, जहां किसानों को नवीनतम् प्रथाओं के बारे में अच्छी तरह से बताया जाता है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://www.agrovisionindia.in/about-event.php

## तीसरा राष्ट्रीय सार्वजनिक क्रम सम्मेलन, 2019

**प्रश्न-5-6 दिसंबर, 2019 के मध्य तीसरा राष्ट्रीय सार्वजनिक क्रम सम्मेलन कहां आयोजित हुआ?**

(a) नई दिल्ली(b) जयपुर(c) मुंबई(d) लखनऊ




उत्तर-**(a)**

संबंधित तथ्य

- 5-6 दिसंबर, 2019 के मध्य तीसरा राष्ट्रीय सार्वजनिक क्रम सम्मेलन (3rd National Public Procwement Conclave), 2019 नई दिल्ली में संपन्न हुआ।
- यह सम्मेलन भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के सहयोग से गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GEM) द्वारा आयोजित किया गया था।
- इस दौरान जीईएम पुरस्कार भी प्रदान किया गया।
- जीईएम के बारे में
- यह सरकारी संगठनों/संस्थानों/सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा खरीदे जाने वाली विभिन्न वस्तुओं एवं सेवाओं के लिए एक समर्पित ई-कॉमर्स पोर्टल है।
- इसका लक्ष्य सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता, दक्षता और गति को बढ़ाना है।
- सरकारी उपयोगकर्ताओं द्वारा GeM के माध्यम से खरीद को सामान्य वित्तीय नियमों, 2017 में एक नया नियम क्रमांक 149 जोड़ कर वित्त मंत्रालय द्वारा अधिकृत और अनिवार्य कर दिया गया है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://newsonair.nic.in/Main-News-Details.aspx?id=375669

## चौथा भारत जल प्रभाव सम्मेलन, 2019

**प्रश्न-5-7 दिसंबर, 2019 के मध्य चौथा भारत जल प्रभाव सम्मेलन, कहां संपन्न हुआ?**

(a) जयपुर(b) नई दिल्ली(c) कोलकाता(d) देहरादून




उत्तर-**(b)**

संबंधित तथ्य

- 5-7 दिसंबर, 2019 के मध्य 'चौथा भारत जल प्रभाव सम्मेलन (4th India Water Impact Summit) 2019 विज्ञान भवन, नई दिल्ली में संपन्न हुआ।
- थीम-Valunig Water Transforming Ganga)



Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER LEARN WHILE ENJOYING

- गौरतलब है कि 10 अक्टूबर, 2019 को देवप्रयाग से नदी राफ्टिंग अभियान 'गंगा आमंत्रण अभियान' लांच किया गया था।
- देवप्रयाग से गंगासागर, पश्चिम बंगाल तक लगभग 2500 किमी. की दूरी को इस अभियान के तहत कुल 34 दिनों में पूरा किया गया।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1595225

## अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन

**प्रश्न-अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन के संदर्भ में विचार करें-**

(i) 15 नवंबर, 2019 को आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीपद येशो नाइक ने मैसूर (कर्नाटक) में अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन का उद्घाटन किया।

(ii) इस सम्मेलन की थीम 'योग फॉर हार्ट केयर' है।

(iii) सम्मेलन में 700से अधिक राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के हिस्सा लेने की संभावना है।

(iv) यह योग संबंधी पांचवां सम्मेलन है।

उपर्युक्त में सत्य है-

(a) केवल I(b) केवल III(c) केवल IV (d) उपरोक्त सभी




उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- 15 नवंबर,2019 को आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीपद येशो नाइक ने मैसूर (कर्नाटक) में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- इस सम्मेलन में 700 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के हिस्सा लेने की संभावना है।
- इस सम्मेलन की थीम 'योग फॉर हार्ट केयर' है।
- पांचवें अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन में दस तकनीक सत्र होंगे जिसमें 50 विशेषज्ञ और जानकार हिस्सा लेंगे।
- गौरतलब है कि योग को जीवन में आसानी से शामिल करने के लिए तथा वैयक्तिक प्रशिक्षकों को प्रमाणित करने और योग प्रशिक्षण संस्थानों को मान्यता प्रदान करने के लिए आयुष मंत्रालय ने योग प्रमाणीकरण बोर्ड का गठन किया है।
- ध्यातव्य है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1591499

## सिंगापुर फिनटेक फेस्टिवल-2019

प्रश्न-हाल ही में सिंगापुर में आयोजित फिनटेक फेस्टिवल में भारत की ओर से **QR** कोड आधारित भुगतान प्रणाली का **प्रदर्शन किया गया है?**

(a) पेटीएम (Pay-TM)(b) भीम-यूपीआई (BHIM-UPI)

(c) Ò◌ोन-पे (Phone-Pay) (d) इनमें से कोई नहीं




Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 11-15 नवंबर, 2019 के मध्य सिंगापुर फिनटेक फेस्टिवल का आयोजन किया गया।
- इस फेस्टिवल में भारत की ओर से भीम-यूपीआई (BHIM-UPI) QR-कोड आधारित भुगतान का एक पायलट डेमो व्यापारी टर्मिनल पर लाइव लेन-देन के माध्यम से शुरू हुआ।
- अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय भुगतान प्रणाली का यह पहला प्रदर्शन है।
- क्यूआर आधारित प्रणाली के जरिये भीम ऐप के साथ कोई भी नेट्स टर्मिनल पर एसजीक्यूआर कोड को स्कैन कर सिंगापुर में भुगतान कर सकता है।
- इस परियोजना को नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया और सिंगापुर के नेटवर्क फॉर इलेक्ट्रानिक ट्रांसफर (NETS) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया जा रहा है।
- इसे फरवरी, 2020 तक शुरू करने का लक्ष्य है।
- फरवरी, 2020 तक सभी रूपे कार्ड (घरेलू सहित) सिंगापुर में स्वीकार किए जाएंगे।
- इस फेस्टिवल में भारतीय दल सबसे बड़ा है, जिसमें 43 कंपनियां और स्टार्ट-अप्स भारत से भाग ले रहे हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.fintechfestival.sg/

## विश्व का सबसे बड़ा इस्लामिक सम्मेलन

**प्रश्न-22-25 नवंबर, 2019** के मध्य विश्व के सबसे बड़े इस्लामिक सम्मेलन 'आलमी तब्लीगी इज्तिमा' का आयोजन कहां किया जा रहा है?
(a) हैदराबाद(b) भोपाल(c) बंगलुरू(d) लखनऊ
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 22 नवंबर, 2019 को विश्व का सबसे बड़ा इस्लामिक सम्मेलन 'आलमी तब्लीगी इज्तिमा' का मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में शुभारंभ हुआ।
- इसका समापन 25 नवंबर, 2019 को होगा।
- इस सम्मेलन में 54 देशों से 10 लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है।
- उल्लेखनीय है कि इज्तिमा की शुरुआत नवाबों के दौर में हुई थी।
- पहला आलमी तब्लीगी इज्तिमा वर्ष 1944 में भोपाल में आयोजित किया गया था।
- उस समय इस सम्मेलन में मात्र 14 लोग ही शामिल हुए थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=374907

MAGAZINEKING
Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING

# संधि/समझौता

## आईसीसी द्वारा ओप्पो के साथ साझेदारी बढ़ाने की घोषणा

**प्रश्न-5 दिसंबर, 2019 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने प्रमुख चीनी स्मार्टफोन ब्रांड ओप्पो (OPPO) के साथ अपनी वैश्विक साझेदारी कब तक बढ़ाने की घोषणा की है?**

(a) वर्ष 2021 के अंत तक(b) वर्ष 2022 के अंत तक

(c) वर्ष 2023 के अंत तक(d) वर्ष 2024 के अंत तक




उत्तर-**(c)**

संबंधित तथ्य

- 5 दिसंबर, 2019 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने प्रमुख चीनी स्मार्टफोन ब्रांड ओप्पो (OPPO) के साथ अपनी वैश्विक साझेदारी वर्ष 2023 के अंत तक बढ़ाने की घोषणा की।
- इस साझेदारी के तहत ओप्पो अब आईसीसी और इससे जुड़े सभी टूर्नामेंटों का आधिकारिक मोबाइल हैंडसेट और हेडसेट साझेदार बना रहेगा।
- इन टूर्नामेंटों में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाला आईसीसी अंडर 19 विश्व कप, 2020 और अगले वर्ष ऑस्ट्रेलिया में होने वाले पुरुषों और महिलाओं दोनों के टी-20 विश्वकप शामिल हैं।
- आईसीसी और ओप्पो के मध्य वर्ष 2015 में साझेदारी की शुरूआत हुई थी।
- उल्लेखनीय है कि ओप्पो टीम इंडिया का भी मुख्य स्पॉन्सर रह चुका है, उसके बाद मौजूदा समय में बाइजू टीम इंडिया का मुख्य स्पॉन्सर (प्रायोजक) है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.icc-cricket.com/champions-trophy/media-releases/1514679

## देहरादून रेलवे स्टेशन पुनर्विकास परियोजना हेतु समझौता

**प्रश्न-5 दिसंबर, 2019 को मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण और किसके बीच देहरादून रेलवे स्टेशन पुनर्विकास परियोजना हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?**

(a) रेलवे इंजीनियरिंग कोर(b) रेलवे डेवलपमेंट प्राधिकरण(c) लॉर्सन एंड टुब्रो(d) उपरोक्त में कोई नहीं



उत्तर-**(b)**

संबंधित तथ्य

- 5 दिसंबर, 2019 को मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण और रेलवे लैंड डेवलपमेंट प्राधिकरण के बीच देहरादून रेलवे स्टेशन पुनर्विकास परियोजना हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 507 करोड़ रुपये है।इस परियोजना को 3 वर्षों की अवधि में पूरा कर लिया जाएगा।रेलवे स्टेशन का निर्माण उत्तम वास्तुकला के आधार पर होगा।
- यह अपनी तरह का पहला पीपीपी मॉडल है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://cm.uk.gov.in/upload/pressrelease/Pressrelease-3033..pdf

MAGAZINE KING
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING
Downloaded From www.studymasterofficial.com

# सीडीएससीओ-सऊदी खाद्य और औषधि प्राधिकरण में समझौता

**प्रश्न-11 दिसंबर, 2019 केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चिकित्सा उत्पाद विनियमन के क्षेत्र में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और सऊदी खाद्य और औषधि प्राधिकरण के बीच पूर्वव्यापी समझौता-ज्ञापन को मंजूरी प्रदान की। यह समझौता ज्ञापन 29 अक्टूबर, 2019 को किसकी सऊदी अरब की यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित हुआ था?**

(a) रामनाथ कोविंद(b) नरेंद्र मोदी(c) एम. वेंकैया नायडू(d) एस. जयशंकर



उत्तर-(**b**)

संबंधित तथ्य

- 11 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा चिकित्सा उत्पाद विनियमन के क्षेत्र में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और सऊदी खाद्य और औषधि प्राधिकरण के बीच पूर्व व्यापी समझौता-ज्ञापन को मंजूरी प्रदान की।
- यह समझौता-ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सऊदी अरब यात्रा के दौरान 29 अक्टूबर, 2019 को हस्ताक्षरित हुआ था।
- इस समझौता-ज्ञापन से दोनों पक्षों के बीच नियामक पहलुओं की बेहतर समझ होगी और भारत को सऊदी अरब में चिकित्सा उत्पाद के निर्यात को बढ़ाने में मदद मिलेगी।
- यह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बेहतर समन्वय में मददगार होगा।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=195774

https://www.pmindia.gov.in/en/news_updates/cabinet-approves-mou-between-central-drugs-standard-control-organization-and-saudi-food-and-drug-authority/

# फायर टीवी के स्मार्ट संस्करण की बिक्री हेतु साझेदारी

**प्रश्न-दिसंबर, 2019 में अमेजन ने भारत में फायर टीवी के स्मार्ट संस्करण की बिक्री हेतु किसके साथ साझेदारी की है?**

(a) एलजी(b) सैमसंग(c) बीपीएल(d) ओनिडा




उत्तर-(**d**)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2019 में ई-वाणिज्य एवं प्रौद्योगिकी कंपनी अमेजन ने भारत में फायर टीवी के स्मार्ट संस्करण की बिक्री हेतु ओनिडा के साथ साझेदारी की।अमेजननेफायरटीवीकास्मार्टसंस्करणसर्वप्रथमवर्ष2018 में अमेरिका और कनाडा के बाजार में पेश किया था। उसकेबादकंपनीनेडिक्शन्सकारफोन, मीडिया मार्केट सैटर्न और ग्रॅडिंग के साथ मिलकर इसे ब्रिटेन, जर्मनी और ऑस्ट्रिया में पेश किया था।
- मौजूदा समय में कंपनी भारत में फायर टीवी स्ट्रीमिंग स्टिक की बिक्री कर रही है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/amazon-brings-fire-tv-edition-smart-tvs-to-india-partners-onida/articleshow/72467175.cms



Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# यूएसएमसीए समझौता


**प्रश्न-दिसंबर, 2019 में अमेरिका, मैक्सिको, कनाडा ने यूएसएमसीए (USMCA) समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

**(a) यह समझौता न्यूयॉर्क सिटी में हस्ताक्षरित हुआ।**

**(b) यह नया समझौता 25 वर्ष पुराने अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौता (NAFTA) का स्थान लेगा।**

(c) इस समझौते के अंतर्गत श्रम सुधार, पर्यावरण संबंधी मामलों की निगरानी आदि को कठोर बनाए जाने के प्रावधान शामिल किए गए हैं।

(d) इसमें औषधियों के सस्ते जेनेरिक संस्करणों की राह में बाधा बनने वाले प्रावधानों को दूर करने के भी उपाय किए गए हैं।



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2019 में अमेरिका, मैक्सिको, कनाडा ने मैक्सिको सिटी में यूएसएमसीए (USMCA-United States-Mexico Canada Agreement) पर हस्ताक्षर किए।
- यह नया समझौता 25 वर्ष पुराने अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौता (NAFTA) का स्थान लेगा।
- इस समझौते को अब अंतिम अनुमोदन हेतु संबंधित देशों की संसद में भेजा जाएगा।
- इस समझौते के अंतर्गत श्रम सुधार, पर्यावरण संबंधी मामलों की निगरानी आदि को कठोर बनाए जाने के प्रावधान शामिल किए गए हैं।
- इसमें औषधियों के सस्ते जेनेरिक संस्करणों की राह में बाधा बनने वाले प्रावधानों को भी दूर करने के उपाय किए गए हैं।

MAGAZINE KING

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pacificcouncil.org/newsroom/usmca-trade-deal-track-take-effect-near-future

# एडीबी-भारत सरकार में समझौता

STUDYMASTER
Downloaded From www.studymasterofficial.com
LEARN WHILE ENJOYING

**प्रश्न-16 दिसंबर, 2019 को एशियाई विकास बैंक (ADB) और भारत सरकार ने भारत में ऊर्जा दक्षता निवेशों को विस्तारित करने हेतु कितनी ऋण राशि पर हस्ताक्षर किए?**

(a) 150 मिलियन डॉलर(b) 200 मिलियन डॉलर(c) 250 मिलियन डॉलर(d) 300 मिलियन डॉलर



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 16 दिसंबर, 2019 को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और भारत सरकार ने भारत में ऊर्जा दक्षता निवेशों को विस्तारित करने हेतु 250 मिलियन डॉलर की ऋण राशि पर हस्ताक्षर किए।यहऋणराशिइसकार्यहेतुऊर्जादक्षतासेवाएंलिमिटेड (ईईएसएल) कोप्रदत्तकीजाएगी।इससेदेशमेंकृषि, आवासीय संस्थागत उपभोक्ताओं को लाभ प्राप्त होगा।इसकेअलावाएशियाईविकासकेप्रशासनमेंस्वच्छप्रौद्योगिकीकोषसे46 मिलियन अमेरिकी डॉलर राशि का वित्त पोषण उपलब्ध कराया जाएगा।

- उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व ईईएसएल को एशियाई विकास बैंक ने वर्ष 2016 में डिमांड साइड ऊर्जा दक्षता सेवा परियोजना हेतु 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर राशि का ऋण मंजूरी किया था।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=195939

## जीईएम, यूको बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र में समझौता

**प्रश्न-गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस (जीईएम) द्वारा पोर्टल पर प्रदत्त विभिन्न सेवाओं में क्या शामिल नहीं है?**
(a) जेम पूल एकाउंट्स (जीपीए) के माध्यम से धनराशि का हस्तांतरण।(b) ई-परफॉरमेंस बैंक गारंटी (ई-पीजीबी)।
(c) ई-परफॉरमेंस बैंक गारंटी (ई-पीजीबी)।(d) उपभोक्ताओं को सब्सिडी प्रदान करना।
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 16 दिसंबर, 2019 को गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस (जीईएम) ने पोर्टल के पंजीकृत उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रकार की सेवाएं मुहैया कराने हेतु बैंक ऑफ महाराष्ट्र और यूको बैंक के साथ दो समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किया।
- इन सेवाओं में जेम पूल एकाउंट्स (जीपीए) के माध्यम से धनराशि का हस्तांतरण और ई-परफॉरमेंस बैंक गारंटी (ई-पीबीजी) एवं बयाना राशि या अग्रिम धन जमा करने के विषय में सलाह देना शामिल है।
- जीईएम इससे पूर्व ही 19 सार्वजनिक और निजी बैंकों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर चुका है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=195950

## भारत और गाम्बिया में सहमति

**प्रश्न-2-6 दिसंबर, 2019 के मध्य गाम्बिया लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष आवा ओबेर के नेतृत्व में 11 सदस्यीय शिष्टमंडल भारत की यात्रा पर रहा। विकल्प में इस यात्रा के उद्देश्यों में क्या शामिल नहीं है?**
(a) निष्पादन प्रबंधन प्रणाली का अध्ययन(b) भर्ती प्रबंधन प्रणाली का अध्ययन
(c) सिविल सर्विस पेंशन योजना में सर्वश्रेष्ठ प्रक्रिया का अध्ययन (d) संस्थागत प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य



- 2 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने जानकारी प्रदान की कि भारत और गाम्बिया के कार्मिक प्रशासन के नवीकरण के विषय में समझौता-ज्ञापन पर काम करने हेतु दोनों देशों ने सहमति व्यक्त की है।
- प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) एवं राष्ट्रीय सुशासन केंद्र गाम्बिया के नवीकरण के विषय में एक समझौता-ज्ञापन के माध्यम से तकनीकी सहायता और विकास हेतु सहयोग उपलब्ध कराएंगे।
- उल्लेखनीय है कि 2-6 दिसंबर, 2019 के मध्य गाम्बिया लोक सेवा आयोग की उपाध्यक्ष आवा ओबेर के नेतृत्व में 11 सदस्यीय शिष्टमंडल भारत की यात्रा पर रहा।
- इस यात्रा का उद्देश्य निष्पादन प्रबंधन प्रणाली, भर्ती प्रबंधन प्रणाली और सिविल सर्विस पेंशन योजना में सर्वश्रेष्ठ प्रक्रिया का अध्ययन करना था।

MAGAZINEKING
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING
Downloaded From www.studymasterofficial.com

## भारत-जापान में समझौता

**प्रश्न-11 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और जापान के बीच एक सहयोग-ज्ञापन और एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी प्रदान कर दी। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

(a) केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत सरकार और जापान सरकार के बीच इस्पात के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने हेतु 'भारत-जापान इस्पात संवाद' के गठन के संबंध में सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी प्रदान की।

(b) संवाद का उद्देश्य इस्पात के क्षेत्र में सहयोग के सभी पहलुओं की जांच करना है।

(c) इस समझौता-ज्ञापन से जापान में उच्चकोटि के इस्पात विनिर्माण के लिए क्षमता निर्माण में मदद मिलेगी।

(d) इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण भारत और जापान कोटा एनर्जी सेंटर के बीच समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने को भी मंजूरी प्रदान की।

उत्तर-**(c)**

संबंधित तथ्य

- 11 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत सरकार और जापान की सरकार के बीच इस्पात क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने हेतु 'भारत-जापान इस्पात संवाद' के गठन के संबंध में सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी प्रदान की गई।
- भारत-जापान इस्पात संवाद के तहत इस्पात के क्षेत्र में सतत विकास सुनिश्चित करने हेतु पारस्परिक समझ बढ़ाने की परिकल्पना की गई है।
- संवाद का उद्देश्य इस्पात के क्षेत्र में सहयोग के सभी पहलुओं की जांच करना है।
- उच्च ग्रेड के इस्पात के उत्पादन में निवेश को बढ़ावा देना और भारत में इस्पात उपयोग के नए रास्ते खोजना भी इन पहलुओं में शामिल हैं।
- इस समझौता-ज्ञापन से भारत में उच्च कोटि के इस्पात विनिर्माण के लिए क्षमता निर्माण में मदद मिलेगी।
- इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, भारत और जापान कोल एनर्जी सेंटर के बीच समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने हेतु मंजूरी प्रदान की।
- इस समझौता-ज्ञापन के तहत सतत, स्थिर और कम कार्बन के उत्सर्जन वाली विद्युत आपूर्ति करके पर्यावरण को बेहतर बनाया जाएगा।
- यह समझौता-ज्ञापन विभिन्न अध्ययनों, प्रशिक्षण कार्यक्रम और ज्ञान-साझा गतिविधियों के माध्यम से सतत, स्थिर और कम कार्बन वाले ताप विद्युत उत्पादन में तीव्रता लाने के मार्ग में उपस्थित बाधाओं को दूर करने हेतु एक सक्षम ढांचा उपलब्ध कराएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1595972

## भारत-ब्राजील में समझौता

**प्रश्न-11 दिसंबर, 2019** को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और ब्राजील के बीच सामाजिक सुरक्षा पर समझौते पर हस्ताक्षर करने हेतु मंजूरी प्रदान की। अब तक भारत ने कितने देशों के साथ सामाजिक सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर **किए हैं?**

(a) 10(b) 12(c) 16 (d) 18

उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING

- 11 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत गणराज्य और ब्राजीली फेडेरेटिव गणराज्य के बीच सामाजिक सुरक्षा पर समझौते पर हस्ताक्षर करने हेतु मंजूरी प्रदान की।
- सामाजिक सुरक्षा समझौते के मुख्यतः 3 लाभों में कामगारों द्वारा दोहरी सामाजिक सुरक्षा योगदान करने से बचना, लाभों को आसानी से प्रेषित करना (निर्यात क्षमता) और लाभों (एकत्रीकरण) के नुकसान को रोकने के लिए योगदान अवधि को जोड़ना (दो देशों के बीच) शामिल है।
- इस समझौते के तहत विदेशों में काम कर रहे विदेशी नागरिकों को अक्षमता बीमा का लाभ भी प्रदान किया जाएगा।अबतकभारतने18 देशों के साथ सामाजिक सुरक्षा समझौता (एसएसए) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- उल्लेखनीय है कि भारत विदेशों में लघु अवधि के लिए काम कर रहे भारतीय पेशेवरों/कुशल श्रमिकों के हितों की रक्षा और भारतीय कंपनियों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के मद्देनजर भारत अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय सामाजिक सुरक्षा समझौते कर रहा है।
- 9 जून, 2019 को जिनेवा में और 27-28 सितंबर, 2016 को नई दिल्ली में ब्रिक्स श्रम एवं रोजगार मंत्रियों की बैठक में सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया था।
- ब्रिक्स देशों के बीच सामाजिक समझौतों को पूरा करने की संभावनाओं का उल्लेख ब्रिक्स राष्ट्राध्यक्ष शिखर सम्मेलन के अवसर पर गोवा घोषणा पत्र पर भी किया गया था।
- भारत और ब्राजील के मध्य सामाजिक सुरक्षा समझौते पर बातचीत 13-16 मार्च, 2017 को ब्रासीलिया में हुई थी।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1595985

## भारत और म्यांमार के बीच द्विपक्षीय सहयोग पर समझौता-ज्ञापन को कैबिनेट की मंजूरी

MAGAZINE KING
Downloaded From www.studymasterofficial.com

**प्रश्न-भारत और म्यांमार के बीच किस मामले से संबंधित समझौता-ज्ञापन पर मंत्रिमंडल ने स्वीकृति प्रदान की?**

(a) मानव तस्करी रोकने(b) समुद्री व्यापार बढ़ाने(c) रक्षा सहयोग(d) सीमा निर्धारण



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- 27 नवंबर, 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और म्यांमार के बीच द्विपक्षीय सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन को मंजूरी दी गई।
- यह समझौता ज्ञापन मानव तस्करी रोकने पीड़ितों को छुड़ाने और उन्हें स्वदेश वापस भेजने के लिए द्विपक्षीय सहयोग पर है।
- समझौता ज्ञापन के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं-
- दोनों देशों के बीच मानव तस्करों एवं संगठित अपराध के सिंडिकेट के खिलाफ त्वरित जांच और अभियोजन सुनिश्चित करना।
- मानव तस्करों एवं तस्करी के शिकार लोगों के आंकड़े जुटाकर सूचना का आदान-प्रदान करना।
- मानव तस्करी के सभी रूपों को रोकने एवं पीड़ितों की सुरक्षा के लिए द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना।
- तस्करी रोकने के लिए एक कार्यबल का गठन करना।
- अप्रवासन एवं सीमा नियंत्रण सहयोग को और मजबूत करना।

- मानव तस्करी रोकने के लिए संबंधित मंत्रालयों और संगठनों के साथ रणनीति का क्रियान्वयन करना।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1593671

## अशोक लेलैंड और ICICI बैंक के बीच करार

**प्रश्न-भारतीय ऑटो उद्योग 2018 में वाणिज्यिक (Commercial) वाहनों का__________सबसे बड़ा निर्माता था।**
(a) चौथा(b) पांचवां(c) छठा(d) सातवां
उत्तर-**(d)**
संबंधित तथ्य




- 25 नवंबर, 2019 को भारत के प्रमुख वाणिज्यिक वाहन निर्माता 'अशोक लेलैंड' ने 'आईसीआईसीआई' बैंक के साथ दो वर्षों की अवधि के लिए अपने ग्राहकों को वाहन ऋण उपलब्ध कराने हेतु समझौता (MoU) हस्ताक्षरित किए जाने की घोषणा की।
- यह समझौता उभय पक्षों को अर्ध-शहरी और ग्रामीण भूगोल पर ध्यान केंद्रित करने के साथ देश भर में ग्राहकों को अनुकूलित वित्तीय समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाएगा।
- भारतीय ऑटो उद्योग 2018 में वाणिज्यिक वाहनों का 7वां सबसे बड़ा निर्माता था।
- वित्त वर्ष 2019 के दौरान भारत से ऑटोमोबाइल निर्यात 14.5 प्रतिशत की दर से बढ़ा है।
- जबकि 'अशोक लेलैंड' भारत दूसरा सबसे बड़ा वाणिज्यिक वाहन निर्माता है।
- इसके साथ ही कंपनी बसों के निर्माण में विश्व में चौथे तथा ट्रकों के निर्माण में 10वें नंबर पर है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.ashokleyland.com/en/article/-/tag/press-release?article=1642290&title=Ashok-Leyland-partners-with-ICICI-Bank

## ई-वी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना हेतु समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**प्रश्न-भारत की Fame-II योजना का निम्न में से कौन-सा मुख्य उद्देश्य है?**
(a) नए उद्यमों को बढ़ावा देना।



(b) देश के समुचित विकास हेतु गांवों के विकास पर जोर देना।
(c) सार्वजनिक क्षेत्र की विद्युत वितरण कंपनियों की वित्तीय वापसी।
(d) भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देना।
उत्तर-**(d)**
संबंधित तथ्य

- ऊर्जा दक्षता सेवा लि. (EESL) एवं दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (SDMC) ने SDMC द्वारा पोषित क्षेत्रों में लगभग 75 सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING

- नवंबर, 2019 में EESL एवं SDMC के मध्य इस समझौते पर संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किया गया है ताकि दिल्ली में ई-गतिशीलता को अपनाने में संयुक्त रूप से काम किया जा सके।
- चार्जिंग इकाइयों की खरीद, संबंधित बुनियादी ढांचे की खरीद तथा सार्वजनिक चार्जिंग के संचालन एवं रख-रखाव हेतु जनशक्ति का वहन EESL द्वारा जबकि SDMC अपने क्षेत्र में चार्जिंग बुनिचादी ढांचे की स्थापना हेतु उत्तरदायी होगी।
- EESL के अनुसार, 300 AC एवं 170DC कैप्टिल चार्जर कमीशन किए गए हैं।
- भारत की फेम-II योजना (Faster Adoption and Manufacturing of Hybrid and Elecgric Vehicles-II) का मुख्य उद्देश्य भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देना है।

संबंधित लिंक भी देखें...


https://www.thehindubusinessline.com/news/national/eesl-south-delhi-municipal-corporation-sign-mou-to-install-75-charging-stations/article30097600.ece

## भारत-उज्बेकिस्तान आतंकवाद रोधी समझौता

**प्रश्न-उज्बेकिस्तान के गृह मंत्री पी. बोबोजोनोव भारत की यात्रा पर रहे?**

(a) 20 से 21 नवंबर, 2019 तक(b) 17 से 19 नवंबर, 2019 तक

(c) 16 से 19 नवंबर, 2019 तक(d) इनमें से कोई नहीं



उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- 22 नवंबर, 2019 को गृह मंत्रालय ने भारत और उज्बेकिस्तान के बीच आतंकवादरोधी व संगठित अपराध के क्षेत्र में सहयोग समझौता हस्ताक्षरित होने की घोषणा की।
- ध्यातव्य है कि उज्बेकिस्तान के गृह मंत्री पी. बोबोजोनोव 20 से 23 नवंबर, 2019 तक भारत की यात्रा पर रहे।
- उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष के साथ क्षमता निर्माण, भारतीय संस्थानों में उज्बेक सुरक्षा कर्मियों के प्रशिक्षण, सीमा सुरक्षा और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर चर्चा की।
- **भारत-उज्बेकिस्तान संबंध**
- भारत-उज्बेकिस्तान के संबंध ऐतिहासिक हैं और दोनों देश फारसी और हिंदू/बौद्ध साम्राज्यों का हिस्सा रहे हैं तथा ऐतिहासिक सिल्क रूट पर स्थित हैं।
- उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद है।
- भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने 1955 में सोवियत संघ की राजकीय यात्रा (Stafe visit) के दौरान ताशकंद का दौरा किया था। तब उज्बेकिस्तान सोवियत संघ का हिस्सा हुआ करता था।
- ताशकंद में ही जनवरी, 1966 में तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और पाकिस्तानी राष्ट्रपति मुहम्मद अय्युब खान के बीच ऐतिहासिक बैठक हुई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/india-uzbek-sign-pact-on-counter-terror-cooperation-119112200827_1.html

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (CCRAS), JNU तथा ILBS के मध्य समझौता

**प्रश्न-ILBS का पूर्ण रूप है?**



(a) इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज(b) इंस्टीट्यूट ऑफ लंग्स एंड बिलियरी साइंसेज
(c) इंस्टीट्यूट ऑफ लंग्स एंड ब्लड साइंसेज(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 20 नवंबर, 2019 को आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा में अनुसंधान और विकास तथा प्रशिक्षण के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- यह समझौता-ज्ञापन आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (CCRAS) ने JNU तथा ILBS के साथ हस्ताक्षरित किया।
- 'इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज' (ILBS) यकृत और पित्त रोगों के लिए एक मोनो-सुपरस्पेशिलिटी अस्पताल है, जो कि नई दिल्ली में स्थित है।
- इस समझौते के माध्यम से अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग तथा बहुविध अध्ययनों के माध्यम से आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों पर ठोस प्रमाण तैयार होंगे।
- साथ ही गैर-अल्कोहलिक फैटी लीवर रोग (NAFLD) जैसी उभरती स्वास्थ्य समस्याओं का आयुर्वेदिक समाधान संभव होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=194816

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समझौता

**प्रश्न-4 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत निर्वाचन आयोग और किस देश के निर्वाचन आयोग के मध्य चुनाव प्रबंधन एवं प्रशासन के क्षेत्र में सहयोग हेतु समझौता-ज्ञापन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई?**
(a) श्रीलंका(b) मालदीव(c) थाईलैंड(d) बांग्लादेश
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य



- 4 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत निर्वाचन आयोग और मालदीव के चुनाव आयोग के मध्य चुनाव प्रबंधन एवं प्रशासन के क्षेत्र में सहयोग हेतु समझौता-ज्ञापन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस समझौता-ज्ञापन अंतर्गत चुनाव प्रक्रिया के संगठनात्मक और तकनीकी विकास के क्षेत्र में जानकारियों एवं अनुभव का आदान-प्रदान, सूचना साझाकरण में सहयोग, संस्थागत सुदृढ़ता एवं क्षमता निर्माण, कर्मचारियों का प्रशिक्षण और नियमित आधार पर विचार-विमर्श आदि शामिल हैं।
- प्रस्तावित समझौता ज्ञापन से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

**संबंधित लिंक भी देखें...**
**https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=195372**

MAGAZINE KING
Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के मध्य समझौता

**प्रश्न-महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (WCD) और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (FPI) के मध्य समझौता होने से लाभान्वित होंगी-**



(a) बुनकर महिलाएं(b) गृह उद्योग में संलग्नरत महिलाएं

(c) दोनों क्षेत्रों की महिलाएं(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 27 नवंबर, 2019 को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (WCD) तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (FPI) के मध्य महिला उद्यमियों का राष्ट्रीय जैविक महोत्सव का आयोजन करने हेतु एवं समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- इससे जैविक कृषि से जुड़ी महिला उद्यमियों को लाभ मिलेगा।
- साथ ही महिला उद्यमियों को मुद्रा और स्टार्टअप इंडिया जैसी सरकारी वित्तीय योजनाओं के साथ जुड़ने में मदद मिलेगा, एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी होने के लिए वे मानदंडों को भी पूरा करने में सक्षम बनेंगी।
- समझौते के तहत 'निफ्टेम' (NIFTEM) इस कार्यक्रम की रूपरेखा बनाएगा एवं इसका आयोजन करेगा।
- महोत्सव का उद्देश्य महिला उद्यमियों और किसानों को खरीददारों के साथ जिससे महिला उद्यमियों और किसानों के वित्तीय समावेश में सहायता प्राप्त होगी मिलेगी तथा भारत में जैविक खाद्यान्न उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।
- आयोजन के लिए 'WCD' निफ्टेम के कुलपति को कार्यक्रम आयोजित करने के लिए धन राशि का हस्तांतरण करेगा।
- 'निफ्टेम' वित्त वर्ष की समाप्ति पर WCD को 'उपयोगिता प्रमाण-पत्र' प्रदान करेगा।'निफ्टेम', हरियाणा के कुंडली (सोनीपत) स्थित राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान का संक्षिप्त रूप है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1593753

## ICAI और केएएए के बीच समझौता

**प्रश्न-केएएए (KAAA) का पूर्ण रूप है-**



(a) कुवैत एकाउंटेंट्स एंड ऑडिटर्स एसोसिएशन(b) कतर ऑडिटर्स एंड एकाउंटेंट्स एसोसिएशन

(c) काहिरा ऑडिटर्स एंड एकाउंटेंट्स एसोसिएशन(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 21 नवंबर, 2019 को 'इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' (ICAI) ने 'KAAA' (कुवैत एकाउंटेंट्स एंड ऑडिटर्स एसोसिएशन) के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDY MASTER
MAGAZINE KING
LEARN WHILE ENJOYING

- समझौता के तहत, ICAI कुवैत सरकार, के कर्मचारियों, कुवैतियों और KAAA के सदस्यों को KAAA के सहयोग से तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम पेश करेगा।
- ICAI की स्थापना, भारत में चार्टर्ड एकाउंटेंसी के पेशे को विनियमित करने के लिए 1 जुलाई, 1949 को की गई थी।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://menafn.com/1099320517/Kuwait-ICAI-KAAA-ink-MoU-to-bolster-accounting-auditing-finances

## सीरियाई शरणार्थियों की मदद हेतु समझौता

**प्रश्न-4 दिसंबर, 2019 को जॉर्डन और किस देश ने सीरियाई शरणार्थियों और घरेलू समुदायों की मदद के लिए परियोजनाओं और पहलों को शुरू करने के लिए तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए?**

(a) सऊदी अरब(b) मिस्र(c) कतर(d) तुर्की

उत्तर-**(c)**

संबंधित तथ्य



- 4 दिसंबर, 2019 को जॉर्डन और कतर ने सीरियाई शरणार्थियों और घरेलू समुदायों की मदद के लिए परियोजनाओं और पहलों को शुरू करने के लिए तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए।
- यह समझौता बड़ी संख्या में शरणार्थियों की उपस्थिति से प्रभावित हुए स्थानीय समुदायों और सीरियाई शरणार्थियों के लिए सहायता कार्यक्रम लागू करने हेतु जॉर्डन हैशमाइट चैरिटी संगठन और कतर चैरिटी के बीच हुआ।
- इन परियोजनाओं के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा और मनोवैज्ञानिक सहयोग के क्षेत्र में सेवाएं प्रदान की जाएंगी तथा अनाथ शरणार्थियों की देखभाल की जाएगी।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://www.xinhuanet.com/english/2019-12/05/c_138606037.htm

## हेल्थकेयर इनोवेशन सेंटर हेतु भारत-स्वीडन की सहभागिता

**प्रश्न-हेल्थकेयर इनोवेशन सेंटर हेतु भारत-स्वीडन की सहभागिता किन रोगों में अनुसंधान को बढ़ावा देगी?**

(a) गैर-संचारी रोगों में (NCDs)(b) संचारी रोगों में

(c) उपरोक्त दोनों में(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-**(a)**

संबंधित तथ्य



- 3 दिसंबर, 2019 को भारत और स्वीडन ने 'गैर संचारी रोगों' (NCDs) में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए 'हेल्थकेयर इनोवेशन सेंटर' (स्वास्थ्य नवोन्मेष केंद्र) की स्थापना हेतु समझौता किया।
- यह समझौता हेल्थकेयर क्षेत्र की भारतीय स्टार्टअप कंपनियों के लिए मददगार साबित होगा।

Downloaded From www.studymaster.official.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- इस समझौते पर एम्स दिल्ली और एम्स जोधपुर के लिए तथा दिल्ली में स्वीडन के व्यापार आयुक्त ने हस्ताक्षर किए।
- ध्यातव्य है कि भारत में हेल्थकेयर बाजार वर्ष 2022 तक 372 बिलियन डॉलर तक हो जाने की संभावना है।
- वहीं भारत में हॉस्पिटल इंडस्ट्री वर्ष 2022 तक 16 से 17 प्रतिशत CAGR की दर से बढ़ कर 2017 के 4 ट्रिलियन रुपये की तुलना में 8.6 ट्रिलियन रुपये हो जाने की संभावना है।
- भारत में चिकित्सा पर्यटन उद्योग वर्तमान में 22 से 25 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और 2020 तक इसके बढ़कर 9 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाने की संभावना है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://www.newsonair.nic.in/Main-News-Details.aspx?id=375552

## आईआरसीटीसी-केएसटीडीसी में समझौता

**प्रश्न-19 नवंबर, 2019 को भारतीय रेल खान-पान और पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) और कर्नाटक राज्य पर्यटन निगम (केएसटीडीसी) के बीच किस रेलगाड़ी के संचालन और प्रचार हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?**

(a) महाराजा एक्सप्रेस(b) फेयरी क्वीन(c) गोल्डन चैरियट(d) रॉयल ओरिएन्ट

**उत्तर-(c)**



**संबंधित तथ्य**

- 19 नवंबर, 2019 को भारतीय रेल खान-पान और पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) और कर्नाटक राज्य पर्यटन निगम (केएसटीडीसी) के बीच गोल्डन चैरियट ट्रेन के संचालन और प्रचार हेतु नई दिल्ली में समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- कर्नाटक राज्य पर्यटन निगम (केएसटीडीसी) शीघ्र ही इस रेलगाड़ी का परिचालन आईआरसीटीसी को सुपुर्द करेगा।आईआरसीटीसी केरल के पर्यटन स्थलों के अनुरूप इस रेलगाड़ी के परिचालन समय और ठहराव वाले स्थानों में परिवर्तन किया जा रहा है।
- इसमें बांदीपुर, मैसूर, हालीबीड चिकमंगलूर, हम्पी, बीजापुर और गोवा जैसे पर्यटन स्थलों को जोड़ने का प्रस्ताव भी है।
- आईआरसीटीसी इस रेलगाड़ी की आंतरिक साज-सज्जा में परिवर्तन करने के बाद इसका परिचालन मार्च, 2020 से शुरू करेगा।
- गोल्डन चैरियट ट्रेन संपूर्ण दक्षिण भारत की पहली और एकमात्र लक्जरी गाड़ी है।
- इस रेलगाड़ी का परिचालन वर्ष 2008 में प्रारंभ हुआ था।
- यह कर्नाटक सरकार और भारतीय रेल का एक संयुक्त उपक्रम है।
- आईआरसीटीसी महाराजा एक्सप्रेस लक्जरी रेलगाड़ी का भी संचालन करती है।
- इसका परिचालन वर्ष 2010 में प्रारंभ किया गया था।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.business-standard.com/article/news-cm/irctc-mou-with-kstdc-an-important-step-towards-the-prime-minister-s-vision-to-promote-tourism-in-india-ministry-of-railways-119112000201_1.html

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# भारत और फिनलैंड के मध्य समझौता

**प्रश्न-पर्यटन क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए भारत ने किस देश के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं?**

(a) स्विट्जरलैंड(b) फिनलैंड(c) नीदरलैंड(d) फ्रांस

उत्तर-**(b)**



संबंधित तथ्य

- 20 नवंबर, 2019 को पर्यटन के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए भारत और फिनलैंड ने नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- भारत की ओर से केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रह्लाद सिंह पटेल तथा फिनलैंड की ओर से वहां के आर्थिक और रोजगार मंत्री श्री नीमोहाराक्का ने हस्ताक्षर किए।
- गौरतलब है कि भारत और फिनलैंड के मध्य लंबे समय से मजबूत राजनयिक और आर्थिक संबंध रहे हैं।
- पर्यटन के लिए भारत में बड़ी संख्या में फिनलैंड के पर्यटक आते हैं, ऐसे में यह समझौता भारत के संबंधों के साथ आय में भी वृद्धि करेगा।
- ध्यातव्य है कि वर्ष 2018 में फिनलैंड से कुल 21239 पर्यटक भारत आए। इसमें वर्ष 2019 में वृद्धि होने की प्रबल संभावना है।
- समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर से पर्यटन के क्षेत्र में पर्यटन से संबंधित डेटा, ज्ञान और विशेषज्ञता आदि को साझा करने में सरलता होगी।
- इसके साथ ही पर्यटन नीति की योजना, कार्यान्वयन तथा बहुपक्षीय विकास कार्यक्रमों तथा अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं की परियोजनाओं के संदर्भ में समान हित से जुड़ी भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=194753


# संघ/संगठन

## एस्सार स्टील का अधिग्रहण

प्रश्न-निप्पन स्टील कॉर्पोरेशन के साथ गठित संयुक्त उद्यम आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया लिमिटेड (एएम-एनएस इंडिया) में आर्सेलर मित्तल की हिस्सेदारी कितनी है?

**(a) 40 प्रतिशत(b) 55 प्रतिशत(c) 60 प्रतिशत(d) 65 प्रतिशत**

उत्तर-(c)



संबंधित तथ्य

- 16 दिसंबर, 2019 को वैश्विक इस्पात कंपनी आर्सेलर मित्तल ने जानकारी प्रदान की कि उसने एस्सार स्टील इंडिया लिमिटेड का अधिग्रहण पूरा कर लिया है।
- इसके साथ ही निप्पन स्टील कॉर्पोरेशन के साथ संयुक्त उद्यम आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया लिमिटेड (एएम-एनएस इंडिया) का गठन किया गया है।इससंयुक्तउद्यमकेपासएस्सारस्टीलइंडियालिमिटेड (ईएसआईएल) कास्वामित्वहोगाऔरवहइसकापरिचालनभीकरेगा।


MAGAZINEKING
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING
Downloaded From www.studymasterofficial.com

- संयुक्त उद्यम में आर्सेलर मित्तल की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत और शेष हिस्सेदारी निप्पन स्टील कॉर्पोरेशन के पास होगी।आर्सेलरमित्तलकेअध्यक्षएवंमुख्यवित्तअधिकारीआदित्यमित्तलकोइससंयुक्तउद्यमकाचेयरमैननियुक्तकियागयाहै।
- उल्लेखनीय है कि एलएन मित्तल के नेतृत्व वाली कंपनी आर्सेलर मित्तल द्वारा एस्सार स्टील का अधिग्रहण 42,000 करोड़ रुपये में किए जाने हेतु विगत माह उच्चतम न्यायालय ने मंजूरी प्रदान की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.thehindu.com/business/Industry/arcelormittal-nippon-steel-complete-acquisition-of-essar-steel/article30321135.ece

## क्रेडिटएक्सेस ग्रामीण द्वारा मदुरा माइक्रो फाइनेंस का अधिग्रहण

**प्रश्न-माइक्रोफाइनेंस संस्था 'क्रेडिटएक्सेस ग्रामीण' द्वारा मदुरा माइक्रो फाइनेंस' का अधिग्रहण कितनी राशि में किए जाने की घोषणा की गई है?**




(a) 650 करोड़ रुपये(b) 400 करोड़ रुपये(c) 300 करोड़ रुपये(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- 27 नवंबर, 2019 को माइक्रोफाइनेंस संस्था 'क्रेडिटएक्सेस ग्रामीण' द्वारा 'मदुरा माइक्रो फाइनेंस' की दो चरणों में 876 करोड़ रुपये की शत-प्रतिशत हिस्सेदारी अधिग्रहीत करने की घोषणा की गई।
- क्रेडिटएक्सेस ग्रामीण (CAGL) का मुख्यालय बंगलुरू जबकि 'मदुरा माइक्रोफाइनेंस लि.' का चेन्नई में मुख्यालय है।प्रथमचरणमें'CAGL', मदुरा माइक्रोफाइनेंस (MMFL) की 76.2 प्रतिशत हिस्सेदारी को 666.4 करोड़ रुपये (नगद) में खरीदेगी।
- जबकि दूसरे चरण में 'MMFL' को स्कीम ऑफ अरेंजमेंट के तहत CAGL में विलय कर दिया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/companies/creditaccess-grameen-to-acquire-madura-micro-finance-for-rs-876-crore-119112700904_1.html

## बोडो विद्रोही समूह पर प्रतिबंध विस्तार

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा असम के किस विद्रोही समूह के प्रतिबंधों को पांच वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है?**




(a) एनडीएफबी(b) केपीएलटी(c) एमयूएलटीए(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-**(a)**

संबंधित तथ्य

- 24 नवंबर, 2019 को केंद्र सरकार द्वारा असम के विद्रोही समूह 'नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड' (NDFB) के प्रतिबंधों की अवधि को 5 वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है।
- गृह मंत्रालय के अनुसार, NDFB देश की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता को प्रभावित करने के उद्देश्य से अवैध और हिंसक गतिविधियों में संलिप्त रहा है।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER
MAGAZINEKING
LEARN WHILE ENJOYING

- केंद्र सरकार ने 'गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967' की धारा-3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के आधार पर NDFB पर प्रतिबंध लगाया है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.hindustantimes.com/india-news/centre-extends-ban-on-assam-s-bodo-insurgent-group-ndfb-for-5-more-years/story-DJkj0B5VIZL9RY4LaChurJ.html

# विधि/न्याय

## 126वां संविधान संशोधन विधेयक, 2019

**प्रश्न-12 दिसंबर, 2019 को राज्य सभा में भारतीय संविधान का 126वां संविधान संशोधन विधेयक, 2019 पारित किया गया। इस विधेयक के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

**(a)** यह भारतीय संविधान का **105**वां संशोधन है।

**(b)** इस विधेयक के तहत लोक सभा और विधानसभाओं में अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षण की अवधि **10** वर्ष तक के लिए और बढ़ाया गया है।

**(c)** इसमें दोनों वर्गों के लिए लोक सभा और विधानसभाओं में **25** जनवरी **2030** तक सीटों का आरक्षण बढ़ाने का प्रावधान है।

**(d)** इस संविधान संशोधन द्वारा संसद में एंग्लो-इंडियन समुदाय के प्रदत्त आरक्षण को समाप्त कर दिया गया है।

उत्तर-**(a)**

संबंधित तथ्य



- 12 दिसंबर, 2019 को राज्य सभा में भारतीय संविधान का 126वां संविधान संशोधन विधेयक, 2019 पारित किया गया।
- लोक सभा द्वारा यह विधेयक इससे पूर्व पारित किया जा चुका है।
- यह भारतीय संविधान का 104वां संशोधन है।
- इस विधेयक के तहत भारतीय संविधान के अनुच्छेद 334 में संशोधन किया गया है।
- इस विधेयक के तहत लोक सभा और विधानसभाओं में अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के लिए आरक्षण की अवधि को 10 वर्ष और बढ़ाया गया है।
- इसमें अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए लोक सभा और राज्य विधानसभाओं में 25 जनवरी, 2030 तक सीटों का आरक्षण बढ़ाने का प्रावधान किया गया है।
- पूर्व में इस आरक्षण की समय सीमा 25 जनवरी, 2020 तक थी।
- इस संविधान संशोधन विधेयक द्वारा संसद में एंग्लो इंडियन समुदाय के प्रदत्त आरक्षण को समाप्त कर दिया गया है।
- आरक्षण के तहत एंग्लो-इंडियन समुदाय के 2 सदस्य लोक सभा में प्रतिनिधित्व करते आ रहे थे।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

**http://prsindia.org/billtrack/constitution-one-hundred-and-twenty-sixth-amendment-bill-2019**

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# प्रतिष्ठित पत्रकार शिरीन दलवी द्वारा नागरिकता (संशोधन) विधेयक, 2019 का विरोध

**प्रश्न- प्रतिष्ठित पत्रकार शिरीन दलवी निम्न में से किस भाषा की पत्रकार हैं?**



(a) हिंदी(b) मराठी(c) पंजाबी(d) उर्दू

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 11 दिसंबर, 2019 को राज्य सभा द्वारा पारित नागरिकता (संशोधन) विधेयक 2019 का उर्दू की प्रतिष्ठित पत्रकार शिरीन दलवी द्वारा विरोध किया गया है।
- शिरीन दलवी ने नागरिकता (संशोधन) विधेयक, 2019 के विरोध में महाराष्ट्र राज्य उर्दू अकादमी द्वारा वर्ष 2011 में इन्हें दिया गया विशेष पुरस्कार को वापस करने की घोषणा की है।
- शिरीन दलवी ने इस संशोधन विधेयक को संविधान के खिलाफ देश को बांटने वाला, धर्मनिरपेक्षता पर हमला करने वाला तथा अमानवीय बताया है।
- शिरीन दलवी मुबई संस्करण अवधनामा' उर्दू दैनिक अखबार की संपादक रह चुकी हैं।
- शिरीन दलवी वर्तमान में स्वतंत्र पत्रकार, अनुवादक एवं लेखक के रूप में कार्य कर रही हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.thehindu.com/news/national/noted-urdu-journalist-shireen-dalvi-returns-award-in-protest-against-citizenship-amendment-bill/article30286839.ece

## 172वीं रक्षा पेंशन अदालत

**प्रश्न-रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा 172वीं रक्षा पेंशन अदालत का उद्घाटन कहां किया गया?**

(a) लखनऊ(b) भोपाल(c) देहरादून (d) पटना

**उत्तर-(a)**



**संबंधित तथ्य**

- 23 नवंबर, 2019 को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 172वीं रक्षा पेंशन अदालत का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने वाले यह पहले रक्षा मंत्री हैं।
- दो दिन तक चलने वाली इस रक्षा पेंशन अदालत का लक्ष्य उत्तर-प्रदेश के सभी जिलों में रहने वाले सैन्य बलों के पूर्व कर्मियों और उनके आश्रितों की पेंशन संबंधी शिकायतों को दूर करना है।
- रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पेंशन), प्रयागराज ने मध्य कमान मुख्यालय के समन्वय से इसका आयोजन किया था।
- रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा लेखा विभाग समयबद्ध ढंग से पेंशन उपलब्ध कराने तथा इसके रास्ते में आने वाली किसी भी चुनौती से निपटने के लिए सदैव तैयार रहेगा।
- गौरतलब है कि देश भर में 31 लाख पूर्व सैन्यकर्मी है, इनमें से चार लाख उत्तर-प्रदेश में है।
- लखनऊ में सात साल बाद रक्षा पेंशन अदालत का आयोजन कियागया है। इसमें पेंशन के साथ-साथ पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना, नौकरियों और पुनर्वास को भी इस दो दिन के कार्यक्रम का हिस्सा बनाया गया।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

**https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=194920**

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

## उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा फास्ट-ट्रैक कोर्ट की स्थापना

**प्रश्न-9 दिसंबर, 2019 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में बालकों एवं महिलाओं के विरुद्ध हो रही घटनाओं की तत्काल विवेचना कराकर दोषियों को यथाशीघ्र दंडित किए जाने के उद्देश्य से प्रदेश में कितनी फास्ट-ट्रैक कोर्ट की स्थापना का निर्णय किया गया?**

(a) 150(b) 175(c) 215 (d) 218

उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- 9 दिसंबर, 2019 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में लैंगिक अपराधों से बालकों को संरक्षण अधिनियम, 2012 (पाक्सो एक्ट) के अधीन न्यायालयों में प्रचलित आपराधिक वादों तथा बलात्कार से संबंधित अपराधों के आपराधिक वादों के शीघ्र निस्तारण हेतु प्रदेश में 218 फास्ट-ट्रैक कोर्ट की स्थापना करने का निर्णय लिया गया।
- 218 में से 144 नियमित न्यायालय दुष्कर्म के मामलों की और 74 न्यायालय में यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (POCSO) अधिनियम के तहत मामलों की सुनवाई होगी।
- प्रत्येक न्यायालय पर प्रतिवर्ष 75 लाख रुपये की राशि व्यय होगी।
- इस प्रकार 218 न्यायालयों पर प्रतिवर्ष अनुमानित वित्तीय भार 16350 लाख रुपये होगा।
- उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 218 फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना का निर्णय बालकों एवं महिलाओं के विरुद्ध हो रही आपराधिक घटनाओं की तत्काल विवेचना कराकर संबंधित आपराधिक मुकदमों को यथाशीघ्र एवं त्वरित गति से निस्तारण करके दोषियों को दंडित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://information.up.nic.in/attachments/CabinetDecisionfile/3ef96aaa335a42b9f76781bde2679bb4.pdf

## कराधान संशोधन विधेयक, 2019 लोक सभा में पारित

**प्रश्न-लोक सभा में 'कराधान संशोधन विधेयक-2019' कब पारित हुआ?**

(a) 27 नवंबर, 2019(b) 28 नवंबर, 2019(c) 29 नवंबर, 2019 (d) इनमें से कोई नहीं



उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- 2 दिसंबर, 2019 को लोक सभा में एवं 5 दिसंबर, 2019 को राज्य सभा में कराधान संशोधन विधेयक-2019 पारित हुआ।
- यह विधेयक इस संबंध में जारी अध्यादेश का स्थान लेगा।
- विधेयक में घरेलू कंपनियों को 22 प्रतिशत की दर से कर के भुगतान का विकल्प दिया गया है, जिसमें शर्त यह है कि वे आय कर अधिनियम के तहत कटौती का दावा न करें।
- अभी तक चार अरब रुपये तक के वार्षिक सकल कारोबार वाली घरेलू कंपनियों को 25 प्रतिशत तथा अन्य घरेलू कंपनियों को 30 प्रतिशत आय कर देना पड़ता है।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- नये विनिर्माताओं सहित घरेलू कंपनियों के लिए कॉर्पोरेट कर में कटौती का सरकार का फैसला चीन और अमेरिका के बीच मौजूदा व्यापार युद्ध के संदर्भ में किया गया है।
- दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों की भांति भारत में कॉर्पोरेट की कम दरों से निवेश बढ़ेगा, आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहन मिलेगा और रोजगार बढ़ेंगे।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://prsindia.org/billtrack/taxation-laws-amendment-bill-2019

## दिल्लीस्पोर्ट्सयूनिवर्सिटीबिल, 2019

**प्रश्न-दिल्ली विधानसभा द्वारा दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बिल, 2019 कब पारित किया गया?**

(a) 30 नवंबर, 2019(b) 1 दिसंबर, 2019 (c) 2 दिसंबर, 2019(d) 3 दिसंबर, 2019



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 2 दिसंबर, 2019 को दिल्ली विधानसभा द्वारा 'दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बिल, 2019' पारित किया गया।
- यह बिल विधानसभा से पारित होने के बाद मंजूरी के लिए उपराज्यपाल के पास भेजा जाएगा।
- यह खेल विश्वविद्यालय विभिन्न खेलों में स्नातक उपाधि, स्नातकोत्तर उपाधि और डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान करेगा।
- उल्लेखनीय है कि 2 अक्टूबर, 2019 मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल राष्ट्रीय राजधानी में एक खेल विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने की घोषणा की थी।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://timesofindia.indiatimes.com/home/education/news/sports-university-bill-passed-in-delhi-assembly/articleshow/72343780.cms

## केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा नागरिकता (संशोधन) विधेयक, 2019 को मंजूरी

**प्रश्न-4 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नागरिकता (संशोधन) विधेयक, 2019 को मंजूरी दी। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

(i) इस विधेयक का उद्देश्य पाकिस्तान एवं बांग्लादेश के 6 अल्पसंख्यक समुदायों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है।

(ii) 6 अल्पसंख्यक समुदायों में हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, ईसाई और पारसी समुदाय शामिल हैं।



**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल (ii)(b) केवल (i)(c) (i) एवं (ii) दोनों(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 4 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नागरिकता (संशोधन) विधेयक (Citizenship Amendment Bill), 2019 को मंजूरी दी।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- इस विधेयक का उद्देश्य पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के 6 अल्पसंख्यक समुदायों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है।
- 6 अल्पसंख्यक समुदायों में हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, ईसाई और पारसी समुदाय शामिल हैं।
- विधेयक में पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए अप्रवासियों को नागरिकता देने का प्रावधान है बशर्ते कि वो उन देशों के बहुसंख्यक यानि मुस्लिम समुदाय से न हो।
- उल्लेखनीय है कि वर्तमान में किसी व्यक्ति को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के लिए उसे 11 वर्षों तक देश में रहना चाहिए।
- प्रस्तावित विधेयक में इसे संशोधित करके 6 वर्ष करने का प्रस्ताव है।
- नागरिकता अधिनियम, 1955 को संशोधन करने वाले इस विधेयक को लोक सभा में पेश किया जाएगा।
- ज्ञातव्य है कि इससे पहले नागरिकता (संशोधन) विधेयक को 19 जुलाई, 2016 को लोक सभा में पेश किया गया था।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://www.newsonair.nic.in/Main-News-Details.aspx?id=375590

## वर्ष/दिवस/सप्ताह

### राष्ट्रीय सुशासन दिवस

**प्रश्न-25 दिसंबर, 2019 को देशभर में 'राष्ट्रीय सुशासन दिवस' मनाया गया। केंद्र सरकार ने किस वर्ष इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी?**

(a) वर्ष 2003(b) वर्ष 2011(c) वर्ष 2017 (d) वर्ष 2014




**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 दिसंबर, 2019 को देशभर में 'राष्ट्रीय सुशासन दिवस' (National Good Governance Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है।
- केंद्र सरकार ने वर्ष 2014 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- इस अवसर पर विभिन्न नेताओं ने अटल जी की समाधि 'सदैव अटल' में श्रद्धांजलि अर्पित की।
- यह समाधि स्थल नई दिल्ली में उसी स्थान पर बनाया गया है जहां पर अटल जी का अंतिम संस्करण किया गया था।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://ddnews.gov.in/national/%E2%80%9Cgood-governance-day%E2%80%9D-being-celebrated-today

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

**प्रश्न-24 दिसंबर, 2019 को देशभर में 'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' मनाया गया। वर्ष 2019 में इस दिवस का मुख्य विषय क्या था?**




(a) उपभोक्ता की शिकायतों का समय पर निपटान(b) वैकल्पिक उपभोक्ता शिकायत/विवाद निवारण
(c) उपभोक्ता संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 24 दिसंबर, 2019 को देशभर में 'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' (National Consumer Day) मनाया गया।
- वर्ष 2019 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-"वैकल्पिक उपभोक्ता शिकायत/विवाद निवारण" (Alternate Consumer Grievance/Dispute redressal) था।उद्देश्य-उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना।उल्लेखनीय है कि इसी दिन वर्ष 1986 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम को राष्ट्रपति ने मंजूरी दी थी।इस अधिनियम का उद्देश्य उपभोक्ता के हितों की रक्षा एवं उसे विभिन्न प्रकार के शोषण से बचाना है।गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष 15 मार्च को 'विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस' मनाया जाता है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

http://newsonair.nic.in/Main-News-Details.aspx?id=357077

## राष्ट्रीयगणितदिवस

**प्रश्न-प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन पर मनाये जाने वाला राष्ट्रीय गणित दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?**




(a) 20 दिसंबर(b) 22 दिसंबर(c) 24 दिसंबर(d) 18 दिसंबर
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 22 दिसंबर, 2019 को देशभर में राष्ट्रीय गणित दिवस (National Mathmatics Day) मनाया गया।
- यह दिवस प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिन पर मनाया जाता है।इनका जन्म 22 दिसंबर, 1887 को मद्रास (चेन्नई) के टूर ईरोड नगर में हुआ था।वर्ष 2012 में इनकी 125वीं जयंती के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा इस दिवस को मनाए जाने की घोषणा की गई थी।उनके द्वारा गणित में की गई अद्भूत खोज आज के आधुनिक गणित और विज्ञान की आधारशिला बनीं।संख्या सिद्धांत पर रामानुजन के अद्भूत कार्य के लिए उन्हें 'संख्याओं का जादूगर' माना जाता है।उनको 'गणितज्ञों का गणितज्ञ' भी कहा जाता है।
- उनके जीवन पर आधारित फिल्म का नाम 'द मैन हू न्यू इनफिनटी' (The Man Who Knew Infinity) है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.indiatoday.in/information/story/national-mathematics-day-2019-some-interesting-quotes-on-math-1630562-2019-12-22

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDY MASTER

# किसान दिवस

**प्रश्न-23 दिसंबर, 2019 को देश भर में 'किसान दिवस' मनाया गया। यह दिवस किस जयंती के अवसर पर मनाया जाता है?**




(a) लाल बहादुर शास्त्री(b) चौधरी देवी लाल(c) चौधरी चरण सिंह(d) राजेंद्र प्रसाद

**उत्तर-(c)**

संबंधित तथ्य

- 23 दिसंबर, 2019 को देश भर में 'किसान दिवस' मनाया गया।
- यह दिवस भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है।
- इनका जन्म 23 दिसंबर, 1902 को मेरठ (उ.प्र.) में हुआ था।
- वह जुलाई, 1979 से जनवरी, 1980 तक देश के प्रधानमंत्री रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.news18.com/news/india/kisan-diwas-2019-india-observes-national-farmers-day-honours-former-pm-chaudhary-charan-singh-2433189.html

# अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस' कब मनाया जाता है?




(a) 15 दिसंबर(b) 22 दिसंबर(c) 21 दिसंबर(d) 20 दिसंबर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 20 दिसंबर, 2019 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस' (International Human Salidarity Day) मनाया गया।
- इसका उद्देश्य लोगों को विविधता में एकता का महत्व बताते हुए जागरूकता फैलाना है।
- इस दिन विभिन्न देश अपनी जनता के बीच शांति, भाईचारा, सौहार्द और एकता के संदर्भ का प्रसार करते हैं।
- उल्लेखनीय है कि 22 दिसंबर, 2005 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व भर में एकता का संदेश देने के लिए प्रति वर्ष 20 दिसंबर को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/human-solidarity-day

# अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस' कब मनाया जाता है?




(a) 15 दिसंबर(b) 16 दिसंबर(c) 17 दिसंबर(d) 18 दिसंबर

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

MAGAZINEKING
Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- 18 दिसंबर, 2019 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस' (International Migrants Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि 4 दिसंबर, 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व में प्रवासियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष 18 दिसंबर को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- गौरतलब है कि 18 दिसंबर, 1990 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रवासी श्रमिकों के अधिकारों और उनके परिवार के सदस्यों के संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय अभिसमय अपनाया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/migrants-day/events

## अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोध दिवस

**प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोध दिवस' कब मनाया जाता है?**
(a) 8 दिसंबर(b) 9 दिसंबर(c) 6 दिसंबर(d) 7 दिसंबर
उत्तर-**(b)**
संबंधित तथ्य





- 9 दिसंबर, 2019 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोध दिवस' (International Anti-Corruption Day) मनाया गया।
- उद्देश्य-विश्वभर में भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु जागरूकता फैलाना।
- उल्लेखनीय है कि 31 अक्टूबर, 2003 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रतिवर्ष 9 दिसंबर को इस दिवस को मनाने की घोषणा की गई थी।
- उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 1 ट्रिलियन डॉलर का भुगतान रिश्वत में किया जाता है।
- जबकि अनुमानित 2.6 ट्रिलियन डॉलर को भ्रष्टाचार के माध्यम से सालाना चोरी किया जाता है, जो कि वैश्विक जीडीपी के 5 प्रतिशत से अधिक के बराबर राशि है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/anti-corruption-day/background

## विजय दिवस

**प्रश्न-16 दिसंबर, 2019 को देशभर में '48वां विजय दिवस' मनाया गया। यह किस वर्ष के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय के उपलक्ष्य में मनाया जाता है?**
(a) वर्ष 1965(b) वर्ष 1999(c) वर्ष 1945 (d) वर्ष 1971
उत्तर-**(d)**
संबंधित तथ्य




- 16 दिसंबर, 2019 को देशभर में 48वां विजय दिवस मनाया गया।
- इस युद्ध में प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस प्रत्येक वर्ष 16 दिसंबर को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING
MAGAZINEKING

- इस युद्ध में पाकिस्तान के तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल आमिर अब्दुल्ला खान नियाजी ने लगभग 93 हजार सैनिकों को साथ ढाका (वर्तमान में बांग्लादेश) में भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
- इसी युद्ध के पश्चात पूर्वी पाकिस्तान स्वतंत्र हो गया, जो आज बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://timesofindia.indiatimes.com/blogs/inside-politics/on-48th-vijay-diwas-time-to-take-a-hard-look-at-what-our-soldiers-endure/

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस

**प्रश्न-'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' कब मनाया जाता है?**

(a) 13 दिसंबर(b) 14 दिसंबर(c) 15 दिसंबर(d) 10 दिसंबर



उत्तर-**(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 14 दिसंबर, 2019 को देशभर में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस (National Energy Conservation Day) मनाया गया।
- इस दिवस का उद्देश्य लोगों को ऊर्जा के महत्व, बचत एवं संरक्षण के बारे में जागरूक करना है।
- उल्लेखनीय है कि ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (BEE) वर्ष 1991 से यह दिवस प्रतिवर्ष मनाता है।
- इसके साथ ही, BEE द्वारा 9-14 दिसंबर, 2019 के मध्य 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह' भी मनाया गया।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://beeindia.gov.in/content/national-energy-conservation-awards

## 13वां दक्षिण एशियाई खेल

**प्रश्न-निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

(i) 13वें दक्षिण एशियाई खेल का आयोजन काठमांडू और पोखरा में किया गया।

(ii) इस खेल का शुभंकर ब्लैकबक (कृष्णशहर) था।

(iii) खेलों का उद्घाटन खड्ग प्रसाद शर्मा ओली ने किया।

(iv) भारत ने सर्वाधिक कुल 312 पदक जीता।




**उपर्युक्त में से कौन-सा कथन सही है?**

कूटः

(a) (i), (ii), (iii)(b) (ii), (iii), (iv)

(c) (i), (ii), (iv) (d) (i), (ii), (iii)

उत्तर-**(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 1-10 दिसंबर, 2019 के मध्य 13वें दक्षिण एशियाई खेल (SAG-South Asian Games) का आयोजन संयुक्त रूप से काठमांडू एवं पोखरा (नेपाल) में किया गया।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- इसका उद्घाटन नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने किया।
- इसमें दक्षेस (SAARC) के 7 सदस्य देशों (बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका) के खिलाड़ियों ने भाग लिया।
- इन खेलों के दौरान 27 खेलों में 2700 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।
- इसमें भारत की ओर से 487 दल ने भागीदारी की।
- 13वें दक्षिण एशियाई खेल में भारत ने सर्वाधिक 173 स्वर्ण, 93 रजत और 45 कांस्य पदक सहित कुल 312 पदक प्राप्त कर पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा।
- इस प्रतियोगिता में पदक विजेता देश इस प्रकार रहे-

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|
| भारत | 174 | 93 | 45 | 312 |
| नेपाल | 51 | 60 | 95 | 206 |
| श्रीलंका | 40 | 83 | 128 | 251 |
| पाकिस्तान | 32 | 41 | 59 | 132 |
| बांग्लादेश | 19 | 32 | 87 | 138 |
| मालदीव | 1 | 0 | 4 | 5 |
| भूटान | 0 | 7 | 13 | 20 |

MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING
Downloaded From
www.studymasterofficial.com

- 13वें दक्षिण एशियाई खेलों का आधिकारिक शुभंकर (Mascot) ब्लैकबक (Blackbucks) का जोड़ा था।
- नेपाल में एक लुप्तप्राय प्रजाति है।
- इस खेल का आदर्श वाक्य (Moto) है-Life isn't about Finding Your Self'।
- इसमें 8 वर्ष बाद क्रिकेट को शामिल किया गया, जिसमें सिर्फ महिला क्रिकेट टीमों ने भाग लिया।
- 2 दिसंबर, 2019 को नेपाल की महिला क्रिकेटर अंजलि चंद ने किसी भी अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच में 0 रन पर 6 विकेट लेकर एक नया रिकॉर्ड बनाया।
- यह उपलब्धि उन्होंने मालदीव के विरुद्ध हांसिल की।

- भारतीय शूटर मेहुली घोष ने फाइनल में 253.3 स्कोर के साथ 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण जीता, जो कि वर्तमान विश्व रिकॉर्ड (252.9) से 0.4 अधिक है।
- भारतीय हाई जम्पर सर्वेश अनिल कुशारे ने ऊंची कूद स्पर्धा में 2.21 मीटर की ऊंचाई पर छलांग लगाकर नया रिकॉर्ड बनाया।
- बैडमिंटन में भारत की पुरुष और महिला टीमों ने स्वर्ण पदक जीता।
- पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में भारत के तेजिंदर पाल सिंह ने स्वर्ण पदक जीता।
- बास्केटबॉल में भारत की पुरुष टीम ने श्रीलंका को और महिला टीम ने नेपाल को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता।
- भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने नेपाल को 2-0 से पराजित कर लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीता।
- नेपाल की पुरुष फुटबॉल टीम ने भूटान को 2-1 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीता।
- इन खेलों का समापन समारोह काठमांडू स्थित दशरथ रंगशाला में संपन्न हुआ।
- उल्लेखनीय है कि प्रथम दक्षिण एशियाई खेल का आयोजन वर्ष 1984 में काठमांडू, नेपाल में किया गया था।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.nhp.gov.in/national-pollution-prevention-day_pg

## अंतरराष्ट्रीय सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस

**प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस' कब मनाया जाता है?**

(a) 10 दिसंबर(b) 8 दिसंबर(c) 12 दिसंबर(d) 4 दिसंबर




उत्तर-**(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 12 दिसंबर, 2019 को विश्व भर में अंतरराष्ट्रीय सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस' (International Universal Health Coverage Day) मनाया गया।
- वर्ष 2019 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-"Keep The Promise" है
- उल्लेखनीय है कि 12 दिसंबर, 2017 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रतिवर्ष 12 दिसंबर को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.un.org/en/observances/universal-health-coverage-day

## अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस

**प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस' कब मनाया जाता है?**

(a) 4 दिसंबर(b) 11 दिसंबर(c) 4 दिसंबर(d) 2 दिसंबर



उत्तर-**(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 11 दिसंबर, 2019 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस' (International Mountain Day) मनाया गया।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER

- वर्ष 2019 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-“Mauntains Matter for Youth” है।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस पहाड़ों में सतत विकास को प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष 2003 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्थापित किया गया था।
- इस दिवस को मनाने का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय समुदाय का पर्वतीय क्षेत्र के सतत विकास के महत्व पर प्रकाश डालना और पर्वतीय क्षेत्र के प्रति दायित्वों के लिए जागरूक करना है।
- संपूर्ण पृथ्वी की सतह के लगभग 22 प्रतिशत हिस्से पर पहाड़ हैं।
- पहाड़ों पर विश्व की आबादी के 15 प्रतिशत लोग निवास करते हैं और पहाड़ जानवरों और पौधों का एक चौथाई घर हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.un.org/en/observances/mountain-day

## अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस

**प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस' कब मनाया जाता है?**




(a) 4 दिसंबर(b) 3 दिसंबर(c) 8 दिसंबर(d) 5 दिसंबर

उत्तर-**(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 5 दिसंबर, 2019 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस' (International Volunteer Day) मनाया गया।वर्ष2019 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) है-“समावेशी भविष्य के लिए स्वयंसेवक” (Valeenteer for an inclusive future)।
- उल्लेखनीय है कि 17 दिसंबर, 1985 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक संकल्प द्वारा प्रति वर्ष 5 दिसंबर को इस दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।


**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.un.org/en/observances/volunteer-day

## अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन दिवस

**प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन दिवस' कब मनाया जाता है?**

(a) 8 दिसंबर(b) 7 दिसंबर(c) 9 दिसंबर(d) 4 दिसंबर



उत्तर-**(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 7 दिसंबर, 2019 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन दिवस' (International Civil Aviation Day) मनाया गया।इसदिवसकाउद्देश्यलोगोंकोविमाननक्षेत्रकेप्रतिजागरूककरनातथाइसक्षेत्रकीराष्ट्रकेआर्थिकविकासमेंभूमिका को समझना होता है।संयुक्तराष्ट्रमहासभानेवर्ष1996 में प्रतिवर्ष 7 दिसंबर को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER
MAGAZINEKING
LEARN WHILE ENJOYING

- इस दिवस की स्थापना आईसीएओ (ICAO: International Civil Aviation Organization) की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वर्ष 1994 में की गई थी।
- ICAO की स्थापना 7 दिसंबर, 1944 को हुई थी।
- इसका मुख्यालय मांट्रियल, कनाडा में है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.un.org/en/observances/civil-aviation-day

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस

**प्रश्न-'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' कब मनाया जाता है?**



(a) 6 दिसंबर(b) 4 दिसंबर(c) 3 दिसंबर(d) 7 दिसंबर

उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- 7 दिसंबर, 2019 को देश भर में 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' (Armed Forces Flag Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस देश की सीमाओं की सुरक्षा करने वाले बहादुर सैनिकों के बलिदान की स्मृति में 7 दिसंबर, 1949 से प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है।
- यह दिवस देश की सुरक्षा में शहीद हुए सैनिकों के परिवार के लोगों के कल्याण के लिए मनाया जाता है।
- इस दिन झंड की खरीद से एकत्रित हुए धन को शहीद सैनिकों के आश्रितों के कल्याण में खर्च किया जाता है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.indiatoday.in/india/story/armed-forces-flag-day-pm-modi-hails-indomitable-courage-of-indian-forces-1626059-2019-12-07

## विश्व एड्स दिवस

**प्रश्न-1 दिसंबर, 2019 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व एड्स दिवस' मनाया गया। वर्ष 2019 में इस दिवस का मुख्य विषय क्या था?**




(a) एड्स फ्री जेनरेशन(b) स्टॉप एड्स(c) समुदाय बदलाव लाते हैं(d) मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार

उत्तर-**(c)**

संबंधित तथ्य

- 1 दिसंबर, 2019 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व एड्स दिवस' (World Aids Day) मनाया गया।
- वर्ष 2019 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-"समुदाय बदलाव लाते हैं" (Communities make the difference) था।
- प्रथम विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर, 1988 को मनाया गया था।
- ज्ञातव्य है कि एड्स (AIDS : Acquired Inmuno Defficiency Syndrom) एक संलक्षण (Syndrome) है, जो एचआईवी विषाणु संक्रमण के कारण होता है।

MAGAZINEKING
Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- इस संक्रमण के फलस्वरूप व्यक्ति की रोगों से लड़ने की क्षमता का ह्रास हो जाता है तथा मनुष्य विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रस्त हो जाता है।
- WHO के अनुसार, वर्तमान में विश्व भर में 37.9 मिलियन लोग, एचआईवी से पीड़ित हैं (वर्ष 2018 के अंत तक)।
- 770,000 लोग एड्स से संबंधित बीमारियों से मारे गए (वर्ष 2018 के तक)।
- एचआईवी एड्स एक वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती है, जिसे वर्ष 2030 तक खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है।
- वर्ष 2017 के नवीनतम अनुमान के अनुसार, भारत में लगभग 21 लाख 40 हजार लोग एचआईवी से पीड़ित हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.who.int/campaigns/world-aids-day/2019

## विश्व मृदा दिवस

**प्रश्न-'विश्व मृदा दिवस' कब मनाया जाता है?**

(a) 1 दिसंबर(b) 4 दिसंबर(c) 30 नवंबर(d) 5 दिसंबर

उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य




- 5 दिसंबर, 2019 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व मृदा दिवस' (World Soil Day) मनाया गया।
- मुख्य विषय (Theme) "मृदा क्षरण को रोकें, हमारा भविष्य बचाएं" (Stop Soil Erosion, Save Our Future)।
- उद्देश्य-मृदा स्वास्थ्य तथा जीवन में मृदा के योगदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना।
- 20 दिसंबर, 2013 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक संकल्प द्वारा 5 दिसंबर को प्रतिवर्ष इस दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.fao.org/world-soil-day/en/

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस

**प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस' कब मनाया जाता है?**

(a) 2 दिसंबर(b) 3 दिसंबर(c) 1 दिसंबर(d) 28 नवंबर

उत्तर-**(b)**

International Day of Persons with Disabilities 3 DECEMBER

संबंधित तथ्य

- 3 दिसंबर, 2019 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस' (International Day of Persons with Disabilities) मनाया गया।
- वर्ष 2019 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)- "दिव्यांग व्यक्तियों और उनके नेतृत्व की भागीदारी को बढ़ावा देना : 2030 विकास एजेंडा पर कार्यवाही करना (Promoting the Participation of Persons with disabilities and their leadership : taking action on the 2030 Development Agenda)।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- इस दिवस का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों की समस्याओं को समझना तथा उन्हें सशक्त करने हेतु उनके अधिकारों के लिए कार्य करना है।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1992 में इस दिवस को मनाए जाने की घोषणा की गई थी।
- इस अवसर पर उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में दिव्यांगजनों को 'दिव्यांगजन सशक्तीकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार, 2019' प्रदान किया।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.un.org/en/observances/day-of-persons-with-disabilities

## विश्वकंप्यूटरसाक्षरतादिवस

**प्रश्न-'विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस' कब कनाया जाता है?**
(a) 1 दिसंबर(b) 2 दिसंबर(c) 4 दिसंबर(d) 30 नवंबर
**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**





- 2 दिसंबर, 2019 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस' (World Computer Literacy Day) मनाया गया।
- इस दिवस का उद्देश्य कंप्यूटर की शिक्षा का प्रसार करके अधिक से अधिक लोगों को कंप्यूटर के उपयोग में दक्ष बनाना है।
- यह दिवस भारतीय कंप्यूटर कंपनी NIIT द्वारा वर्ष 2001 में अपनी 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुरू किया गया था।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://anydayguide.com/calendar/3690

## अंतरराष्ट्रीय दासता उन्मूलन दिवस

**प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय दासता उन्मूलन दिवस' कब मनाया जाता है?**
(a) 2 दिसंबर(b) 3 दिसंबर(c) 4 दिसंबर(d) 29 नवंबर
**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**




- 2 दिसंबर, 2019 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय दासता उन्मूलन दिवस' (International Day for the Abolition of Slavery) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि 2 दिसंबर, 1949 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने व्यक्तियों की तस्करी और वेश्यावृत्ति के शोषण को समाप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र अभिसमय स्वीकार किया था।
- पहली बार यह दिवस 2 दिसंबर, 1986 को मनाया गया था।
- **उद्देश्य-** दासता के समकालीन स्वरूपों जैसे- व्यक्तियों की तस्करी, यौन शोषण, बालश्रम के सबसे खराब तरीके, जबरन शादी, सशस्त्र संघर्ष में इस्तेमाल के लिए बच्चों की जबरन भर्ती का उन्मूलन करना।
- अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के अनुसार, अनुमानित 40.3 मिलियन लोग आधुनिक दासता में हैं।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- जिसमें जबरन श्रम में 24.9 मिलियन और जबरन शादी में 15.4 मिलियन लोग शामिल हैं।
- विश्व में प्रति 1000 लोगों पर 5.4 आधुनिक दासता पीड़ित हैं।
- आधुनिक दासता के पीड़ित 4 में से 1 बच्चे हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.un.org/en/events/slaveryabolitionday/

## भारतीय नौसेना दिवस

**प्रश्न-भारतीय नौसेना दिवस कब मनाया जाता है?**
(a) 3 दिसंबर(b) 5 दिसंबर(c) 4 दिसंबर(d) 6 दिसंबर



**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 4 दिसंबर, 2019 को देश भर में 'भारतीय नौसेना दिवस' (Indian Navy Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस वर्ष 1971 की लड़ाई में भारतीय नौसेना की पाकिस्तानी नौसेना पर विजय की स्मृति में मनाया जाता है।
- 4 दिसंबर, 1971 को भारतीय नौसेना ने 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' के तहत कराची बंदरगाह को पूरी तरह तबाह कर दिया था।
- इस ऑपरेशन में भारतीय नौसेना ने पहली बार एंटी-शिप मिसाइल का प्रयोग किया था।
- इस ऑपरेशन के तुरंत बाद 'ऑपरेशन पॉयथन' लांच किया गया।
- जिसमें पाकिस्तानी नौसेना को काफी नुकसान हुआ था।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.thehindu.com/news/national/navy-day-heres-a-quick-look-at-the-indian-navy-today/article21260246.ece

## पश्चिम बंगाल में रसगुल्ला दिवस

**प्रश्न-सही कथन का चुनाव कीजिए-**
कथन (A): 14 नवंबर, 2019 को पश्चिम बंगाल की सरकार ने 'बांग्लार रोसोगोल्ला' को जी.आई. टैग मिलने की दूसरी वर्षगांठ पर रसगुल्ला दिवस मनाया।
कारण (B): 'बांग्लार रोसोगुल्ला' को 14 नवंबर, 2017 को जी.आई. टैग प्रदान किया गया था।
**कूटः**
(a) कथन (A) और कारण (B) दोनों सही हैं तथा कारण (B) कथन (A) का सही स्पष्टीकरण है।
(b) कथन (A) और कारण (B) दोनों सही हैं, परंतु कारण (B) कथन (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।



(c) कथन (A) सही है, परंतु कारण (B) गलत है।
(d) कथन (A) गलत है, परंतु कारण (B) सही है।
**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING MAGAZINEKING


- 14 नवंबर, 2019 को पश्चिम बंगाल की सरकार ने ‘बांग्लार रोसोगोल्ला’ (बंगाली रसगुल्ला) को जी.आई. टैग मिलने की दूसरी वर्षगांठ पर ‘रसगुल्ला दिवस ’ मनाया।
- गौरतलब है कि 14 नवंबर,2017 को पश्चिम बंगाल के ‘बांग्लार रोसोगुल्ला को जी.आई. टैग प्रदान किया गया था।
- वर्ष 2017 में पश्चिम बंगाल के रसगुल्ला को भी जी.आई. टैग प्रदान किया गया था।
- भौगोलिक संकेत एक ऐसा चिह्न है, जो एक विशेष स्थान से उत्पन्न होने वाले उत्पाद की पहचान बताता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/west-bengal-to-observe-rosogolla-day-on-nov-14/article25439145.ece

# पुस्तकें

## पुस्तक-माइंड मास्टरः विनिंग लेसन्स फ्रॉम ए चैंपियंस लाइफ




**प्रश्न-पुस्तक ‘माइंड मास्टरः विनिंग लेसन्स फ्रॉम ए चैंपियंस लाइफ’ के लेखक कौन हैं?**
(a) पंकज आडवाणी, राजेश त्रिपाठी(b) विश्वनाथन आनंद, सुसैन आलम
(c) विश्वनाथन आनंद, सुसान निनान(d) अभिषेक वर्मा, चारू शर्मा
**उत्तर-(c)**
संबंधित तथ्य

- 13 दिसंबर, 2019 को द हिन्दू प्रकाशन समूह के अध्यक्ष एन. राम ने पुस्तक ‘माइंड मास्टरः विनिंग लेसन्स फ्रॉम ए चैंपियंस लाइफ’ का विमोचन किया।
- इस पुस्तक के लेखक प्रसिद्ध भारतीय शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनन्द और सुसान निनान हैं।
- इस पुस्तक में शतरंज और कंप्यूटर के विभिन्न पहलुओं के विषय में जानकारी प्रदान की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newsnation.in/sports/other-sports/viswanathan-anand-five-time-world-champion-pens-book-mind-master-winning-lessons-from-a-champions-life-241228.html

## पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स का ब्रेल संस्करण

**प्रश्न-18 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय मंत्री थावर चंद गहलोत ने पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स के ब्रेल संस्करण का विमोचन नई दिल्ली में किया। इस ब्रेल संस्करण को किसने तैयार किया है?**
**(a)** केंद्रीय नेत्रहीन कल्याण संघ की ब्रेल प्रेस ने**(b)** राजस्थान नेत्रहीन कल्याण संघ की ब्रेल प्रेस ने
**(c)** आईआईटी, कानपुर ने**(d)** आईआईटी, मद्रास ने



**उत्तर-(b)**
संबंधित तथ्य

- 18 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत ने नई दिल्ली में पुस्तक ‘एग्जाम वॉरियर्स’ के ब्रेल संस्करण का विमोचन किया।


Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER

- यह ब्रेल संस्करण हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है।
- इस ब्रेल संस्करण को राजस्थान नेत्रहीन कल्याण संघ की ब्रेल प्रेस ने तैयार किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स के लेखक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**
**https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1596853**

## पुस्तक 'नलक' काअंग्रेजीमेंअनुवाद

**प्रश्न-अबनिंद्रनाथ टैगोर की पुस्तक 'नलक' का अंग्रेजी में अनुवाद किसने किया है?**




(a) रश्मि चक्रवर्ती(b) उर्बी भादुड़ी(c) रमेश मजूमदार(d) अर्णव मुखर्जी
उत्तर-**(b)**
संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2019 में पुस्तक 'नलक' के अंग्रेजी अनुवाद के संस्करण को नियोगी बुक्स ने प्रकाशित किया।
- अबनिंद्रनाथ टैगोर की पुस्तक 'नलक' का अंग्रेजी में अनुवाद उर्बी भादुड़ी ने किया है।
- इस पुस्तक में गौतम बुद्ध की जीवन यात्रा का उल्लेख है।
- अबनिंद्रनाथ टैगोर रवींद्रनाथ टैगोर के भतीजे थे और अपनी पेंटिंग और लेखन के लिए प्रसिद्ध थे।
- वह बंगाल स्कूल ऑफ आर्ट के प्रमुख प्रवर्तक थे।
- बंगाली बाल साहित्य में उनकी कुछ प्रसिद्ध रचनाएं राजकाहिनी, बूडो अंगला, नलक और खिरेर पुतुल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://10. https://www.business-standard.com/article/pti-stories/abanindranath-tagore-s-book-tracing-buddha-s-journey-now-in-english-119120800407_1.html

# विविध

## सीएसआर पोर्टल 'सहयोग'

**प्रश्न-5 दिसंबर, 2019 को किस राज्य के मुख्यमंत्री ने कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पोर्टल 'सहयोग' का शुभारंभ किया?**



(a) हिमाचल प्रदेश(b) राजस्थान(c) छत्तीसगढ़(d) उत्तराखंड
उत्तर-**(d)**
संबंधित तथ्य

- 5 दिसंबर, 2019 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पोर्टल 'सहयोग' का शुभारंभ किया।
- इस पोर्टल के मामध्य से राज्य सरकार एवं उद्योग जगत से जुड़े लोगों के बीच आपसी सामंजस्य बढ़ेगा।
- इस पोर्टल के माध्यम से उद्योग राज्य के विकास में अपनी इच्छा के अनुसार कार्यक्षेत्र चुन सकेंगे।
- इस पोर्टल से कॉरपोरेट जगत को ऐसे प्रोजेक्ट्स क्षेत्रों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी जिन क्षेत्रों में उनका सहयोग अपेक्षित है।
- इस पोर्टल में कॉरपोरेट को सेक्टर और जनपद का चयन करने का विकल्प उपलब्ध होगा।

MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING
Downloaded From www.studymasterofficial.com

- इन प्रोजेक्टों की निगरानी सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से सतत रूप से की जाएगी।

## खाद्य अपव्यय को रोकने हेतु एफएसएसएआई (FSSAI) एवं नैसकॉम फाउंडेशन द्वारा ऐप का विकास

**प्रश्न-FSSAI एवं NASSCOM का मुख्यालय निम्न में से किस शहर में स्थित है?**



(a) कोलकाता(b) चेन्नई(c) बंगलुरू(d) नई दिल्ली

उत्तर-**(d)**

संबंधित तथ्य

- एफएसएसएआई (FSSAI-Food Safety and Standrds Authority of India) एवं नैसकॉम फाउंडेशन (NASSCOM-National Association of Software and Servcies Companies) ने खाद्य अपव्यय को रोकने एवं बचे हुऐ खाद्य पदार्थों के वितरण को प्रोत्साहित करने के लिए संयुक्त रूप से एक प्रौद्योगिकी मंच बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (Memorandum of Understanding) पर दिसंबर, 2019 में हस्ताक्षर किए हैं।इस समझौते के अंतरगत दोनों संस्थानों द्वारा जरूरतमंदों को भोजन दान करने के लिए एक सामान्य 24×7 हेल्पलाइन नंबर और एक मोबाइल एप्लीकेशन, 'Food Donation in India' का विकास किया जाना है।यह मंच अधिशेष खाद्य वितरण संगठनों के पंजीकरण को सुविधाजनक बनाने में मदद करेगा।
- प्रारंभ में पूरे भारत में 81 संगठनों का नेटवर्क, जिन्हें भारतीय खाद्य साझाकरण गठबंधन (IFSA-Indian Food Sharing Alliance) के रूप में जाना जाता है, इस मंच का एक हिस्सा होगा।
- दोनों संस्थानों के मध्य सहयोग अधिशेष खाद्य वितरण में शामिल संगठनों को एक मान्यता प्रदान करेगा और खाद्य दान के माध्यम से देश में भोजन की बर्बादी को कम करने में मदद देगा।
- उपरोक्त दोनों संस्थानों का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://fssai.gov.in/upload/media/FSSAI_NEws_App_NewsToday_16_12_2019.pdf

## 16 वां राज्य स्तरीय ऑरेंज फेस्टिवल, 2019

**प्रश्न-16-18 दिसंबर, 2019 को '16वां राज्य स्तरीय ऑरेंज फेस्टिवल' कहां संपन्न हुआ?**

(a) नागपुर(b) मणिपुर(c) जयपुर(d) लखनऊ

उत्तर-**(b)**



संबंधित तथ्य

- 16-18 दिसंबर, 2019 को '16वां राज्य स्तरीय ऑरेंज फेस्टिवल (16th State Festival), 2019 तामेंगलोंग, मणिपुर में संपन्न हुआ।इस तीन दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बिरेन सिंह ने किया।इस महोत्सव का आयोजन मणिपुर सरकार द्वारा उत्तर पूर्वी परिषद (NEC) के प्रायोजन (Sponsorship) के तहत आयोजित किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/videos/national/orange-festival-kicks-imph/

# सुगम्य भारत अभियान की समय सीमा विस्तारित

**प्रश्न-13 दिसंबर, 2019 को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने सुगम्य भारत अभियान की समय सीमा मार्च, 2020 तक बढ़ाने की घोषणा की। यह अभियान कब शुरू किया गया था?**

(a) 5 अक्टूबर, 2014(b) 3 नवंबर, 2015 (c) 3 दिसंबर, 2015(d) 4 मार्च, 2016

**उत्तर-(c)**

संबंधित तथ्य

- 13 दिसंबर, 2019 को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने धीमी प्रगति के कारण सुगम्य भारत अभियान की समय सीमा मार्च, 2020 तक बढ़ाने की घोषणा की।
- समय सीमा बढ़ाने का निर्णय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री थावर चंद गहलोत की अध्यक्षता में केंद्रीय सलाहकार बोर्ड ने लिया।
- सुगम्य भारत अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों को दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाना है।
- यह अभियान विकलांग व्यक्तियों हेतु सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करने हेतु सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा शुरू किया गया एक देशव्यापी अभियान है।
- यह अभियान सुगम्य भौतिक वातावरण, परिवहन, सूचना एवं संचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर केंद्रित है।
- इस अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3 दिसंबर, 2015 को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर किया था।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.thehindu.com/news/national/targets-missed-accessible-india-campaigns-deadline-extended/article30300230.ece

# अतुल्यभारतरोडशो

**प्रश्न-9 दिसंबर, 2019 को भारत को पर्यटकों के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में पेश करने हेतु अतुल्य भारत रोड शो का आयोजन किस देश में किया गया?**

(a) मॉरीशस(b) सिंगापुर(c) थाईलैंड(d) ब्रिटेन

**उत्तर-(b)**

संबंधित तथ्य

- 9 दिसंबर, 2019 को सिंगापुर में अतुल्य भारत (Incredible India) रोड शो का आयोजन किया गया।
- इस रोड शो में भारत को पर्यटकों के लिए पंसदीदा गंत्वय के रूप में पेश किया गया।
- सिंगापुर में स्थित भारत पर्यटन कार्यालय के अनुसार भारतीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा आयोजित किए गए इस रोड शो ने भारत के पर्यटन उद्योग के हितधारकों को सिंगापुर के समकक्षों के साथ विचार-विमर्श हेतु एक मंच प्रदान किया।
- भारतीय प्रतिनिधिमंडल पंजाब और मध्य प्रदेश सरकारों के प्रतिनिधियों के साथ ही 25 टूर ऑपरेटर और गंतव्य प्रबंधन कंपनियां शामिल थीं।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- सिंगापुर स्थित भारत पर्यटन कार्यालय के अनुसार, वर्ष 2017 में सिंगापुर से कुल 1,75,852 पर्यटक भारत आए थे।
- सिंगापुर से आए पर्यटकों की संख्या में उस वर्ष 7.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/stage-set-for-incredible-india-road-show-in-singapore-119120800329_1.html

## मानव पुस्तकालय का आयोजन

**प्रश्न-8 दिसंबर, 2019 को मैसूरू, कर्नाटक में मानव पुस्तकालय का आयोजन किया गया। वर्ष 2006 में मानव पुस्तकालय की शुरुआत कहां से हुई थी?**
(a) ओस्लो(b) मैड्रिड(c) कोपनहेगन(d) वियना
उत्तर-**(c)**
संबंधित तथ्य




- 8 दिसंबर, 2019 को मैसूरू, कर्नाटक में मानव पुस्तकालय का आयोजन किया गया।
- मानव पुस्तकालय एक ऐसी अवधारणा है जिसमें पुस्तकों के स्थान पर सीधे ज्ञान के सबसे बड़े स्रोत मनुष्य से अपेक्षित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
- मानव पुस्तकालय की मैसूरू चैप्टर की संस्थापक के. पवित्रा हैं।
- मानव पुस्तकालय की शुरुआत कोपनहेगन (डेनमार्क) में वर्ष 2000 में हुई थी।
- वर्तमान में 85 से अधिक देशों में मानव पुस्तकालय संगठन कार्यरत है।
- यह एक पंजीकृत अंतरराष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन है।
- भारत में यह दिल्ली, मुंबई, बंगलुरू सहित कई शहरों में सेवारत है।
- मानव पुस्तकालय पूर्वाग्रहों में परिवर्तन कर समाज सुधार को बढ़ावा देता है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://humanlibrary.org/about/

## पार्किंग हेतु फास्टैग उपयोग के लिए पायलट परियोजना

**प्रश्न-9 दिसंबर, 2019 को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने पार्किंग हेतु 'फास्टैग' का उपयोग करने के लिए एक पायलट परियोजना की शुरुआत किस हवाई अड्डे पर की?**
**(a)** हैदराबाद हवाई अड्डा**(b)** दिल्ली हवाई अड्डा
**(c)** अमृतसर हवाई अड्डा**(d)** तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डा
उत्तर-**(a)**
संबंधित तथ्य



- 9 दिसंबर, 2019 को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा पार्किंग हेतु 'फास्टैग' का उपयोग करने हेतु एक पायलट परियोजना की शुरुआत हैदराबाद हवाई अड्डे पर की गई।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDYMASTER

- दो चरणों में शुरू की गई इस परियोजना का पहला चरण यद्यपि एक नियंत्रित पायलट परीक्षण है, जिसके तहत केवल आईसीआईसीआई टैगों का ही उपयोग किया जाएगा।
- दूसरे चरण में सभी अन्य बैंकों द्वारा जारी किए गए टैग कवर किए जाएंगे।
- इसकी परिकल्पना 'फास्टैग 2.0' के रूप में की गई है।
- फास्टैग 2.0 के तहत पार्किंग भुगतान और ईंधन भुगतान आदि को कवर किया गया है।
- हैदराबाद हवाई अड्डे पर परियोजना के सफल होने के बाद यह परियोजना दिल्ली हवाई अड्डे पर शुरू की जाएगी।

**संबंधित लिंक भी देखें...**
https://pib.gov.in/newsite/erelease.aspx

## हज यात्रा प्रक्रिया का डिजिटलीकरण

**प्रश्न-हज यात्रा प्रक्रिया को डिजिटल बनाने वाला पहला देश कौन-सा है?**
**(a) पाकिस्तान(b) मलेशिया(c) ईरान(d) भारत**
**उत्तर-(d)**
**संबंधित तथ्य**



- 1 दिसंबर, 2019 को भारत वर्ष 2020 के लिए हज यात्रा प्रक्रिया डिजिटल बनाने वाला पहला देश बन गया है।
- 1 दिसंबर, 2019 को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने सऊदी अरब के हज और उमरा मामलों के मंत्री मोहम्मद सालेह बिन ताहेर बेंटेन के साथ द्विपक्षीय वार्षिक हज समझौते पर हस्ताक्षर किया।
- इसके तहत ऑनलाइन आवेदन, ई-वीजा, हज मोबाइल एप, 'ई-मसीहा' स्वास्थ्य सुविधा, 'ई-समान प्री-टैगिंग' के माध्यम से भारत में ही मक्का और मदीना में आवास और परिवहन के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी।
- हज ग्रुप ऑर्गेनाइजर्स के नाम से एक पोर्टल भी तैयार किया गया।
- वर्ष 2020 के हज यात्रियों के लिए जानकारी देने के लिए मुंबई स्थित हज हाउस में 100 फोन लाइन वाला सूचना केंद्र स्थापित किया गया है।

## मानव-वन्यजीव संघर्ष से निपटने के लिए असम सरकार द्वारा एंटी डिप्रेडेशन स्क्वाड का गठन

**प्रश्न-सर्बानन्द सोनोवाल वर्तमान में भारत के निम्न में से किस राज्य के मुख्यमंत्री हैं?**
(a) अरुणाचल प्रदेश(b) मिजोरम(c) मणिपुर(d) असम
**उत्तर-(d)**
**संबंधित तथ्य**



- 5 दिसंबर, 2019 को असम के मुख्यमंत्री सर्बानन्द सोनोवाल द्वारा राज्य में मानव-वन्यजीव संघर्ष से निपटने के लिए वन विभाग में Anti Depradation Squard के गठन की शुरुआत की।
- यह स्क्वाड 15 ऐसे मुख्य जिलों में तैनात किए जाएंगे जहां मानव एवं वन्यजीवों के बीच संघर्ष होता रहता है।
- यह स्क्वाड मनुष्यों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम करेगा।
- इस स्क्वाड को 12 बोर पम्प एक्शन गन एवं रबर बुलेट गोला बारूद उपलब्ध कराया जाएगा।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING

- मानव-वन्य जीव संघर्ष से निपटने हेतु वन विभाग द्वारा विशेष रूप से प्रशिक्षित 50 फ्रंट लाइन कर्मचारियों को लगाया गया है। आने वाले समय में स्थिति से निपटने हेतु 100 और कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.aninews.in/news/national/general-news/assam-cm-sonowal-launches-anti-depredation-squads-for-wildlife-conflict-zones20191206070438/

## मध्य प्रदेश में भांग की खेती का निर्णय

**प्रश्न-किस राज्य सरकार ने औषधीय व औद्योगिक उद्देश्यों के लिए भांग की खेती को वैध बनाने का निर्णय लिया है?**
(a) आंध्र प्रदेश(b) गुजरात(c) मध्य प्रदेश (d) महाराष्ट्र
उत्तर-**(c)**
संबंधित तथ्य




- नवंबर, 2019 में मध्य प्रदेश सरकार ने औषधीय व औद्योगिक उद्देश्यों के लिए 'भांग की खेती को वैध बनाने का निर्णय लिया है।
- राज्य के कानूनी मामलों के मंत्री पी.सी. शर्मा ने यह जानकारी दी।
- भांग का उपयोग राज्य में कैंसर के उपचार में औषधीय उद्देश्यों के लिए तथा वस्त्र निर्माण व बायोप्लास्टिक निर्माण के औद्योगिक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।
- 'भांग' एक मादक द्रव्य है, जिसका सीधा प्रभाव मस्तिष्क पर पड़ता है। WHO के अनुसार वर्तमान में इसका उपयोग कोकीन व अफीम की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ा है। इसलिए भारत के साथ-साथ विश्व के कई देशों में इसकी खेती पर प्रतिबंध है।

संबंधित लिंक भी देखें...
**https://www.deccanherald.com/national/north-and-central/madhya-pradesh-govt-to-legalise-cannabis-cultivation-778282.html**

## गांधी विश्वकोश परियोजना

**प्रश्न-गांधी विश्वकोश (Gandhi Encyelopedia) के निर्माण हेतु कोलकाता के राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद द्वारा निम्न में से किन भारतीय तकनीकी संस्थान (IIT) से हाथ मिलाया गया है?**
(a) आई.आई.टी. कानपुर/खड़गपुर(b) आई.आई.टी. दिल्ली/कानपुर
(c) आई.आई.टी. मुंबई/गांधीनगर(d) आई.आई.टी गांधीनगर/खड़गपुर
उत्तर-**(d)**
संबंधित तथ्य



- संस्कृति और पर्यटन मंत्री, भारत सरकार, प्रह्लाद सिंह पटेल ने 10 दिसंबर, 2019 को राज्य सभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि केंद्र सरकार लोगों में जागरूकता के प्रसार हेतु गांधी विश्वकोश (Gandhi Encydo Pedia) के विकास हेतु प्रथम किस्त के रूप में 2.95 करोड़ रुपये की धन राशि जारी कर दी है।
- गांधी विश्वकोश (Gandhi Encyelopedia) के निर्माण हेतु कोलकाता के राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद विश्वकोश का विकास महात्मा गांधी के 150वीं जयंती के तहत इस उद्देश्य हेतु किया जा रहा है कि सोशल मीडिया मंच के माध्यम से गांधीवादी दर्शन को ठीक ढंग से बढ़ावा दिया जा सके।

MAGAZINE KING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING
Downloaded From www.studymasterofficial.com

- राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, कोलकाता द्वारा इस कार्य के निर्माण हेतु आई.आई.टी. गांधीनगर/खड़गपुर द्वारा हाथ मिलाया गया है।
- इसके तहत संपूर्ण परियोजना आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से की जाएगी।
- इन संस्थाओं के द्वारा महात्मा गांधी द्वारा लिखी गई पुस्तकों, पत्रों एवं भाषणों की एक ऑनलाइन रिपॉजिटरी गांधी विश्वकोश विकसित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=195689

## भारतीय संस्कृति पोर्टल

**प्रश्न-10 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने नई दिल्ली में भारतीय संस्कृति वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**



(a) भारतीय संस्कृति वेब पोर्टल संस्कृति मंत्रालय द्वारा परिकल्पित है।
(b) यह पोर्टल एनआईसी द्वारा विकसित किया गया है।
(c) पोर्टल के डेटा का क्यूरेशन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) द्वारा किया गया है।
(d) वर्तमान में इस पोर्टल पर 90 लाख से अधिक वस्तुओं के विषय में जानकारी उपलब्ध है।

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 10 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रहलाद सिंह पटेल ने नई दिल्ली में भारतीय संस्कृति वेब पोर्टल का शुभारंभ किया।
- यह पोर्टल संस्कृति मंत्रालय द्वारा परिकल्पित और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) की एक टीम द्वारा विकसित किया गया है।
- इस पोर्टल के डेटा का क्यूरेशन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) द्वारा किया गया है।
- यह पहला सरकारी अधिकृत पोर्टल है, जहां संस्कृति मंत्रालय के विभिन्न संगठनों के ज्ञान और सांस्कृतिक संसाधन अब एक ही मंच पर सार्वजनिक क्षेत्र में उपलब्ध हैं।
- वर्तमान में इस पोर्टल पर 90 लाख से अधिक वस्तुओं के विषय में जानकारी उपलब्ध है।
- इस पोर्टल पर मुख्य रूप से उपलब्ध सामग्रियों में दुर्लभ पुस्तकें, ई-पुस्तकें, पांडुलिपियां, संग्रहालय की कलाकृतियां, आभासी दीर्घा, अभिलेखागार, फोटो अभिलेखागार, गजेटियर, भारतीय राष्ट्रीय ग्रंथ सूची वीडियो, चित्र, व्यंजन, यूनेस्को, भारत के संगीत उपकरण शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/lifestyle/art-and-culture/click-on-culture-6160582/

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER

## जम्मू-कश्मीरऔर लद्दाख में बागवानी के विकास हेतु प्रधानमंत्री विकास पैकेज के हिस्से में संशोधन

**प्रश्न-11 दिसंबर, 2019 को आर्थिक मामलों पर मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बागवानी विकास हेतु प्रधानमंत्री विकास पैकेज के हिस्से में संशोधन हेतु मंजूरी प्रदान की गई। इसके लिए संशोधित धनराशि कितनी निर्धारित की गई है?**




(a) 800 करोड़ रुपये(b) 500 करोड़ रुपये(c) 490 करोड़ रुपये(d) 460 करोड़ रुपये

उत्तर-**(b)**

संबंधित तथ्य

- 11 दिसंबर, 2019 को आर्थिक मामलों पर मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बगवानी विकास हेतु प्रधानमंत्री विकास पैकेज के हिस्से में संशोधन हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- अब इस पैकेज को लागू करने की समयावधि 31 मार्च, 2022 कर दी गई है।
- इसके लिए संशोधित धनराशि 500 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है, जिसमें से 460.33 करोड़ रुपये राशि जम्मू-कश्मीर के लिए और 39.67 करोड़ रुपये की राशि लद्दाख के लिए निर्धारित की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1596683

## दिल्ली मेट्रो परियोजना का चौथा चरण

**प्रश्न-11 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा दिल्ली मेट्रो परियोजना के चौथे चरण के तीन कॉरिडोर हेतु धन उपलब्ध कराने के तरीके में संशोधन हेतु मंजूरी प्रदान की। इस परियोजना की कुल लागत राशि कितनी है?**



(a) 21,228.25 करोड़ रुपये(b) 23,659.68 करोड़ रुपये
(c) 24,948.65 करोड़ रुपये(d) 26,785.85 करोड़ रुपये

उत्तर-**(c)**

संबंधित तथ्य

- 11 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा दिल्ली मेट्रो परियोजना के चौथे चरण के तीन कॉरिडोर हेतु धन उपलब्ध कराने के तरीके में संशोधन हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- इन तीन कॉरिडोरों में एयरो सिटी से तुगलकाबाद, आर.के. आश्रम से जनकपुरी पश्चिम और मुकंदपुर से मौजपुर शामिल हैं।
- केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार भूमि की लागत का 50:50 प्रतिशत भुगतान करेंगी।
- इस परियोजना की कुल लागत राशि 24,948.65 करोड़ रुपये में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1596683

STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING
Downloaded From www.studymasterofficial.com

# ग्लेनमार्क फार्मा, को मधुमेह की दवा के लिए यूएसएफडीए की अनुमति

**प्रश्न-यूएसएफडीए (USFDA) का पूर्ण रूप है-**



(a) United States Food & Drug Administration(b) United States Food & Drug Academy
(c) United States Food & Drug Authority (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 26 नवंबर, 2019 को ग्लेनमार्क फार्मा कंपनी (अमेरिकी इकाई) को वहां के स्वास्थ्य नियामक USFDA (यूनाइटेड स्टेट्स फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) को मंजूरी प्रदान की गई।
- कंपनी को यह मंजूरी टाइप-टू मधुमेह की दवा 'Metformin Hydrochloride tablets' (मेटफॉर्मिन हाइड्रोक्लोराइड टैबलेट्स) के लिए मिली है।
- यह दवा एक अन्य अमेरिकी दवा कंपनी 'सैलिक्स फार्मास्यूटिकल्स' के 'Glumetza Extended' (ग्लूमेट्ज़ा एक्सटेंडेड) रिलीज टैबलेट्स का जेनरिक वर्ज़न (संस्करण) है।
- ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स का मुख्यालय मुंबई में स्थित है।
- ध्यातव्य है कि उत्पादन की निम्न लागत तथा 'अनुसंधान-विकास' के बढ़ते लागत की बदौलत भारतीय फार्मा इंडस्ट्री प्रतिस्पर्धी निर्यात की ओर उन्मुख है, जिसका निर्यात वित्त वर्ष 2019 में 17.15 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।
- भारत सरकार के 'फार्मा विजन 2020' का लक्ष्य भारत को 'एंड-टू-एंड ड्रग मैन्यूफैक्चरिंग' कंपनी में एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनाने का है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://in.finance.yahoo.com/news/glenmark-pharma-gets-usfda-nod-052836816.html

# T-Hub की DST और NPCI (राष्ट्रीय भुगतान निगम) के साथ साझेदारी

**प्रश्न-T-Hub है-**

(a) तेलंगाना सरकार की पहल, जो एक स्टार्टअप्स वर्धक (Incubator for startups) है।
(b) चाय बागान मालिकों का संघ(c) विधि सेवा प्रदाता फर्म(d) इनमें से कोई नहीं




उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 26 नवंबर, 2019 को तेलंगाना सरकार की पहल T-Hub ने 'डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी' (DST) तथा NPCI (राष्ट्रीय भुगतान निगम) के साथ साझेदारी की घोषणा की।
- **T-Hub और DST तथा NPCI के बीच साझेदारी**
- T-Hub और DST तथा NPCI के बीच साझेदारी एक 'फिनटेक एक्सिलरेटर प्रोग्राम' को लांच करने के लिए की गई है।
- 'फिनटेक एक्सिलरेटर प्रोग्राम' से तात्पर्य वित्तीय प्रौद्योगिकी में तीव्रता लाने वाला कार्यक्रम से है।
- डिजिटल पेमेंट सेक्टर हेतु उत्पादों और सेवाओं से लैस यह कार्यक्रम (Program) फिनटेक स्टार्टअप्स के लिए बड़े पैमाने पर अवसर प्रदान करेगा।

MAGAZINE KING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING
Downloaded From
www.studymasterofficial.com

- कार्यक्रम प्रस्तुत तो DST द्वारा इसके NIDHI (National Initiative for Developing and Harnessing Innovations) एक्सिलरेशन स्कीम के तहत किया जाएगा।
- परंतु इसे कार्यान्वित 'T-Hub' और 'NPCI' के द्वारा किया जाएगा।
- **T-Hub तथा NPCI के बीच साझेदारी**
- इस साझेदारी के तहत NPCI ने डिजिटल भुगतान में नवीनतम तकनीकी प्रगति तक स्टार्टअप्स को ले जाने में सक्षम करने के लिए T-Hub में 'txnnxt' हब को लांच किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://t-hub.co/news/t-hub-launches-fintech-accelerator-program-in-partnership-with-dst-and-npci/

## K-12 शैक्षिकपरिवर्तनफ्रेमवर्क

**प्रश्न-सही कथन का चुनाव कीजिए?**

कथन (A) : K-12 शैक्षिक परिवर्तन फ्रेमवर्क सॉफ्टवेयर निर्माता कंपनी साइक्रोसॉफ्ट द्वारा लांच किया गया।

कारण (B) : यह फ्रेमवर्क भारतीय विद्यालयों में व्यापक डिजिटल परिवर्तन को सुविधाजनक बनाने में मदद करेगा।

**कूट :**

(a) कथन (A) और कारण (B) दोनों सही हैं तथा कारण (B) कथन (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(b) कथन (A) और कारण (B) दोनों सही हैं, परंतु कारण (B) कथन (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) कथन (A) सही है, परंतु कारण (B) गलत है।

(d) कथन (A) गलत है, परंतु कारण (B) सही है।

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- नवंबर, 2019 में सॉफ्टवेयर निर्माता कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने K-12 शैक्षिक परिवर्तन फ्रेमवर्क (K-12 Educational Transformation Framework) लांच किया।
- **K-12 शैक्षिक परिवर्तन फ्रेमवर्क**
- इस शैक्षिक परिवर्तन फ्रेमवर्क को लांच करने के पीछे माइक्रोसॉफ्ट का उद्देश्य भारतीय विद्यालयों में व्यापक डिजिटल परिवर्तन को सुविधाजनक बनाना है।
- इस फ्रेमवर्क को अभी तक 50 से अधिक देश अपना चुके हैं।
- इस फ्रेमवर्क में चार स्तंभ शामिल हैं, जो निम्नलिखित हैं :
- नेतृत्व और नीति
- आधुनिक शिक्षण और सीखने के लिए
- बौद्धिक वातावरण।प्रौद्योगिकीखाका।
- यह फ्रेमवर्क उपर्युक्त चार स्तंभों के आधार पर विद्यालय के प्रधानाचार्यों को डिजिटल परिवर्तन की अपनी यात्रा शुरू करने में मदद करने के लिए कार्यशालाओं की एक शृंखला का आयोजन करेगा।
- फ्रेमवर्क विभिन्न विद्यालयों को उनके परिवर्तनकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्रभावशाली व उत्पादक तरीके से प्राप्त करने हेतु कुशल उपकरण प्रदान करेगा।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDY MASTER LEARN WHILE ENJOYING

- यह फ्रेमवर्क शैक्षिक नेतृत्व, सरकार के निर्णय निर्माताओं, शिक्षकों एवं मुख्य रूप से शिक्षार्थियों के लिए एक लचीला मंच प्रदान करता है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.microsoft.com/en-in/education/school-leaders/k-12-microsoft-education-transformation-framework

## अवंति मेगा फूड पार्क

**प्रश्न-5 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय मंत्री हरिमरत कौर बादल ने देवास जिले के पास स्थापित अवंति मेगा फूड पार्क का उद्घाटन किया? इस मेगा फूड पार्क के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**



**(a)** यह मेगा फूड पार्क मालवा क्षेत्र में देवास के पास बिंजाना गांव में स्थापित किया गया है।
**(b)** यह **51** एकड़ से अधिक भूमि पर स्थापित है।
**(c)** इस फूड पार्क की निर्माण लागत राशि लगभग **250** करोड़ रुपये है।
**(d)** इस फूड पार्क में सोयाबीन, चना, गेहूं और अन्य अनाज तथा सब्जियों का प्रसंस्करण किया जाएगा।

उत्तर-**(c)**

संबंधित तथ्य

- 5 दिसंबर, 2019 को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने देवास जिले के पास स्थापित अवंति मेगा फूड पार्क का उद्घाटन किया।
- यह मेगा फूड पार्क मालवा क्षेत्र में देवास के पास बिंजाना गांव में 51 एकड़ से अधिक भूमि पर स्थापित किया गया है।इसमेगाफूडपार्ककीनिर्माणराशिलगभग150 करोड़ रुपये है।
- इस फूड पार्क में सोयाबीन, चना, गेंहू और अन्य अनाज और सब्जियों का प्रसंस्करण किया जाएगा।
- मेगा फूड पार्क द्वारा अगले चरण में इंदौर, धार, उज्जैन और अगार में भी भंडार गृह (Ware House) खोले जाएंगे।
- ज्ञातव्य है कि इस पार्क की स्थापना भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रम मेगा फूड पार्क स्कीम के तहत की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

**http://www.uniindia.com/harsimrat-inaugurates-rs-150-cr-mega-food-park-at-dewas/business-economy/news/1812016.html**

## मेघालय में मिली मछली की एक नई प्रजाति

प्रश्न-हाल ही में मेघालय में मछली की एक नई प्रजाति खोजी गई है जिसका नाम क्या है?
(a) शिस्तुरा सिंगकई(b) आप्टे(c) नेबूलोसा (d) फ्रोंटालिस



उत्तर-(a)

**संबंधित तथ्य**

- 30 नवंबर, 2019 मेघालय के वन अधिकारियों द्वारा राज्य में मछली की नई प्रजाति खोजी गई।
- इस नई प्रजाति का नाम शिस्तुरा सिंगकई रखा गया है।


Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING

- इस मछली प्रजाति की खोज शिलांग के लेडी कीन कॉलेज के प्रोफेसर खलुर मुखिम के नेतृत्व में अनुसंधानकर्ताओं की एक टीम द्वारा की गई है।
- इस मछली के नर और मादा दोनों लिंगों के शरीर पर काले रंग की पार्श्विक धारियों साथ सुनहरे-भूरे रंग की त्वचा है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**
https://www.telegraphindia.com/states/north-east/new-fish-found-in-meghalaya/cid/1724538

## अरुणाचल प्रदेश में सापों की एक नई प्रजाति की खोज

**प्रश्न-टैली घाटी वन्य जीव अभ्यारण्य निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?**
**(a) सिक्किम(b) अरुणाचल प्रदेश(c) नगालैंड(d) मणिपुर**
उत्तर-**(b)**
संबंधित तथ्य



- नवंबर, 2019 में शोधकर्ताओं ने अरूणाचल प्रदेश के टैलीघाटी वन्य जीव अभारण्य में सांपों की एक नई प्रजाति पाए जाने की घोषणा की।
- सांप की इस नई प्रजाति का नाम ट्रेहिसियम आप्टे (Trahischium apteii) रखा गया है।
- इस प्रजाति को जुलाई, 2019 में अरूणाचल प्रदेश के जिरो (Ziro) कस्बे के समीप स्थित टैली घाटी वन्य जीव अभारण्य में पाया गया था।
- इस सांप की खोज का श्रेय तीन अनुसंधानकर्ता संस्थाओं को जाता है जो क्रमशः बॉम्बे नेशनल हिस्ट्री सोसायटी (BNHS) पुणे के फार्मूसन कॉलेज तथा नेशनल सेंटर ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज (NCBS) बंगलुरू के हैं।
- इस प्रजाति का नामकरण बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (Bombay Natural History Society BNHS) के प्रसिद्ध समुद्री जीवविज्ञानी दीपक आप्टे के सम्मान में किया गया है।
- अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार ये सांप बहुत कम ही सतह पर आते हैं तथा केवल मानसून के दौरान बाहर दिखाई देते हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**
https://www.thehindu.com/sci-tech/energy-and-environment/new-snake-species-found-in-arunachal/article30099823.ece

## कोणार्कमहोत्सवऔरअंतरराष्ट्रीयरेतकलामहोत्सव

**प्रश्न-'कोणार्क महोत्सव और अंतरराष्ट्रीय रेत कला महोत्सव, 2019 कब से कब तक आयोजित किया गया?**
(a) 29 नवंबर, से 2 दिसंबर तक(b) 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक
(c) 28 नवंबर से 30 नवंबर तक(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-**(d)**
संबंधित तथ्य




- ओडिशा पर्यटन द्वारा कोणार्क महोत्सव कोणार्क मंदिर परिसर के मुक्तांगन में 1 से 5 दिसंबर, 2019 तक आयोजित किया गया।

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER

- इस आयोजन के साथ ही कोणार्क सूर्य मंदिर से तीन किमी. दूर प्राचीन चंद्रभागा तट पर अंतरराष्ट्रीय रेत कला महोत्सव का भी आयोजन किया गया।
- रेत कला महोत्सव का यह आठवां संस्करण था, इसके ब्रांड एंबेसेडर और मुख्य क्यूरेटर सुदर्शन पटनायक थे।
- ध्यातव्य है कि ओडिशा के सुदर्शन पटनायक विश्व स्तर के प्रसिद्ध रेत कलाकार (Sand Arfist) एवं पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित भी हैं।
- कोणार्क सूर्य मंदिर भारतवर्ष के चुनिंदा सूर्य मंदिरों मे से एक है।
- वर्ष 1984 में यूनेस्को ने इसे विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता दी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://orissadiary.com/konark-festival-international-sand-art-festival-2019-from-1st-5th-dec/

## टाइफून कम्मुरी

प्रश्न-तूफान के समय संभावित संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाने के लिए उपयोग में लाए जाने वाले सेफिर-सैम्पसन तूफान पैमाना में कितनी श्रेणियां वर्गीकृत हैं।
(a) 3 (b) 4(c) 5(d) 6
उत्तर-**(c)**
संबंधित तथ्य



- 2 दिसंबर, 2019 को फिलीपींस के लुजोन द्वीप के सर्वाधिक दक्षिणपूर्वी भाग से स्थित सोरसोगन प्रांत के गुबात शहर के तट से टाइफूल कम्मूरी टकराया।

| क्रमांक | नाम श्रेणी | तूफान की गति |
|---|---|---|
| 1. | प्रथम श्रेणी | 74-795mph |
| 2. | द्वितीय श्रेणी | 96-110 mph |
| 3. | तृतीय श्रेणी | 111-129 mph |
| 4. | चतुर्थ श्रेणी | 130-156 mph |

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING

| | | |
|---|---|---|
| 5. | पंचम श्रेणी | 157 mph या अधिक |

- फिलीपींस के सबसे बड़े और सबसे अधिक आबादी वाले टापू लुजान से हजारों लोगों को उनके घरों से खाली कराया गया।
- नासा के अनुसार इस चक्रवात दवाओं की अधिकतम गति लगभग 132 मील प्रति घंटे थी, जिसके कारण यह सैफिर सिम्पसन तूफान पैमाना पर श्रेणी 4 का तूफान बन गया।
- टाइफून को फिलीपींस की स्थानीय भाषा में टिसाय (Tisoy) के नाम से जाना जाता है।
- तूफान के समय संभावित संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाने के लिए सैफिर सैम्पसन तूफान स्केल का उपयोग किया जाता है, जिसमें 5 श्रेणियां वर्गीकृत है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://blogs.nasa.gov/hurricanes/tag/kammuri-2019/

## दिल्ली : विश्व के टॉप टेन लोकप्रिय स्थलों की सूची में शामिल होने की ओर

**प्रश्न-लंदन स्थित किस बाजार अनुसंधान फर्म के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली विश्व के टॉप टेन लोकप्रिय स्थलों की सूची में शामिल होने की ओर बढ़ रही है?**



(a) यूरोसर्वे इंटरनेशनल(b) यूरोरिसर्च इंटरनेशनल
(c) यूरोएक्ज़ाइमनर इंटरनेशनल(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2019 में लंदन स्थित बाजार अनुसंधान फर्म यूरो मॉनीटर इंटरनेशनल' के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली विश्व के टॉप टेन लोकप्रिय स्थलों की सूची में शामिल होने की ओर बढ़ रही है।
- वर्तमान में यह इस सूची में शामिल होने से एक पायदान ऊपर है, अर्थात टॉप 100 लोकप्रिय स्थलों की सूची में यह 11वें पायदान पर है।
- इसके 2019 में 8वें स्थान तक आ जाने का पूर्वानुमान लगाया गया है।
- दुनियाभर में हेल्थ एंड वेलनेस टूरिज्म में लोकप्रिय आने के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी (दिल्ली) पर्यटन उद्योग तेजी से आगे बढ़ रही है।
- समृद्ध इतिहास और विभिन्न सांस्कृतिक परंपराओं का समामेलन दिल्ली को अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के बीच पसंदीदा स्थलों में से एक बनाता है।
- ध्यातव्य है कि दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के संदर्भ में औसतन 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।
- यूरोमॉनीटर रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस साल टॉप 100 लोकप्रिय शहरों में सात शहरों के साथ सबसे मजबूत उभरते हुए गंतव्य के रूप में उभरा है।
- आगमनों की संख्या के संदर्भ में टॉप 11 शहर :-
- पिछले कुछ महीनों में राजनीतिक अशांति और विरोध के बावजूद, हांककांग इस साल (2018 में) प्रथम स्थान (29,262.7 हजार आगमनों के साथ) पर रहा।
- इस संदर्भ में अन्य देशों की स्थिति क्रमशः इस प्रकार है-

MAGAZINEKING
Downloaded From www.studymasterofficial.com
STUDYMASTER LEARN WHILE ENJOYING

- बैंगकॉक> (24,177.5 हजार)>लंदन (19,233.0 हजार)>मकाऊ (18,931.4हजार)>सिंगापुर (18,551.2 हजार)>पेरिस (17,560.2 हजार)>दुबई (15,920.7हजार)>न्यूयॉर्क शहर (13,600.0 हजार)>क्लालालंपुर (13,434.3 हजार)>इस्तांबुल (13,433.0हजार)>दिल्ली (12,645.3हजार)।
- एशिया में वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय आवकों की संख्या में सबसे तीव्र वृद्धि दर्ज की गई है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1593753

## ईट राइट स्टेशन प्रमाण-पत्र

**प्रश्न-29 नवंबर, 2019 को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने किस भारतीय रेलवे स्टेशन को 4 स्टार्स रेटिंग के साथ ही 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाण-पत्र प्रदान किया?**

(a) मुंबई चर्च गेट रेलवे स्टेशन(b) नई दिल्ली रेलवे स्टेशन
(c) मुंबई सेंटल रेलवे स्टेशन(d) अमृतसर रेलवे स्टेशन




उत्तर-**(c)**

संबंधित तथ्य

- 29 नवंबर, 2019 को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने भारतीय रेलवे के मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन को 4 स्टार्स रेटिंग के साथ ही 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाण-पत्र प्रदान किया।
- यह देश का पहला ईट राइट स्टेशन है, जिसे एफएसएसएआई द्वारा प्रमाणित किया गया है।
- इस स्टेशन का चयन खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता के अनुपालन, स्वस्थ आहार की उपलब्धता, तैयारी, ढुलाई एवं रिटेल। सर्विंग प्वाइंट पर खाद्य पदार्थों की बेहतर निगरानी, खाद्य अपशिष्ट के प्रबंधन, स्थानीय एवं मौसमी खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देने एवं खाद्य सुरक्षा और स्वस्थ आहार के विषय में जागरूकता बढ़ाने के आधार पर किया गया है।'ईट राइट इंडिया' अभियान खाद्य सुरक्षा एवं स्वस्थ आहार की नींव पर आधारित है।
- उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे ने यात्रियों को स्वस्थ एवं सही आहार का विकल्प पेश करने हेतु 'ईट राइट स्टेशन' अभियान शुरू किया है।
- यह अभियान एफएसएसएआई द्वारा वर्ष 2018 में शुरू किए गए 'ईट राइट इंडिया' अभियान का एक हिस्सा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.nic.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1594690

## मधु ऐप

**प्रश्न-3 दिसंबर, 2019 को किस राज्य के मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों के लिए एक स्मार्ट लर्निंग फोन एप्लिकेशन 'मधु' ऐप लांच किया?**

(a) छत्तीसगढ़(b) मध्य प्रदेश(c) हरियाणा(d) ओडिशा



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 3 दिसंबर, 2019 को ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने स्कूली बच्चों के लिए एक स्मार्ट लर्निंग फोन एप्लीकेशन 'मधु' (Madhu) ऐप लांच किया।यहऐपगंजमजिलाप्रशासनद्वाराराज्यसरकारकी5T पहल के अनुरूप विकसित किया गया है।राज्यसरकारकी5T पहल में टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, टीमवर्क, ट्रांसफॉर्मेशन और टाइम शामिल हैं।इसऐपकाउद्देश्यस्कूलीछात्रोंकोवीडियोंऔरट्यूटोरियलकेमाध्यमसेपाठसीखनेमेंमददकरनाहै।इसऐपमेंउड़िया भाषामेंविषयोंकेविशेषज्ञोंऔरशिक्षाविदोंद्वारावीडियोव्याख्यानऔरअभ्यासतैयारकिएगएहैं।पहलेचरणमेंकक्षा5 से 8 तक के छात्रों के लिए गणित और विज्ञान की सामग्री इस ऐप पर उपलब्ध कराई गई है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pmil.in/odisha-govt-scheme/madhu-app/

## वर्ड ऑफ द ईयर-2019

**प्रश्न-दिसंबर, 2019 में ऑक्सफोर्ड डिक्सनरी ने किस शब्द को 'वर्ड ऑफ द ईयर-2019' चुना है?**

(a) आधार(b) इमोजी(c) ‡लाइमेट इमरर्जेंसी(d) वेप

**उत्तर-(c)**




**संबंधित तथ्य**

- दिसंबर, 2019 में ऑक्सफोर्ड डिक्सनरी ने 'क्लाइमेट इमरर्जेंसी' (जलवायु आपातकाल) (Climate Emergency) शब्द को 'वर्ड ऑफ द ईयर (Word of the Year), 2019 चुना है।
- जलवायु आपातकाल को एक ऐसी स्थिति के रूप में परिभाषित किया गया है जिसमें जलवायु परिवर्तन को कम करने या रोकने के लिए तत्काल कार्यवाही की आवश्यकता होती है। और इससे होने वाले संभावित अपरिवर्तनीय पर्यावरणीय नुकसान से बचते हैं।उल्लेखनीयहैकिवर्ष2004 से ही ऑक्सफोर्ड डिक्सनरी द्वारा 'वर्ड ऑफ द ईयर' चुना जाता रहा है।वर्ष2018 में विषाक्त (Toxic) शब्द को 'वर्ड ऑफ द ईयर' चुना गया था।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://languages.oup.com/word-of-the-year/word-of-the-year-2019

## मुंबई लोकल ट्रेनों की 'उत्तम-रेक' की सौगात

**प्रश्न-पश्चिम रेलवे के कौन-से स्थापना दिवस पर भारतीय रेल ने मुम्बई लोकल ट्रेनों को 'उत्तम रेक' का तोहफा दिया?**

(a) 64वें(b) 65वें(c) 66वें(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(d)**



**संबंधित तथ्य**

- 5 नवंबर, 2019 को पश्चिम रेलवे के 69वें स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय रेल ने मुंबई लोकल ट्रेनों में 'उत्तम रेक' को जोड़ने का कार्य प्रारंभ किया।
- चर्चगेट से विरार जाने वाली लेडीज स्पेशल लोकल ट्रेन में इन डिब्बों को लगाकर उद्घाटन किया गया।
- 'उत्तम रेक' में यात्रियों की सुख-सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सुधार किए गए है, जिनमें प्रमुख हैं-

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- सभी डिब्बों में CCTV निगरानी प्रणाली का प्रावधान, चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए कोचों में लगे अभेद्य पार्टीशन, मॉड्यूलर लगेज रैक, मॉड्यूलर श्रेणी की एलईडी लाइटों का प्रावधान तथा पारंपरिक आपातकालीन जंजीरों के स्थान पर बिजली से चलने वाली यात्री अलार्म प्रणाली इत्यादि।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1590595

## क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी सर्विसेज आवास पोर्टल

**प्रश्न-क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी सर्विसेज आवास पोर्टल (CLAP) लांच किया गया-**

(a) रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के द्वारा(b) पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के द्वारा

(c) विद्युत मंत्रालय के द्वारा(d) इनमें से कोई नहीं



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 नवंबर, 2019 को 'आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय' ने CLAP (क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी सर्विसेज आवास पोर्टल) का शुभारंभ किया।
- यह पोर्टल 'CLSS' (क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी सेवाओं) लाभार्थियों के लिए एक पारदर्शी और मजबूत रीयल-टाइम वेब-आधारित निगरानी प्रणाली प्रदान करता है।
- पोर्टल का उपयोग करके, लाभार्थी वास्तविक समय में अपने आवेदन की स्थिति को ट्रैक कर सकता है।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/hardeep-puri-launches-portal-for-subsidy-scheme-under-pmay-119112500742_1.html

## सिग्नल फिश टेरोपसेरन इंडिकम

**प्रश्न-हाल ही में एक सिग्नल फिश टेरोपसेरन इंडिकम (Pteropsaron indicum) नामक एक मछली की खोज की गई है। यह किस भारतीय समुद्री तट के पास पाई गई है?**

(a) ओडिशा तट(b) अण्डमान-निकोबार तट(c) केरल तट (लक्षद्वीप के पास)(d) गुजरात तट




**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- जर्नल ऑफ द ओशन साइंस फाउंडेशन के नवीनतम अंक में प्रकाशित लेख के अनुसार, केरल तट से दूर लक्षद्वीप के पास गहरे पानी में मछलियों की एक असामान्य प्रजाति की खोज की गई है।जिसकानामटेरोपसेरनइंडिकम (Pteropsaron Indicum) है।इसमछलीमेंमुख्यविशेषता यह है कि ये अपने पृष्ठीय पंखों को फ्लिप करके उसी प्रजाति के जीवों के साथ संवाद करने में सक्षम है। एकजैवविविधतासर्वेक्षणकेदौरानट्रालर्सद्वारा70 मी. की गहराई में मछली की इस प्रजाति (Pteropsaron indicum) की खोज की गई।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

https://www.thehindu.com/news/national/kerala/new-signal-fish-discovered-off-kerala-coast/article29947500.ece

## मणिपुर संगाई महोत्सव

**प्रश्न-प्रत्येक वर्ष मणिपुर में मणिपुर संगाई महोत्सव का आयोजन कब किया जाता है?**

(a) 10-15 नवंबर तक(b) 15-20 नवंबर तक(c) 20-25 नवंबर तक(d) 21-30 नवंबर तक

उत्तर-(d)




संबंधित तथ्य

- इस महोत्सव का नाम मणिपुर में पाए जाने वाले मृग-संगई हिरण के नाम पर रखा गया है।संगईहिरणमणिपुरकाराजकीयपशुभीहै।इसमहोत्सवकाप्रारंभवर्ष2010 में हुआ था।वर्तमानमेंयहविश्वमेंमणिपुर की समृद्ध परंपरा और संस्कृति का प्रदर्शन करने का एक बड़ा मंच बन गया है।इसमहोत्सवकाआयोजनराज्यपर्यटनविभागद्वाराकियाजाताहै।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://sangaifestival.gov.in/

## सुमात्रा प्रजाति के अंतिम मादा गैंडे की मृत्यु

**प्रश्न-23 नवंबर, 2019 को मलेशिया में सुमात्रा प्रजाति के अंतिम मादा गैंडे की बोर्नियों स्थित सबा प्रांत में मृत्यु हो गई। इस मादा गैंडे का क्या नाम था?**

(a) अनुपम(b) आमीन(c) इमान(d) महमूद

उत्तर-(c)



संबंधित तथ्य

- 23 नवंबर, 2019 को मलेशिया में सुमात्रा प्रजाति के अंतिम मादा गैंडे 'इमान' की बोर्नियो द्वीप स्थित सबा प्रांत में मृत्यु हो गई।
- उल्लेखनीय है कि मलेशिया के अंतिम नर गैंडे की मृत्यु मई, 2019 में हो गई थी।
- इस मादा गैंडे इमान की मृत्यु कैंसर के कारण हुई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nationalgeographic.com/animals/2019/05/last-sumatran-rhino-malaysia-dies/

## डॉक्यूमेंट्री फिल्म-शिखर से पुकार

**प्रश्न-22 नवंबर, 2019 को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा नई दिल्ली में रिलीज डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'शिखर से पुकार' किसके माउंट एवरेस्ट अभियानों के संस्मरण पर आधारित है?**

(a) संतोष यादव(b) सचिंद्र सान्याल(c) रविंद्र कुमार(d) अर्जुन बाजपेयी

उत्तर-(c)



संबंधित तथ्य

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINE KING
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING

- 22 नवंबर, 2019 को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने नई दिल्ली में डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'शिखर से पुकार' रिलीज किया।
- यह लघु वृत्त चित्र बुलंदशहर के जिला मजिस्ट्रेट रविंद्र कुमार के माउंट एवरेस्ट अभियानों के संस्करण पर आधारित है।
- रविंद्र कुमार ने पहली बार वर्ष 2013 में और दूसरी बार 23 मई, 2019 को माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की थी।
- अपने पर्वतारोही अभियान को रविंद्र कुमार ने 'स्वच्छ गंगा स्वच्छ भारत एवरेस्ट अभियान 2019' नाम दिया था।
- इस अभियान पर वह गंगा जल भी अपने साथ ले गए थे जिसे उन्होंने विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाया था।
- डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'शिखर से पुकार' का उद्देश्य जलशक्ति अभियान को बढ़ावा देना एवं जल संरक्षण क्रांति के प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न करना है।
- इस अवसर पर रविंद्र कुमार ने वर्ष 2015 में प्रकाशित माउंट एवरेस्ट पर लिखी अपनी 2 पुस्तकें भी केंद्रीय मंत्री को भेंट की।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1593083

## भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतों के लिए हेल्पलाइन शुरू

**प्रश्न-25 नवंबर, 2019 को किस राज्य ने भ्रष्ट मुक्त प्रशासन प्रदान करने के लिए, भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतों के लिए हेल्पलाइन शुरू की है।**



(a) मध्य प्रदेश(b) उत्तर प्रदेश(c) गुजरात(d) आंध्र प्रदेश

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 नवंबर, 2019 को आंध्र प्रदेश सरकार ने भ्रष्टचार मुक्त प्रशासन प्रदान करने के लिए, भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर की शुरुआत की है।
- आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने हेल्पलाइन नंबर 14,400 का शुभारंभ किया।
- इस हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से नागरिक सीधे हेल्पलाइन कॉल सेंटर में कॉल कर सकते हैं, और किसी भी सरकारी विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत दर्ज करा सकते हैं।
- शिकायत दर्ज के उपरांत 15 से 30 दिनों में शिकायतों की जांच होगी और प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://www.thehindu.com/news/national/andhra-pradesh/jagan-launches-anti-corruption-helpline/article30080418.ece

Downloaded From www.studymasterofficial.com
MAGAZINEKING
STUDYMASTER
LEARN WHILE ENJOYING

# वाहन कबाड़ नीति मसौदा

**प्रश्न-हाल ही में किस मंत्रालय द्वारा वाहन स्क्रैपिंग केंद्रों की स्थापना और संचालन के लिए दिशा-निर्देश हेतु मसौदा तैयार किया गया है?**



(a) पर्यावरण एवं वन मंत्रालय(b) सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय
(c) पोत परिवहन मंत्रालय(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(**b**)
संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2019 को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (NGT) को उस मसौदे के बारे में बताया, जिसमें वाहन स्क्रैपिंग केंद्रों की स्थापना और संचालन के लिए दिशा-निर्देश तैयार किए हैं।
- पर्यानुकूल नए वाहनों के संक्रमण के लिए पुराने वाहनों स्क्रैपिंग के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर एक नीति-पत्र भी तैयार किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.news18.com/news/auto/vehicle-scrappage-policy-draft-prepared-by-road-ministry-sources-2319751.html

MAGAZINE KING
STUDY MASTER
LEARN WHILE ENJOYING
Downloaded From
www.studymasterofficial.com